RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 321
लखनऊ, बृहस्पतिवार, 16 सितम्बर, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
# पायनियर



टी-20 रैंकिंग में विराट चौथे स्थान पर
स्पोर्ट्स-10

www.dailypioneer.com

# दूरसंचार क्षेत्र को केंद्र का बड़ा तोहफा

● बिना सरकारी मंजूरी के हो सकेगा 100 फीसदी विदेशी निवेश, बकाए भुगतान के लिए चार साल की मोहलत भी मिली

● ऑटो, ड्रोन क्षेत्रों के लिए 26,058 करोड़ रुपये की पीएलआई योजना को भी दी मंजूरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



नई दिल्ली में बुधवार को पत्रकारों को संबोधित करते केंद्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव और अनुराग ठाकुर

**केंद्रीय** कैबिनेट ने बुधवार को दूरसंचार क्षेत्र के लिए बड़े सुधारों का ऐलान किया। इसके तहत दूरसंचार क्षेत्र में बकाए भुगतान पर चार साल का मोरेटोरियम दिया गया है। साथ ही कैबिनेट ने इस क्षेत्र में स्वत: मंजूर मार्ग 100 फीसदी एफडीआई (विदेशी प्रत्यक्ष निवेश)को भी मंजूरी प्रदान की है। इसके अलावा केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारत की विनिर्माण क्षमताओं को बढ़ाने के लिए ऑटो, ऑटो कलपुर्जा और ड्रोन उद्योग के लिए 26,058 करोड़ रुपए की उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना को मंजूरी दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक के बाद निर्णय की जानकारी देते हुए दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि दूरसंचार क्षेत्र के लिए नौ संरचनात्मक सुधारों को मंजूरी दी गई है। राहत पैकेज में दूरसंचार कंपनियों के ऊपर सांविधिक बकाए के भुगतान पर चार साल के लिए रोक यानी मोहलत दी गई है। सकल समायोजित राजस्व (एजीआर) की परिभाषा को युक्तिसंगत बनाते हुए इसमें से दूरसंचार क्षेत्र से इतर होने वाली आय को हटा दिया गया है। दूरसंचार क्षेत्र में दबाव का एक प्रमुख कारण एजीआर का मुद्दा था। मंत्री ने कहा कि मंत्रिमंडल ने स्वत: मंजूर मार्ग से 100 प्रतिशत एफडीआई की भी अनुमति दी है। उन्होंने कहा कि अन्य उपायों में बकाया, एजीआर और स्पेक्ट्रम बकाया भुगतान पर चार साल की मोहलत शामिल हैं। इन उपायों से दूरसंचार क्षेत्र में कुछ कंपनियों के समक्ष उत्पन्न नकदी की समस्या दूर होगी।

वहीं केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को कहा कि पीएलआई योजना भारत में उन्नत ऑटोमोटिव तकनीक की वैश्विक आपूर्ति शृंखला के विकास को प्रोत्साहित करेगी। इस कदम से 7.6 लाख से अधिक लोगों को अतिरिक्त रोजगार मिलने का अनुमान है। ठाकुर ने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा कि उद्योग को पांच साल में 26,058 करोड़ रुपए का प्रोत्साहन दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पीएलआई योजना के तहत पांच वर्षों में 42,500 करोड़ रुपए से अधिक का नया निवेश होगा और 2.3 लाख करोड़ रुपए से अधिक का वृद्धिशील उत्पादन होगा। दूरसंचार क्षेत्र के लिए सरकार की घोषणा पर रिलायंस इंडस्ट्रीज लि. (आरआईएल) के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने कहा कि सरकार के नए सुधारों और राहत उपायों से दूरसंचार क्षेत्र डिजिटल इंडिया मिशन के तहत निर्धारित लक्ष्यों को हासिल करने में सक्षम होगा। अंबानी ने कहा, दूरसंचार क्षेत्र अर्थव्यवस्था को गति देने वाले प्रमुख कारकों में से एक है और भारत को एक डिजिटल समाज बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका है। मैं भारत सरकार के सुधारों और राहत उपायों की घोषणा का स्वागत करता हूं। यह उद्योग को डिजिटल इंडिया के लक्ष्यों को प्राप्त करने में सक्षम बनाएगा। मैं प्रधानमंत्री (नरेंद्र मोदी) को इस सहासिक पहल के लिए धन्यवाद देता हूं। आरआईएल की दूरसंचार इकाई जियो ने कहा कि ये सुधार भारत के दूरसंचार क्षेत्र को मजबूत करने की दिशा में समय पर उठाया गया कदम हैं। इससे कंपनी ग्राहकों के लिए नए और बेहतर लाभ लाने को लेकर प्रोत्साहित होगी।

वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दूरसंचार क्षेत्र से जुड़े केंद्रीय मंत्रिमंडल के फैसले को एक ऐतिहासिक क्षण करार देते हुए कहा कि ये सुधार इस क्षेत्र और उपभोक्ताओं दोनों के लिए फायदे का सौदा हैं क्योंकि इससे क्षेत्रीय विकास तथा रोजगार के अवसर सुनिश्चित होंगे। प्रधानमंत्री ने ऑटो और ड्रोन उद्योग से जुड़े मंत्रिमंडल के एक और फैसले को लेकर कहाकि सुधार के रास्ते पर आगे बढ़ते हुए मंत्रिमंडल ने वाहन उद्योग और ड्रोन उद्योग के लिए एक पीएलआई (उत्पादन से संबंधित प्रोत्साहन) योजना को मंजूरी दी है। इससे विनिर्माण को बढ़ावा मिलेगा और यह क्षेत्र को वैश्विक रुझानों के साथ-साथ सर्वोत्तम प्रथाओं के अनुकूल बनाएगा। उद्योग संगठन ड्रोन फेडरेशन ऑफ इंडिया (डीएफआई) ने कहा कि ड्रोन क्षेत्र के लिए उत्पादन से संबंधित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना से उद्यमियों को वैश्विक बाजार के लिए ड्रोन, कलपुर्जों और सॉफ्टवेयर के निर्माण की दिशा में प्रयास करने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा।

# ग्रामीण इलाकों को सरकार की सौगात



लखनऊ में वर्चुअल माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों के लिए सड़कों का शिलान्यास और लोकार्पण करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व अन्य मंत्रीगण

## ● सैकड़ों सड़कों का मुख्यमंत्री ने किया शिलान्यास और लोकार्पण

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**योगी** सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों को करीब दो हजार सड़कों का तोहफा दिया है। वर्चुअल माध्यम से संपन्न ग्रामीण क्षेत्र की सड़कों के लोकार्पण, शिलान्यास कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़कें केवल आवागमन का माध्यम भर नहीं हैं। यह ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने का परिपथ भी हैं। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने वर्ष 2000 में जिस प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना को शुरू किया था, वह आज गांवों के उन्नति का माध्यम बन रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में 500 या उससे अधिक आबादी वाले सभी मजरों को संपर्क मार्ग से जोड़ा जा चुका है। यही नहीं प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में एफडीआर टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करने वाला उत्तर प्रदेश पहला राज्य है। सीएम ने पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर आजमगढ़ और जौनपुर जिला पंचायतों में फुल डेप्थ रीक्लेमेशन पद्धति से सड़क निर्माण के लिए खुशी जाहिर की। उन्होंने जिला पंचायत अध्यक्ष जौनपुर के अलावा पीएम ग्रामीण सड़क योजना से लाभान्वित बाराबंकी के रामनरेश और रायबरेली के परशुराम का हाल-चाल भी लिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यक्रम में कहा कि जो जिला पंचायतें अच्छा काम कर रही हैं उनकी पूरी जानकारी है। वहीं भ्रष्टाचार अधिकारियों, कर्मचारियों के खिलाफ हालिया कार्रवाईयां का हवाला देते हुए बिना ठोस (शेष पेज 9)

## आमजन को विकासकार्यों में प्रत्यक्ष भागीदार बनाने के लिए आरंभ होगी मातृभूमि योजना

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**आमजन** को विकासकार्यों में प्रत्यक्ष भागीदार बनाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश मातृभूमि योजना शुरू करने की घोषणा की है। इस अनूठी योजना के तहत गांवों में होने वाले अवस्थापना विकास के विभिन्न कार्यों में हर व्यक्ति को सीधी हिस्सेदारी का मौका मिलेगा।

परियोजना की कुल लागत का 50 फीसदी खर्च सरकार वहन करेगी जबकि शेष 50 फीसदी इच्छुक व्यक्ति की ओर से सहयोग होगा। बदले में परियोजना का नामकरण सहयोगी व्यक्ति की इच्छानुसार उनके परिजनों के नाम पर किया जा सकेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ग्राम्य विकास और पंचायती राज विभाग को इस अभिनव योजना की औपचारिक शुरुआत के लिए विस्तृत कार्ययोजना प्रस्तुत करने को कहा है। बुधवार को मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से पीएम ग्रामीण सड़क योजना तथा जिला पंचायतों के तहत हॉटमिक्स तथा फुल डेप्थ रिक्लेमेशन पद्धति से बनी सड़कों लोकार्पण व शिलान्यास करते हुए सीएम योगी ने सरकार की इस नई योजना की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि (शेष पेज 9)

- ● पीएम ग्राम सड़क योजनांतर्गत 4130.27 करोड़ की लागत से 6208.45 किमी लंबे 886 ग्रामीण मार्गों के निर्माण कार्य का शुभारंभ।
- ● 155 करोड़ की लागत से 1930 किमी लंबे 692 ग्रामीण मार्गों के नवीनीकरण कार्य का लोकार्पण।
- ● जिला पंचायतों के अंतर्गत हॉटमिक्स पद्धति से निर्मित होने वाले 195.07 करोड़ की लागत से 537.82 किमी लंबे 509 ग्रामीण मार्गों का लोकार्पण।
- ● जिला पंचायतों के अंतर्गत हॉटमिक्स पद्धति से निर्मित होने वाले 33.75 करोड़ की लागत से 48.62 किमी लंबे 14 ग्रामीण मार्गों का शिलान्यास।

## सोनू सूद के दफ्तर पहुंची आयकर विभाग की टीम

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई, नई दिल्ली

**आयकर** विभाग के अधिकारी कथित कर चोरी मामले की जांच के सिलसिले में बुधवार को अभिनेता सोनू सूद से जुड़े मुंबई और कुछ अन्य स्थानों के ठिकानों पर पहुंचे। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जांच की यह कार्रवाई मुंबई और लखनऊ के कम से कम आधा दर्जन ठिकानों पर की गई। सूत्रों के अकाउंट बुक में गड़बड़ी को जांचने के लिए यह कार्रवाई की गयी है। अभी तक स्पष्ट नहीं है कि क्या आयकर विभाग के अधिकारी सूद के आवास पर भी पहुंचे हैं। सूत्रों ने बताया कि संपत्ति की खरीद आयकर विभाग की नजर में है। गौरतलब है कि अभिनेता सूद पिछले साल कोविड-19 की वजह से लागू राष्ट्रव्यापी लॉकडाउन में प्रवासी कामगरों को उनके घर पहुंचने में मदद कर राष्ट्रीय चर्चा में आए थे। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार ने हाल में 48 वर्षीय सूद को देश का मेंटर कार्यक्रम के (शेष पेज 9)

# एयर इंडिया के लिए टाटा ने बोली लगाई, स्पाइस जेट भी होड़ में

● 15 सितंबर थी बोली लगाने की आखिरी तारीख, घाटे में चल रही कंपनी

**राजेश कुमार।** नई दिल्ली



**एयर** इंडिया के अधिग्रहण के लिए टाटा संस और स्पाइसजेट के अजय सिंह ने बोली लगाई है। यदि टाटा ने एयर इंडिया खरीद लिया तो इतिहास खुद को दोहरायेगा। ग्रुप ने 67 साल पहले एयर इंडिया को शुरू किया था। टाटा समूह के जे.आर.डी. टाटा इसके संस्थापक थे। वे खुद पायलट थे। तब इसका नाम टाटा एयर सर्विस रखा गया।

1938 तक कंपनी ने अपनी घरेलू उड़ानें शुरू कर दी थीं। दूसरे विश्व युद्ध के बाद इसे सरकारी कंपनी बना दिया गया। आजादी के बाद सरकार ने इसमें 49 फीसदी हिस्सेदारी खरीदी थी। निवेश और लोक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) के सचिव तुहिन कांत पांडे ने ट्विटर पर लिखा कि लेनदेन सलाहकार को एयर इंडिया के विनिवेश के लिए वित्तीय बोलियां मिली हैं। प्रक्रिया अब अंतिम चरण में है। केंद्र सरकार सरकारी स्वामित्व वाली एयरलाइन में अपनी 100 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचना चाहती है जिसमें एआई एक्सप्रेस लिमिटेड में एयर इंडिया की 100 प्रतिशत हिस्सेदारी और एयर इंडिया एसएटीएस एयरपोर्ट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड में 50 प्रतिशत हिस्सेदारी शामिल हैं। जनवरी, 2020 से शुरू हुई विनिवेश की प्रक्रिया में कोविड-19 महामारी के कारण देरी हुई है। सरकार ने अप्रैल, 2021 में संभावित बोलीदाताओं को वित्तीय बोली सौंपने के लिए कहा था। रिपोर्टों के मुताबिक टाटा संस के एक प्रवक्ता ने टाटा ने एयर इंडिया के लिए बोली लगाई है। हालांकि टाटा संस ने बोली में अपनी भागीदारी की पुष्टि की है लेकिन सूत्रों ने बताया कि घरेलू कैरियर स्पाइस जेट के अजय सिंह ने भी एयर इंडिया के विनिवेश के लिए बोली लगाई है।

इससे पहले नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने इस बात की पुष्टि की थी एयर इंडिया की बोली के लिए 15 सितंबर ही अंतिम तिथि रहेगी। एयर इंडिया की रणनीतिक बिक्री के लिए फरवरी 2019 में आर्थिक मामलों की कैबिनेट कमेटी ने हरी झंडी दी थी। कोविड महामारी के के कारण एयर लाइन की प्रस्तावित बिक्री में विलंब हुआ। जनवरी, 2020 में दीपम द्वारा जारी एयर इंडिया के ईओआई के अनुसार, 31 मार्च, 2019 तक एयरलाइन के (शेष पेज 9)

## एटीएस ने तीन और आतंकी किए गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**पाकिस्तान** समर्थित बड़े आतंकी मॉड्यूल के खुलासे के बाद यूपी एटीएस की छापेमारी लगातार जारी है। बीते मंगलवार को अलग-अलग स्थानों से तीन आतंकियों को गिरफ्तार करने के बाद एटीएस ने रायबरेली, प्रतापगढ़ और प्रयागराज से तीन और आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है। एडीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार ने बताया कि पकड़े गए सभी 6 आतंकियों को अग्रिम विधिक कार्यवाही के लिए स्पेशल सेल दिल्ली को सुपुर्द कर दिया गया है। मोहम्मद इम्तियाज को प्रतापगढ़, जमील शेख को रायबरेली से और मोहम्मद ताहिर को प्रयागराज से गिरफ्तार किया गया है। इससे पहले 14 सितंबर को यूपी के रायबरेली के रहने वाले मूलचंद उर्फ साजू उर्फ लाला, लखनऊ के रहने वाले मोहम्मद आमिर जावेद और प्रयागराज के रहने वाले जीशान कमर को यूपी एटीएस ने गिरफ्तार किया था। इसके अलावा दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने मुंबई के रहने वाले जान मोहम्मद शेख (47) उर्फ समीर कालिया को (शेष पेज 9)

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 58,723 | ↑ 476 | |
| निफ्टी | 17,519 | ↑ 139 | |
| सोना | 46,214 | ↑ 438 | /10g |
| चांदी | 62,140 | ↑ 633 | /kg |

## क्विक न्यूज

### यूपीएसएसएफ के हवाले होगी संवेदनशील दफ्तरों की सुरक्षा

**लखनऊ।** उप्र में आतंकी खतरे के मद्देनजर सचिवालय समेत सभी संवेदनशील सरकारी दफ्तरों की सुरक्षा का जिम्मा नवगठित उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल यूपीएसएसएफ को दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने टीम-9 की बैठक में कहा कि सचिवालय समेत सभी संवेदनशील शासकीय कायार्लयों की सुरक्षा व्यवस्था को और पुख्ता करने की जरूरत है। इसके मद्देनजर इन भवनों के सुरक्षा की जिम्मेदारी नवगठित यूपीएसएसएफ को सुपुर्द करने पर विचार करते हुए आवश्यक कार्यवाही की जानी चाहिए। कानून मंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि लखनऊ, प्रयागराज और रायबरेली से आतंकियों की गिरफ्तारी से बड़ा खतरा टल गया है लेकिन हमें और सतर्क रहने की जरूरत है।

# देश में बढ़ रहे हैं साइबर अपराध के मामले

● वर्ष 2020 में 50,035 केस दर्ज किए गए जो 2019 के मुकाबले 11.8 फीसदी ज्यादा थे

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**भारत** में 2020 में साइबर अपराध के 50,035 केस दर्ज किए गए जो 2019 के मुकाबले 11.8 फीसदी ज्यादा थे। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो द्वारा बुधवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक सोशल मीडिया पर फेक न्यूज के 578 मामले आए।

एनसीआरबी आंकड़ों के अनुसार साइबर अपराध की दर (प्रति लाख आबादी पर) जो 2019 में 3.3 फीसदी थी, वह 2020 में बढ़कर 3.7 फीसदी हो गई। 2019 में साइबर अपराध के 44,735 मामले सामने आए थे जबकि 2018 में यह आंकड़ा 27, 248 था। 2020 में ऑन लाइन बैंकिंग धोखाधड़ी के 4,047, ओटीपी धोखाधड़ी के 1,093 तथा क्रेडिट और डेबिट कार्ड फ्रॉड के 1,194 केस दर्ज किए गए। इसके अलावा 2020 में एटीएम से जुड़े धोखाधड़ी के 2160 मामले हुए।

आंकड़ों के मुताबिक 2020 में सोशल मीडिया में फेक न्यूज के 578 मामले, साइबर स्टाकिंग या महिलाओं और बच्चों को बुलिंग के 972, फेक प्रोफाइल के 149 तथा डाटा चोरी के 98 केस दर्ज किए गए। 2020 में साइबर अपराध के 60.2 फीसदी केस (50,035 में से 30,142 मामले) दर्ज किए गए। यौन उत्पीड़न के 6.6 (3,293 केस) और वसूली के 4.9 (2,440) केस दर्ज किए गए। आंकड़ों के मुताबिक साइबर क्राइम के उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा 11,097 मामले, इसके बाद कर्नाटक (10,741), महाराष्ट्र (5,496), तेलंगाना (5,024) तथा असम (3,530) का स्थान है।

## भारत में 2020 में प्रतिदिन औसतन 80 हत्याएं हुईं: एनसीआरबी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों के अनुसार, भारत में 2020 में प्रतिदिन औसतन 80 हत्याएं हुईं और कुल 29,193 लोगों का कत्ल किया गया। इस मामले में राज्यों की सूची में उत्तर प्रदेश अव्वल स्थान पर है।

एनसीआरबी के आंकड़ों के मुताबिक, पूरे देश में 2020 में बलात्कार के प्रतिदिन औसतन करीब 77 मामले दर्ज किए गए। पिछले साल दुष्कर्म के कुल 28,046 मामले दर्ज किए गए। देश में ऐसे सबसे अधिक मामले राजस्थान में और दूसरे नंबर पर उत्तर प्रदेश में दर्ज किए गए। एनसीआरबी के अनुसार, वर्ष 2020 में दर्ज किए गए कुल अपराधों में काफी संख्या भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 188 के तहत लोक सेवकों द्वारा लागू व्यवस्था का उल्लंघन करने के खिलाफ दर्ज मामले शामिल हैं। आंकड़ों के अनुसार, 2020 में उत्तर प्रदेश में हत्या के 3779 मामले दर्ज किए गए। इसके बाद बिहार में हत्या के 3,150, महाराष्ट्र में 2,163, मध्य (शेष पेज 9)



# सरकार की सकारात्मक सोच से बढ़ता है निवेश: योगी

● सीएम ने किया पेप्सिको इण्डिया कोसी कलां मथुरा फूड्स प्लाण्ट का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने अपने सरकारी आवास पर आयोजित एक कार्यक्रम में पेप्सिको इण्डिया कोसी कलां मथुरा फूड्स प्लाण्ट का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की सोच उसकी कार्य पद्धति में दिखाई देती है। सरकार की सकारात्मक सोच से निवेश बढ़ता है। निवेश से रोजगार सृजन होता है जिससे आत्मनिर्भरता व स्वावलम्बन प्राप्त करने में मदद मिलती है। पेप्सिको द्वारा कोसी कलां में स्थापित इकाई इसी सकारात्मक सोच का परिणाम है। आज भगवान श्रीकृष्ण की पावन भूमि मथुरा के कोसी कलां में 800 करोड़ रुपए से अधिक की इस यूनिट का उद्घाटन सम्पन्न हुआ। सीएम ने कहा कि ब्रज भूमि के किसानों की वर्षों से मांग थी कि उनके क्षेत्र में खाद्य प्रसंस्करण की अत्याधुनिक इकाइयां स्थापित हों। प्रदेश सरकार की औद्योगिक नीति के अन्तर्गत पेप्सिको ने कोसी कलां में निवेश किया है। सरकार व निवेशक जब मिलकर सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ेंगे तो इसके सकारात्मक परिणाम इसी रूप में सामने आएंगे। राज्य सरकार और पेप्सिको की साझेदारी उन्नति, विश्वास तथा स्वावलम्बन की साझेदारी होने के साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के संकल्पों को आगे बढ़ाने की भी साझेदारी होगी। योगी ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के औद्योगिक विकास के लिए बनायी गयी नीतियों के तहत निवेशकों द्वारा राज्य में बड़े पैमाने पर निवेश किया जा रहा है। यह निवेश किसानों के जीवन में व्यापक परिवर्तन का आधार बन रहा है। कोसी कलां में स्थापित फूड्स प्लाण्ट यूनिट के माध्यम से डेढ़ लाख मीट्रिक टन आलू का प्रति वर्ष प्रसंस्करण किया जाएगा। पेप्सिको इण्डिया किसान भाइयों के साथ पहले से ही साझेदारी करते हुए उनके उत्पाद का उचित मूल्य प्रदान करने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि कोसी कलां में स्थापित प्लाण्ट खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में आलू उत्पादक किसानों की दृष्टि से मील का पत्थर साबित होगा। इस खाद्य प्रसंस्करण इकाई से किसानों को अपने उत्पादों को बेचने के लिए एक मंच मिला है।

# विकास के नाम पर पूर्ववर्ती सरकारों ने तुष्टीकरण की राजनीति की: राधा मोहन

● मोदी-योगी के नेतृत्व में यूपी ने अपनी खोई सांस्कृतिक विरासत को पुन: प्राप्त किया: प्रदेश प्रभारी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**बीजेपी** के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व प्रदेश प्रभारी राधा मोहन सिंह ने गौतमबुद्ध नगर दादरी विधानसभा के आईआईएमटी कॉलेज में आयोजित प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन को संबोधित किया। प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री सिंह ने कहा कि देश का सबसे बड़ा प्रदेश उत्तर प्रदेश लंबे समय तक भ्रष्टाचार, माफिया, आतंक व तुष्टिकरण आदि अनेक प्रकार के समस्याओं से ग्रस्त था। पूर्व की सरकारों ने प्रदेश के विकास पर ध्यान न देकर केवल अपने वोट बैंक के विकास के लिए तुष्टीकरण की राजनीति की, जिसके फलस्वरूप भारतीय संस्कृति व आदर्श का केंद्र रहा उत्तर प्रदेश प्रश्न प्रदेश बनकर रह गया। मोदी-योगी की सरकार आने के बाद प्रदेश में न सिर्फ अपनी खोई सांस्कृतिक विरासत को पुन: प्राप्त किया बल्कि विकास के नए स्तंभ भी स्थापित किए। 2017 में जब योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बने तो उन्होंने उत्तर प्रदेश को हर तरह से सामर्थ्यवान और समृद्ध राज्य बनाने की दिशा में काम किया। उन्होंने कहा कि मत मजहब की राजनीति का खात्मा करना और उत्तर प्रदेश को संकीर्ण राजनीति से मुक्त करने का संकल्प लिया। आज प्रत्यक्ष रुप से दिखाई देता है कि जो चुनौतियां उन्हें विरासत में मिली थी योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उन समस्त चुनौतियों का समाधान प्रस्तुत किया है। राधा मोहन सिंह ने कहा कि योगी आदित्यनाथ की उत्कृष्ट कार्यशैली का ही परिणाम है विरासत में मिली लचर कानून व्यवस्था अब सुदृढ़ कानून व्यवस्था में परिवर्तित हो गई है। जिस उत्तर प्रदेश में पहले अपराधियों, माफियाओं का बोलबाला था आज उसी उत्तर प्रदेश में अपराधी और माफिया थरथर कांपते हैं, माताएं और बहनें कभी भी कहीं भी आने-जाने से अब नहीं डरती हैं। यह सब योगी आदित्यनाथ के अपराध के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के कारण ही संभव हो पाया है।

## आप ने 100 सीटों पर जारी की संभावित प्रत्याशियों की पहली सूची

**लखनऊ।** आम आदमी पार्टी ने उत्तर प्रदेश में होने जा रहे विधानसभा चुनाव के लिए 100 विधानसभा प्रभारी ध्संभावित प्रत्याशियों की पहली सूची बुधवार को जारी की। प्रदेश प्रभारी राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने प्रेसवार्ता कर विधानसभा प्रभारियों के नाम घोषित करते हुए बताया कि ये साथी पार्टी के अभियान को सफलतापूर्वक संचालित करने का काम करेंगे, इनका काम सही रहा तो इनको ही पार्टी वहां अपना प्रत्याशी बनाएगी। इस सूची में पिछड़े वर्ग से 35 प्रभारी बनाकर उन्हें बड़ा प्रतिनिधित्व देने की कोशिश की गई है। वहीं 20 ब्राह्मण 16 दलित और 5 मुस्लिम नेताओं को भी प्रतिनिधित्व दिया गया है। संजय सिंह ने बताया कि लखनऊ मध्य से नदीम अशरफ जायसी, उत्तर से अमित श्रीवास्तव, पश्चिम से राजीव बक्शी, कैंट से दुर्गेश सिंह, सरोजनी नगर से रोहित श्रीवास्तव, बीकेटी से बलीराम वर्मा और मोहनलालगंज से सूरज कुमार प्रत्याशी बनाए गए हैं।

# रेप पीड़िता के आत्मदाह मामले में एएसपी के खिलाफ जांच के आदेश

● एडीसीपी को कारण बताओ नोटिस जारी, 15 दिन में देना होगा जवाब

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** की घोसी लोकसभा से बसपा सांसद अतुल राय पर रेप का आरोप लगाने के बावजूद कोई कार्रवाई ना होने से क्षुब्ध होकर अपने साथी के साथ सुप्रीम कोर्ट के सामने आत्मदाह करने वाली युवती के मामले में अब पुलिस अफसरों पर कार्रवाई शुरू हो गई है।

इस मामले में वाराणसी के तत्कालीन एएसपी सिटी और एडीसीपी काशी जोन रहे विकास चंद्र त्रिपाठी के खिलाफ विभागीय जांच शुरू की गई है। वहीं वाराणसी के तत्कालीन एडीसीपी वरुणा जोन विनय कुमार सिंह को कारण बताओ नोटिस जारी कर 15 दिन में स्पष्टीकरण देने का आदेश दिया गया है। विकास चंद्र त्रिपाठी को पहले ही वाराणसी से हटाकर डीजीपी मुख्यालय से अटैच किया गया था।

आत्मदाह का प्रयास करने के पहले पीड़िता ने घोषी सांसद अतुल रायए पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुरए वाराणसी पुलिस समेत कई अन्य अधिकारियों पर आत्महत्या के लिए उकसाने का वीडियो वायरल कर दिया था। जिसके बाद शासन ने पूरे मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया था।

मऊ की घोसी सीट से सांसद अतुल राय पर बलिया की रहने वाली युवती ने दुष्पर्कम का आरोप लगाया था। वाराणसी के लंका थाने में अतुल राय पर पीड़िता ने मुकदमा दर्ज कराया था। इसके बाद सांसद अतुल राय ने भी पीड़िता और उसके मित्र के खिलाफ ब्लैकमेल कर वसूली करने का मुकदमा दर्ज कराया था। पीड़ता के खिलाफ पुलिस ने न्यायालय से गिरफ्तारी वारंट भी जारी करा लिया था।

# कुछ नया करने के लिये हमेशा प्रयत्नशील रहें: केशव

● उपमुख्यमंत्री ने अभियन्ता दिवस पर विश्वेश्वरैया द्वार का किया लोकार्पण

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**उपमुख्यमंत्री** केशव प्रसाद मौर्य ने बुधवार को लोक निर्माण विभाग में 1 करोड़ 08 लाख 96 हजार रुपया की लागत से यूपी राजकीय निर्माण निगम द्वारा बनाये गये भव्य और आकर्षक विश्वेश्वरैया द्वार का उद्घाटन किया। अभियन्ता दिवस पर आयोजित इस कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने विश्वेश्वरैया के जीवन दर्शन, उनके सुकृत्यों व तकनीकी ज्ञान पर प्रकाश डालते हुये अभियन्ताओं को जहां उनके जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया, वहीं उन्होने अभियन्ताओं को अपनी पूरी क्षमता से कार्य करने हेतु उनमें नयी उर्जा और नये उत्साह का संचार किया। विश्वेश्वरैया जयन्ती का शुभारम्भ केशव प्रसाद मौर्य ने दीप प्रज्वलित कर व विश्वेश्वरैया के चित्र पर माल्यार्पण कर किया।

विश्वेश्वरैया सभागार में भारत रत्न मोक्षगुण्डम विश्वेश्वरैया की जयन्ती पर आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने बहुत ही सराहनीय कार्य करके लोक निर्माण विभाग में नये आयाम स्थापित किये हैं। उन्होंने कहा कि अभियन्तागण कुछ नया करने के लिये हमेशा प्रयत्नशील रहें उनके स्तर से हरसम्भव सहायता उपलब्ध करायी जायेगी। विश्वेश्वरैया जी को अपनी आत्मिक श्रद्धांजलि अर्पित करते हुये उन्होने उनके द्वारा किये गये कार्यों की याद ताजा की। उन्होने कहा कि अपने कार्य और व्यवहार से अभियन्तागण विभाग को नयी उचाईयों पर ले जाएं यही विश्वेश्वरैया के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष अभियन्ता दिवस के अवसर पर विश्वेश्वरैया द्वार बनाये जाने की घोषणा की गयी थी और अभियन्ताओं ने कड़ी मेहनत करके निर्धारित समय सीमा के अन्दर भव्य और आकर्षक द्वार तैयार किया।

**कानपुर नगर निगम**
**कार्यालय मार्ग प्रकाश विभाग**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

कानपुर नगर निगम मार्ग प्रकाश विभाग के अन्तर्गत विद्युत कार्य हेतु जनरल सप्लायरों/विद्युत ठेकेदारों से अपर नगर आयुक्त महोदय की स्वीकृति दिनांक 14.09.2021 के अनुसार 01 कार्य हेतु निविदा निम्न प्रकार से आमंत्रित की जाती है। निविदा सम्बन्धी अन्य जानकारी नगर निगम की वेबसाइट www://kmc.up.nic.in/ से प्राप्त कर सकते हैं।

| | |
|---|---|
| निविदा डालने की तिथि व समय | 28.09.2021 अपरान्ह 3.00 बजे तक |
| निविदा प्रपत्र की बिक्री की अन्तिम तिथि व समय | 27.09.2021 दोपहर 1.30 बजे तक |
| निविदा खोलने की तिथि व समय | 28.09.2021 सायं 4.00 बजे तक |
| कार्य की संख्या | 01 कार्य |

निविदा विवरण निर्धारित प्रारूप में उल्लिखित कार्य का विवरण, आगणन लागत, निविदा की अर्नेस्टमनी, निविदा मूल्य तथा समयावधि आदि का विवरण तथा निविदा की शर्ते उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती हैं।

**प्र0 मुख्य अभियन्ता (मा0/प्र0)**
**नगर निगम कानपुर**

**अपर नगर आयुक्त**
**नगर निगम कानपुर**

**पायनियर वर्गीकृत**

PM DAKSH Apollo
**नि:शुल्क शिक्षा**
राष्ट्रीय अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम द्वारा प्रायोजित एवं अपोलो मेडस्किल्स लि. सरोजिनी नगर, लखनऊ द्वारा संचालित, अनुसूचित जाति के बेरोजगार छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क "जेरिएट्रिक ऐड", "इमरजेंसी मेडिकल तकनीशियन", "जनरल ड्यूटी असिस्टेंट" में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित करते है।
9554153301/9936500444

**सूचना**

मैने अपना नाम मो० नसीम से बदलकर मो० नसीम फारूकी कर लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए, मो० नसीम फारूकी पुत्र मो ० मोबीन फारूकी निवासी आमीपुर पींग कुंडा, प्रतापगढ़ यू पी।

**सूचना**

मैं बेबी मिश्रा पत्नी श्री रवि शंकर मिश्रा निवासिनी-22 गौराबाग सेन्ट मेरी हास्पिटल के सामने कुर्सी रोड, लखनऊ, मैंने अपना नाम बेबी मिश्रा से बदलकर नीलम मिश्रा रख लिया है, अतः भविष्य में मुझे अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाय।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम ISHTEKAR ALI MUNNER ALI था जो अब बदलकर ISTKAR ALI हो गया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। ISTKAR ALI S/O MUNNE ALI Gauhar ali Dandi Bazar Mahewa Patti, Purab Uparhar, Agriculture Institute Allahabad.

**आवश्यकता है**

**आवश्यकता है**
**पं0 दीनदयाल उपाध्याय ग्रामोदय पी0जी0 कालेज, बादलपुर, डिडिसिया कला, बेलसर, गोण्डा** में निम्न विषयों में एक-एक प्रवक्ता की आवश्यकता है।
**कला संकाय :** सैन्य विज्ञान, मनोविज्ञान, भूगोल।
**विज्ञान संकाय (बीएससी) :** भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जंतु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, गणित।
**परास्नातक संकाय :** हिंदी, समाज शास्त्र, गृहविज्ञान।
अभ्यर्थी एक सप्ताह के अंतर्गत रजिस्टर्ड डाक से आवेदन करें। वेतन/योग्यता/ मानक डॉ0 राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या के परिनियमावली अनुसार लागू होगी।
**राम गनेश तिवारी (प्रबंधक)** मो0-9450517884
**डॉ0 राजीव कुमार सिंह (प्राचार्य)** मो0-9115059071

# अवैध खनन मामले में बांदा के डीएम हटाए गए, एएसपी निलंबित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**बांदा** में हो रही अवैध खनन के मामले में यहां के डीएम आनंद सिंह को हटा दिया गया है। वहीं कर्तव्यों में लापरवाही, अपराध रोकने में नाकामी और खनन माफिया से सांठगांठ के आरोपी बांदा के अपर पुलिस अधीक्षक महेंद्र प्रताप चौहान को निलंबित कर दिया गया। आनंद सिंह को एसीपी ब्रांच में विशेष सचिव बनाया गया है। उनकी जगह पर आईएएस अनुराग पटेल को बांदा का डीएम नियुक्त किया गया है। अनुराग पटेल इससे पहले कृषि उत्पादन आयुक्त ब्रांच में विशेष सचिव थे। महेंद्र प्रताप चौहान के स्थान पर पीएसी सीतापुर में तैनात लक्ष्मी निवास को बांदा में एएसपी के पद पर तैनाती दी गई है। यह कार्रवाई बांदा में हो रहे अवैध रेत खनन के मामले में हुई है। मध्य प्रदेश के जरिए हो रहे इस अवैध खनन में शासन ने जांच के आदेश दिए थे। मामले की जांच के लिए एसटीएफ का गठन किया गया था। बांदा के एसपी महेंद्र प्रताप सिंह की 29 जून 2020 को यहां हुई तैनाती के बाद से ही उनके खिलाफ खनन माफियाओं से साठगांठ के आरोप लग रहे थे। जिसके बाद शासन ने मामले की जांच एसएसपी एसटीएफ से कराई। एसटीएफ की जांच में इस बात की पुष्टि हुई की मध्य प्रदेश के जरिए हो रहे अवैध खनन में माफियाओं के साथ उनकी सांठगांठ थी। जिसके बाद उनके खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की गई है। महेंद्र प्रताप चौहान के स्थान पर पीएसी सीतापुर में तैनात लक्ष्मी निवास को बांदा में एएसपी के पद पर तैनाती दी गई है। अपर पुलिस अधीक्षक निलम्बन अवधि में पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश लखनऊ कार्यालय से सम्बद्ध रहेगें तथा बिना पूर्व अनुमति के मुख्यालय नहीं छोड़ेंगे।

# भाजपा अपनी साख खो चुकी है: अखिलेश यादव

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा अपनी साख खो चुकी है। वह झूठ का प्रशिक्षण केन्द्र बन गई है। जनता से वादे करके भूल जाना भाजपा का चरित्र हो गया है। यह जनता को धोखा देना है। डॉ राममनोहर लोहिया मानते थे कि वादाखिलाफी भ्रष्टाचार की श्रेणी में आता है। इस हिसाब से भाजपा बड़ी भ्रष्टाचारी पार्टी है जिसने अपने संकल्प पत्र में किए गए वादे भी भुला दिए हैं।

आखिर भाजपा अपने संकल्प पत्र को क्यों नहीं पूरा किया है, किसानों, नौजवानों के लिए जो वादे किए गए क्यों भुला दिए गए, किसान की न तो कर्जमाफी हुई, न उसे फसल का न्यूनतम समर्थन मूल्य मिला और न ही किसान की आय दुगनी हुई, गन्ना किसान आज भी अपने बकाया के लिए परेशान घूम रहा है। 10 हजार करोड़ रूपए से ज्यादा उसका बकाया हैं मिल मालिकों को ही भाजपा सरकार में राहत मिल रही है। गन्ना किसान को तो लागत मूल्य भी नहीं दिया जा रहा है। गन्ना बकाया का ब्याज क्यों नहीं दिया जा रहा है। नौजवान परेशान है उनसे 70 लाख नौकरियों का वादा किया गया वह सिर्फ वादा ही रहा है। प्रदेश में न नौकरियां हैं न नए उद्योग आ रहे हैं कि रोजगार पैदा हो। बल्कि जो उद्योग लगे हैंए वे भी बंद होने के कगार पर है। नौकरियां मांगने पर युवाओं पर लाठी पड़ती है।

## सड़कों की खराब हालत पर मायावती ने सरकार को घेरा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**बसपा** सुप्रीमो मायावती ने योगी सरकार पर हमला बोला है। इस बार उन्होंने खराब सड़कों की हालत पर सरकार को घेरा है। मायावती ने प्रदेश की सड़कों की खराब हालत और गड्ढों पर सरकार को आड़े हाथ लिया है। उन्होंने बुधवार को कहा कि यूपी की सड़कों की हालत फिर से इतनी ज्यादा खराब हो गई हैं कि लोग समझ नहीं पा रहे हैं कि सड़कों में गड्ढा है या गड्ढे में सड़क है। बुधवार को ट्वीट करते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती ने लिखा कि यूपी में कानून व स्वास्थ्य व्यवस्था की तरह ही यहाँ के सड़कों की भी दुर्दशा व ख़स्ताहाली से आमजनजीवन काफी बेहाल है तथा गड्ढों में पानी भर जाने से सड़क हादसों व इसमें होने वाली दर्दनाक मौतों की ख़बरों से अख़बार भरे पड़े हैं, यह अति.दु:खद व सरकार की विफलता का जीता जागता प्रमाण। उन्होंने आगे कहा कि सड़कें लोगों की बुनियादी ज़रूरत व विकास से विशेषत: जुड़ी हुई हैं तथा इनके बारे में भी सरकार चाहे जितने भी नारे व दावे कर ले लेकिन यूपी के सड़कों की हालत फिर से इतनी ज्यादा खराब हो गई हैं कि लोग समझ नहीं पा रहे हैं कि सड़कों में गड्ढा है या गड्ढे में सड़क।

# बीजेपी किसान मोर्चा 18 को आयोजित करेगा सम्मेलन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**किसानों** के मसले पर विपक्ष को जवाब देने के लिए बीजेपी किसान मोर्चा ने 18 सितंबर को लखनऊ में स्मृति उपवन में किसान सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया है। किसाना मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर सिंह ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि प्रदेश की योगी सरकार ने 2017 से जो निर्णय लिए हैं उससे किसानों का व्यापक हित हुआ है। किसान मोर्चा ने भी पूरे प्रदेश किसानों को सरकार की योजनाओं के बारे में बताया है। अगस्त में गन्ना बाहुल्य 95 विधानसभा क्षेत्रों में जाकर 298 स्थानों पर भाजपा किसान मोर्चा द्वारा किसान संवाद स्थापित किया गया था। जिसमें लगभग 60 हजार किसानों की उपस्थिति दर्ज हुई थी। किसानों का पूरा समर्थन बीजेपी की सरकारों को है। देश के कुछ विरोधी दलों के लोग जो मुद्दों के अभाव में कोई राजनीतिक कार्यक्रम नहीं कर पा रहे है वैसे ही लोग देश के किसानों को गुमराह करने का कुत्सित प्रयास कर रहे है। वह लोग अनर्गल दुष्प्रचार के माध्यम से पीएम मोदी को बदनाम करने का प्रयास कर रहे है। श्री सिंह ने बताया कि 17 सितम्बर को पीएम मोदी के जन्मदिवस पर किसान मोर्चा सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश में सभी जिला केन्द्रों पर किसान-जवान-सम्मान दिवस के रूप में मनाएगा। इस दिन भाजपा किसान मोर्चा प्रत्येक जिला केन्द्रों पर 71 किसान व जवानों को सम्मानित करेगा। प्रदेश के किसान सरकार द्वारा किये गए कार्यों के प्रति आभार ज्ञापित करने के लिए किसान सम्मेलन का आयोजन कर रहे हैं। इस सम्मेलन में उत्तर प्रदेश के समस्त विधानसभा क्षेत्रों से पचास-पचास किसान आएगें व लगभग 20 हजार किसान उपस्थित होकर समस्त प्रदेश के किसानों की तरफ से मुख्यमंत्री के प्रति आभार ज्ञापित करेंगे।

श्री सिंह ने बताया कि केन्द्रीय मंत्रि मण्डल ने 2022-23 में लिए रवी फसल के न्यूनतम समर्थन मूल्य अभूतपूर्व वृद्धि की घोषणा कर दी है। जिसके अन्तर्गत गेहूं, सरसों, मसूर, चना, जौ और कुसुम के फूल के न्यूनतम समर्थन मूल्यों में किसान की लागत के सापेक्ष 60 प्रतिशत से 100 प्रतिशत तक वृद्धि की गई है। मोदी-योगी के ऐतिहासिक निर्णय को लेकर किसान मोर्चा 18 सितम्बर को योगी जी को सम्मानित कर आभार ज्ञापित करेगें।

**CAUTION NOTICE**

This is to notify to the public that some unscrupulous persons with ulterior motive to earn wrongful gain and/ or cheat the public or to avail benefit of our company's good will and reputation to incorporate the similar name company - "FUHAAR INFRAREALITY (OPC)PVT LTD" with same address as ours (B-111,112 Santosh Complex Vibhutikhand Gomti Nagar Lucknow) and they are doing the same/similar nature of business with a view to tarnish the established image and reputation of our company 'FUHAAR INFRAVENTURES PRIVATE LIMITED". We wish to caution general public by this notice that we have no connection with "FUHAARINFRAREALITY (OPC) PVT LTD". Any one dealing with that company would be doing so at his/her own risk and 'FUHAAR INFRAVENTURES PRIVATE LIMITED" will not be held responsible for any loss or damage suffered by such persons directly or indirectly.

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु आनलाईन 'खुली' ई-निविदायें आमंत्रित की जाती हैं जिसका विवरण नीचे निम्नवत है-

**ई निविदा संख्या:** NER-LJN-2021-95, **कार्य का नाम:** लखनऊ मंडल के समइ/पश्चिम/गोरखपुर के उप मंडल-वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/प्रथम/लखनऊ जं. के अधीन सी. से. इंजी./पी.वे./पश्चिम/गोरखपुर के अनुभाग में ट्रैक के रखरखाव के लिए आउटसोर्सिंग के माध्यम से विभिन्न पी0 वे० गतिविधियों का रखरखाव। **अनुमानित लागत:** ₹ 36358049.65, **समापन अवधि:** 18 माह, **ई निविदा संख्या:** NER-LJN-2021-96, **कार्य का नाम:** लखनऊ मंडल के समइ/पश्चिम/गोरखपुर के उप मंडल-वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/प्रथम/लखनऊ जं. के अधीन सी. से. इंजी./पी.वे./पूर्व/गोरखपुर के अनुभाग में ट्रैक के रखरखाव के लिए आउटसोर्सिंग के माध्यम से विभिन्न पी0 वे० गतिविधियों का रखरखाव। **अनुमानित लागत:** ₹ 17671042.85, **समापन अवधि:** 18 माह, **ई निविदा संख्या:** NER-LJN-2021-98, **कार्य का नाम:** लखनऊ मंडल के समइ/पश्चिम/गोरखपुर के उप मंडल-वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/प्रथम/लखनऊ जं. के अधीन सी. से. इंजी./पी.वे./मनकापुर के अनुभाग में ट्रैक के रखरखाव के लिए आउटसोर्सिंग के माध्यम से विभिन्न पी0 वे० गतिविधियों का रखरखाव। **अनुमानित लागत:** ₹ 35238141.50, **समापन अवधि:** 18 माह, **ई निविदा संख्या:** NER-LJN-2021-99, **कार्य का नाम:** लखनऊ मंडल के समइ/पश्चिम/गोरखपुर के उप मंडल-वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/प्रथम/लखनऊ जं. के अधीन सी. से. इंजी./पी.वे./बस्ती के अनुभाग में ट्रैक के रखरखाव के लिए आउटसोर्सिंग के माध्यम से विभिन्न पी0 वे० गतिविधियों का रखरखाव। **अनुमानित लागत:** ₹ 42164652.21, **समापन अवधि:** 18 माह, **ई निविदा संख्या:** NER-LJN-2021-101, **कार्य का नाम:** लखनऊ मंडल के समइ/पश्चिम/गोरखपुर के उप मंडल-वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/प्रथम/लखनऊ जं. के अधीन सी. से. इंजी./पी.वे./आनन्दनगर के अनुभाग में ट्रैक के रखरखाव के लिए आउटसोर्सिंग के माध्यम से विभिन्न पी0 वे० गतिविधियों का रखरखाव। **अनुमानित लागत:** ₹ 34353130.88, **समापन अवधि:** 18 माह, **ई निविदा संख्या:** NER-LJN-2021-102 **कार्य का नाम:** लखनऊ मंडल के समइ/सीतापुर के उप मंडल-वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/द्वितीय/लखनऊ जं. के अधीन सी. से. इंजी./पी.वे./सीतापुर के अनुभाग में ट्रैक के रखरखाव के लिए आउटसोर्सिंग के माध्यम से विभिन्न पी0 वे0 गतिविधियों का रखरखाव। **अनुमानित लागत:** ₹ 30798345.49, **समापन अवधि:** 18 माह, **ई निविदा संख्या:** NER-LJN-2021-103, **कार्य का नाम:** लखनऊ मंडल के समइ/सीतापुर के उप मंडल-वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/द्वितीय/लखनऊ जं. के अधीन सी. से. इंजी./पी.वे./लखीमपुर के अनुभाग में ट्रैक के रखरखाव के लिए आउटसोर्सिंग के माध्यम से विभिन्न पी0 वे0 गतिविधियों का रखरखाव। **अनुमानित लागत:** ₹ 25028777.64, **समापन अवधि:** 18 माह, **ई निविदा संख्या:** NER-LJN-2021-104, **कार्य का नाम:** लखनऊ मंडल के समइ/सीतापुर के उप मंडल-वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/द्वितीय/लखनऊ जं. के अधीन सी. से. इंजी./पी.वे./बिसवां के अनुभाग में ट्रैक के रखरखाव के लिए आउटसोर्सिंग के माध्यम से विभिन्न पी0 वे० गतिविधियों का रखरखाव। **अनुमानित लागत:** ₹ 48458873.83, **समापन अवधि:** 18 माह, **ई निविदा संख्या:** NER-LJN-2021-105, **कार्य का नाम:** लखनऊ मंडल के समइ/लाइन/लखनऊ जं. के उप मंडल- वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/तृतीय/ लखनऊ जं. के अधीन सी. से. इंजी./पी.वे./ऐशबाग के अनुभाग में ट्रैक के रखरखाव के लिए आउटसोर्सिंग के माध्यम से विभिन्न पी0 वे० गतिविधियों का रखरखाव। **अनुमानित लागत:** ₹ 32399202.17, **समापन अवधि:** 18 माह, **ई निविदा संख्या:** NER-LJN-2021-106, **कार्य का नाम:** लखनऊ मंडल के समइ/ लाइन/लखनऊ जं. के उप मंडल- वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/तृतीय/लखनऊ जं. के अधीन सी. से. इंजी./पी.वे./गोण्डा के अनुभाग में ट्रैक के रखरखाव के लिए आउटसोर्सिंग के माध्यम से विभिन्न पी0 वे० गतिविधियों का रखरखाव। **अनुमानित लागत:** ₹ 32104782.17, **समापन अवधि:** 18 माह, **ई निविदा संख्या:** NER-LJN-2021-107, **कार्य का नाम:** लखनऊ मंडल के समइ/लाइन/लखनऊ जं. के उप मंडल-वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/तृतीय/लखनऊ जं. के अधीन सी. से. इंजी./पी.वे./बादशाहनगर के अनुभाग में ट्रैक के रखरखाव के लिए आउटसोर्सिंग के माध्यम से विभिन्न पी0 वे० गतिविधियों का रखरखाव। **अनुमानित लागत:** ₹ 36851601.92, **समापन अवधि:** 18 माह, **ई निविदा संख्या:** NER-LJN-2021-108, **कार्य का नाम:** लखनऊ मंडल के समइ/लाइन/लखनऊ जं. के उप मंडल- वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/तृतीय/लखनऊ जं. के अधीन सी. से. इंजी./पी.वे./जरवलरोड़ के अनुभाग में ट्रैक के रखरखाव के लिए आउटसोर्सिंग के माध्यम से विभिन्न पी0 वे० गतिविधियों का रखरखाव। **अनुमानित लागत:** ₹ 30516539.07, **समापन अवधि:** 18 माह, **ई निविदा संख्या:** NER-LJN-2021-109, **कार्य का नाम:** लखनऊ मंडल-मैलानी बैलास्ट डम्प में मशीन से तोड़ी हुई आरडीएसओ के स्पेसीफिकेशन आई.आर.एस.-जी.ई-1, जून 2016 (अद्यतन शुद्धि पर्ची के साथ) के अनुसार प्राइवेट क्वैरी से ट्रैक बैलास्ट की आपूर्ति एवं रेलवे के वैगनों में लदाई का कार्य। **अनुमानित लागत:** ₹ 83184711.00, **समापन अवधि:** 10 माह, **ई निविदा संख्या:** NER-LJN-2021-110, **कार्य का नाम:** लखनऊ मंडल के समइ/उत्तर/गोंडा के उप मंडल- वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/मुख्यालय/लखनऊ जं. के अधीन सी. से. इंजी./पी.वे./बढ़नी के अनुभाग में ट्रैक के रखरखाव के लिए आउटसोर्सिंग के माध्यम से विभिन्न पी0 वे० गतिविधियों का रखरखाव। **अनुमानित लागत:** ₹ 29075537.83, **समापन अवधि:** 18 माह, **ई निविदा संख्या:** NER-LJN-2021-111, **कार्य का नाम:** लखनऊ मंडल के समइ/उत्तर/गोंडा के उप मंडल-वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/मुख्यालय/लखनऊ जं. के अधीन सी. से. इंजी./पी.वे./बलरामपुर के अनुभाग में ट्रैक के रखरखाव के लिए आउटसोर्सिंग के माध्यम से विभिन्न पी0 वे० गतिविधियों का रखरखाव। **अनुमानित लागत:** ₹ 31102135.42, **समापन अवधि:** 18 माह।

1. उपरोक्त ई-निविदा संख्या **NER-LJN-2021-95, 96, 98, 99** एवं **101** तक के लिये ई-निविदा दिनांक 07.10.2021 को 15.00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15.00 बजे के बाद ई-निविदा की खोली जायेंगी तथा ई-निविदा संख्या **NER-LJN-2021-102** से **109** तक के लिये ई-निविदा दिनांक 08.10.2021 को 15.00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15.00 बजे के बाद ई-निविदा की खोली जायेंगी एवं ई-निविदा संख्या **NER-LJN-2021-110** से **111** तक के लिये ई-निविदा दिनांक 11.10.2021 को 15.00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15.00 बजे के बाद ई-निविदा की खोली जायेंगी।
2. उपरोक्त ई-निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तो का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकार ई निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से सम्बन्धित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

**मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग, लखनऊ**
मुजाधि/डब्लू-177

**यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मोबाइल नं0 09794845955 पर एस.एम.एस करें।**
**गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।**

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: (0522) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# सीबीआई अधिकारी बनकर ठगने वाले गिरफ्तार

## ● अब तक नौकरी के नाम पर ठगे गए करीब 15 लोगों के नाम आए सामने

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**लखनऊ** कमिश्नरेट के मध्य जोन की कृष्णा नगर पुलिस ने बुधवार को जालसाज़ों के एक गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए सीबीआई के दो फर्जी अधिकारियों को उनकी दो महिला मित्रों के साथ गिरफ्तार कर लिया। जिनके पास सीबीआई के दो फर्जी पहचान पत्र और शूटिंग पिस्टल बरामद की है। बताया जा रहा है कि गिरफ्तार किए गए जालसाज अपने आप को सीबीआई का अधिकारी बताते थे और ऊंची पहुंच का हवाला देकर लोगों को नौकरी दिलाने का झांसा देकर उनसे लाखों रुपए की ठगी करते थे। कृष्णा नगर पुलिस ने बुधवार को प्रेम नगर कृष्णा नगर के रहने वाले राहुल उर्फ आर्यन, सेक्टर एक अलीगंज के रहने वाले मुकेश तिवारी, विनीत खंड गोमती नगर की रहने वाली कविता नयाल जोशी और कपूर थला चांदगंज अलीगंज की रहने वाली प्रिया वर्मा को गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर कृष्णा नगर आलोक कुमार राय ने बताया कि कल ही जालसाज़ों के खिलाफविकास नाम के एक युवक के द्वारा मुकदमा दर्ज कराया गया था, जिसके आधार पर इन चारों जालसाज़ों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए राहुल और मुकेश अपने आप को सीबीआई का अधिकारी बताकर लोगों से कहते थे कि वह उनकी नौकरी लगवा देंगे लेकिन उनका नाम कहीं प्रकाश में न आए। इंस्पेक्टर के अनुसार अब तक करीब 15 लोग सामने आए हैं जिनको इन जालसाज़ों के द्वारा ठगा जा चुका है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए जालसाज करीब 15 लोगों से सत्तर सत्तर हजार रुपए नौकरी दिलाने के नाम पर ले चुके थे। उनका कहना है कि गिरफ्तार किए गए जालसाज काफी शातिर किस्म के हैं और उनके आपराधिक इतिहास का पता लगाया जा रहा है । बताया जा रहा है कि गिरफ्तार किए गए जालसाज राहुल और मुकेश अपने आप को सीबीआई का अधिकारी बताते थे और उनकी महिला मित्र कविता और प्रिया लोगों को नौकरी दिलाने का झांसा देकर जाल में फंसाती थी और बेरोजगार लोगों को नौकरी दिलाने के लिए मुकेश और राहुल से मिलवाती थी। बताया जा रहा है कि काफी दिनों से जालसाज़ी का गोरख धंधा चला रहे थे। वैसे तो इनके द्वारा ठगे गए 15 लोग ही अभी तक प्रकाश में आए हैं लेकिन इन फर्जी सीबीआई अधिकारियों के जाल में अब तक तमाम लोग फंस कर अपना पैसा गंवा चुके हैं। पुलिस पूरे मामले की जांच करने के साथ साथ यह भी पता लगाने का प्रयास कर रही है कि गिरफ्तार किए गए जालसाज़ों के इस गिरोह में और कितने लोग शामिल हैं और इन जालसाज़ों ने अब तक कितनी वारदातों को अंजाम दिया है।



## केंद्रीय मंत्री का करीबी बताकर लोक भवन में घुसने वाले दो गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**लोकभवन** में बुधवार को केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर का करीबी बताकर दो संदिग्ध अंदर घुसने का प्रयास करने लगे लेकिन इस दौरान गेट पर तैनात सुरक्षा कर्मियों ने उन्हें रोक लिया। पूछताछ में फर्जीवाड़ा सामने आने पर उन्हें हजरतगंज पुलिस को सौंप दिया गया, जहां से उन्हें गिरफ्तार कर थाने लाया गया। इस संबंध में लोकभवन आरआई की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया। आरोपियों के पास से विधान भवन का एक पास मिला ,जांच में पता चला कि पास की अवधि समाप्त हो चुकी है। एसीपी हजरतगंज राघवेंद्र कुमार मिश्रा के मुताबिक केंद्रीय मंत्री का करीबी बताकर लोकभवन के अंदर प्रवेश करने के आरोप में पुलिस ने पारा काशीराम कॉलोनी निवासी पंकज गुप्ता और मजहर अजीद फारुखी को गिरफ्तार किया है। इस मामले में आरोपियों के खिलाफ आरआई लोकभवन ने केस दर्ज कराया है। आरोपियों ने एक कागज दिखाते हुए लोक भवन के सुरक्षाकर्मियों को गुमराह किया था। उनसे कहा था कि वह दोनों केंद्रीय मंत्री की सिफारिश पर एक मामले की पैरवी में आए हैं। छानबीन में दोनों की गतिविधियां संदिग्ध प्रतीत हुईं। इसके बाद लोकभवन के सुरक्षाकर्मियों ने हजरतगंज पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस ने दोनों आरोपियों से मौके पर पूछताछ की तो फर्जीवाड़ा सामने आया।

# 817 करोड़ की लागत से होंगे ग्रीन कारिडोर के पहले फेज के निर्माण कार्य

## ● गऊघाट पर 270 मी लम्बाई का पुल, कुड़ियाघाट से हार्डिंग ब्रिज तक 1050 मीटर लम्बाई का फ्लाई ओवर, खदरा से हार्डिंग ब्रिज तक 660 मीटर लम्बाई का फ्लाई ओवर प्रस्तावित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**शहर** में लखनऊ ग्रीन कारिडोर प्रोजेक्ट ने रफ्तार पकड़नी शुरू कर दी है। एलडीए के उपाध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी द्वारा की गई समीक्षा बैठक में टाटा कन्सलटिंग इंजीनियर्स द्वारा इस प्रोजेक्ट के पहले फेज के भाग.1 की संशोधित डीपीआर लखनऊ विकास प्राधिकरण को सौंप दी गई। डीपीआर तय होने से अब इस परियोजना का काम जल्द ही स्वरूप लेना शुरू कर देगा।

बुधवार को एलडीए के उपाध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी ने बताया कि ग्रीन कारिडोर प्रोजेक्ट के तहत गोमती नदी के दोनों किनारों पर प्रथम फेज आईआईएम रोड से शहीद पथ तक नया बंधा एवं उसके चौड़ीकरण तथा उसके ऊपर सड़क निर्माण किया जाना है। परियोजना के कार्यों को शीघ्र प्रारम्भ करने के लिए फेज.1 के कार्यों को 3 भागों, आईआईएम रोड से हार्डिंग ब्रिज तक, हार्डिंग ब्रिज से पिपराघाट तक एवं पिपराघाट से शहीद पथ तक बांटा गया है। उपाध्यक्ष ने आगे बताया कि टाटा कन्सलटिंग इंजीनियर्स द्वारा प्रस्तुत की गई भाग.1 की डीपीआर के तहत होने वाले कार्यों की कुल लागत 817 करोड़ रूपये है। इसके तहत आईआईएम रोड से हार्डिंग ब्रिज तक



गोमती नदी के दोनों किनारों पर लगभग 7 किमी लम्बा बंधा निर्माणए चौड़ीकरण और उसके ऊपर फोर लेन सड़क का निर्माण प्रस्तावित है। इसके अलावा गऊघाट पर 270 मी लम्बाई का पुल, कुड़ियाघाट से हार्डिंग ब्रिज तक 1050 मीटर लम्बाई का फ्लाई ओवर तथा खदरा से हार्डिंग ब्रिज तक 660 मी लम्बाई का फ्लाई ओवर निर्माण प्रस्तावित किया गया है। इस कारिडोर प्रोजेक्ट में आईआईएम रोड व हार्डिंग ब्रिज के अतिरिक्त कैटल कालोनी (बुद्धेश्वर मार्ग), गऊघाट, प्रबन्ध नगर योजना एवं फैजलगंज पर इन्ट्री व एग्जिट का प्रस्ताव किया गया है। प्रोजक्ट इम्प्लीमेंटेशन यूनिट के सदस्य अनिल कुमार सिंह सेंगर ने बताया कि इस परियोजना में सिंचाई विभाग के कार्यों में बंधा निर्माण व चैड़ीकरण, आरई वाल और बैरल आदि निर्माण कार्यों के लिए लगभग लागत 216 करोड़ रूपये है। वहीं, लोक निर्माण विभाग से सम्बन्धित सड़क निर्माण कार्य के लिए 171 करोड़, ब्रिज व फ्लाई ओवर के लिए 256 करोड़ धनराशि आंकलित की गई है। इसके अतिरिक्त बंधा निर्माण के लिए प्रस्तावित अधिग्रहण के लिए भूमि 27 हेक्टेयर अनुमानित लागत 62 करोड़ रूपये, कारिडोर के एलाइनमेंट में आने वाले पावर कारपोरेशन तथा नगर निगम की परिसम्पत्तियों की शिफ्टिंग के लिए 20 करोड़ रूपये का प्राविधान किया गया है। प्रोजेक्ट के इस भाग में गोमती नदी के दोनों किनारों पर 10.6 किलोमीटर लम्बाई का फोर लेन हाइवे और तीन स्थानों पर लगभग 2 किलोमीटर लम्बाई का ब्रिज, फ्लाई ओवर निर्माण कार्य का प्राविधान किया गया है।

# समाज कल्याण के निदेशक को अवमानना की नोटिस जारी

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**करीब** 21 माह से एक छात्र की छात्रवृति के संदर्भ में आदेश के बावजूद कोई निर्णय नहीं लेने पर हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने सख्त रुख अख्तियार किया है। पीठ ने समाज कल्याण निदेशालय के निदेशक राकेश कुमार के विरुद्ध अवमानना की नोटिस जारी करने का आदेश दिया है। पूछा है कि क्यों न उन्हें अदालत के आदेश की अवहेलना करने के लिए दंडित किया जाए। मामले की अगली सुनवाई नवंबर माह में होगी।

जस्टिस विवेक चौधरी की एकल पीठ ने यह आदेश छात्र आशुतोष शुक्ला की अवमानना याचिका पर दिया है। याचिकाकर्ता की ओर से वकील चन्दन श्रीवास्तव ने बहस की। इनका कहना था कि 21 नवंबरए 2019 को हाईकोर्ट ने समाज कल्याण के निदेशक को आदेश दिया था कि इस छात्र की छात्रवृत्ति के संदर्भ में उसके सभी आवश्यक दस्तावेजों के मद्देनजर विधिसम्मत निर्णय लिया जाए। दो दिसंबर 2019 को हाईकोर्ट के इस आदेश की जानकारी एक प्रत्यावेदन के मार्फत्त निदेशक को दी गई। साथ ही छात्रवृत्ति के लिए सभी आवश्यक दस्तावेज भी मुहैया करा दिए गए। बावजूद इसके निदेशक द्वारा छात्रवृत्ति के संदर्भ में अब तक कोई निर्णय नहीं लिया गया। एकल पीठ ने पाया कि प्रथम दृष्टया निदेशक के खिलाफ अवमानना का मामला बनता है।



## गिरवी रखी जमीन की प्लाटिंग कर बेचने के मामले में मुल्जिम की जमानत अर्जी खारिज

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**जिला** जज सर्वेश कुमार ने करोड़ों का लोन लेने के बावजूद जमीन की प्लाटिंग कर बेचने के चार अलग अलग मामलो में निरुद्ध मुल्जिम सैयद शकील हैदर की जमानत खारिज कर दी है। उन्होंने प्रथम दृष्टया इसके अपराध को गंभीर करार दिया है। फौजदारी के जिला शासकीय अधिवक्ता मनोज त्रिपाठी के मुताबिक 31 जुलाई 2021 को इस मामले की एफआईआर वकील वीरेंद्र कुमार शर्मा, एक अगस्त को राजकुमार जबकि दो अगस्त, 2021 को आकाश श्रीवास्तव व देवेंद्र कुमार ने थाना वजीरगंज में दर्ज कराई थी। इस मामले में शकील के अलावा रईस अहमद, मो. आमिर व शौकत को भी नामजद किया गया है। यह मामला बरावनकला वार्ड, बालकगंज में खसरा नंबर 552 की जमीन से जुड़ा है। इस जमीन पर मेसर्स हिन्द कन्क्रीट प्रोडक्टस प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक व मुल्जिम सैयद शकील हैदर ने पंजाब नेशनल बैंक से 34 करोड़ का लोन लिया था। लेकिन लोन अदा नहीं करने पर डीआरटी व सरफेसी एक्ट के तहत एडीएम प्रशासन के यहां मुकदमा विचाराधीन है। बावजूद इसके धोखाधड़ी, जालसाजी व साजिश के तहत अन्य मुल्जिमों की मिलीभगत से जमीन को प्लाटिंग कर बेच दिया गया। उनका कहना था कि मुल्जिम भू माफिया है। इसके खिलाफ आठ मुकदमे दर्ज हैं। जिनमें सात मुकदमे धोखाधड़ी, जालसाजी, साजिश व जानमाल की धमकी तथा एक मुकदमा अमानत में खयानत व अवैध वसूली का है। इनमें दो मुकदमे में अमेठी में दर्ज हैं। यदि इसे जमानत पर रिहा किया गया तो साक्ष्य व गवाहों को प्रभावित करेगा।

# 11 घरों में मिले मच्छरों के लार्वा स्वास्थ्य विभाग ने पकड़ाया नोटिस

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**डेंगू** पर प्रभावी नियंत्रण पाने को लेकर स्वास्थ्य विभाग की तरफसे लखनऊ जनपद में चलाए जा रहे अभियान के तहत बुधवार को कई इलाकों का दौरा किया गया। निरीक्षण के दौरान कुल 1772 घरों तथा विभिन्न मच्छरजनित स्थितियों का सर्वेक्षण किया गया और कुल 11 घरों में मच्छरजनित स्थितियां पाये जाने पर नोटिस जारी किया गया। मुख्य चिकित्साधिकारी के निर्देश पर आज उप मुख्य चिकित्सधिकारी डा केपी त्रिपाठी ने रजनीखण्ड क्षेत्र का स्थानीय मलेरिया निरीक्षक के साथ भ्रमण किया गया। इसके अतिरिक्त नगर मलेरिया इकाई एवं जिला मलेरिया अधिकारी की टीम द्वारा लाला लाजपत राय वार्ड, कन्हैया माधौपुर प्रथम एवं द्वितीय, शहीद भगत सिंह वार्ड, चिनहट वार्ड, त्रिवेणीनगर वार्ड, अलीगंज, वार्ड के आस पास के क्षेत्रों तथा सिटी मान्टेसरी स्कूल अलीगंज कैम्पस 2, सरस्वती विधा मन्दिर निरालानगर, आरएलबी गोमतीनगर, लखनऊ का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान क्षेत्रीय जनता को जागरूक किया गया।

**आज इन इलाकों में होगी फागिंग:** नगर स्वास्थ्य अधिकारीडा एसके रावत ने बताया कि गुरुवार को नगर निगम की टीम द्वारा जोन 1 के नजरबाग, यदुनाथ सान्याल, जेसी बोस, लालकुआ, विक्रमादित्य, राजाराम मोहन राय, गनेशगंज बशीरतगंज, महात्मा गॉधी, बाबू बनारसीदास, गोलागंज, मौलवीगंज, रानी लक्ष्मी बाई वार्ड, जोन 5 के गुरू नानक नगर, बाबू कुंज बिहारी, चित्रगुप्त नगर, अमौसी गॉव, मखदुम नगर, अम्बेडकरनगर, आजादनगर, समर विहार, सूर्य नगर, प्रेम नगर, सरदारी खेडा, आदर्श नगर, भीमनगर वार्ड, जोन 7 के लोहियानगर, शंकरपुरवा प्रथम, शंकरपुरवा द्वितीय, शंकरपुरवा तृतीय, लाल बहादुर शास्त्री प्रथम, लाल बहादुर शास्त्री द्वितीय वार्ड, जोन 8 के कुम्हार मण्डी, अम्मा कालोनी, उतरठिया गॉव, शीतल खेडा, सेक्टर एम 1, सभागार, सेक्टर.जे, सेक्टर.डी, रूचिखण्ड.1, रविखण्ड, सालेहनगर, सैनानी विहार, औरंगाबाद खालसा, चिल्लावां, सेक्टर.1 के आस पास के क्षेत्रों में फॉगिग का कार्य कराया जायेगा।

## जेईई मेन्स परीक्षा के नतीजे जारी

**लखनऊ।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की तरफसे बुधवार को जेईई मेन्स परीक्षा के चौथे सत्र के नतीजे घोषित कर दिए। जारी किए गए रिजल्ट का लिंक एनटीए की आधिकारिक वेबसाइट पर बुधवार की दोपहर में अपलोड कर दिया गया। इस बार के नतीजों में जो सबसे खास बात देखने को मिली वह यह कि बड़ी संख्या में बच्चों को 99 परसेंटाइल से ज्यादा मिले हैं। विशेषज्ञों की मानें तो शहर में 200 से ज्यादा ऐसे अभ्यर्थी हैं जिन्होंने 99 परसेंटाइल के अंदर अंक स्कोर किए हैं।

## बंद मकान का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

**लखनऊ।** ठाकुरगंज इलाके में चोरों ने एक मकान का ताला तोड़कर नकदी व जेवर समेत अन्य सामान चोरी कर लिया। उधर पीड़ित गांव से जब वापस लौटा तो सामान बिखरा देख उनके होश उड़ गए। उन्होंने सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। ठाकुरगंज के बरौरा हुसैनबारी बालागंज निवासी नफीस अहमद मूल रूप से हरदोई के रहने वाले है। यहां वो अपने परिवार संग रहकर व्यापार करते हैं। नफीस के मुताबिक बीते 11 सितंबर को वह घर पर ताला लगाकर परिवार संग हरदोई गए थे। जब वापस लौटे तो देखा कि मेन गेट समेत सभी कमरों के ताले टूटे पड़े है। अंदर पहुंचे तो सारा सामान बिखरा था। साथ ही अलमारी में रखे जेवर, नकदी, कपड़े, पासबुक डीएल समेत अन्य चीजें गायब थी। उन्होंने आनन-फानन में इसकी जानकारी पुलिस को दी। इंस्पेक्टर का कहना है कि एक ही रात में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है, जिससे आशंका जताई जा रही है।

## अधिक शुल्क वसूली की शिकायत मिली तो मान्यता होगी रद

**लखनऊ।** एक दिन पूर्व प्रदेश भर में पालीटेक्निक संस्थानों में दाखिले को लेकर शुरू हुई ऑनलाइन काउंसिलिंग के बीच संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद ने निर्धारित शुल्क से अधिक शुल्क लेने वाले संस्थानों को चेतावनी दी है। परिषद ने कहा है कि अधिक शुल्क वसूली की शिकायत मिली तो फिर मान्यता रद कर दी जाएगी। दाखिले को लेकर चल रही काउंसलिंग प्रक्रिया के बीच निजी संस्थानों की तरफसे अधिक पैसे लेने की शिकायतें आती रहती है। जिसको देखते हुए परिषद की ओर से मनमानी फीस लेने या प्रवेश को लेकर कोई परेशानी होने पर नंबर भी जारी किया गया है। कोई भी टोलफ्री नंबर.18001806589 के अलावा परिषद मुख्यालय में स्थापित कंट्रोल रूम के नंबरों 0522 -2630678 और 0522-2630667 पर शिकायत कर सकता है। प्रवेश परिषद के सचिव रामरतन के मुताबिक कोई भी संस्थान निर्धारित फीस से अधिक फीस वसूलता है तो उसके विरुद्ध शिकायत आने पर उसकी मान्यता रद्द की जाएगी।

## यू-डायस पर स्कूलों द्वारा दी गई जानकारी का होगा फिजिकल ऑडिट

**लखनऊ।** सरकारी पोर्टल यू-डायस (यूनिफाइड डिस्ट्रिक इनफार्मेशन सिस्टम) पर स्कूलों द्वारा दी गई जानकारी का फिजिकल ऑडिट होगा। ऑडिट के लिए स्कूलों का चयन रैंडम आधार पर किया जाएगा। इसको लेकर बेसिक शिक्षा महानिदेशक ने प्रत्येक जनपद के लिए अधिकारी नामित कर दिए हैं। फिजिकल ऑडिट के लिए गठित टीम को 18 सितम्बर से पूर्व औचक निरीक्षण की जांच तय फार्मेट में देनी होगी। बेसिक शिक्षा अधिकारी विजय प्रताप सिंह ने बताया कि यू-डायस पर स्कूलों के दिए गए विवरण का औचक निरीक्षण करने के निर्देश मिल गए हैं। जांच टीम भी बना दी है। जिले के पांच विद्यालयों का चयन जांच टीम को औचक निरीक्षण के लिए करना होगा। पांच विद्यालयों में दो परिषदीय, एक कंपोजिट (कक्षा एक से आठ), एक सहायता प्राप्त और एक अशासकीय मान्यता प्राप्त विद्यालय होना चाहिए।

## जमीनी विवाद में मारपीट आधा दर्जन घायल

**निगोहां।** थाना क्षेत्र के मठ गांव में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में कहासुनी होने के बाद दोनों पक्ष आपस मे भिड़ गए। देखते ही देखते दोनो पक्षों में जमकर लाठीडंडे चलने लगे जिसमें महिलाओं सहित लगभग आधा दर्जन लोग जख्मी हो गए। इसके बाद दोनों पक्ष निगोहां थाने पहुंचे, जहां पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सीएचसी भेजा दिया । वहीं दोनों पक्षों की ओर से दी गई तहरीर पर मामला दर्ज कर पांच लोगों का 151 में चालान किया गया व 5 अन्य लोगों पर 107-16 की कार्यवाही की गई। घटनाक्रम के अनुसार थाना क्षेत्र के मठ गांव निवासी किशोरीलाल और गांव के ही विशेषर के बीच काफी समय से जमीनी विवाद चल रहा था जिसका मुकदमा भी न्यायालय में विचाराधीन है। बुधवार की सुबह किशोरीलाल उक्त विवादित भूमि पर बांस की फंटियां लगा रहा था, यह देख विशेषर के बेटे सूरज और परिवार की सुमन ने इसका विरोध किया। इसी बीच दोनों पक्षों मे कहासुनी बढ़ गई।

# नौ करोड़ से अधिक वैक्सीन की डोज लगाने वाला राज्य बना यूपी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कोरोना** वैक्सीनेशन के मामले में उत्तरप्रदेश में 9 करोड़ से ऊपर आबादी को वैक्सीन की डोज लग चुकी है। उत्तर प्रदेश देश में 9 करोड़ से अधिक वैक्सीन की डोज लगाने वाला एकलौता राज्य है। प्रदेश में पहली डोज 7,45,35,619 तथा दूसरी डोज 1,52,36,150 लगायी गयी हैं। एक दिन पूर्व एक दिन में 10,80,153 कोविड वैक्सीन की डोज दी गयी है। अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने बताया कि प्रदेश में कल एक दिन में कुल 2,21,226 सैम्पल की जांच की गयी है। 1,20,353 सैम्पल आरटीपीसीआर जांच के लिए विभिन्न जनपदों से भेजे गये है। प्रदेश में अब तक कुल 7,55,39,756 सैम्पल की जांच की गयी है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में पिछले 24 घंटे में कोरोना संक्रमण के 19 नये मामले आये हैं। प्रदेश के 34 जनपदों में कोविड का कोई एक्टिव केस नहीं है। प्रदेश में पिछले 24 घंटे में 16 तथा अब तक कुल 16,86,538 लोग कोविड.19 से ठीक हो चुके हैं। प्रदेश में कोरोना के कुल 182 एक्टिव मामले हैं, जिनमें से 139 लोग होम आइसोलेशन में हैं। प्रदेश में अब तक सर्विलांस टीम के माध्यम से 3 करोड़ 58 लाख से अधिक घरों के सवा 17 करोड़ जनसंख्या का सर्वेक्षण किया गया है।

**केरल व आंध्रा से लौटे दो सीआरपीएफ जवान कोरोना संक्रमित:** लखनऊ। केरल और आंध्र प्रदेश से लौटे दो सीआरपीएफ जवानों में कोरोना के लक्षण मिले है। ऐसे में इन जवानों को आइसोलेशन में रखने के साथ ही इनकी जीनोम सिक्वेंसिंग केजीएमयू से कराई जा रही है। वहीं एहतियात के तौर पर स्वास्थ्य विभाग ने इनके सम्पर्क में आने वाले 115 लोगों की कांटेक्ट ट्रेसिंग कराई है। राहत की बात यह है कि सभी की एंटीजेन रिपोर्ट निगेटिव आई है। डिप्टी सीएमओ डॉ मिलिंद वर्धन के मुताबिक दोनों जवान सरोजनी नगर स्थित सीआरपीएफ कैंप में अलग-अलग आइसोलेशन में है। दोनों में कोई लक्षण नहीं है। संक्रमित जवानों के नमूने जीनोम सीक्वेसिंग के लिए केजीएमयू भेजे गए हैं। डॉ मिलिंद के मुताबिक बुधवार देर शाम तक 115 जवानों के नमूने लिए जा चुके हैं। इन सभी की पहले एंटीजेन जांच कराई गई। एंटीजेन में कोई भी पॉजिटिव नहीं आया है। एहतियात के तौर पर आरटी पीसीआर जांच भी कराई जाएगी।

## बीएड की काउंसिलिंग कल से

**लखनऊ।** प्रदेश भर में बीएड कक्षाओं में दाखिले को लेकर ऑनलाइन काउंसलिंग की प्रक्रिया शुक्रवार से शुरू होगी। आनलाइन काउन्सिलिंग प्रक्रिया तीन चक्रों मेन काउन्सिलिंग, पूल काउन्सिलिंग एवं सीधे प्रवेश में सम्पन्न होंगी। इस प्रक्रिया में प्रदेश के 16 राज्य विश्वविद्यालयों के अन्तर्गत 2479 राजकीय-सहायता प्राप्त महाविद्यालय-स्ववित्तपोषित महाविद्यालय शामिल होंगे। राज्य समन्वयक बीएड प्रवेश परीक्षा प्रो अमिता बाजपेयी ने बताया कि शुक्रवार से बीएड के अंतर्गत 2,35,310 सीटों पर होने वाली काउंसिलिंग प्रक्रिया में 7,830 सीटें विश्वविद्यालय, राजकीय-सहायता प्राप्त महाविद्यालयों की हैं। जबकि 2,27,480 सीटें स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों की हैं। इसके अतिरिक्त प्रत्येक महाविद्यालय में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अभ्यर्थियों हेतु 10 प्रतिशत अतिरिक्त सीटें उपलब्ध होंगी। ईडब्ल्यूएस की सुविधा सरकारी, अनुदानित, गैर अनुदानित एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों में होगी किन्तु अल्पसंख्यक संस्थानों में यह सुविधा नही होगी। काउन्सिलिंग प्रक्रिया हेतु विश्वविद्यालय-महाविद्यालयों का सम्पूर्ण विवरण एवं प्रवेश प्रक्रिया सम्बन्धी सम्पूर्ण जानकारी लखनऊ विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है।

## रास्ते के विवाद को लेकर मां-बेटी से अभद्रता

**लखनऊ।** पीजीआई इलाके में रास्ते के विवाद को लेकर लेखपाल से की गई शिकायत से नाराज पिता-पुत्रों ने महिला और उसकी बेटी के साथ अभद्रता की। फिलहाल पीड़िता ने थाने जाकर इसकी शिकायत दर्ज कराई है। खरिका निवासी महिला के मुताबिक उन्होंने दयाचंद, उनके बेटे अमित और विशाल के खिलाफ रास्ते को बाधित करने की शिकायत लेखपाल से की थी। जिस पर जांच की बात कही गई थी। इस बात को लेकर दयाचंद्र क्रोधित था। उसने बदला लेने की नियत से रविवार को मंदिर जाते समय महिला व उसकी बेटी को रोक लिया और अभद्रता की। दयाचंद्र के साथ उसके बेटे भी घटना में शामिल थे। घर लौट कर महिला ने पति से पड़ोसियों की हरकत के बारे में बताया, जिसके बाद पीजीआई कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

# पाकिस्तान से आए विस्थापित व्यापारियों को मिलेगा मालिकाना हकः भाटिया

## ● महापौर ने आश्वासन देते हुए कहा कि कार्यकारणी समिति की बैठक में इसको पास कराकर शासन भेजेंगी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**अमीनाबाद** की मोहन मार्केट में महापौर द्वारा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान व्यापारियों की समस्याओं को सुना। व्यापारियों ने मालिकाना हक दिलाने की अपनी मांग रखी। महापौर ने आश्वासन देते हुए कहा कि कार्यकारणी समिति की बैठक में इसको पास कराकर शासन भेजेंगी। साथ ही महापौर ने व्यापारियों की दूसरी समस्याओं को भी अति शीघ्र दूर करने का आश्वासन दिया।

बुधवार को अमीनाबाद स्थित मोहन मार्केट में व्यापारियों ने अपनी दुकानों का मालिकाना हक दिलाने के लिए अपनी मांगों को महापौर के समक्ष रखा। व्यापारियों की इस समस्या का संज्ञान लेते हुए महापौर ने कार्यकारिणी में समिति बनाकर इसकी रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया। अगले सप्ताह होने वाली कार्यकारिणी में इसे रखा जाएगा। महापौर, आजादी के 75 वर्षो बाद उनको हक दिलाने जा रही है। अगले सप्ताह होने वाली कार्यकारणी समिति की बैठक में इसको पास कराकर महापौर शासन भेजेंगी। महापौर ने कहा कि हम आपके हर समस्या का समाधान करेंगे। महापौर ने कहा कि वह विस्थापितों की पीड़ा भली भांति समझती है तथा उनका जन्म भी विभाजन के समय ही हुआ था। महापौर ने व्यापारियों को बताया कि आप जल्द से जल्द अपना पुराना किराया जमा करें, जिससे म्युटेशन की प्रकिया शुरू हो सके। आप अपने दुकान के मालिक बन सकें। महापौर ने मौके पर मौजूद ज्वाइंट कमिश्नर अवनींद्र सिंह को म्युटेशन की प्रक्रिया जल्द शुरू कराने के लिए निर्देशित किया। महापौर ने नगर आयुक्त को इसके लिए एक नोडल अधिकारी नियुक्त करने के लिए भी निर्देशित किया। महापौर ने व्यापारियों को यह भी बताया कि वह स्वयं आपके साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलने जाएंगी। आपकी समस्याओं को उनके समक्ष रखेंगे। आप सभी को अपनी दुकानें आवंटित हो सके इसके लिए मैं हमेशा आपके साथ हूं। गौरतलब है कि आज़ादी के समय बंटवारे के वक्त पाकिस्तान से विस्थापित होकर आए सिंधी और पंजाबी परिवारों के भरण पोषण के लिए अमीनाबाद में उनको दुकानें आवंटित की गई थी लेकिन अभी तक उनको इन दुकानों का मालिकाना हक नही मिल पा रहा था।



वहीं व्यापारियों से मिलने के बाद महापौर ने शौचालय और अमीनाबाद बाज़ार का निरीक्षण किया। अमीनाबाद बाजार में अतिक्रमण देख उनको हटाने का निर्देश जोनल अधिकारी को दिया। महापौर ने व्यापारियों से यह भी कहा कि आप हमें स्थान उपलब्ध करा दे तो यहाँ शौचालय और पिंक शौचालय की भी व्यवस्था कर देंगे।

# टब, स्टील की टंकी में हुआ गणपति का विसर्जन

**लखनऊ।** श्री शुभ संस्कार समिति द्वारा 22 वें श्री गणेश जन्मोत्सव का आज हवन के बाद समापन हो गया। भगवान गणेश की बड़ी मिट्टी की मूर्ति के साथ साथ नित्य काली मिट्टी की हस्त निर्मित 40 मूर्तियों को संकटा देवी मंदिर प्रांगण में ही टब और स्टील के ड्रम में विसर्जित किया गया । समिति के अध्यक्ष लक्ष्मीकांत पांडे ने बताया जल संरक्षण के संबंध में हम लोग विगत 2 वर्षों से गणेश जी का विसर्जन मंदिर प्रांगण में ही कर रहे हैं। इनका मिट्टी वाला जल पेड़ में डाल दिया जाता है। महामंत्री रिद्धि किशोर गौड़ ने बताया की हाल में ही ऑक्सीजन के लिए लोगों ने लाखों रुपए खर्च किए जल भी निरंतर कम होता जा रहा है, नदियां प्रदूषित हो चुकी हैं। हमें जल के लिए संघर्ष ना करना पड़े इसलिए सबको आगे आना पड़ेगा । विसर्जन के उपरांत आशीष अग्रवाल, श्यामू मिश्रा, दिलीप मिश्रा, राजेश आनंद, चौक समाचार वितरक कल्याण समिति के अध्यक्ष प्रदीप कुमार, अमित गौड़, संजय शर्मा, श्यामू यादव, नीरा गर्ग, कुशल, करण गौड़ ने पूड़ी सब्जी, बून्दी, लड्डू भंडारे का प्रसाद वितरित किया।





# किसानों के लिए धान क्रय नीति निर्धारित

**कैबिनेट बाई सर्कुलेशन**

## ● सामान्य धान 1940, ग्रेड ए का समर्थन मूल्य 1960 प्रति कुन्तल निर्धारित



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** सरकार ने कैबिनेट बाई सर्कुलेशन के जरिए वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए नई धान क्रय नीति के निर्धारण को मंजूरी प्रदान कर दी है। इसके तहत राज्य सरकार ने भारत सरकार द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2021-22 में मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत कॉमन धान का समर्थन मूल्य 1940 रुपए प्रति कुन्तल तथा ग्रेड-ए का समर्थन मूल्य 1960 रुपए प्रति कुन्तल निर्धारित किया गया है जिसका सरकार ने समर्थन किया है।

खरीफविपणन वर्ष 2021-22 में लखनऊ, बरेली संभाग में धान क्रय की अवधि 1 अक्टूबर से 31 जनवरी 2022 तक तथा लखनऊ सम्भाग के लखनऊ, सीतापुर, रायबरेली, उन्नाव व चित्रकूट, कानपुर, अयोध्या, देवीपाटन, बस्ती, गोरखपुर, आजमगढ़, वाराणसी, मिर्जापुर एवं प्रयागराज मण्डलों में 1 नवम्बर से 28 फरवरी 2022 तक होगी। धान विक्रय से पूर्व कृषक पंजीयन तथा समस्त क्रय एजेन्सियों पर ऑनलाइन धान क्रय की प्रक्रिया अनिवार्य की गई। किसानों से धान खरीद कम्प्यूटराइज्ड सत्यापित खतौनी, फोटोयुक्त पहचान प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड के आधार पर की जाएगी। सभी क्रय एजेन्सियों द्वारा धान के मूल्य का भुगतान भारत सरकार के पीएफएमएस पोर्टल के माध्यम से धान क्रय के 72 घण्टे के अन्दर किया जाएगा। खरीफ विपणन वर्ष 2021-22 में धान क्रय के लिए निर्धारित क्रय अवधि में कृषकों द्वारा क्रय केन्द्रों पर बिक्री के लिए लाए गए निर्धारित गुणवत्ता के धान का क्रय किया जाएगा परन्तु क्रय के लिए बोरों एवं कृषकों के भुगतान के लिए वित्तीय व्यवस्था के प्रबन्ध के दृष्टिगत सम्भावित क्रय लक्ष्य 70 लाख मीट्रिक टन निर्धारित किया गया है। 4000 क्रय केन्द्र स्थापित किए जाएंगे। सामान्यतः क्रय केन्द्र प्रातः 9:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक खुले रखे जाएंगे किन्तु जिलाधिकारी स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार क्रय केन्द्र के खुलने व बन्द होने के समय में आवश्यक परिवर्तन करने के लिए अधिकृत होंगे। कृषकों को सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से रविवार एवं राजपत्रित अवकाशों को छोड़कर शेष कार्य दिवसों में धान क्रय केन्द्र खुले रहेंगे।

### ज्वॉइंट बीडीओ और बीडीओ को प्रमोशन में मिलेगी छूट

ग्राम्य विकास विभाग में संयुक्त खंड विकास अधिकारियों और खंड विकास अधिकारियों की पदोन्नति में सेवा अवधि की शर्त में रियायत दी जाएगी। ग्राम विकास अधिकारी से संयुक्त खंड विकास अधिकारी पद तक 20 वर्ष की सेवा पूरी करने वाले अधिकारियों को खंड विकास अधिकारी के पद पर पदोन्नति मिलेगी। वहीं ग्राम विकास अधिकारी से एडीओ तक 16 वर्ष की सेवा पूरी करने वाले अधिकारियों को संयुक्त खंड विकास अधिकारी के पद पर पदोन्नति मिलेगी। कैबिनेट बाई सर्कुलेशन प्रादेशिक विकास सेवा संवर्ग के तहत खंड विकास अधिकारी की सेवा नियमावली और उत्तर प्रदेश संयुक्त खंड विकास अधिकारी अराजपत्रित सेवा नियमावली 1992 में संशोधन के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। राज्य विधानमंडल के दोनों सदनों का सत्रावसान कर दिया गया है। बुधवार को कैबिनेट बाई सर्कुलेशन विधान सभा व विधान परिषद के मानसून सत्र के सत्रावसान संबंधी प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई।

### गंगा एक्सप्रेस-वे के लिए परामर्शी संस्था का चयन

गंगा एक्सप्रेस-वे परियोजना को लागू करने के लिए विशिष्ट परामर्शी के रूप में सेवाएं लिए जाने के लिए नॉमिनेशन के आधार पर मेसर्स एसबीआई कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड को रखने के प्रस्ताव को कैबिनेट ने हरी झंडी दे दी है। यह परियोजना पीपीपी मॉडल पर काम के लिए चुनी गई है। प्रारंभिक डीपीआर तैयार हो चुकी है। वित्तीय प्रबंधन, मॉनीटरिंग और वायबिलिटी गैप फंड के आकलन के लिए कंसल्टेंट का चयन जरूरी है। एसबीआई कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड को महाराष्ट्र में एक्सप्रेस-वे बनाने का अनुभव है। इसके चयन से प्रोजेक्ट की रफ्तार को काफी गति मिलेगी। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे के चेनेज-218 पर सीएनजी स्टेशन की स्थापना के लिए मेसर्स टोरेंट गैस प्राइवेट लिमिटेड को 2500 वर्ग मीटर भूमि लीज पर दिए जाने के प्रस्ताव को भी कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है। यह जमीन 200 रुपये प्रति वर्ग मीटर की दर से दी जाएगी। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स रायबरेली के कार्यस्थल में मौजूद पुराने भवनों का ध्वस्तीकरण किया जाएगा। इससे संबंधित प्रस्ताव को भी कैबिनेट बाई सर्कुलेशन मंजूरी दे दी गई है। कैबिनेट ने स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय अयोध्या की पुनरीक्षित परियोजना को बढ़ाकर 200 करोड़ से अधिक कर दिया है।उप्र भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड में पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बालक, बालिकाओं एवं आनाथ बच्चों को गुणवत्तापूर्वक शिक्षा प्रदान किए जाने के लिए वाराणसी मंडल में अटल आवासीय विद्यालय की स्थापना को मंजूरी दी गई है। प्रदेश के चिकित्सा शिक्षा विभाग के नियंत्रणधीन पीजीआई लखनऊ व उसके समतुल्य संस्थानों को छोड़कर राजकीय मेडिकल कालेजों, संसथानों, स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालयों में एमसीआई, एनएमसी मानकों की पूर्ति व चिकित्सालय के सुगम संचालन के लिए न्यूनतम आवश्यक मानव संसाधन के लिए पदों के सृजन का निर्णय लिया है। इसके साथ ही उच्च न्यायालय में काम करने वाले सेवानिवृत्त कर्मचारी, अधिकारियों को पीजीआई लखनऊ में इलाज की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए उप्र उच्च न्यायालय रिवाल्विंग फंड नियमावली 2021 के प्रख्यापन को मंजूरी दी है।

### 16 जिलों में मेडिकल कालेजों की सहायता का प्रस्ताव स्वीकृत

मंत्रिपरिषद ने प्रदेश के 16 असेवित जनपदों में पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप के आधार पर मेडिकल कॉलेजों के विकास की योजना के लिए निजी क्षेत्र की इकाई को वित्तीय और गैर-वित्तीय सहायता के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी है। मंत्रिपरिषद ने मऊ की तहसील सदर के अन्तर्गत ग्राम परदहां में 3013 वर्ग मीटर भूमि पर एटीएस के अधिकारियों, स्टाफ कार्यालय एवं फील्ड इकाई की स्थापना के लिए भवन तथा एटीएस कमाण्डो के बैरक के लिए आवंटित किए जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी है।

## शहरों में गरीबों के लिए कम जमीन पर बनाए जाएंगे मकान

### ● योगी सरकार ने अफोर्डेबल हाउसिंग उपविधि-2021 को दी मंजूरी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**यूपी** सरकार ने शहरों में गरीबों और निम्न मध्य आय वर्ग के लोगों को सस्ते मकान उपलब्ध कराने का रास्ता साफकर दिया है। बिल्डरों को शहरों में कम जमीन पर अधिक ऊंची ईमारत व मकान बनाने के साथ अधिक प्लाट काटने की सुविधा दे दी गई है। इसके लिए अफोर्डेबल हाउसिंग उपविधि-2021 को मंजूरी दे दी गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में बुधवार को हुई कैबिनेट की बैठक में यह फैसला हुआ।

प्रदेश में मौजूदा समय गरीबों और निम्न मध्य आय वर्ग के लिए मकान बनाने की कोई योजना नहीं है। इसके चलते जरूरतमंदों को मकान नहीं मिल पा रहा है। नई नीति आने से ईडब्ल्यूएस, एलआईजी, मिनी एमआईजी व एमआईजी मकान कम कीमत पर मिलने का रास्ता साफ हो गया है। इससे अनाधिकृत कालोनियों के विकास के नियंत्रण पर भी रोक लगेगा। प्लाट डवलमेंट योजना के लिए न्यूनतम क्षेत्रफल 3000 वर्ग मीटर रखा गया है। इस पर ईडब्लूएस के 30 से 35 वर्ग मीटर, एलआईजी 35 से 50 वर्ग मीटर और अन्य वर्ग के 50 से 150 वर्ग मीटर के प्लाट बेंचे जा सकेंगे। इन पर मकान को बनाने के लिए फ्लोर एरिया रेशियो दो कर दिया गया है। ईडब्ल्यूएस के लिए डेंसिटी 250 इकाइयां प्रति हेक्टेयर, एलआईजी 200 इकाइयां प्रति हेक्टेयर और अन्य वर्ग में 150 इकाइयां प्रति हेक्टेयर की गई है। ग्रुप हाउसिंग में परियोजना का न्यूनतम क्षेत्रफल 2000 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में विकसित करने की सुविधा दी गई है। कारपेट एरिया 25 से 30 वर्ग मीटर, एलआईजी 30 से 40 वर्ग मीटर और अन्य वर्ग के लिए 40 से 90 वर्ग मीटर की सुविधा दी गई है। इन मकानों को बनाने के लिए अलग-अलग मानक तय किए गए हैं।

# राजभवन में लगेगी शिव की प्रतिमा राज्यपाल ने किया भूमि पूजन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**राजभवन** में भगवान शिव की भव्य प्रतिमा स्थापित की जाएगी। बुधवार को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने राजभवन परिसर में भगवान शिव की भव्य प्रतिमा स्थापित कराने के लिए भूमि पूजन व शिलान्यास भी किया। यह प्रतिमा ग्रेनाइट के 10 फुट लम्बे और 7 फुट चौड़े चबूतरे पर लगायी जायेगी जो कि चबूतरे के ऊपर 4 फुट ऊंची होगीए जिसके पृष्ठ में 7 फुट ऊंचे पहाड़ के निर्माण सहित अन्य मनोरम निर्माण किए जाएंगे।

राजभवन में एक अन्य कार्यक्रम के दौरान प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने राजभवन की कार्य व्यवस्थाओं को डिजिटल करने के लिए आठ साफ्टवेयर प्रणालियों का लोकार्पण किया। इन प्रणालियों में जिन व्यवस्थाओं को शामिल किया गया है, उनमें राज्यपाल कार्यालय के लिए कार्मिक प्रबन्धन प्रणाली मानव सम्पदा, राजभवन कर्मिकों को राज्य सरकार की ई.पेंशन प्रणाली से जोड़ा जाना, राजभवन सचिवालय के चतुर्थ श्रेणी के कर्मिकों के लिए जीपीएफ प्रबन्धन प्रणाली, राजभवन गेट पास एवं परिचय पत्र प्रबन्धन प्रणाली, आनलाइन राजभवन लाइब्रेरी पोर्टल, राजभवन कर्मिकों के लिए बायोमैट्रिक उपस्थिति प्रणाली, राज्य सरकार के जन शिकायत निवारण पोर्टल पर राजभवन में प्राप्त शिकायतों के व्यवहरण की व्यवस्था तथा राजभवन में प्राप्त होने वाले उपहारों का डिजिटलाइजेशन शामिल है। लोकार्पण के दौरान राज्यपाल ने इन साफ्टवेयर प्रणालियों के संचालन का अवलोकन भी किया। राज्यपाल ने कहा कि साफ्टवेयर प्रणाली के माध्यम से अब राजभवन के कार्य में पारदर्शिता आयेगी तथा समस्त कार्य समयबद्धता के साथ पूर्ण होंगे। उन्होंने राजभवन लाइब्रेरी के पोर्टल को प्रदेश के डा एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय तथा लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ की लाइब्रेरी से कनेक्ट कराने के निर्देश दिए।

### अपशिष्ट प्रबंधन पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन

**निगोहां।** बुधवार को बाबू सुंदर सिंह इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट में इंजीनियर्स डे बड़े धूमधाम से मनाया गया। इंजीनियर डे के अवसर पर संस्थान के चेयरमैन आनंद शेखर सिंह जो कि स्वयं एक इंजीनियर हैं ने अपने अभिभाषण में कहा कि आज व भविष्य में कभी भी इंजीनियर्स की मांग में कोई कमी आने वाली नहीं। आज के इस कार्यक्रम में भावी इंजीनियर्स के साथ साथ स्टाफ व संकाय सदस्यों ने भी अपनी प्रस्तुति दी। जिसमें मुख्य रूप अपशिष्ट प्रबंधन पर आधारित नुक्कड़ नाटक को विशेष रूप से सराहा गया। जिसमें पर्यावरण संरक्षण के उपाय व सतत विकास के रास्ते सुझाए गए। संस्थान की उपाध्यक्ष रीना सिंह ने इंजीनियर्स डे के महत्व को बताते हुए कहा कि आप जीवन में सफल इंजीनियर बनने के साथ.साथ एक अच्छे इंसान भी बने।

### प्रदेश के शिक्षक-कर्मचारी 30 नवंबर को लखनऊ में करेंगे महारैली

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों को लेकर प्रदेश के 100 से अधिक कर्मचारी व शिक्षक संगठनों ने मिलकर कर्मचारी, शिक्षक, अधिकारी एवं पेंशनर्स अधिकार मंच उप्र का गठन करके प्रदेश के 20 लाख से अधिक कर्मचारी व शिक्षकों के हितों की रक्षा के लिए संघर्ष करने का निर्णय लिया है। मंच के अध्यक्ष डा दिनेश चन्द्र शर्मा, प्रधान महासचिव सुशील कुमार त्रिपाठी, हरिकिशोर तिवारी अध्यक्ष राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद, सतीश कुमार पाण्डेय अध्यक्ष जवाहर भवन इन्दिरा भवन कर्मचारी महासंघ ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि प्रदेश के कर्मचारी व शिक्षकों का धैर्य जबाव दे रहा है। राज्य के शिक्षक-कर्मचारी 5 अक्टूबर को प्रदेश के सभी जनपद मुख्यालयों पर मोटर साईकिल रैली, 8 अक्टूबर को प्रदेश के सभी जिलाधिकारी कार्यालयों पर एक दिवसीय धरना और 30 नवम्बर को लखनऊ के इको गार्डेन में महारैली का आयोजन किया जाएगा।

### पुलिस कर्मियों के साइबर क्राइम प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

**लखनऊ।** डीजीपी मुकुल गोयल के निर्देश पर साइबर क्राइम के अभियोगों के सफल अनावरण सहित अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर पुलिस कार्मिकों के आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ बुधवार को पुलिस मुख्यालय में किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 30 सितंबर तक आयोजित किया जायेगा । पहले दिन आज प्रशिक्षण कार्यकम के प्रथम सत्र में समस्त जोनल अपर पुलिस महानिदेशक, पुलिस आयुक्त, परिक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस उपमहानिरीक्षक, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक सहित जनपदों से 30 हजार से अधिक पुलिस कार्मिकों द्वारा जूम सेशन के माध्यम से प्रतिभाग किया गया। प्रथम सत्र में प्रशान्त कुमार,अपर पुलिस महानिदेशक कानून व्यवस्था, राजकुमार, अपर पुलिस महानिदेशक, साइबर क्राइम, मेजर विनीत कुमार, फाउन्डर एवं ग्लोबल प्रेसीडेन्ट साइबर पीस फाउन्डेशन, डा. रच्छित टण्डन साइबर क्राइम फाउन्डेशन के कैपेसिटी बिल्डिंग हेड एवं सच्चिदानन्द, पुलिस उपाधीक्षक, साइबर क्राइम मुख्यालय ने प्रशिक्षण में सम्मलित पुलिस कार्मिकों को साइबर क्राइम और उससे जुड़ी बारीकियों के बारे में जानकारी दी गयी।

### आपके द्वार आयुष्मान आज से, 30 तक चलेगा पखवाड़ा

**लखनऊ।** आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ने के लिए गुरुवार से आपके द्वार आयुष्मान-2 नाम से विशेष पखवाड़ा शुरू होने जा रहा है। 30 सितंबर तक चलने वाले इस पखवाड़े में पात्र गोल्डन कार्ड विहीन लोगों के कार्ड बनाए जाएंगे। यह जानकारी बुधवार को मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय ने पत्रकारों को दी है। कलेक्ट्रेट में आयोजित पत्रकार वार्ता में उन्होंने बताया कि इस अभियान में जन सुविधा केन्द्रों और आरोग्य मित्रों को लगाया जाएगा। रोजाना 47 जन सुविधा केन्द्र वाले वीएलई और 17 आरोग्य मित्र शहरी और ग्रामीण इलाकों में कैंप लगाएंगे और पात्र लोगों का निःशुल्क गोल्डन कार्ड बनाएंगे। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि जनपद के 239 गांवों और शहरी क्षेत्र के 107 वार्डों को चिह्नित किया गया है जहां अभी भी बड़ी संख्या में लाभार्थी परिवार आयुष्मान कार्ड से वंचित हैं। इन्हीं लोगों को ध्यान में रखकर रोजाना 64 कैंप लगवाए जाएंगे। इस मौके पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी और आयुष्मान के नोडल अधिकारी डॉ एके श्रीवास्तव भी मौजूद थे।

### विद्यालय व विद्यार्थियों के सकारात्मक विकास के लिए देंगे हर संभव मदद

**लखनऊ।** डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय की तरफसे गोद लिए गए प्राथमिक एवं उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय रसूलपुर एवं विद्यार्थियों के सकारात्मक विकास के लिए हर संभव मदद की जाएगी। बुधवार को विवि के कुलपति प्रो विनीत कंसल ने अभियंता दिवस पर विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों से मुलाकात की। विद्यालय पहुंचे प्रो कंसल द्वारा स्कूल के विद्यार्थियों को अभियंता दिवस के विषय एवं महत्व के विषय में जानकारी प्रदान की गयी। उन्होंने बच्चों को बताया कि देश के प्रतिष्ठित इंजीनियर भारतरत्न सर एम विश्वेश्वरैया के जन्मदिवस को अभियंता दिवस के रूप में मनाया जाता है। साथ ही उन्होंने एम विश्वेश्वरैया द्वारा दिए गये योगदान के विषय में भी जानकारी प्रदान की। प्रो कंसल द्वारा विद्यालय की प्रधानाध्यापक नलिनी उपाध्याय के साथ बैठक कर विद्यालय की समस्याओं के विषय में जानकारी प्राप्त की गयी। प्रो कंसल ने विद्यालय की प्रधानाध्यापक को आश्वासन दिया कि विद्यालय एवं विद्यार्थियों के सकारात्मक विकास के लिए विवि हर संभव मदद करेगा। विद्यालय परिसर में पेयजल व्यवस्था एवं अन्य विकास कार्यों को जल्द ही पूर्ण कराया जाएगा। इस अवसर पर विवि के संपत्ति अधिकारी आशीष मिश्रए सहायक आचार्य डॉ अनुज शर्माए सहायक कुलसचिव सुनील पाण्डेयए सहायक कुलसचिव डॉ आयुष श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

## एकात्म मानव दर्शन को धरातल पर उतारने में लगी है बीजेपी सरकार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**बीजेपी** प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने स्वप्न फांडडेशन द्वारा आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम में उपस्थित छात्राओं के साथ विभिन्न विषयों पर चर्चा की। युवा संवाद कार्यक्रम में युवाओं द्वारा भाजपा के द्वारा सामाजिक कार्यो व कोरोना काल में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा सेवा ही संगठन के माध्यम से गरीबों के लिए किये गए कार्यों व प दीनदयाल उपाध्याय के अन्त्योदय की परिकल्पना, उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा प्रदेश के विकास, कानून व्यवस्था, खासकर युवाओं के लिए किए जाने वाले कार्यो को लेकर प्रदेश अध्यक्ष से संवाद किया।

स्वतंत्र देव सिंह ने युवा संवाद कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं द्वारा अंत्योदय के बारे में पूछे जाने पर कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय एकात्म मानववाद के प्रणेता रहे हैं। एकात्म मानववाद का मूल यही है कि अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को मुख्य धारा में शामिल करना। पंडित दीन दयाल उपाध्याय के इसी स्वप्न को साकार करने की दिशा में केंद्र में नरेंद मोदी सरकार तो राज्य में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार एकात्म मानव दर्शन को अपनी सभी सरकारी योजनाओं के माध्यम से धरातल पर उतारने में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की हर योजनाओ में गरीब कल्याण ही एकमात्र लक्ष्य है। स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि आज गरीबों के कल्याण के लिए केन्द्र व राज्य सरकार हर गरीब परिवार की मूलभूत सुविधाओं को पूरा करने का काम कर रही है।

## बच्चों में जीवन मूल्यों का विकास करना हमारी जिम्मेदारी: स्वामी प्रसाद

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज (प्रथम कैम्पस) द्वारा ऑनलाइन आयोजित तीन दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय इतिहास महोत्सव 'द रेलिक इण्टरनेशनल-2021' का शुभारम्भ आज मुख्य अतिथि स्वामी प्रसाद मौर्य, श्रम एवं रोजगार मंत्री ने किया। आज उद्घाटन समारोह में देश-विदेश के इन प्रतिभागी छात्रों के सम्मान में सीएमएस छात्रों ने शिक्षात्मक-साँस्कृतिक कार्यक्रमों का शानदार प्रस्तुतिकरण कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर अपने सम्बोधन में मुख्य अतिथि स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि बीती हुई घटनाओं से भावी पीढ़ी को रूबरू कराने व उनसे सीख व मार्गदर्शन प्राप्त करने हेतु यह इतिहास महोत्सव बहुत ही समयानुकूल है। इस डिजिटल युग में बच्चे अत्यन्त मेधावी व बुद्धिमान हैं परन्तु उनमें जीवन मूल्यों का विकास करना हमारी जिम्मेदारी है, जिससे भावी पीढ़ी अपने देश, समाज व सारे विश्व में एकता, शान्ति व सौहार्द की स्थापना में भागीदार हों।

# हमारे डीएनए में ही लोकतंत्र और संसदीय परिपाटी है: स्पीकर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**लोकसभा** के अध्यक्ष ओम बिरला ने विश्व लोकतंत्र दिवस के अवसर पर पीठासीन अधिकारियों के 81 वें अखिल भारतीय सम्मलेन की वर्चुअल बैठक आहूत की गयी। बैठक में ऑस्ट्रिया, गयाना, मालदीव, मंगोलिया, नामीबिया, श्रीलंका, मॉरीशस एवं जिम्बाब्वे आदि देशों के प्रतिनिधियों एवं देश के सभी विधान सभाओं के अध्यक्षों एवं विधान परिषदों के सभापतियों ने भाग लिया। सम्मेलन में प्रभावी और सार्थक लोकतंत्र को बढ़ावा देने में विधायिका की भूमिका पर चर्चा हुई।

उप्र विधान सभा के अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित ने संबोधित करते हुए कहा कि विश्व लोकतंत्र दिवस है। इस महासम्मेलन में उपस्थित सभी पीठासीन अधिकारियों एवं अन्य महानुभाव लोकतंत्र के प्रति आस्थावान एवं प्रतिबद्ध है। उन्होंने लोकतंत्र की चर्चा करते हुए कहा कि दुनिया के अन्य देशों में लोकतंत्र का विकास बाद में हुआ है। हमारे लोकतंत्र की संस्थाएं सभा और समितियां वैदिक ग्रन्थों और उसके बाद उत्तर वैदिक काल के गन्थों में मिलती है।

महर्षि बाल्मीकि द्वारा रचित रामायण में भी एक जगह पर मंत्री परिषद का उल्लेख है। भारत का लोकमन, भारत की प्रज्ञा, भारत का अपना शिष्टाचार, अपना व्यवहार, अपनी संस्कृति, अपना दर्शन, अपनी प्रीति, अपनी रीति, अपनी नीति यह सब भारत में प्राचीनकाल से ही है। भारत का संसदीय जीवन लोकतांत्रिक है। हमारे डीएनए में ही लोकतंत्र और संसदीय परिपाटी है। संविधान सभा में डा आम्बेडकर के भाषण का उदाहरण देते हुए कहा कि आम्बेडकर ने कहा कि भारत में लोकतंत्र और गणतंत्र बहुत पहले ही था। भारत में लोकतांत्रिक एवं गणतांत्रिक संस्थाएं पहले से मौजूद थीं।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद घाटमपुर, कानपुर नगर

पत्रांक 296/ई-टेण्डर/न0पा0प0घा0/2021-22 दिनांक- 15.09.2021

### ई-टेण्डर निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद घाटमपुर, कानपुर नगर पालिका निधि/पंचम राज्य वित्त आयोग की धनराशि से निम्नलिखित निर्माण कार्य कराने हेतु के इच्छुक ठेकेदारों/फर्मो से निम्नलिखित तालिका के अनुसार ई-निविदा आमंत्रित करती है। निविदा प्रपत्र पालिका के वेब साइट nppghatampur.in एवं etender.up.nic.in से प्राप्त किए जा सकते हैं। निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी/नियम एवं शर्ते पालिका कार्यालय में सम्बन्धित लिपिक से प्राप्त कर सकते हैं।

| क्र0 | ई-निविदा विवरण | अन्तिम दिनांक एवं समय |
|---|---|---|
| 1 | ई-निविदा डाउनलोड करने की तिथि | 17.09.2021 समय 09:00 बजे |
| 2 | ई-निविदा जमा/अपलोड करने की अन्तिम लिथि | 25.09.2021 समय 12:00 बजे |
| 3. | प्रपत्र जमा करने की अन्तिम तिथि | 25.09.2021 समय 01:00 बजे |
| 3 | तकनीकी ई-निविदा खोलने की तिथि | 25.09.2021 समय 02:00 बजे |
| 4 | वित्तीय ई-निविदा खोलने की तिथि | तकनीकी निविदा सत्यापन उपरान्त |

कार्य विवरण

| क्र0 | कार्य का नाम | आंगणन धनराशि जीएसटी सहित (लाख में) | अर्नेस्ट मनी 2 प्रतिशत | निविदा मूल्य | कार्य समापन की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड कुष्माण्डा नगर में श्री दिनेश चन्द्र पाण्डेय के भवन के पास नाली मरम्मत कार्य | 1,11,503.00 | 1,992.00 | 355.00 | 1 माह |
| 2 | वार्ड नौबस्ता पश्चिमी में जयपाल से जे0पी0 के भवन तक सड़क नाली मरम्मत कार्य | 90,200.00 | 1,611.00 | 355.00 | 1 माह |
| 3 | वार्ड नौबस्ता पश्चिमी मे अम्बेदकर पार्क में स्टेज का निर्माण | 1,21,720.00 | 2,174.00 | 355.00 | 1 माह |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद घाटमपुर
कानपुर नगर

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद घाटमपुर
कानपुर नगर


## जलशक्ति मंत्री ने अभियंता दिवस पर भारत रत्न विश्वश्वरैया की प्रतिमा का किया अनावरण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**जलशक्ति** मंत्री डॉ. महेन्द्र सिंह ने बुधवार को अभियंता दिवस के अवसर पर सिंचाई भवन के परिसर में स्थापित भारत रत्न, सर इं. मोक्षगुण्डम विश्वेश्वरैया की आदमकद प्रतिमा का अनावरण करते हुए राष्ट्र के प्रति उनके द्वारा किये गये योगदान का स्मरण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि देश के निर्माण में विश्वेश्वरैया का महान योगदान है, इसलिए उनकी सेवाओं का सम्मान करते हुए भारत सरकार ने उन्हें भारत रत्न और ब्रिटिश इण्डिया सरकार के दौरान नाइट हुड की उपाधि से सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि श्री विश्वेश्वरैया अभियंताओं के लिए सदैव प्रेरणा के स्रोत बने रहेंगे। जलशक्ति मंत्री सिंचाई मुख्यालय के प्रांगण में अभियंता दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विश्वेश्वरैया जब तक जीवित थे, उन्होंने अपने जीवन के एक एक पल का सदुपयोग करते हुए राष्ट्र निर्माण में लगाया। अभियंता दिवस पर सभी अभियंताओं को संकल्प लेकर उनके पदचिन्हों पर चलते हुए यूपी को नम्बर एक प्रदेश बनाने के लिए कार्य करना चाहिए। विश्वेश्वरैया ने देश की विभिन्न योजनाओं को स्वरूप देने के साथ ही मैसूर एवं पटना के लिए जो कार्य किया वह आज भी मील का पत्थर है। उनकी सादगी, शालीनता, कर्मठता तथा समर्पण से प्रेरणा लेकर अभियंताओं को राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं को पूरा करना चाहिए। डॉ. महेन्द्र सिंह ने इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव सिंचाई टी.वेंकटेश, प्रमुख सचिव सिंचाई अनिल गर्ग, विभागाध्यक्ष एवं प्रमुख अभियंता वीके निरंजन, प्रमुख अभियंता यांत्रिक देवेन्द्र अग्रवाल, प्रमुख अभियंता परिकल्प एवं नियोजन एके सिंह, विशेष सचिव सिंचाई मुश्ताक अहमद, मुख्य अभियंता डीके मिश्रा आदि अधिकारियों की सराहना की।

# युवाओं को पौधरोपण कार्यक्रम से जोड़ने की जरूरत: दारा सिंह

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



### ● वन मंत्री ने जैवविविधिता दिवस के अवसर पर आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को किया पुरस्कृत

**पर्यावरण,** वन एवं जंतु उद्यान मंत्री दारा सिंह चौहान ने बुधवार को वृक्षारोपण जन आन्दोलन 2021 प्रतियोगिता एवं अंतर्राष्ट्रीय जैवविविधिता दिवस 2021 के अवसर पर प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर श्री चौहान ने प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा एक व्यक्ति एक वृक्ष का संकल्प लिया गया था, जिसमें प्रदेश में जनमानस की सहभागिता से एक दिन में 25 करोड़ वृक्षारोपण का लक्ष्य प्राप्त किया जा सका है। उन्होंने कहा कि प्रदेश को हरा भरा बनाने के लिए बच्चों में पर्यावरण संरक्षण का संस्कार विकसित करने और युवाओं को वृक्षारोपण कार्यक्रम में सक्रिय रुप से जोड़ने आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2022-23 हेतु पौधरोपण का निर्धारित लक्ष्य प्राप्त करने हेतु अभी से तैयारियां शुरू कर दी जाये।

कार्यक्रम में मेरा पेड़ मेरा साथी वीडियो प्रतियोगिता में गोरखपुर के डॉक्टर विनय शंकर को प्रथम, झांसी के गौरव गर्ग को द्वितीय, वाराणसी की श्रृष्टि सिंह को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। इसी प्रकार मेरा घर मेरा बगीचा फोटो प्रतियोगिता में लखनऊ की रिचा दीक्षित प्रथम, झांसी की नीतू रविकुल द्वितीय, आगरा की अनीता अग्रवाल तृतीय स्थान पर रही। इनके अतिरिक्त मेरा शहर हरा भरा फोटो प्रतियोगिता में श्री धरम सुतानविन को प्रथम, लखनऊ की काव्या शुक्ला को द्वितीय, आगरा के डॉक्टर नरेंद्र मल्होत्रा को तृतीय पुरस्कार मिला। साथ ही मेरा पेड़ मेरा साथी सेल्फी प्रतियोगिता में अलीगढ़ के प्रकाश सक्सेना को प्रथम, वाराणसी के महेश्वर नाथ त्रिपाठी को द्वितीय, अलीगढ़ के अब्दुल जलील सिद्दीकी को तृतीय, मेरा पेड़ मेरा साथी ड्राइंग प्रतियोगिता में ललितपुर के अचल सिंह को प्रथम, मुरादाबाद के तुषार गुप्ता को द्वितीय, वाराणसी की शिवांगी कश्यप को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। जैवविविधता उत्सव 2021 के अंतर्गत आयोजित जैव विविधता संरक्षण में हमारी भूमिका विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता में कक्षा चार से आठ वर्ग की श्रेणी में सेंट्रल अकादमी इंदिरा नगर लखनऊ की नवधा मुद्गल को प्रथम, नव्या सिंह को द्वितीय, अक्षय दयाल को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ।

# सड़कों को गड्ढा मुक्त कराने को चलाएं अभियान: आशुतोष टंडन

● नगर विकास मंत्री ने सड़कों को गड्ढा मुक्ति कार्यों की समीक्षा की



**संवाददाता।** वाराणसी

**प्रदेश** के नगर विकास शहरी समग्र विकास, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन एवं जनपद के प्रभारी मंत्री आशुतोष टंडन ने बुधवार को सर्किट हाउस में सड़कों के गढ्ढे मुक्ति कार्यों की समीक्षा की। जनपद में विभिन्न 12 विभागों- पीडब्ल्यूडी के चार खंडों, विकास प्राधिकरण, मंडी परिसर, जिला पंचायत, नगर निगम, सेतु निगम, आवास विकास एवं गंगा प्रदूषण नियंत्रण इकाई की कुल 860.399 किलोमीटर लंबाई की 505 सड़कों के गढ्ढा मुक्ति कार्य सर्वे कर चिन्हाकित किए गए हैं। जिन पर 17.92 करोड़ रुपए व्यय का आंकलन है।

गढ्ढा मुक्ति हेतु सबसे अधिक सड़कें पीडब्ल्यूडी की चारों खंडों की 355 है। जिनकी लंबाई 771 किलोमीटर हैं। 70 किलोमीटर सड़कों को गढ्ढा मुक्त किया जा चुका है। मंडी परिषद की 91 सड़कों में 153.10 किलोमीटर गढ्ढा मुक्त कार्य किया जाना है। नगर निगम की 49 सड़कों में 29.81 किलोमीटर सड़कों को गढ्ढा मुक्त किया जाएगा। नगर आयुक्त ने बताया कि टेंडर हो चुका है, शीघ्र कार्य प्रारंभ हो जाएगा। मंत्री आशुतोष टंडन ने सड़कों को प्रत्येक दशा में 20 अक्टूबर तक गढ्ढा मुक्ति करने के निर्देश दिए। पीडब्ल्यूडी को गढ्ढा मुक्ति हेतु प्रथम किस्त की धनराशि भी प्राप्त हो गई है। मंत्री ने जिलाधिकारी को निर्देशित किया की गड्ढा मुक्त होने वाली सड़कों की चेकिंग भी कराएं। कार्य समयबद्धता व गुणवत्ता से हो। विकास प्राधिकरण की दो सड़कें, जिला पंचायत की सात सड़कें, गंगा प्रदूषण नियंत्रण इकाई की दो सड़कें गड्ढा मुक्ति में ली गई है। मंत्री ने समस्त विभागों को निर्देशित किया कि अपनी-अपनी सड़कों का ठीक से सर्वे कर ले, कोई सड़क छूटे नहीं। हर सड़क गढ्ढा मुक्त हो। मंत्री आशुतोष टंडन ने कहा कि काशी में रिकॉर्ड विकास कार्य हुए हैं। किसी की लापरवाही व शिथिलता से कोई कमी पाई जाती है तो क्षम्य नहीं होगी।

## महिला सिपाही ने किया आत्महत्या का प्रयास

**हमीरपुर।** एसपी के स्टेनो पर उत्पीड़न का आरोप लगा डीसीआरबी की महिला कांस्टेबिल ने आलआउट पी लिया। उसने सभी स्थानांतरित की गई लड़कियों में अन्य का तवादला रोके जाने से खुद को आहत बताया। उसे आनन फानन जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां हालात ठीक होने पर उसे उसके आवास में वापस कर दिया गया है। वहीं एएसपी ने मामले की जांच सीओ सदर से कराने के साथ उचित कार्रवाई की बात कही। पीड़िता ने मिशन शक्ति को बेमानी बताते हुए खुद को असुरक्षित होने साथ ही पूर्व में उसके अलावा स्थानांतरित की गई सभी लड़कियों का ट्रांसफर रोके जाने की बात से आहत हो जहरीला पदार्थ खाने की बात कही। इसका उसने वीडियो भी वायरल किया है। मथुरा जनपद निवासी जिले की डीसीआरबी में तैनात महिला सिपाही प्रिया चौधरी मुख्यालय में किराये के मकान में रहती हैं। जिसने मंगलवार रात आलआउट पी लिया।

## महिलाएं स्वस्थ तो पूरा परिवार खुशहाल रहेगा: कुलपति

● अविवि में बालिका हेल्थ क्लब की स्थापना की गई



**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विवि में महिला अध्ययन केंद्र तथा वीमेन ग्रीवेंस एंड वेलफेयर सेल के संयुक्त संयोजन में राज्य सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति अभियान फेज.थ्री के तहत आज 15 सितम्बर, 2021 को परिसर में बालिका हेल्थ क्लब की स्थापना की गई। क्लब का उद्घाटन एवं अध्यक्षता करते हुए विवि के कुलपति प्रो. रविशंकर सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में सभी को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना चाहिए। यदि हम स्वस्थ रहेंगे तो पूरा परिवार स्वस्थ एवं खुशहाल रहेगा। कुलपति ने उपस्थित छात्राओं से कहा कि अपने घरों में ऐसा वातावरण बनाए जिससे की लोग स्वस्थ एवं खुशहाल रहे। कुलपति ने बताया कि इस क्लब की स्थापना का मुख्य उद्देश्य है कि यहां के अध्ययनरत छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण समय पर किया जा सके।

महिला अध्ययन केंद्र तथा वीमेन ग्रीवेंस एंड वेलफेयर की समन्वयक प्रो. तुहिना वर्मा ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ्य मस्तिष्क का निर्माण होता है। इसलिए स्वस्थ रहना बेहद जरूरी है। महिलाओं को समय= पर अपने स्वास्थ्य का परीक्षण कराते रहना चाहिए। विवि चिकित्साधिकारी डॉ. दीपशिखा ने बताया कि क्लब की स्थापना हो जाने से छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण आसानी से किया जा सकेगा। इससे छात्राओं में न्यूट्रीशन की कमी एवं अन्य बीमारियों का समय रहते इलाज मुहैया कराया जायेगा। उन्होंने छात्राओं को फर्स्ट एड किट के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. नीलम पाठक ने छात्राओं को बताया कि पढ़ाई के साथ.साथ स्वास्थ्य पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है। इसके लिए पोषण युक्त भोजन लेते रहना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रो. वर्मा ने बताया कि सभी विभागों एवं हॉस्टल को फर्स्ट एड किट का वितरण किया गया है। इस क्लब के माध्यम से अध्ययनरत छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। कैम्प में आज दो चरणों में परीक्षण किया गया। सुबह दस बजे से एक बजे तक और सांय चार बजे से छः बजे तक किया गया।

# प्रयागराज से दहशतगर्दों के संपर्क में आया था मूलचंद

**संवाददाता।** ऊंचाहार (रायबरेली)

**देश** के विभिन्न शहरों में दहशतगर्दी फैलाने की कोशिश में गिरफ्तार हुआ ऊंचाहार का मूलचंद व शाजू लाला बीते चंद महीनों में ही अतांकवादियों के संपर्क में आया था । इससे पहले वह गांव में ही रहकर मेहनत मजदूरी करता था । रुपए कमाने की लालसा उसे अतांकियों के संपर्क में ले गई और वह देश से गद्दारी के विदेशी साजिश में फंस गया था ।

एटीएस द्वारा गिरफ्तार किए गए क्षेत्र के सलीमपुर भैरों गांव निवासी मूलचंद एक गरीब परिवार से है । दो भाईयों में सबसे बड़ा मूलचंद के परिवार में उसकी पत्नी के अलावा एक पुत्र और एक पुत्री है। हाल ही सम्पन्न हुए पंचायत चुनाव से पहले वह गांव के प्रधान के साथ मिलकर उनका कामकाज देखता था और मनरेगा के कार्यों में मुंशीगीरी करता था। किन्तु चुनाव में गांव में नया प्रधान चुने जाने के बाद वह इधर उधर काम की तलाश करता था । ग्रामीण बताते है कि उसे शराब और गांजे की लत थी। जिसके लिए वह रुपयों की तलाश किया करता था। इस बीच उसका प्रयागराज रिश्तेदारी में आना जाना अधिक हो गया था। उसके बाद उसकी माली हालत सुधरने लगी थी। ऐसा अनुमान लगाया जाता है कि वह प्रयागराज में ही किसी ऐसे गैंग के संपर्क में आया था , जहां से उसे न सिर्फ रुपयों की जरूरत पूरी होने लगी थी , अपितु वह राष्ट्र विरोधी कार्यों में संलिप्त हो गया था । एटीएस व अन्य जांच एर्जेसियां अभी उसके अन्य सुराग तलाश रही है । किन्तु गांव के लोगों की माने तो उसका दहशतगर्दी से रिश्ता मात्र कुछ ही महीनों पहले जुड़ा था । क्योंकि उससे पहले वह गांव में ही रहता था । मूलचंद के साथ पूरे परिवार की बदल गई थी रंगत

आतंकी साजिश में गिरफ्तार किए गए मूलचंद उर्फ शाजू के परिवार की रंगत कुछ माह से बदल गई थी । उसके गांव के लोग बताते है कि जो व्यक्ति मनरेगा का श्रमिक रहा हो , अचानक उसके पास धन की वर्षा होने लगी थी। जिससे न सिर्फ मूलचंद का रहन सहन बदल गया था अपितु उसकी पत्नी और बच्चों की भी रंगत बदल गई थी। इधर कुछ महीनों से उसकी पत्नी व बेटा कीमती मोबाइल फोन लेकर गांव में घूमा करते थे। अचानक आए बदलाव को लेकर गांव के लोग चकित अवश्य थे, कितू किसी को यह आशंका नहीं थी कि वह देश से गद्दारी करने वाले गैंग का सदस्य बन चुका है।

**हाल ही में एक सप्ताह लखनऊ में रुका था मूलचंद:** कुछ दिन पूर्व मूलचंद लखनऊ गया था । जहां करीब एक सप्ताह रुककर गांव आया था । वापस आने के बाद उसने गांव के लोगों को बताया था कि लखनऊ में वह जमीन की प्लाटिंग का काम करने लगा है । इधर उसके पास धन का आगमन शुरू हो चुका था , इसलिए ग्रामीणों ने उसकी बात पर सहज ही विश्वास कर लिया था ।

**बिजली कर्मी बनकर मूलचंद के घर पहुंची थी एटीएस:** ऊंचाहार में आतंकी गैंग का सुराग लगने के बाद एटीएस ऊंचाहार आ गई थी । और एटीएस की टीम ने यहां करीब दस दिन तक रुककर मामले में सुरागरसी कर रही थी । यहीं नहीं सलीमपुर भैरों गांव में एटीएस मूलचंद को तलाश रही थी , जबकि गांव में अधिकतर लोग उसे शाजू लाला के नाम से जानते थे , इसलिए एटीएस को थोड़ी दिक्कत हो रही थी । उसके बाद एटीएस के लोग बिजली कर्मी बनकर गांव में घर घर बिजली का बिल चेक करने लगे थे, बिजली बिल चेकिंग के दौरान मूलचंद के घर का पता एटीएस को मिल गया था।

## परिजनों को भी ऐसी गतिविधि की नहीं थी आशंका

**रायबरेली।** दिल्ली पुलिस द्वारा आंतकी मॉड्यूल का खुलासा होने के बाद एटीएस द्वारा रायबरेली जिन दो लोगों को पकड़ा गया हैं वह ऊंचाहार के अकोढिया गांव के निवासी हैं और आपस मे दोस्त हैं। अभी तक जो जानकारी सामने आई है उनमें मूलचंद लाला बेहद शातिर है, साधारण पृष्ठभूमि से आने वाला लाला इंटर तक पढ़ा है, गांव में उसे लोग साजू नाम से जानते हैं।घर मे पत्नी के अलावा दो बच्चे हैं और खेती ही उसकी आय का जरिया है।हालांकि एटीएस द्वारा पकड़े जाने से उसके परिजन व गांव वाले भी हैरान हैं और किसी को उसकी आतंकी गतिविधियों की भनक तक नहीं थी।लाला के परिचितों के अनुसार वह दो साल पहले तक गांव में मनरेगा में मुंशीगीरी का काम करता था,लेकिन एटीएस की गिरफ्तारी के बाद उसके विषय मे जो जानकारी सामने आ रही है वह बेहद चौकाने वाली है।दिल्ली पुलिस ने दावा किया है कि मूलचंद लाला मुम्बई के एक माफिया अनीस इब्राहीम के सीधे संपर्क में था और उसी ने मुम्बई के जान मोहम्मद शेख उर्फ समीर कालिया से उसका संपर्क कराया था।दावा है कि लाला को एक हैंडलर के रूप में इस्तेमाल करना था।लाला के लिए जिम्मेदारी थी कि वह अवध के जिलों में लोकेशन ट्रैस करके अपने खरतनाक मंसूबों को अंजाम देना था। जान मोहम्मद शेख को भी मुम्बई से गिरफ्तार किया जा चुका है।

## महापौर ने किया नवनिर्मित विकास कार्यों का लोकार्पण

**प्रयागराज।** महापौर अभिलाषा गुप्ता नन्दी ने बुधवार को वार्ड 49 दरियाबाद भाग दो और वार्ड नं 72 नारायण सिंह नगर में नगर निगम द्वारा नवनिर्मित विकास कार्यों का आज फीता काटकर लोकार्पण किया। महापौर ने 14 वीं वित्त द्वारा निर्मित दरियाबाद मीनापुर स्थित क्षतिग्रस्त धोबीघाट का निर्माण कार्य का लोकार्पण किया।

वार्ड 72 नारायण सिंह नगर में निरंजन डाट के पुल के बगल की रोड के निर्माण कार्य का लोकार्पण हुआ। इसी तरह नारायण सिंह बादशाही मंडी तुलसी भोलनालाय वाली गली के निर्माण कार्य का लोकार्पण किया। 15 वां वित्त आयोग जलकल विभाग द्वारा निर्मित रिबोर मिनी नलकूप के कार्य का शिलान्यास किया गया।

## हाईकोर्ट की सख्ती के बाद मैनपुरी के तत्कालीन एएसपी व सीओ निलंबित

● बृहस्पतिवार को भी डीजीपी को कोर्ट में उपस्थित रहने के निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मैनपुरी** स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय की छात्रा की कथित खुदकुशी के मामले में हाईकोर्ट की सख्ती के बाद हरकत में आए शासन में मैनपुरी के तत्कालीन एएसपी ओमप्रकाश सिंह और सीओ प्रयांक जैन को निलंबित कर दिया है। अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने दोनों पीपीएस अधिकारियों के निलंबन की पुष्टि की है।

हाई कोर्ट ने बुधवार को छात्रा की कथित खुदकुशी के मामले में डीजीपी मुकुल गोयल को तलब किया था। हाईकोर्ट ने प्रकरण में डीजीपी की सफाई पर असंतोष जताया। मैनपुरी के तत्कालीन एएसपी ओम प्रकाश सिंह.तृतीय वर्तमान में एटा तथा तत्कालीन सीओ प्रयांक जैन वर्तमान में भदोही में तैनात हैं। पूरे मामले में कुछ अन्य पुलिस अधिकारियों व कर्मियों के विरुद्ध भी कार्रवाई हो सकती है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मैनपुरी में छात्रा की फांसी के मामले में प्रदेश के डीजीपी मुकुल गोयल को जमकर फटकार लगाई। कोर्ट ने डीजीपी से कहा है कि तत्कालीन एसपी को हटाया जाए या जबरन सेवानिवृत्त करें। कोर्ट ने जवाहर नवोदय विद्यालय मैनपुरी की छात्रा की फांसी के बाद पंचनामे की वीडियो रिकार्डिंग देखी। कोर्ट ने पुलिस के रवैये पर कड़ी नाराजगी जाहिर की और डीजीपी को पूरी तैयारी के साथ कल कोर्ट में आने का निर्देश दिया। 16 सितंबर को नवोदय विद्यालय भोगांव में छात्रा की मौत हुई। उसका शव फांसी पर लटका मिला। इस घटना में छात्रा के पिता राजेंद्र पांडेय की ओर से विद्यालय के छात्र सहित पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया।

## क्विक न्यूज

### मुख्यमंत्री ने किया ग्रामीण सड़कों के उच्चीकरण का शुभारंभ

**प्रयागराज।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत ग्रामीण मार्गों का शुभारंभ एवं रिन्यूवल कार्य का लोकार्पण बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वर्चुअल माध्यम से किया। जिसका सजीव प्रसारण एनआईसी में किया गया। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत प्रयागराज जनपद के संसदीय क्षेत्र इलाहाबाद की बारह एवं संसदीय क्षेत्र फूलपुर की पांच एवं संसदीय क्षेत्र भदोही के अन्तर्गत विकास खण्ड धनुपूर सैदाबाद हण्डिया प्रतापपुर की छह सड़कों का सुदृढीकरण एवं उच्चीकरण के कार्यों का शुभारम्भ शिलान्यास हुआ। रिन्यूवल सड़कों में संसदीय क्षेत्र इलाहाबाद की दो तथा भदोही की आठ सड़कों का लोकार्पण हुआ। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शिपू गिरि विधायक मेजा नीलम करवरिया विधायक कोरांव राजमणि कोल विधायक फाफामऊ विक्रमाजीत मौर्य सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### चोरों ने बीस हजार नकदी व अन्य सामान चुराया

**मालीपुर, अम्बेडकरनगर।** थाना अंतर्गत ताहापुर के खनूसपुर पुरवे के निवासी भूतपूर्व सैनिक बच्चन लाल पुत्र जेठू के घर में चोरों ने नकाब लगाकर बीस हजार की नकदी एवं सेना में सेवा के दौरान अलग-अलग अवसरों पर मिले चार मेडल पर हाथ साफकर दिया। चोर नकाब लगाकर घर में रखी तीन अटैची उठा ले गए और अटैची को खोल कर उसमें रखी 20000 की नकदी व 4 मॉडल पर हाथ साफकर दिया घटना की जानकारी सुबह सोकर उठने पर हुई भुक्तभोगी ने घटना की सूचना तुरंत डायल 112 पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना का मौका मुआयना किया इसके बाद बच्चन लाल ने घटना की एक लिखित तहरीर थानाध्यक्ष मालीपुर को दिया उप निरीक्षक प्रमोद कुमार ने भी घटनास्थल का मौका मुआयना किया। थानाध्यक्ष राजीव श्रीवास्तव ने बताया कि पुलिस घटना की जांच कर रही है शीघ्र ही मामले का वर्कआउट किया जाएगा।

### मंडल अध्यक्ष सुभाष सोनी को मनोनीत किया गया

**भीटी, अम्बेडकरनगर।** अंबेडकर नगर जिलाध्यक्ष राजकुमार सोनी स्वर्णकार युवा क्रांति मंच के आवाहन पर शुकुल बाजार में कमेटी पूर्ण रूप से गठन किया गया मंडल अध्यक्ष सुभाष सोनी को मनोनीत किया गया जिसमें मंडल अध्यक्ष ने कहा कि हमारे मंडल के अंतर्गत जितने हमारे समाज के बंधु हैं सभी लोगों को एकता में जोड़ने की प्रयास करता रहूंगा और सभी पदाधिकारियों एवं समाज के बंधुओं मैं आज शपथ लेता हूं की इन सभी लोगों के सुख दुख में हर वक्त खड़ा रहूंगा महामंत्री पंकज सोनी महामंत्री दीपक सोनी अतुल सोनी मंडल उपाध्यक्ष दिलीप सोनी मंडल उपाध्यक्ष सुरेंद्र सोनी कोषाध्यक्ष संदीप सोनी संगठन मंत्री सच्चिदानंद सोनी मीडिया प्रभारी महेश्वरी प्रसाद सोनी संरक्षक सभी सम्मानित पदाधिकारी गण को मनोनीत किया गया उपस्थिति में रोहित सोनी अनिल सोनी सुनील सोनी राजकुमार संतोष सोनी आदि लोग मौजूद थे

### लड़की से छेड़खानी करने के मामले में मुकदमा दर्ज

**टाण्डा, अम्बेडकरनगर।** दिन मे घर पर आ कर गाव का एक युवक अकेली पर कर लडकी के साथ छेडखानी करने लगा विरोध करने पर युवक गाली गलौज देते हुये से लात घूसो मारे पीटे तथा लडकी का फोटो लेकर मोबाइल द्वारा वायरल कर रहे है। मामला थाना इब्राहिम पुर अन्तर्गत माधवपुर गाव का है । सोमवार. के दिन मे 12बजे एक लडकी घर पर अकेली थी उसी गाव का युवक सदीप हरिजन पुत्राम जनम हरिजन लडकी के घर आ कर छेडखानी करने लगा, लडकी के विरोध करने पर सदीप गाली गलौज देते हुये लात घूसो से लडकी को मारे पीटे और लडकी का नंगा फोटो ले कर मोबाइल द्वारा वायरल भी कर रहे है । लडकी के भाई ने थाना मे संदीप हरिजन के खिलाफतहरीर दिया है। थानाध्यक्ष इब्राहिम पुर ने बताया है कि लडकी के भाई की तहरीर पर संदीप हरिजन के विरुद्ध सुसंगत धाराऔ मे मुकदमा दर्ज कर जाच किया जा रहा है ।

### भाजपा नेता तेजस्वी अपहरण मामले में एक हिरासत में

**टाण्डा, अम्बेडकरनगर।** भाजपा नेता तेजस्वी जायसवाल का बीते दिनों अपहरण कर मारपीट करने के प्रकरण में घटना के मुख्य गवाह सूरज यादव को मिली धमकी प्रकरण में कोतवाली पुलिस ने शांतिभंग की आशंका की कार्यवाही कर मामले की इति श्री कर दी। भाजपा नेता के साथ बीते दिनों हुई घटना के मुख्य गवाह को बलराम मौर्य पुत्र सीताराम निवासी मोहल्ला मीरापुर कोतवाली टाण्डा ने गवाही न देने की बात पर धमकी दी थी जिसकी तहरीर एक सप्ताह पूर्व सूरज यादव ने कोतवाली पुलिस को दी थी। लेकिन टाण्डा कोतवाली पुलिस ने मुकदमा नही पंजीकृत किया और आज उक्त तहरीर की जांच कोतवाली के उपनिरीक्षक राम उग्रह कुशवाहा द्वारा की गई जिसमें मौके पर दोनो पक्षों के आमने सामने आने पर बलराम मौर्य द्वारा पूछताछ के दौरान आमादा फौजदारी होने पर एक पक्षीय शांति भंग की आशंका में हिरासत में ले लिया गया और उसका चालन धारा 151,107,116 सी आर पी सी के तहत उपजिलाधिकारी न्यायालय भेज दिया। जहां से उसकी जमानत हो गयी। अब यहाँ से फिर एक बार टाण्डा कोतवाली पुलिस ने अपना खेल चालू कर दिया।

# डीएम ने डेंगू और संचारी रोगों के बचाव एवं लक्षण के बारे में किया जागरूक

● डीएम ने नगर निगम तथा स्वास्थ्य विभाग की टीमों को निरंतर एण्टी लार्वा का छिड़काव तथा साफ सफाई कराने के निर्देश दिए



**लोगों को जागरूक करते डीएम संजय कुमार खत्री।**

**प्रयागराज।** डीएम संजय कुमार खत्री ने बुधवार को धूमनगंज के अन्तर्गत प्रीतम नगर कालोनी के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर डेंगू तथा अन्य संचारी रोगों के नियंत्रण एवं रोकथाम तथा लक्षण एवं बचाव के बारे में लोगों को जागरूक किया। स्व. जय प्रकाश यादव जिनकी डेंगू से मृत्यु हो गयी थी। उनके घर जाकर उनके परिजनों से मुलाकात की तथा शोक संवेदना व्यक्त करते हुए घटना के बारे में जानकारी ली। इसके बाद रीता पत्नी परमानंद के भी घर जाकर उनका कुशलक्षेम पूछा। जिलाधिकारी ने जिन क्षेत्रों में डेंगू से प्रभावित मरीज मिले वहां पर नियमित रूप से निरंतर अनुश्रवण करते रहने का निर्देश जिला मलेरिया अधिकारी को दिया है। उन्होंने नगर निगम स्वास्थ्य विभाग तथा मलेरिया विभाग के अधिकारियों को जल जनित बीमारियों के प्रसार को रोकने के लिए साफसफाई फागिंग एण्टी लार्वा तथा चूना छिड़काव निरंतर कराते रहने के निर्देश दिये। डीएम ने भ्रमण के दौरान लोगों से बातचीत करते हुए अपने घरों में कूलर तथा अन्य स्थानों पर पानी इकट्ठा न होने देने के लिए कहा है। साथ ही साथ लोगों को अपने घरों की निरंतर साफसफाई करते रहने के लिए भी कहा है। डेंगू मलेरिया जैसी जल जनित बीमारियां जल जमाव से ही होती है। इसलिए यह जरूरी है कि कहीं पर भी जल का जमाव न होने पाये। डीएम ने जल जनित बीमारियों से बचाव हेतु निरंतर जनजागरूकता कार्यक्रम चलाते रहने के भी निर्देश दिये है। उन्होंने मलेरिया विभाग को प्रचार वाहनों के माध्यम से भी डेंगू प्रभावित क्षेत्रों में निरंतर लोगों को जागरूक करते रहने का निर्देश दिया है।

# हिंदी को विश्व की संपर्क भाषा बनाना है: बृजेश पाठक

● हिंदी दिवस के अवसर पर सैकड़ों बुद्धिजीवियों को हिंदी प्रचार प्रसार संस्थान द्वारा किया गया सम्मानित



**संवाददाता।** अयोध्या

**हिन्दी** दिवस के शुभ अवसर पर हिन्दी प्रचार.प्रसार सेवा संस्थान द्वारा राजकीय आईटीआई परिसर में सम्मान समारोह एवं हिन्दी भाषा की समृद्धता से भारतीय सभ्यता सुरक्षित विषय पर गोष्ठी आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता उदासीन आश्रम के महंत डॉ भरत दास ने की और उपस्थित लोगों ने हिंदी भाषा को राष्ट्रभाषा का दर्जा प्राप्त हो इसके लिए संकल्प दोहराया। मुख्य अतिथि उप्र के कानून मंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि हिन्दी भाषा हमारे देश की सभ्यता, संस्कृति और अस्मिता की पहचान है। हिन्दी ऐसी भाषा है जो नित्य नये.नये शब्दों को स्वयं में समाहित करती रहती है। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद कई दशकों तक किसी व्यक्ति की विद्वता उसके अंग्रेजी ज्ञान के आधार पर आंकी जाती थी। कुछ वर्षों में हमारी भाषाई संस्कृति का पूरा परिदृश्य बदला है। उच्चतम न्यायालय की पहल से अब तमाम अदालती फैसले एवं आदेश हिन्दी भाषा में आने लगे हैं। तमाम दूसरी भाषाओं को भी हिन्दी ने आत्मसात करके अपने शब्दकोष को समृद्ध एवं विस्तृत किया है। हाल के वर्षों में शासन.सत्ता की सार्थक पहल से हिन्दी का सम्मान बढ़ा है। हम सबको मिलकर हिन्दी को विश्व की सम्पर्क भाषा बनाना होगा।

डॉ0 राम मनोहर लोहिया अवध विश्व विद्यालय अयोध्या के कुलपति आचार्य रविशंकर सिंह ने विशिष्ट अतिथि के रूप बोलते हुये कहा कि हिन्दी हमारी आत्मा हैए वह हमारे जन मन में बसी हुयी है। हिन्दी के बिना हमारी संस्कृति व सभ्यता सुरक्षित नहीं रह सकती है। समारोह को मानस मर्मज्ञ साध्वी डॉ. सुनीता शास्त्री, श्रीराम जन्मभूमि के मुख्य अर्चक आचार्य सतेन्द्र दास जी महाराजए वरिष्ठ समाजसेवी व वामपंथी नेता सूर्य कांत पाण्डेयए प्रधानाचार्य डॉ. एकता त्रिपाठीए दशरथ गद्दी के महंत बृजमोहन दासए पूर्व सांसद निर्मल खत्री सहित दर्जनों लोगों ने संबोधित किया। इसके उपरांत विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को प्रशस्ति पत्र देकर के सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन संस्थान के महामंत्री डॉ सम्राट अशोक मौर्य ने की।

अतिथि व विशिष्ट अतिथियों के हाथों संस्था की ओर से विशिष्ट साहित्यप्रेमियों व बुद्धिजीवियों को डॉ0 शिवबरन मौर्य साहित्य भूषण सम्मान व डॉ. रामरती कुंवरि मौर्य साहित्य गौरव सम्मान से अंलकृत किया गया।

## सरकारी कामकाज में अधिक से अधिक हो हिंदी का प्रयोग: जीएम

**प्रयागराज।** केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन में बुधवार को महाप्रबंधक यशपाल सिंह की अध्यक्षता में राजभाषा पखवाड़ा उदघाटन समारोह आयोजित हुआ। राजभाषा पखवाड़ा समारोह का शुभारम्भ हुआ। मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्रमुख मुख्य सिगनल एवं दूर संचार इंजीनियर सुरेश कुमार ने सभी का स्वागत करते हुए अपील की है कि अधिकारी एवं कर्मचारी अपने दैनिक सरकारी काम काज में हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग करें। राजभाषा पखवाड़ा के दौरान आयोजित विविध कार्यक्रमों में भाग लेकर आयोजन को सफल बनाएं। महाप्रबंधक यशपाल सिंह ने कहा कि केन्द्र सरकार के कार्यालयों में हिंदी का प्रयोग तेजी से बढ़ा है लेकिन अभी भी काफी कुछ करने की गुंजाइश है। यह अवसर अपनी मातृभाषा और राजभाषा पर गौरव करने का है। आज हम सब संकल्प लें कि हम अपने दिन प्रतिदिन के सरकारी कामकाज में हिंदी का अधिक से अधिक प्रयोग करेंगे।

## एनटीपीसी में विभिन्न कार्यक्रमों के साथ मनाया हिंदी दिवस




**अम्बेडकरनगर।** एनटीपीसी टाण्डा परियोजना में कोविड-19 को ध्यान में रखते हुए 1 सितम्बर से चल रहे हिंदी पखवाड़ा 2021 का समापन 14 सितम्बर 2021 को वर्चुअल माध्यम से हिन्दी दिवस 2021 मनाकर किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम उपमहाप्रबंधक (मानव संसाधन) ने परियोजना प्रमुख संजय कुमार सिंह व आनलाइन कार्यक्रम में शामिल हुए समस्त कर्मचारियों एवं अन्य जनमानस का हार्दिक स्वागत किया। उन्होने पखवाड़े के दौरान सम्पन्न प्रतियोगिताओं एवं कार्यक्रमों के बारे में संक्षिप्त में अवगत कराया।

परियोजना प्रमुख संजय कुमार सिंह द्वारा प्रतियोगिता एवं कार्यक्रम में शामिल हुए सभी लोगों के प्रति हार्दिक आभार प्रकट किया एवं हिंदी पखवाड़े के बाद भी दैनदिन कार्यो में हिंदी को बढ़ावा देने की बात कही। श्री सिंह द्वारा हिन्दी के प्रति विचार व्यक्त करते हुए कहा कि, मुझे पूर्ण विश्वास है कि इन सभी कार्यक्रमों के आयोजन से परियोजना में हिंदी का और अधिक प्रचार प्रसार होगा साथ ही सभी लोग अपने कार्यालयों में अधिक से अधिक कार्य हिंदी में करेंगे एवं भारत देश को विश्व पटल पर सबसे आगे लें जायेगें। महाप्रबंधक (मेडिकल सेवायें) डा. उद्यन तिवारी ने हिन्दी के महत्व के बारे बताया एवं हिन्दी को कार्यालयीन कार्यों में और अधिक प्रयोग करने की बात कही। एसएन पाणिग्राही विभागाध्यक्ष (मानव संसाधन) ने पखवाड़ें के सफल आयोजन एवं हिन्दी दिवस की सभी को हार्दिक बधाई दी एवं हिन्दी की एक कविता के माध्यम से हिन्दी के महत्व को अवगत कराया। कार्यक्रम के अन्त में परियोजना प्रमुख (टांडा) द्वारा राजभाषा अनुभाग की वार्षिक डिजिटल पत्रिका 'समन्वय' का विमोचन किया गया। कार्यक्रम के अन्त में उपमहाप्रबंधक (मानव संसाधन) ने पखवाड़े के दौरान सम्पन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं के नामों की घोषणा की एवं सभी का पुनः आभार प्रकट किया।

## सर्वोच्च न्यायालय का फैसला

### मानवीय दृष्टिकोण

**सर्वोच्च** न्यायालय ने उचित ही आत्महत्या करने वाले कोविड-19 रोगियों का पक्ष लेते हुए इसे चिकित्सकीय मौत माना है। कोविड-19 से पीड़ित लोगों के पुनर्वास पर नजर रखते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने सोमवार को केन्द्र से कोविड-19 मरीजों की आत्महत्या को कोविड-19 से हुई मौत मानने का निर्देश दिया है ताकि उनके परिवारों को भी मुआवजा मिल सके। अदालत ने कहा कि संक्रमण के कारण होने वाले अत्यधिक कष्ट के कारण ही रोगियों ने आत्महत्या की। जस्टिस एम.आर. शाह व जस्टिस ए.एस. बोपन्ना की पीठ ने ये टिप्पणियां केंद्र के दिशानिर्देशों पर गौर करते हुए कीं जिसमें जहर देने, आत्महत्या, हत्या या दुर्घटना से होने वाली मौतों को कोविड-19 मौतें नहीं माना गया है, भले ही इसके साथ संक्रमण भी एक कारण हो। सरकार द्वारा मामले की पुन: समीक्षा के आश्वासन से अदालत संतुष्ट थी। अदालत का प्रस्ताव निश्चित रूप से एक मानवीय दृष्टिकोण है, पर सरकार तथा न्यायपालिका को पहले पूरे मामले को समग्रता से देखना चाहिए क्योंकि इसमें अनेक चीजें शामिल हैं। पीड़ित द्वारा की जाने वाली कोई भी आत्महत्या अत्यधिक निराशाजनक व परेशान करने वाली परिस्थितियों में होती है। आत्महत्या के कारण परिवारी सदस्यों को उस स्थिति में कमाऊ व्यक्ति से हाथ धोना पड़ता है जब एकमात्र पीड़ित ही नौकरी कर रहा हो। गरीब और वंचित लोगों की स्थिति इससे और खराब हो जाती है। तकनीकी रूप से कहें तो यह सिद्ध करना सरकार के लिए




चुनौती होगी कि कोविड-19 पीड़ित रोगी की आत्महत्या अन्य कारणों के बजाय संक्रमण के कारण थी। दूसरे, आत्महत्या को मजबूर करने वाले अनेक अन्य निराशाजनक कारण कोविड-19 जितने ही प्रभावी हो सकते हैं।

ऐसे में केवल कोविड-19 संक्रमित रोगियों की आत्महत्या पर परिवारों को मुआवजा देने को अन्य कारणों से आत्महत्या करने वालों के प्रति भेदभाव की तरह देखा जा सकता है जो समान रूप से भयानक हो सकते हैं। तीसरे, सरकार तथा अदालतों को उन लोगों को संवेदनशील बनाने की आवश्यकता है जो आत्महत्या को केवल अपराध मानते हैं और पीड़ित के प्रति उनका दृष्टिकोण विकृत हो सकता है। आत्महत्या भारतीय दंड संहिता की पुरानी पड़ चुकी धारा 309 के अंतर्गत अपराध है। हालांकि, मानसिक स्वास्थ्यरक्षा कानून, 2017 से इसका आयाम घटा दिया गया है, पर इस धारा को वापस नहीं लिया गया है। इस कानून के अनुसार आत्महत्या का प्रयास करने किसी व्यक्ति को 'गंभीर तनाव से पीड़ित मानते हुए उसे सुनवाई व दंड से अलग रखने' की बात करते हुए सरकार से आह्वान किया गया है कि वह ऐसे व्यक्ति की 'समुचित देखभाल, इलाज व पुनर्वास' करे ताकि ऐसे प्रयास 'के पुन: होने की जोखिम घट सके।' कानून के इस मानवीय आयाम को लोकप्रिय बनाया जाना चाहिए ताकि उन परिस्थितियों में कमी आ सके जिनके कारण आत्महत्या को मजबूर होना पड़ता है। इससे पीड़ितों के परिवारों या प्रयास में विफल रहने वालों का पुनर्वास प्रोत्साहित होगा। दीवालियापन, कर्जदारी तथा फसल खराब होने पर भारत में हजारों किसान आत्महत्या कर लेते हैं। उनको मुआवजा देने की योजना है, हालांकि जमीन का स्वामित्व न रखने वाले किसान अभी इस मुआवजे के हकदार नहीं हैं जिनमें अधिकांशत: महिला किसान शामिल हैं। मामले के प्रति तार्किक दृष्टिकोण संभवत: इस सवाल में छिपा है कि क्या कर्जदारी के कारण आत्महत्या करने वाले उस स्वस्थ किसान को भी मुआवजे का अधिकार होगा जो कोविड-19 लाकडाउन के कारण अपनी फसल नहीं बचा सका।

# बंदूक की नोक पर सफल नहीं होगी कूटनीति

## संयुक्त राष्ट्र की आतंकवादी सूची में अभी भी एक संगठन के साथ शांति समझौता गंभीर चिंता का एक उदाहरण है जो विश्व समुदाय के लिए जटिलताओं का पिटारा खोलने वाला है।

**निष्ठा कौशिकी**
(लेखक पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय भटिंडा में सह प्रोफेसर हैं)





अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने पिछले तीन हफ्तों के दौरान वैश्विक सुरक्षा और भू-राजनीति में एक आदर्श बदलाव देखा है। अमेरिका और तालिबान के बीच समझौते और बाद में काबुल्टो पर कब्जा करने के साथ, कुछ राज्यों और तालिबान के बीच बढ़ते अभिसरण, अंतर्राष्ट्रीय राजनीति फिर कभी पहले जैसी नहीं होगी। जिस तरह से कूटनीति और अंतर-राज्यीय संबंधों को आगे बढ़ाया जाएगा, उसमें गहरा बदलाव होगा।

सबसे तात्कालिक सवाल यह है कि क्या राज्य के प्रतिनिधि शांति समझौतों पर हस्ताक्षर कर सकते हैं और आतंकवादी संगठनों के साथ सौदा कर सकते हैं, जो हिंसा और आतंकी तंत्र के माध्यम से क्षेत्रों को जब्त करने के इरादे को जानते हैं? संयुक्त राष्ट्र की आतंकवादी सूची में एक संगठन के साथ शांति समझौता गंभीर चिंता का एक उदाहरण है जो विश्व समुदाय के लिए भानुमती का पिटारा खोलता है।

आज, कतर और पाकिस्तान जैसे विभिन्न स्रोतों के माध्यम से, तालिबान संदेश भेज रहा है कि अगर दुनिया नहीं चाहती कि अफगानिस्तान आतंकी केंद्र बन जाए तो बातचीत और जुड़ाव शुरू होना चाहिए। इस तरह के बयान निश्चित रूप से अनुरोध के रूप में नहीं हैं और विभिन्न अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय संगठनों में घुसपैठ के छिपे मकसद से मान्यता और वित्तीय सहायता प्राप्त करने के लिए सामरिक ब्लैकमेल की राशि नहीं है। पाकिस्तान के उदाहरण ने साबित कर दिया है कि वित्तीय प्रवाह अभिनेताओं (राज्य और गैर-राज्य दोनों) को दूर नहीं करता है, जिससे जिहाद जैसे उनके भयावह एजेंडे में मदद मिलती है। भेड़िये को भेड़ के कपड़े पहनने की जरूरत महसूस होती है। दुनिया जिस दुविधा का सामना कर रही है, वह यह है कि तालिबान ने अवैध रूप से और जबरन इस क्षेत्र पर नियंत्रण कर लिया है, और एक वैध वारिस के रूप में कार्य करने के लिए, उसे खुद को एक कानूनी इकाई के रूप में दुनिया के सामने पेश करना होगा। चीन, पाकिस्तान, रूस, ईरान और अन्य को सरकार गठन प्रक्रिया के लिए एक आमंत्रण भेजा गया है जिसमें कम से कम मंत्रियों में से आधे कट्टरपंथी इस्लाम और जिहाद के एजेंडे को आगे बढ़ाने वाले आतंकवादी हैं। तालिबान के साथ कूटनीति, सहायता और व्यापार शुरू करने और उनके कार्यों पर उनका आकलन करने के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय, विशेष रूप से भारत और जापान जैसे दाता देशों पर दबाव केवल 'खरगोशों के साथ दौड़ने और शिकारी कुत्तों के साथ शिकार' की रणनीति को मजबूत करेगा। देशों को इस क्षेत्र में स्थिरता की उम्मीद में अफगानिस्तान में तालिबान जैसे पाकिस्तान और हिंसक गैर-राज्य अभिनेताओं (वीएनएसए) जैसे विफल राज्यों के वित्तपोषण और सहायता की विरोधाभासीता से बाहर आना चाहिए। जबकि अमेरिका यह निष्कर्ष निकालता है कि भविष्य के कार्यों को तय करने में बल प्रमुख कारक नहीं है, बल की समान शक्ति को प्रोत्साहित किया जाएगा यदि ऐसा वीएनएसए या तो लगा हुआ या सहायता प्राप्त है।

ब्लैकमेल की स्वीकृति, जैसा कि इस मामले में है, प्रमुखता प्राप्त करने वाली बहुराजकीय प्रवृत्तियों का दीर्घकालिक समाधान नहीं है। यह केवल उस व्यवहार को प्रोत्साहित करेगा जिसे गनपॉइंट डिप्लोमेसी कहा जा सकता है, जो गनबोट डिप्लोमेसी की चीनी रणनीति के समान है, जिसमें ब्लैकमेलिंग का उपयोग सामरिक और रणनीतिक गतिशीलता के लिए किया जाता है। इसी तरह, तालिबान के साथ बातचीत, यहां तक कि अन्य देशों द्वारा भी, अंतरराष्ट्रीय कानून के क्षेत्र में नई मिसाल कायम करते हैं, जिसके परिणाम इस सदी के बाकी हिस्सों में दुनिया को भुगतने पड़ सकते हैं।

तालिबान अफगान को अंतर्राष्ट्रीय मानदंडों के अनुपालन में उनके कार्यों के प्रदर्शन के बदले में मान्यता या सहयोग का मुद्दा इस प्रकार मुश्किल है। भारत जो अपेक्षा करता है और अन्य ताकतें तालिबान से जो अपेक्षा करती हैं, उसमें अंतर है। हम मुख्य रूप से खुद को बचाने के लिए छोड़े गए हैं। यहां तक कि सामान्य स्थिति या कूटनीति का मामूली प्रदर्शन भी भारत को प्रभावित करेगा। अब से एक या दो साल बाद जो होगा वह अज्ञात के दायरे में है। यहां तक कि कुछ शर्तों पर, तालिबान के साथ एक सगाई को इसके लिए एक राजनयिक मान्यता के रूप में लिया जाएगा, जिसके घरेलू परिणाम होंगे और गलत मिसालें पैदा होंगी। मान लीजिए कि भारत तालिबान के साथ बातचीत का विकल्प चुनता है, कुछ महीनों के बाद, हम तालिबान को यूएनजीए या अन्य क्षेत्रीय संगठनों में टेबल के पार बैठे अफगानिस्तान का प्रतिनिधित्व करते हुए हमारे आंतरिक मामलों पर टिप्पणी कर सकते हैं। क्या भारत को चीन और पाकिस्तान द्वारा उसी में बरगलाया नहीं जाएगा। जिस तरह से अमेरिका को नीचा दिखाया गया था? कभी-कभी, जबरदस्ती के तहत तुरंत निर्णय लेने की तुलना में निर्णय न लेना अधिक वांछनीय होता है, क्योंकि बाद के समय शायद ही कभी उन्हें उलट सकते हैं।

दूसरा, अमेरिकी सहयोगियों की ओर से छोड़े जाने की भावना भविष्य के गठबंधनों को प्रभावित करेगी। वर्तमान समस्या में, भारत के तत्काल हितों को तब दरकिनार कर दिया गया जब अमेरिका ने अफगानिस्तान छोड़ दिया, हथियारों का एक जखीरा छोड़ दिया, जिसे पहले ही पाकिस्तान ले जाया जा सकता था, जिसका इस्तेमाल केवल पाकिस्तान की सीमा से लगे क्षेत्रों में भारतीय हितों के खिलाफ किया जा सकता था। चूंकि चीन और पाकिस्तान के निहित स्वार्थ ईरान और रूस के समर्थन से खिल रहे हैं, इसलिए एक प्रासंगिक सवाल यह है कि भारत इस मुद्दे से कैसे निपटेगा। अंतिम भारतीय नागरिक अफगानिस्तान से बाहर निकलने तक कुछ पिछले दरवाजे संचार चैनलों (कूटनीति नहीं) को मौलिक स्तर पर बनाए रखा जाना चाहिए। हमें निकासी के लिए बातचीत और सरकार के रूप को पहचानने के बीच अंतर करना सीखना चाहिए। तीसरा, जैसा कि अमेरिका अपनी नीतियों का आत्मनिरीक्षण करता है, संभावना है कि वह लोकतांत्रिक यथार्थवाद के दृष्टिकोण को अपना सकता है, जिसे चार्ल्स क्राउथमर ने 2004 में सुझाया था जो केवल रणनीतिक आवश्यकता के स्थानों पर अपना खून और खजाना देता है। ऐसे में, भारत के प्रति अमेरिका की कौन-सी सामरिक और सामरिक प्रतिबद्धताओं को प्रदर्शित करने की आवश्यकता है? यदि भारत को एक सहयोगी माना जाता है, तो खुद को एक विश्वसनीय भागीदार साबित करने की जिम्मेदारी अमेरिका पर है। रूस के लिए भी यही मानक लागू हैं।

इसके अलावा, राजनयिक जुड़ाव अब किसी भी दीर्घकालिक प्रतिबद्धताओं से रहित एक नए प्रकार के शक्ति संबंधों की ओर मुड़ते दिख रहे हैं। इस तरह की प्रवृत्तियों में, देश वीएनएसए के माध्यम से अपनी पहुंच बढ़ाने में संकोच नहीं करते हैं। इसके अलावा, प्रतिकूल शक्तियां भी अल्पकालिक या दीर्घकालिक लाभ के लिए मिलकर काम करती हैं, और इस प्रक्रिया में, अपने मौजूदा मुद्दों को या तो किनारे कर देती हैं या हल कर लेती हैं। जब चीन और पाकिस्तान ने अपने ढोंग का पर्दाफाश कर दिया है, और अमेरिका लोकतंत्र की वकालत करने के लिए अपनी पिछली पुलिसिंग भूमिका के साथ आगे नहीं बढ़ रहा है, तो नई दिल्ली को इस नए महान खेल के समाधान के रूप में भारत-केंद्रित दृष्टिकोण अपनाना चाहिए।

भारत के दृष्टिकोण से, हमें यह सवाल करना चाहिए कि क्या अफगानिस्तान छद्म संगठनों के विभिन्न गुटों का एक आतंकी केंद्र बन गया है या क्या यह केवल भारत के खिलाफ काम करने वाले एक विशेष आईएसआई विस्तार के रूप में काम करेगा? भू-राजनीति के कारण हक्कानियों को तथाकथित सरकार में शामिल किया गया है। इसमें कोई शक नहीं कि इससे भारत के हित प्रभावित होंगे। तालिबान के प्रवक्ता सुहैल शाहीन पहले ही कह चुके हैं कि कश्मीर अगला है। तालिबान ने कहा कि वह कुछ दिनों बाद पाकिस्तान और भारत के बीच हस्तक्षेप नहीं करेगा। एक सप्ताह के भीतर जारी किए गए दो बयानों की कोई विश्वसनीयता नहीं है। भारत किस कथन पर भरोसा कर सकता है? इसके अलावा, भारत को तालिबान पर भरोसा क्यों करना चाहिए यदि पाकिस्तान की सक्रिय भूमिका पहले से ही प्रमाणित है?

अफगान समस्या के मंथन के परिणाम संभवत- तब दिखाई देने लगेंगे जब यह उभरती प्रतिद्वंद्विता और साझेदारियों का नया केंद्र बन जाएगा। दुनिया और अधिक अराजकता और आतंक देख सकती है, लेकिन लंबे समय तक नहीं जब तक कि ऐसी प्रवृत्तियों के खिलाफ प्रतिरोध नहीं होगा। वे गठबंधन, साझेदारी या अंतरराष्ट्रीय मंच पर हो सकते हैं, लेकिन निश्चित रूप से, बंदूक की नोक पर कूटनीति लंबे समय तक जारी नहीं रहेगी।

# अमेरिकी राष्ट्रपति का गैरजिम्मेदाराना रवैया

**भूपिंदर सिंह**
(लेखक सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी एवं पूर्व उपराज्यपाल हैं)



जो बाइडेन अमेरिका के 46वें राष्ट्रपति हैं, पर वे उन 29 राष्ट्रपतियों में शामिल नहीं हैं जिन्होंने किसी क्षमता में सेना में काम किया था। उन्होंने पांच बार वियतनाम जाना स्थगित करने में सफलता पाई तथा राजनीतिक रूप से रिचर्ड निक्सन के युद्ध प्रयासों का विरोध किया। बाइडेन का यह दुविधा भरा दृष्टिकोण उस समय भी सामने आया था जब उन्होंने 2002 में ईराक युद्ध को अनुमति देने पर असहमति प्रकट की थी। वे संभवत: इसे शुरू किए जाने के समय से ही इसके खिलाफ हो गए थे। लेकिन उन्होंने सिनेट संबंध समिति के अध्यक्ष के रूप में अपने दृष्टिकोण के उलट हमले के लिए सैनिक शक्ति प्रयोग करने का अधिकार-एयूएमएफ दिया।

लेकिन बाद में संयोग से एक निर्णायक रूप से नस्लवादी, यौनवादी व नस्ली घृणा के शिकार डोनाल्ड ट्रंप से मुकाबले ने बाइडेन का राष्ट्रपति कार्यालय पहुंच कर शपथ लेना सुनिश्चित कर दिया और इस प्रकार वे सशस्त्र बलों के कमांडर इन चीफ बन गए। ट्रंप ने हास्यास्पद और खतरनाक ढंग से अमेरिकी सेना की छवि पर कब्जे का प्रयास किया था। स्पष्ट रूप से ऐसे में परंपरागत तरीके से ज्यादा दक्षिणपंथी रिपब्लिकन पार्टी का समर्थन करने वाले अनेक सेवानिवृत्त सैनिकों के लिए दो बुरी पंसदों की तुलना में बाइडेन ज्यादा अच्छे लगे।

लगातार युद्धों में संलिप्त रहने वाले देश तथा सेवानिवृत्त सैनिक मामलों के विभाग के अनुसार 19 मिलियन सेवानिवृत्त सैनिकों वाले देश में 'बावर्दी' बिरादरी की राय अर्थवान है जो अमेरिका की कुल वयस्क जनसंख्या में लगभग 10 प्रतिशत हैं। बाइडेन ने अक्सर राष्ट्रपति चुनाव अभियान में अपने स्वर्गीय बेटे ब्यू बाइडेन की याद की जिसने सेना में काम किया तथा मेजर के पद से जज एडवोकेट जनरल कार्पस तक पदोन्नति प्राप्त की। ब्यू ने 2008 से 2009 तक ईराक युद्ध में भाग लिया था और उसे उसकी सेवाओं के लिए ब्रोंज स्टार से सम्मानित किया गया था। प्रचार अभियान में बाइडेन की 'पवित्र जिम्मेदारी' सैनिक परिवारों के प्रति सामने आई। उन्होंने 'सेना सदस्य के माता-पिता की भावनायें' व्यक्त कीं 'जिनकी तैनाती ईराक में हुई थी।' कहा गया कि 'उप-राष्ट्रपति जो बाइडेन तथा डा. जिल बाइडेन समझते हैं कि यह केवल हमारे देश की सेवा करने के लिए सेना में भर्ती होने वालों का नहीं, बल्कि उनके परिवारों की भी भावना' है।

इस बीच ट्रंप के मूर्खतापूर्ण दृष्टिकोण के कारण न केवल ज्वाइंट चीफआफस्टाफजनरल मार्क मिली व्यथित थे, बल्कि सम्मानित सेवानिवृत्त जनरल जेम्स मैटिस व एच.आर. मैक्मास्टर ने भी बाइडेन के पक्ष में भावनायें बनाईं। इसमें ट्रंप की लफ्फाजी



तथा बेतुकी बातों ने भी अपनी भूमिका निभाई।

आज राष्ट्रपति कार्यालय में आठ महीने तक जिम्मेदारी संभालने के बाद बाइडेन ने सैन्यवादी क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए अफगानिस्तान से अमेरिकी सैनिकों को वापस बुला लिया है और इससे उनकी रेटिंग तेजी से गिरी है। हालांकि, अफगानिस्तान में 20 साल से जारी युद्ध समाप्त करने की मांग लंबे समय से हो रही थी, लेकिन पराजित नायक की तरह जल्दबाजी में पलायन से देश के भीतर और बाहर उनकी तथा अमेरिकी सेना की छवि गिरी है। इसमें आईएसआईएल-के हमले में मारे गए सैनिक भी शामिल हैं। ऐसे में अपरिहार्य रूप से वियतनाम से तुलना हो रही है और इस बार भी इस अपमान का खामियाजा सेवानिवृत्त सैनिकों को भुगतना पड़ रहा है। निराशा की भावना इस कटु यथार्थ से और गहरी हुई है कि तेजी से पतन का कारण उचित आपरेशनल योजना का अभाव तथा 'दुश्मन', यानी 'तालिबान' से 'सुरक्षित रूप से बाहर निकलने' की अनुमति लेना था। एक निरुत्साही सेना तथा गैर-प्रतिबद्ध राजनेताओं के उलट अमेरिकी सैनिक को एक अतिरिक्त व अकल्पनीय नैतिक चोट पहुंची है जिसे उसकी किस्मत पर पीछे छोड़ दिया गया था। इनमें अनेक सहयोगी अनुवादक, ड्राइवर तथा सहायक कर्मचारी शामिल हैं। अफरातफरी तथा कुप्रबंधन से भरे पलायन ने बावर्दी बिरादरी को भारी कष्ट, निराशा और शर्म में डुबो दिया है जिसका दोषी निश्चित रूप से अमेरिकी राष्ट्रपति का कार्यालय है। निश्चित रूप से जो बाइडेन की भावनायें 'बावर्दी' लोगों के साथ जुड़ी नहीं हैं जो अपमानजनक रूप से उस समय अपनी घड़ी देख रहे थे जब काबुल हवाईअड्डे पर मारे गए 13 शहीद अमेरिकी सैनिकों के ताबूत दु:खद 'गौरवपूर्ण हस्तांतरण' के लिए उतारे जा रहे थे।

बहुत से लोगों ने राष्ट्रपति द्वारा बार-बार अपने स्वर्गीय बेटे का नाम लेने की अनुपयुक्तता की ओर संकेत किया है, जबकि उन्होंने उन शहीदों का नाम नहीं लिया जो उनके नेतृत्व में वीरगति को प्राप्त हुए। अनेक शहीद जवानों के परिवारों ने राष्ट्रपति से मिलने से इनकार कर दिया, जबकि ऐसा करने वाले कुछ लोगों ने उनके मुंह पर खरी-खरी बातें कहीं। एक शहीद की मां ने बाइडेन को 'भुलक्कड़पन से पीड़ित ऐसा व्यक्ति कहा जो यह भी नहीं जानता कि वह व्हाइट हाउस में है।'

महत्वपूर्ण है कि यह कोई पक्षपाती विभाजन नहीं है क्योंकि इनमें से अनेक परिवारों ने समान रूप से डोनाल्ड ट्रंप की भी निन्दा की थी जो गलत समय पर सैनिकों की मौतों का राजनीतीकरण कर रहे थे। इसे बहुत से लोगों ने 'अपमानजनक', 'घृणित' तथा 'भयानक गलती' कहा था। ट्रंप ने अपनी खास चालाकी के चलते पीड़ित परिवारों को निशाना बनाते हुए उनको खतरनाक क्षेत्र में धकेल दिया था। उनका समर्थन केवल ऐसे लोगों के लिए था जो उनका राजनीतिक रूप से समर्थन करते। इनमें कैप्टेन हुमायूं खान की गोल्ड स्टार फैमिली की निन्दा भी शामिल है जो उनको पसंद नहीं करती थी। दुनिया भर के लोकतंत्रों में सेना के प्रति राजनीतिक व्यवहार लगातार असहनीय होता जा रहा है। इसके कारण चुनावी फसल काटने हेतु विमर्श को भावनायें भड़काने वाला बनाया जा रहा है। यह प्रवृत्ति अमेरिका जैसे परिपक्व लोकतंत्रों में भी देखी जा रही है।

अपरिहार्य व तुलनात्मक रूप से अधिकांश सेवानिवृत्त सैनिक जानते हैं कि कमांडर इन चीफ को संवैधानिकता, आत्मसंयम, चारित्रिक दृढ़ता तथा सैद्धान्तिक नेतृत्व के प्रति निस्वार्थ प्रतिबद्धता प्रकट करनी चाहिए। इसी कारण उन्होंने ट्रंप के बजाय बाइडेन का समर्थन किया था। लेकिन अफगानिस्तान में घटी हालिया घटनाओं से से बिना किसी पक्षपात के बाइडेन पर सवाल उठने लगे हैं। पेशेवर 'बावर्दी' लोगों की दुनिया में 'न्यायोचित युद्ध' जीतना महत्वपूर्ण है और यदि ऐसा न हो तो वीरता और गरिमा के साथ युद्ध करते हुए वीरगति को प्राप्त होना एकमात्र विकल्प है। अफगानिस्तान में इन दोनों में से कोई भी प्राप्त नहीं हुआ है और इसके कारण बावर्दी बिरादरी में बाइडेन का सम्मान निश्चित रूप से घटा है। किसी पक्षपात के बिना उनसे निश्चित रूप से सवाल पूछे जाने चाहिए।

## आप की बात

### पर्चे लीक होना गंभीर मुद्दा

**प्रतियोगी** या कॉलेजों की परीक्षाओं के पर्चे लीक होना आज की नियामक संस्थाओं के लिए एक गंभीर मुद्दा होना चाहिए। हाल ही में जेईई मेंस एवं हरियाणा पुलिस भर्ती की परीक्षाओं के पेपर लीक होने का मामला सामने आया है। पूर्व में भी भारत के कई राज्यों में इस प्रकार की घटनाएं घटित हो चुकी है। सर्वोच्च न्यायालय ने भी इस संबंध में गहरी चिंता जताते हुए कहा है कि इस अनैतिक व्यापार से परीक्षाओं की विश्वसनीयता पर एक प्रश्न चिन्ह लगता जा रहा है। परीक्षाओं के पेपर लीक होने के कारण मेहनत करने वाले विद्यार्थियों का सबसे ज्यादा नुकसान होता है। उनका भविष्य दांव पर लग जाता है। इस संबंध में मॉनिटरिंग सिस्टम को मजबूत बनाया जाना चाहिए। ज्यादातर मामलों में परीक्षा आयोजित करने वाली संस्थाओं के स्टाफ का कोई व्यक्ति ही इस गोरखधंधे में शामिल पाया जाता है। प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर छपने की पूरी प्रक्रिया पर कड़ी नजर रखने के लिए सिस्टम बनाने की भी आवश्यकता है। अलग-अलग स्टेट के लिए पेपर में विविधतापूर्ण प्रश्न प्रणाली अपना कर भी इस समस्या से एक हद तक निपटा जा सकता है। मेधावी विद्यार्थियों के हित का ध्यान रखना राज व्यवस्था की जिम्मेदारी है।

– **ललित महालकरी**, इंदौर

### प्रबल जनसुनवाई तंत्र

**उत्तर प्रदेश** के मुख्यमंत्री ने बीते तीन माह जनसुनवाई पोर्टल और हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों की वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा की। जिसमें शिकायतों के समाधान में शिथिलता बरती गई। शिकायतों के निस्तारण से जनता सन्तुष्ट नही थी। मुख्यमंत्री के निर्देश पर तन्त्र अपनी कार्य शैली और मानसिकता बदलने को तैयार नही है। जबकि योगी ने अब तक एक हजार से अधिक नकारा और भ्रष्ट अधिकारियों कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई और कुछ को समय से पूर्व सेवा निवृत्त कर दिया। जिला स्तरीय अधिकारियों का रवैया सुधर नही रहा है। इस लिये मुख्यमंत्री ने प्रतिदिन जिलाधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों को प्रतिदिन एक घण्टे जनसुनवाई करने का निर्देश दिया। 18 जुलाई 21 को उन्नाव जिले आयोजित सम्पूर्ण समाधन दिवस में सिने और टीवी अभिनेता अतुल तिवारी खतौनी में नाम संशोधन कराने तहसील उन्नाव गए जहां अधिकारियों ने खतौनी में नाम संशोधन कर संसोधित खतौनी भी उपलब्ध करा दी। फ़िल्म कलाकार ने त्वरित समस्या समाधान होने पर प्रशासन की तत्परता और सम्पूर्ण समाधान दिवस की सोच की सराहना की। यही नीति आम लोगो के लिये भी अपनाई जा सकती है।

– **कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, जरगांव, उन्नाव


### महामारी की मार

**एक** साल से अधिक का समय बीत चुका है महामारी की मार खाते और इसकी तीव्रता को काबू करते हुए। दरअसल पापी कोरोना ने कुछ आयामो को इस हद तक प्रभावित किया है की उससे जुड़े लोगो का जीना और जीविका कमाना दोनो मुश्किल हो गया है। बीते महीनो में कोरोना महामारी ने ऐसी बेदर्दी दिखाई है की छोटे उद्योगों का वापस मुख्यधारा में आना कठिन हो गया है। डन एंड ब्रैडस्ट्रीट के एक सर्वेक्षण के अनुसार 82 प्रतिशत से अधिक छोटे व्यवसायों ने महामारी के दौरान नकारात्मक प्रभावो का अनुभव किया है। इस समस्या को ध्यान में रखते हुए सरकार द्वारा कई कदम भी उठाए गए है जैसे 15 राहत उपायों में से 6 का उद्देश्य भारत के छोटे उद्योगों को वापस मुख्यधारा में लाना, जोकि काबिले तारीफ है, लेकिन जहां तक वर्तमान की बात करें तो इस नीति के तहत कितना काम हुआ है यह तस्वीर साफ नहीं है। इसके अलावा, देशवासियो का भी दायित्व बनता है कि वे छोटे उद्योगों को बढ़ावा दे। अत: इस कठिन घड़ी में सरकार और जनता को एक साथ मिलकर इस संकट से निपटने की जरूरत है।

– **निखिल रस्तोगी**, कुरुक्षेत्र विवि


**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**ईडी** ने अभिषेक बनर्जी से 9 घंटे पूछताछ की। हमें धमकाया नहीं जा सकता। हम कांग्रेस, अथवा अखिलेश यादव या शरद पवार की तरह नहीं हैं।

– **ममता बनर्जी**
मुख्यमंत्री पश्चिम बंगाल



**अफ़गानिस्तान** के लोगों को जीवन रेखा की जरूरत है। कई दशकों से युद्ध, वेदनाओं एवं असुरक्षा से जूझने के बाद वे सर्वाधिक संकटकालीन दशा में हैं।

– **एंटोनियो गुटरेस**
संरा महासचिव



**तेलंगाना** दलित बंधु योजना को सफल बनाने के बाद हम दलितों के विकास के लिए नया रास्ते खोलने वाला राज्य बन गए हैं।

– **के चंद्रशेखर राव**
तेलंगाना के मुख्यमंत्री

# चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर भाजपा उम्मीदवार को नोटिस

**भाषा।** कोलकाता

**भवानीपुर उपचुनाव**

**निर्वाचन आयोग** ने पश्चिम बंगाल की भवानीपुर सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की उम्मीदवार प्रियंका टिबरीवाल को कथित चुनाव आचार संहिता उल्लंघन को लेकर कारण बताओ नोटिस जारी किया है। तृणमूल कांग्रेस ने शिकायत की थी कि टिबरीवाल ने अपना नामांकन पत्र दाखिल करते समय बड़ी संख्या में समर्थकों को इकट्ठा करके चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन किया है। इसके बाद आयोग ने यह कदम उठाया। अपनी शिकायत में, तृणमूल कांग्रेस ने आरोप लगाया कि टिबरीवाल ने बिना किसी अनुमति के भीड़ को इकट्ठा करके आदर्श आचार संहिता और कोविड से संबंधित दिशानिर्देशों का उल्लंघन किया है। तृणमूल कांग्रेस ने दावा किया कि उन्होंने अपना नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए जाते समय रास्ते में धुनुची नृत्य (आमतौर पर दुर्गा पूजा के दौरान किया जाने वाला पारंपरिक बंगाली नृत्य) भी किया।

निर्वाचन अधिकारी द्वारा मंगलवार को जारी नोटिस में भवानीपुर थाने के प्रभारी अधिकारी द्वारा सौंपी गई रिपोर्ट का भी उल्लेख किया गया है, जिसमें उन्होंने शंभूनाथ पंडित स्ट्रीट और अन्य स्थानों पर भाजपा समर्थकों की एक बड़ी सभा के बाद यातायात जाम होने का उल्लेख किया था। हालांकि टिबरीवाल ने इन आरोपों को खारिज किया है। उन्होंने बुधवार को दावा किया कि तृणमूल कांग्रेस उनके 30 सितंबर को होने वाला उपचुनाव लड़ने से भयभीत है और उन्हें चुनाव प्रचार से रोकने के लिए निर्वाचन आयोग में इस तरह की शिकायत दर्ज कराई गई है। उन्होंने कहा, तृणमूल कांग्रेस की उस शिकायत के बाद निर्वाचन आयोग ने मुझे एक पत्र भेजा है जिसमें आरोप लगाया गया है कि जब मैं अपना नामांकन दाखिल करने गई थी तो मैंने बड़ी संख्या में लोगों को एकत्र किया और इस तरह आदर्श आचार संहिता के साथ-साथ कोविड-19 प्रोटोकॉल का उल्लंघन किया। मैं उसका जवाब दूंगी।

टिबरीवाल ने कहा, लेकिन, मैं यह बताना चाहूंगी कि शुभेंदु अधिकारी के अलावा उस वाहन में कोई नहीं था जिसमें मैं अपना नामांकन पत्र दाखिल करने गई थी। मैंने किसी भीड़ का नेतृत्व नहीं किया था। यह देखना मेरा काम नहीं है कि बाइक और चौपहिया वाहनों पर सड़कों पर कौन चल रहा था। यह पुलिस और स्थानीय प्रशासन का काम है। भवानीपुर विधानसभा सीट से मुख्यमंत्री ममता बनर्जी तृणमूल कांग्रेस की उम्मीदवार हैं जबकि भाजपा से टिबरीवाल और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) की ओर से श्रीजीब विश्वास चुनाव मैदान में है। इस सीट पर उपचुनाव 30 सितंबर को होंगे और परिणाम की घोषणा तीन अक्टूबर को की जाएगी।

## भाजपा की चुनाव प्रचार मुहिम के दौरान तृणमूल समर्थकों ने की नारेबाजी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में भवानीपुर उपचुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की उम्मीदवार प्रियंका टिबरेवाल की बुधवार को प्रचार मुहिम के दौरान तृणमूल कांग्रेस समर्थकों ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के समर्थन में नारेबाजी की, जिसके बाद टिबरेवाल ने कहा कि वह इस प्रकार के हथकंडों से डरेंगी नहीं। इस सीट से बनर्जी तृणमूल और टिबरेवाल भाजपा की उम्मीदवार हैं। टिबरेवाल ने जैसे ही जादूबाबर बाजार के निकट एक मार्ग में प्रवेश किया, तभी पास खड़े तृणमूल समर्थकों ने जय बांग्ला और ममता बनर्जी जिंदाबाद के नारे लगाए। टिबरेवाल ने कहा, मैं इस प्रकार के हथकंडों ने डरूंगी नहीं और पश्चिम बंगाल में आतंक पैदा करने वाले तृणमूल के शासन के दौरान लोगों के समक्ष आ रही समस्याओं के खिलाफ आवाज उठाती रहूंगी। पश्चिम बंगाल के मंत्री और तृणमूल के वरिष्ठ नेता फरहाद हकीम ने टिबरेवाल के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि भाजपा उम्मीदवार समझ गई हैं कि इस विधानसक्षा क्षेत्र में उनकी पार्टी का कोई आधार नहीं है और इसलिए वह नाटक कर रही हैं। हकीम ने कहा, प्रियंका इलाके में तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को उकसाने की कोशिश कर रही हैं... मैंने उनसे (तृणमूल समर्थकों से) संयम बरतने को कहा है।



चेन्नई में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन पूर्व मुख्यमंत्री सी.एन. अन्नादुरई के 113वें जन्मदिवस पर श्रद्धांजलि देते हुए।

# गुरमीत सिंह ने उत्तराखंड के नए राज्यपाल के रूप में शपथ ली

**भाषा।** देहरादून

**लेफ्टिनेंट जनरल** (सेवानिवृत्त) गुरमीत सिंह ने बुधवार को उत्तराखंड के नए राज्यपाल के रूप में शपथ ली। उत्तराखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति आर एस चौहान ने यहां राजभवन में आयोजित एक सादे समारोह में लेफ्टिनेंट जनरल सिंह को पद की शपथ दिलाई। भारतीय सेना में उप प्रमुख के पद से सेवानिवृत्त हुए सिंह को सेवा के दौरान कई अलंकरणों से नवाजा जा चुका है। उन्हें भारत-चीन मामलों का विशेषज्ञ माना जाता है।

नए राज्यपाल के शपथ ग्रहण समारोह में प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, उनके मंत्रिमंडल के सदस्यों के साथ ही मुख्य सचिव एस एस संधु, पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार सहित कई वरिष्ठ अधिकारी और गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। लेफ्टिनेंट जनरल सिंह ने बेबी रानी मौर्य की जगह ली है जिन्होंने पिछले दिनों अपना कार्यकाल पूरा होने के दो साल पहले पद से इस्तीफा दे दिया था।

शपथ ग्रहण के बाद संवाददाताओं से बातचीत करते हुए लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सिंह ने कहा कि यह उनके लिए बहुत गर्व का विषय है कि उन्हें उत्तराखंड जैसी वीरों की भूमि की सेवा करने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि एक सैनिक के तौर पर देश की सेवा करने के बाद वीरभूमि कहे जाने वाले उत्तराखंड की सेवा करने का मौका मिलने पर वह बहुत गर्व महसूस कर रहे हैं जहां हर परिवार में कोई न कोई सैन्यबल में है। राज्यपाल ने कहा कि पूर्व सैनिकों, शहीद सैनिकों और उनके आश्रितों से संबंधित मसले उनकी प्राथमिकताओं में रहेंगे। उन्होंने कहा कि वह राज्यपाल पद की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे।

## भूपेंद्र पटेल ने सीएम कार्यालय के चार वरिष्ठ अधिकारियों का तबादला किया

**अहमदाबाद।** गुजरात में भूपेंद्र पटेल के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद नए मंत्रियों के शपथ लेने से पहले बुधवार को भारतीय प्रशासनिक सेवा के चार वरिष्ठ अधिकारियों को मुख्यमंत्री कार्यालय से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। बुधवार को जारी एक अधिसूचना में कहा गया कि मुख्यमंत्री के अतिरिक्त मुख्य सचिव एम. के. दास और मुख्यमंत्री के सचिव अश्वनी कुमार का स्थानांतरण कर दिया गया है। विशेष कार्य अधिकारी (ओएसडी) के एन शाह और डी एच शाह का भी तबादला किया गया है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सोमवार को राज्य के मुख्यमंत्री का कार्यभार संभालने वाले पटेल, मुख्यमंत्री कार्यालय के सभी प्रमुख अधिकारियों को बदल सकते हैं। एम के दास के स्थान पर पंकज जोशी को लाया गया है जो वित्त विभाग में कार्यरत थे। अश्वनी कुमार के स्थान पर आईएएस अधिकारी अवंतिका सिंह औलख को मुख्यमंत्री का सचिव बनाया गया है।

# गुजरात के नए मंत्री आज लेंगे शपथ

**भाषा।** अहमदाबाद

**गुजरात** में भूपेंद्र पटेल सरकार के नए मंत्री बृहस्पतिवार को पद एवं गोपनीयता की शपथ लेंगे। भाजपा की राज्य इकाई के एक प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि नए मंत्रियों का शपथ ग्रहण समारोह राजधानी गांधीनगर में दोपहर डेढ़ बजे होगा। नए मंत्रियों के नामों की अभी तक घोषणा नहीं की गई है। पार्टी ने इससे पहले कहा था कि शपथ ग्रहण समारोह बुधवार को होगा। यहां तक कि राज भवन पर लगे पोस्टरों में शपथ ग्रहण समारोह में 15 सितंबर की तारीख लिखी हुई थी। बहरहाल, बुधवार दोपहर को पोस्टर हटा लिए गए।

राज्यपाल के कार्यालय ने पुष्टि की कि शपथ ग्रहण समारोह बृहस्पतिवार तक के लिए टाल दिया गया है। राज्यपाल आचार्य देवव्रत के विशेष कार्य अधिकारी मनीष भारद्वाज ने पीटीआई-भाषा को बताया, मंत्रियों का शपथ ग्रहण समारोह बृहस्पतिवार को दोपहर डेढ़ बजे होगा। भारतीय जनता पार्टी के गुजरात के प्रवक्ता यमल व्यास ने सुबह बताया था कि शपथ ग्रहण समारोह बुधवार को गांधीनगर में दोपहर दो बजे के बाद होगा। न तो भाजपा और न ही राज्य सरकार ने शपथ ग्रहण समारोह टालने की कोई वजह बताई है। भाजपा की गुजरात इकाई के प्रभारी भूपेंद्र यादव नए मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने वाले लोगों के नाम तय करने के वास्ते पिछले दो दिनों से गांधीनगर में लगातार बैठकें कर रहे हैं। ऐसी अटकलें हैं कि पटेल अपने मंत्रिमंडल में कई नए चेहरों को शामिल करेंगे और कई पुराने नेताओं को युवा नेताओं के लिए जगह खाली करनी पड़ सकती है।

मुख्यमंत्री पद से विजय रूपाणी के गत शनिवार को अचानक इस्तीफा देने के बाद सोमवार को भूपेंद्र पटेल (59) ने नए मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली थी। पटेल को रविवार को सर्वसम्मति से भाजपा विधायक दल का नेता चुना गया था और सोमवार को गांधीनगर में राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने उन्हें राज्य के 17वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ दिलाई थी। उस समय अकेले उन्होंने ही शपथ ली थी।

पटेल को गुजरात की पूर्व मुख्यमंत्री और उत्तर प्रदेश की वर्तमान राज्यपाल आनंदीबेन पटेल का करीबी माना जाता है। उन्हें मुख्यमंत्री बनाए जाने के पीछे यह भी एक कारण माना जा रहा है। ऐसे में जब दिसंबर 2022 में राज्य विधानसभा चुनाव होने की उम्मीद है, भाजपा ने चुनाव में जीत के लिए पटेल पर भरोसा जताया है, जो कि एक पाटीदार हैं। साल 2017 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने राज्य विधानसभा की 182 सीटों में से 99 सीटें जीतीं थी, जबकि कांग्रेस को 77 सीटें मिली थीं।

## क्विक न्यूज

### उत्तराखंड आप अध्यक्ष कलेर का इस्तीफा, खटीमा से धामी के खिलाफ चुनाव लड़ने की घोषणा

**देहरादून।** आप की उत्तराखंड इकाई के अध्यक्ष एस एस कलेर ने पद से इस्तीफा देते हुए उधमसिंह नगर जिले की खटीमा विधानसभा सीट से चुनाव लड़ने की घोषणा की है जहां से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी विधायक हैं। यहां मंगलवार को संवाददाताओं से बातचीत में कलेर ने कहा कि मुख्यमंत्री के खिलाफ चुनाव लड़ने पर ध्यान केंद्रित करने के लिए उन्होने अध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया है। पार्टी ने कुमांऊ, गढ़वाल और तराई क्षेत्रो के लिए तीन कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किए हैं। उन्होंने बताया कि कुमांऊक्षेत्र के लिए भूपेश उपाध्याय, गढ़वाल के लिए पूर्व आईपीएस अधिकारी अनंत राम चौहान और तराई क्षेत्र के लिए प्रेम सिंह को आप का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है। पार्टी ने चुनाव प्रचार समिति के अध्यक्ष पद पर दीपक बाली को नियुक्त किया है जबकि बसंत कुमार इसके उपाध्यक्ष होंगे। उत्तराखंड में मुख्यमंत्री पद के लिए आप के उम्मीदवार कर्नल (सेवानिवृत्त) अजय कोठियाल ने कहा कि राज्य इकाई के अध्यक्ष के रूप में कलेर का योगदान महत्वपूर्ण है।

### निलंबित आरटीओ ने किया उच्च न्यायालय का रुख, मंत्री अनिल परब के खिलाफ स्वतंत्र जांच की मांग

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मंत्री अनिल परब और राज्य परिवहन विभाग के कई अन्य उच्च पदस्थ अधिकारियों के खिलाफ साल की शुरूआत में भ्रष्टाचार एवं कदाचार का आरोप लगाने वाले निलंबित क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (आरटीओ) गजेंद्र पाटिल ने बंबई उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर उनके खिलाफ स्वतंत्र जांच कराने का अनुरोध किया है। न्यायमूर्ति एस एस शिंदे और न्यायमूर्ति एन जे जमादार की पीठ ने बुधवार को कहा कि वह आठ अक्टूबर को याचिका पर सुनवाई करेगी। इस महीने की शुरूआत में अधिवक्ता वी पी राणे के मार्फत दायर अपनी याचिका में पाटिल ने उच्च न्यायालय से केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) या किसी अन्य स्वतंत्र एजंसी से परिवहन मंत्री परब तथा अन्य अधिकारियों के खिलाफ विभाग में तबादले व कदाचार के विषयों में रिश्वतखोरी, भ्रष्टाचार के आरोपो की जांच कराने का निर्देश देने का अनुरोध किया है। उन्होने महाराष्ट्र सरकार, परब और परिवहन विभाग के कई अधिकारियो को अपनी याचिका में प्रतिवादी पक्षकार बनाया है।

### ईडी ने धनशोधन मामले में पटना की रियल एस्टेट कंपनी के प्रबंधक निदेशक को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पटना स्थित एक रियल एस्टेट कंपनी के प्रबंध निदेशक (एमडी) को, फ्लैट आवंटन मे लोगो के धन का कथित रूप से गबन करने से जुड़े धन शोधन के मामले मे गिरफ्तार किया है। पाटलिपुत्र बिल्डर्स लिमिटेड के एमडी अनिल कुमार सिंह को सात सितंबर को हिरासत मे लिया गया था और विशेष धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) अदालत ने उन्हे मंगलवार को पांच दिन की ईडी की हिरासत मे भेज दिया। ईडी ने पटना पुलिस की प्राथमिकी और सिंह के खिलाफ आरोप पत्र का अध्ययन करने के बाद धनशोधन रोधी कानून के तहत आपराधिक मामला दर्ज किया है। आरोप पत्र मे सिंह पर लोगो के धन का गबन करने और फ्लैटो के आवंटन के लिए धन प्राप्त करने के बाद भी खरीदारो को फ्लैटो का आवंटन न करने का इल्ज़ाम लगाया गया है। एजेंसी ने आरोप लगाया कि सिंह ने जांच के दौरान सहयोग नही किया और किसी भी सच्चाई या जानकारी का खुलासा नही किया। उसने कहा कि इस मामले मे छह करोड़ रुपए के कोष की पहचान पीएमएलए के तहत अपराध से अर्जित धन के तौर पर की गई है।

### पूर्व सैन्य अधिकारी डीवीएस राणा कांग्रेस में शामिल हुए

**नई दिल्ली।** सेना के पूर्व अधिकारी मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) डीवीएस राणा बुधवार को कांग्रेस में शामिल हुए। कांग्रेस के कोषाध्यक्ष पवनकुमार बंसल और पार्टी के हिमाचल प्रदेश प्रभारी राजीव शुक्ला की मौजूदगी मे राणा ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। राणा का संबंध हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा क्षेत्र से है। इस मौके पर राजीव शुक्ला ने कहा कि राणा के शामिल होने से जनता मे अच्छा संदेश जाएगा और विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत सुनिश्चित होगी। राणा ने कहा कि कांग्रेस की सरकारो मे देश ने विभिन्न मोर्चो पर बहुत प्रगति हासिल की और इसकी विचारधारा से प्रभावित होकर वह पार्टी में शामिल हुए। वह हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष भी रहे है।

### उच्चतम न्यायालय ने डीआरटी लखनऊ को अधिकारों के हस्तांतरण के केंद्र के फैसले से असहमति जताई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को जबलपुर में ऋण वसूली न्यायाधिकरण (डीआरटी) के अधिकार क्षेत्र और शक्ति को वहां पीठासीन अधिकारी की अनुपस्थिति में डीआरटी लखनऊ हस्तांतरित करने के केंद्र के फैसले पर कड़ा ऐतराज जताया। शीर्ष अदालत ने कहा कि लोगों को कैसे अधर में छोड़ा जा सकता है। प्रधान न्यायाधीश एन वी रमण के नेतृत्व वाली पीठ ने इस बात पर गौर किया कि इससे वादियो को काफी परेशान होगी।



देहरादून में उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी नए राज्यपाल गुरमीत सिंह के शपथ ग्रहण समारोह में बधाई देते हुए।

# भाजपा, आरएसएस के लोग हिन्दू नहीं हैं सिर्फ हिन्दू धर्म का इस्तेमाल करते हैं: राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और भाजपा पर आरोप लगाया कि ए लोग हिंदू नहीं हैं, ए सिर्फ हिंदू धर्म का इस्तेमाल करते हैं। उन्होंने कांग्रेस की महिला इकाई अखिल भारतीय महिला कांग्रेस के स्थापना दिवस समारोह में यह दावा भी किया कि आरएसएस एवं भाजपा के लोग महिला शक्ति को दबा रहे हैं और भय का माहौल पैदा कर रहे हैं। राहुल गांधी ने नोटबंदी और जीएसटी का उल्लेख करते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार ने लक्ष्मी की शक्ति और दुर्गा की शक्ति पर आक्रमण किया है। आरोप लगाया, वे (आरएसएस और भाजपा) अपने आपको हिंदू पार्टी कहते हैं और लक्ष्मी जी और मां दुर्गा पर आक्रमण करते हैं। फिर कहते हैं कि वे हिंदू हैं। ए लोग झूठे हिंदू हैं। ए लोग हिंदू नहीं हैं। ए हिंदू धर्म का इस्तेमाल करते हैं।

कांग्रेस नेता के मुताबिक, भाजपा और आरएसएस के लोगों ने पूरे देश में डर फैलाया है, किसान डरे हुए हैं, महिलाएं डरी हुई हैं। उन्होंने कहा कि आरएसएस महिला शक्ति को दबाता है, लेकिन कांग्रेस का संगठन महिला शक्ति को समान मंच देता है। राहुल गांधी ने कहा, अगर पिछले 100-200 साल में किसी एक व्यक्ति ने हिंदू धर्म को सबसे अच्छे तरीके से समझा और अपने व्यवहार में लाया, तो वह महात्मा गांधी हैं। इसे हम भी मानते हैं और आरएससस एवं भाजपा के लोग भी मानते हैं... महात्मा गांधी ने अहिंसा को सबसे अच्छे तरीके से जिया। हिंदू धर्म की बुनियाद अहिंसा है। इसके बावजूद आरएसएस की विचारधारा द्वारा महात्मा गांधी को गोली क्यों मारी गई? इस बारे में आपको सोचना होगा। वह आरएसएस और भाजपा की विचारधारा के साथ कभी समझौता नहीं कर सकते। राहुल गांधी ने जोर देकर कहा, देश में आरएससस और भाजपा की सरकार है। इनकी विचारधारा और हमारी विचारधारा अलग अलग हैं।

## श्रीनगर जिले में चार आतंकवादी सक्रिय

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर जिले में चार आतंकवादी सक्रिय हैं और सुरक्षा बल उन्हें निष्क्रिय करने की कोशिश में जुटे हैं। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। श्रीनगर में आयोजित एक समारोह के इतर सुरक्षा बलों पर हमलों की घटनाओं में वृद्धि के बारे में पत्रकारों द्वारा सवाल किए जाने पर पुलिस महानिरीक्षक (कश्मीर क्षेत्र) विजय कुमार ने कहा कि पुलिस इसकी जांच कर रही है। पिछले एक सप्ताह में दो ग्रेनेड हमले हुए हैं और हाल में एक पुलिस अधिकारी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। कुमार ने कहा, श्रीनगर में चार आतंकवादी सक्रिय हैं। उन्होंने कहा, हम उन्हें पकड़ लेंगे या मुठभेड़ में मार देंगे। इसमें अधिक चिंतित होने की कोई बात नहीं है। कुमार ने बताया कि द रेजिस्टेंस फ्रंट के प्रमुख अब्बास शेख ने पिछले साल सितंबर से श्रीनगर में सात आतंकवादियों को सक्रिय किया था। कुमार ने कहा, उनमें से चार को मार दिया गया है, जिसमें साकिब मंजूर भी शामिल हैं।

## एनआईए अदालत का भाजपा सांसद के आवास के बाहर बम विस्फोट मामले में केस डायरी सौंपने का निर्देश

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में भाजपा सांसद अर्जुन सिंह के आवास के बाहर आठ सितंबर को हुए बम विस्फोट के मामले में एक विशेष एनआईए अदालत ने बुधवार को बैरकपुर पुलिस आयुक्तालय को केस डायरी पेश करने का निर्देश दिया। मामले की जांच कर रहे राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) के अनुरोध पर अदालत ने यह निर्देश दिया। एनआईए ने मामले में दर्ज प्राथमिकी की एक प्रति नगर सत्र अदालत के न्यायाधीश एवं विशेष एनआईए अदालत के प्रभारी (न्यायाधीश), पार्थ सारथी सेन को सौंपी। एजेंसी के वकील श्यामल घोष ने कहा कि न्यायाधीश ने बैरकपुर पुलिस को तीन दिनों के अंदर केस डायरी सौंपने और घटना के सिलसिले में गिरफ्तार आरोपी को 21 सितंबर को अदालत में पेश करने का निर्देश दिया। उस दिन विषय की आगे की सुनवाई होगी। एनआई को घटना पर एक रिपोर्ट और संबद्ध मुद्दे सुनवाई की अगली तारीख पर पेश करने को कहा गया है। गौरतलब है कि इस महीने पहली बार आठ सितंबर को और फिर मंगलवार सुबह बैरकपुर सांसद के भाटपार आवास के बाहर बम विस्फोट हुए। प्रथम हमले के बाद केंद्रीय गृह मंत्रालय ने घटना की एनआई से जांच शुरू कराई थी।

## जगन मोहन को मिली जमानत रद्द करने की याचिका अदालत ने खारिज की

**हैदराबाद।** किसी चीज के एवज में कथित तौर पर फायदा पहुंचाने के मामले में आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई एस जगन मोहन रेड्डी और वाईएसआर कांग्रेस के एक सांसद को मिली जमानत रद्द करने की याचिकाएं यहां की एक विशेष सीबीआई अदालत ने बुधवार को खारिज कर दी। वाईएसआर कांग्रेस के बागी सांसद के. रघु राम कृष्णा राजू ने अदालत में एक याचिका दायर कर जगन की जमानत रद्द करने का अनुरोध किया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि वह जमानत की शर्तों का अनुपालन नहीं कर रहे हैं। साथ ही, मुख्यमंत्री पर सीधे या परोक्ष तरीके से गवाहों पर दबाव डालने का भी आरोप लगाया था। इसके बाद, राजू ने एक और अर्जी दायर कर वाईएसआर कांग्रेस राज्यसभा सदस्य विजय साई की जमानत रद्द करने की मांग करते हुए उन पर जमानत शर्तों का उल्लंघन करने का आरोप लगाया।

जगन मामले को लंबे समय तक खींचना चाहते हैं। सीबीआई ने वाईएसआर कांग्रेस प्रमुख (जगन) और अन्य के खिलाफ 11 आरोपपत्र दाखिल किए थे। किसी चीज के एवज में कथित तौर पर फायदा पहुंचाने के मामले में जगन को मुख्य आरोपी और साई को दूसरा आरोपी बनाया गया है।

सीबीआई ने आरोप लगाया है कि ए मामले भूमि आवंटन सहित विभिन्न फायदे पहुंचाने के एवज में जगन की कंपनियों में कई कंपनियों द्वारा किए गए निवेश से संबद्ध हैं। यह सब जगन के पिता वाई एस राजशेखर रेड्डी के 2004 से 2009 के बीच अविभाजित आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री रहने के दौरान हुआ था। जगन ने इस तरह अपने दिवंगत पिता के पद का दुरूपयोग करते हुए अकूत संपत्ति अर्जित की। मामले में कई पूर्व मंत्री और नौकरशाह भी आरोपी हैं। जगन और साई फिलहाल जमानत पर हैं। जगन की मई 2012 में गिरफ्तारी होने के बाद 15 महीने जेल में रहने पर सितंबर 2013 में कैद से रिहाई हुई थी। जगन के करीबी सहयोगी विजय साई ने जगन की कंपनियों में वित्तीय सलाहकार के तौर पर सेवा दी थी।

## हैदराबाद मादक पदार्थ मामले में अभिनेत्री मुमैत खान ईडी के सामने पेश

**हैदराबाद।** अभिनेत्री मुमैत खान मादक पदार्थ रैकेट से जुड़े धनशोधन मामले की जांच के तहत बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश हुईं। इस मादक पदार्थ रैकेट का भंडाफोड़ 2017 में हुआ था। मुमैत तेलुगु फिल्म उद्योग (टॉलीवुड) से जुड़ी आठवीं हस्ती हैं जो इस संबंध में ईडी के समक्ष पेश हुईं हैं। जांच एजेंसी ने निर्देशकों एवं कलाकारों समेत अब तक 10 शख्सयितों को तलब किया है। इस साल 31 अगस्त से लेकर अब तक प्रख्यात फिल्मकार पुरी जगन्नाध, अभिनेत्री चरमी कौर और रकुल प्रीत सिंह, अभिनेता राणा डग्गुबती, रवि तेजा और पी नवदीप केंद्रीय जांच एजेंसी के समक्ष पेश हो चुके हैं। तेलुगु फिल्मों के अलावा मुमैत हिंदी, तमिल और कन्नड़ फिल्मों में भी नजर आईं हैं। दो जुलाई, 2017 को तेलंगाना के निषेध और उत्पाद शुल्क विभाग ने एलएसडी और एमडीएमए जैसे मादक पदार्थों की तस्करी के आरोप में संगीतकार केल्विन मैस्करेनहास सहित तीन सदस्ईय गिरोह को गिरफ्तार करके मादक पदार्थ रैकेट का भंडाफोड़ किया था। ईडी ने हाल में केल्विन से भी पूछताछ की थी। इसके बाद मादक पदार्थ तस्करी से जुड़े कई मामले दर्ज किए गए और एक अमेरिकी नागरिक समेत करीब 20 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तार किया गया अमेरिकी नागरिक पूर्व में एरोस्पेस इंजीनियर था और नासा के साथ काम कर चुका था। इसके अलावा सात बीटेक डिग्री धारक भी इसमें शामिल थे। मादक पदार्थ रैकेट के सिलसिले में गिरफ्तार किए गए लोगों से पूछताछ के दौरान टॉलीवुड की कुछ हस्तियों के नाम सामने आए। जांचकर्ताओं को संदेह था कि गिरोह के ग्राहकों में फिल्मी हस्तियां, बहुराष्ट्रीय कंपनियों के कर्मचारी, स्कूल और कॉलेज के छात्र शामिल थे।



अमृतसर में बालीवुड अभिनेता व कांग्रेस नेता राज बब्बर और निर्देशक के.सी. बोकोडिया स्वर्ण मन्दिर में दर्शन करने पहुंचे

# संसद में सिर्फ राजनीति नहीं है, नीति भी है: मोदी

**भाषा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि संसद में सिर्फ राजनीति नहीं होती है, बल्कि नीति भी होती हैं। साथ ही उन्होंने कंटेंट (विषय वस्तु) को कनेक्ट (संपर्क) करार दिया और कहा कि यह बात जितनी मीडिया पर लागू होती है, उतनी ही संसदीय व्यवस्था पर भी लागू होती है।

प्रधानमंत्री ने लोकसभा टीवी और राज्यसभा टीवी को मिलाकर बनाए गए संसद टीवी की शुरुआत के मौके पर यह बात कही। उन्होंने उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति एम. वेंकैया नायडू और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के साथ संयुक्त रूप से संसद टीवी की शुरुआत की। अपने अनुभव का हवाला देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि मीडिया जगत में आम तौर पर कंटेट सर्वोपरि होता है लेकिन उनके मुताबिक कन्टेंट इज कनेक्ट।

उन्होंने कहा कि यानी, जब आपके पास बेहतर कन्टेंट होगा तो लोग खुद ही आपके साथ जुड़ते जाते हैं। ए बात जितनी मीडिया पर लागू होती है, उतनी ही हमारी संसदीय व्यवस्था पर भी लागू होती हैउ क्योंकि संसद में सिर्फ पॉलिटिक्स नहीं है, पॉलिसी भी है। वास्तव में पॉलिसी है।

संसद टीवी की शुरुआत को भारतीय संसदीय व्यवस्था में एक और महत्वपूर्ण अध्याय बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, आज देश को संसद टीवी के रूप में संचार और संवाद का एक ऐसा माध्यम मिल रहा है, जो देश के लोकतंत्र और जनप्रतिनिधियों की नई आवाज के रूप में काम करेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि तेजी से बदलते समय में मीडिया और टीवी चैनलों की भूमिका भी बहुत तेजी से बदल रही है तथा 21वीं सदी तो विशेष रूप से संचार और संवाद के जरिए क्रांति ला रही है। उन्होंने कहा, ऐसे में स्वाभाविक हो जाता है कि संसद से जुड़े चैनल भी




इन आधुनिक व्यवस्थाओं के हिसाब से खुद को बदलें। मुझे खुशी है कि संसद टीवी के तौर पर आज एक नई शुरुआत हो रही है। अपने नए अवतार में यह सोशल मीडिया और ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी रहेगा। इसका अपना एक एप भी होगा। अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि जब लोकतंत्र की बात होती है तो भारत की जिम्मेदारी कहीं ज्यादा बढ़ जाती है क्योंकि भारत लोकतंत्र की जननी है।

उन्होंने कहा कि भारत के लिए लोकतंत्र केवल एक व्यवस्था नहीं है बल्कि एक विचार है। भारत में लोकतंत्र सिर्फ संवैधानिक ढांचा ही नहीं है बल्कि एक भावना है। भारत में लोकतंत्र संविधान की धाराओं का संग्रह ही नहीं है, यह तो हमारी जीवनधारा है।

इसलिए अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस के दिन संसद टीवी का लॉन्च होना अपने आप में बहुत प्रासंगिक हो जाता है। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति ने संसद और विधानसभाओं में लोगों की आकांक्षाओं के अनुरूप सार्थक चर्चा पर बल देते हुए कहा कि शोरगुल और व्यवधान में जनता की आवाज नहीं दबनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि चर्चाओं में चिंताओं का विवरण, आशंकाओं का निवारण और विषयों की गहरी जानकारी परिलक्षित होनी चाहिए।

नायडू ने कहा कि विधायिकाओं में चर्चा से समस्याओं का समाधान निकलता है लेकिन व्यवधान सामूहिक ऊर्जा की बर्बादी करता है और नए भारत के निर्माण के काम को प्रभावित करता है। उन्होंने इस बात को रेखांकित किया कि भारत में मीडिया, खासकर टेलीविजन का विस्तार अद्भुत रहा है। नायडू ने कहा कि सोशल मीडिया और डिजिटल मीडिया के तेज विस्तार ने वास्तविक समय (रियल टाइम) में संवाद और सूचनाओं के आदान प्रदान में एक और आयाम जोड़ा है।

## एससीओ शिखर सम्मेलन में भारतीय प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई करेंगे मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ताजिकिस्तान की राजधानी दुशांबे में 17 सितंबर को होने वाली शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की वार्षिक शिखर बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का डिजिटल माध्यम से नेतृत्व करेंगे। विदेश मंत्री एस जयशंकर एससीओ बैठकों के लिए दुशांबे जाएंगे। एससीओ की बैठकों में अफगान संकट, इसके आंतरिक और बाहरी असर पर विस्तार से चर्चा होने की संभावना है। मामले की जानकारी रखने वाले लोगों ने यह बताया। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, एससीओ परिषद के सदस्य देशों के प्रमुखों की 21वीं बैठक हाइब्रिड प्रारूप में दुशांबे में 17 सितंबर को होगी। ताजिकिस्तान के राष्ट्रपति इमोमाली रहमान बैठक की अध्यक्षता करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे और वीडियो लिंक के जरिए शिखर सम्मेलन के पूर्ण सत्र को संबोधित करेंगे।

## केंद्र सरकार ने सांसद अर्जुन सिंह का सुरक्षा घेरा बढ़ाकर जेड श्रेणी का किया

**भाषा।** नई दिल्ली (कोलकाता)

**केंद्र** सरकार ने पश्चिम बंगाल से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद अर्जुन सिंह के घर पर हाल में बम फेंकने की घटनाओं के मद्देनजर उन्हें मिली सुरक्षा का स्तर बढ़ाकर जेड श्रेणी का कर दिया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। पश्चिम बंगाल की बैरकपुर सीट से लोकसभा सदस्य 59 वर्षीय सिंह के उत्तर 24 परगना जिले में स्थित आवास पर हाल में बम फेंके गए थे।

अधिकारियों ने बताया कि सिंह को वाई प्लस श्रेणी की सुरक्षा मिली हुई थी लेकिन हाल में उनके और उनके परिवार के सदस्यों के खिलाफ हिंसक घटनाओं को देखते हुए इसे बढ़ाकर जेड श्रेणी का कर दिया गया है। उनकी सुरक्षा का जिम्मा केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के सशस्त्र कमांडो संभालेंगे। सिंह के घर पर कुछ बदमाशों ने बम फेंके थे जिसके कुछ दिन बाद ही मंगलवार सुबह उनके घर के बाहर इस तरह के धमाके फिर हुए। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस उनकी हत्या कराने की कोशिश कर रही है।

# देश में कोविड-19 के 27,176 नए मामले

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत** में एक दिन में कोविड-19 के 27,176 नए मामले सामने आने के बाद देश में संक्रमितों की संख्या बढ़कर 3,33,16,755 हो गई। वहीं, 284 और लोगों की संक्रमण से मौत के बाद मृतक संख्या बढ़कर 4,43,497 हो गई। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से बुधवार सुबह आठ बजे जारी किए गए अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, देश में उपचाराधीन मरीजों की संख्या भी कम होकर 3,51,087 हो गई है, जो कुल मामलों का 1.05 प्रतिशत है। पिछले 24 घंटे में उपचाराधीन मरीजों की संख्या में कुल 11,120 कमी दर्ज की गई। मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर 97.62 प्रतिशत है।

आंकड़ों के अनुसार, देश में अभी तक कुल 54,60,55,796 नमूनों की कोविड-19 संबंधी जांच की गई है, जिनमें से 16,10,829 नमूनों की जांच मंगलवार को की गई। दैनिक संक्रमण दर 1.69 प्रतिशत है, जो पिछले 16 दिन से तीन प्रतिशत से कम बनी है। वहीं, साप्ताहिक संक्रमण दर दो प्रतिशत है, जो पिछले 82 दिन से तीन प्रतिशत से कम है। देश में अभी तक कुल 3,25,22,171 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं और कोविड-19 मृत्यु दर 1.33 प्रतिशत है। आंकड़ों के अनुसार, देश में अभी तक कोविड-19 रोधी टीकों की कुल 75.89 करोड़ खुराक दी जा चुकी हैं।

देश में पिछले साल सात अगस्त को संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त को 30 लाख और पांच सितंबर को 40 लाख से अधिक हो गई थी। वहीं, संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर को 50 लाख, 28 सितंबर को 60 लाख, 11 अक्टूबर को 70 लाख, 29 अक्टूबर को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख के पार चले गए। देश में 19 दिसंबर को ए मामले एक करोड़ के पार, चार मई को दो करोड़ के पार और 23 जून को तीन करोड़ के पार चले गए थे।

मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, देश में पिछले 24 घंटे में जिन 284 लोगों की संक्रमण से मौत हुई, उनमें से केरल के 129 और महाराष्ट्र के 52 लोग थे। देश में संक्रमण से अभी तक कुल 4,43,497 लोगों की संक्रमण से मौत हुई है, जिनमें से महाराष्ट्र 1,38,221, कर्नाटक के 37,529 , तमिलनाडु के 35,217, दिल्ली के 25,083, उत्तर प्रदेश के 22,884, केरल के 22,779 और पश्चिम बंगाल के 18,599 लोग थे। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि अभी तक जिन लोगों की मौत हुई है, उनमें से 70 प्रतिशत से ज्यादा मरीजों को अन्य बीमारियां भी थीं। मंत्रालय ने अपनी वेबसाइट पर बताया कि उसके आंकड़ों का भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के आंकड़ों के साथ मिलान किया जा रहा है।

# जावेद ने फिर की तालिबान व आरएसएस की तुलना

**भाषा।** मुंबई

**जाने**-माने पटकथा लेखक एवं गीतकार जावेद अख्तर ने कहा है कि वह मुस्लिम पुरातनपंथियों के उतना ही विरोधी हैं जितना वह हिंदू चरमपंथियों के हैं। उन्होंने कहा कि अपनी इसी मुखरता के कारण उन्हें मुसलमानों से जान से मारने तक की धमकियां मिल चुकी हैं। जावेद अख्तर ने अपने उस हालिया साक्षात्कार का बचाव किया जिसमें उन्होंने तालिबान और हिंदू चरमपंथियों के बीच तुलना की थी। उन्होंने कहा कि हिंदू दुनिया में सबसे सभ्य और सहिष्णु लोग हैं, लेकिन जहां अफगानिस्तान में तालिबान को खुली छुट हासिल है, भारत में धर्मनिरपेक्षता उसके संविधान और



अदालतों द्वारा संरक्षित है। उन्होंने यह विचार को जारी एक बयान में व्यक्त किए। उनहोंने हाल ही में एक टेलीविजन चैनल से कहा था कि तालिबान बर्बर हैं, वहीं भारत में हिंदू दक्षिणपंथी संगठनों का समर्थन करने वाले भी उसी तरह हैं। उन्होंने ईमेल किए गए बयान में कहा, भारत कभी भी अफगानिस्तान जैसा नहीं बन सकता क्योंकि भारतीय, स्वभाव से

### ●कहा, मुस्लिम पुरातनपंथियों और हिंदू चरमपंथियों का विरोधी हूं

चरमपंथी नहीं हैं, उदारवादी होना उनके डीएनए में है। उन्होंने कहा कि हां, इस साक्षात्कार में मैंने संघ परिवार से जुड़े संगठनों के खिलाफ अपनी आपत्ति व्यक्त की थी। मैं ऐसे किसी भी विचारधारा का विरोध करता हूं जो लोगों को धर्म, जाति और पंथ के आधार पर बांटता है और मैं उन सभी लोगों के साथ खड़ा हूं जो इस तरह के किसी भी भेदभाव के खिलाफ हैं। जाने माने पटकथा लेखक और गीतकार अख्तर ने कहा कि वह तालिबान और हिंदू दक्षिणपंथ की मानसिकता के बीच कई समानताएं पाते हैं। अख्तर ने कहा कि मेरे आलोचक भी इस बात से नाराज हैं कि मैं तालिबान और हिंदू दक्षिणपंथी मानसिकता के बीच बहुत सी समानताएं देखता हूं। वास्तव में, बहुत समानताएं हैं। तालिबान धर्म के आधार पर एक इस्लामी सरकार बना रहा है, हिंदू दक्षिणपंथी एक हिंदू राष्ट्र चाहते हैं। उन्होंने कहा कि तालिबान महिलाओं के अधिकारों पर अंकुश लगाना चाहता है और उन्हें हाशिए पर रखना चाहता है, हिंदू दक्षिणपंथी ने भी यह स्पष्ट कर दिया है कि उसे महिलाओं और लड़कियों की स्वतंत्रता पसंद नहीं है। उत्तर प्रदेश, गुजरात से लेकर कर्नाटक तक एक रेस्तरां या बगीचे या किसी सार्वजनिक स्थान पर एक साथ बैठने पर युवक-युवतियों को बेरहमी से पीटा गया है।

## आतंकवाद के शिकार कश्मीरी पंडितों की याद में स्मारक की नींव रखी गई

**भाषा।** जम्मू

**कश्मीरी पंडितों** के एक समूह ने अपने समुदाय के उन सदस्यों की याद में यहां तवी नदी के तट पर एक स्मारक की आधारशिला रखी है जो पिछले तीन दशक के दौरान जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के शिकार बने। उन्होंने कहा कि सेना के युद्ध स्मारक की तरह बनने वाला ैशहीद स्मारकै जम्मू में सबसे बड़ा नागरिक स्मारक होगा। माता भद्रकाली स्थापन ट्रस्ट के अध्यक्ष दिलीप पंडित ने यहां संवाददाताओं से कहा कि पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के कारण घाटी से कश्मीरी हिंदुओं के पलायन के 31 साल पूरे होने पर माता भद्रकाली ट्रस्ट ने 1990 से आतंकवादियों द्वारा मारे गए कश्मीरी पंडितों की याद में पहले ऐसे स्मारक की नींव रखी है। उन्होंने कहा कि मंगलवार को नींव रखे जाने के साथ ही परियोजना पर काम शुरू कर दिया गया है। परियोजना के प्रभारी राज कुमार ने बताया कि यह तवी नदी के तट पर थलवाल में तीन एकड़ भूमि पर बन रहा है और स्मारक में मृतकों के नाम और तारीख का जिक्र किया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्मारक में समुदाय के उन सदस्यों के भी नाम होगे जो 1947 में पहले भारत-पाकिस्तान युद्ध के बाद से मारे गए थे।कुमार ने कहा कि इसमें प्राचीन पांडुलिपियों और पुस्तकों, चित्रों सहित साहित्यिक विरासत को संरक्षित करने के लिए एक संग्रहालय और पुस्तकालय भी होगा। यह प्राचीन कश्मीर और इसकी धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए एक मंच के रूप में भी काम करेगा। भाजपा के पूर्व विधायक अजय भारती ने कहा, ैयह कश्मीरी हिंदुओं का राजघाट होगा... यह एक साल के रिकॉर्ड समय में तैयार होगा। कश्मीर में इस्लामी आतंकवाद के चलते लाखों हिन्दुओं को अपना घर छोड़ कर वहां से पलायन करना पड़ा था और आज तक ये अपने घरों को वापस नहीं जा सके हैं। अनुच्छेद 370 हटने के बाद भी इनकी उम्मीद पूरी होती नहीं दिख रही है।

# पंजीकरण के लिए 736 अफगानों के नाम दर्ज

**भाषा।** नई दिल्ली

**संयुक्त** राष्ट्र की शरणार्थी एजेंसी यूएनएचसीआर ने यहां कहा कि एक अगस्त से 11 सितंबर तक कुल 736 अफगान नागरिकों के नाम नए पंजीकरण के लिए दर्ज किए गए। एजेंसी ने साथ ही कहा कि वह भारत में अफगान नागरिकों के पंजीकरण और सहायता के बढ़ते अनुरोधों को पूरा करने के लिए अपनी क्षमता बढ़ा रही है।

संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी ने कहा कि वह वीजा जारी करने और अवधि बढ़ाने, सहायता और समाधान सहित अफगान नागरिकों से संबंधित मामलों पर सरकार के साथ लगातार सम्पर्क में है। आंकड़ों के अनुसार भारत में यूएनएचसीआर के लिए पर्सन्स ऑफ कन्सर्न की कुल संख्या 43,157 है। इनमें 15,559 शरणार्थी और शरण के इच्छुक लोग अफगानिस्तान के हैं। यूएनएचसीआर के लिए पर्सन्स ऑफ कन्सर्न का मतलब ऐसे व्यक्तियों से है जिन्हें

### ●24 घंटे सवालों के जवाब देने के निए अतिरिक्त हेल्पलाइन की स्थापना

एजेंसी आंतरिक रूप से विस्थापित, शरण मांगने वाला, या बिना देश वाला व्यक्ति मानती है।संयुक्त राष्ट्र निकाय ने एक बयान में कहा, एक अगस्त से 11 सितंबर तक यूएनएचसीआर द्वारा नए पंजीकरण के लिए 736 अफगानों के नाम दर्ज किए गए हैं।

जिन लोगों ने यूएनएचसीआर से संपर्क किया है, उनमें वे अफगान शामिल हैं जो 2021 में आए हैं, जो पहले से बंद, शरण के मामलों को फिर से खोलने की मांग कर रहे हैं, छात्र, व्यवसाई, या चिकित्सीय या अन्य प्रकार के वीजा पर रह रहे हैं और जो अफगानिस्तान में वर्तमान स्थिति के कारण वापस जाने में असमर्थ हैं।

यूएनएचसीआर ने कहा कि वह भारत में अफगानों के पंजीकरण और सहायता के बढ़ते अनुरोधों को पूरा करने के लिए अपनी क्षमता बढ़ा रहा है। संयुक्त राष्ट्र निकाय ने कहा, यूएनएचसीआर अफगानिस्तान से आ रहे नए लोगों के वास्ते असुरक्षितों के लिए मानवीय सहायता कार्यक्रम का दायरा बढ़ा रहा है। अफगानिस्तान से आ रहे सबसे असुरक्षित नए लोगों और भारत में पहले से रह रहे लोगों को भोजन, नकद आधारित सहायता जैसी मूलभूत सुविधाएं प्रदान की जा रही है। यूएनएचसीआर ने कहा कि उसने एक अफगानिस्तान आपातकालीन प्रकोष्ठ और अफगान लोगों के लिए एक समर्पित सहायता इकाई भी स्थापित की है जिसमें पंजीकरण और सहायता के बारे में व्यापक जानकारी उपलब्ध है।

इसमें कहा गया है, 24 घंटे सवालों के जवाब देने के लिए अतिरिक्त हेल्पलाइन स्थापना की गई हैं और अफगान समुदायों के साथ सीधे जुड़ाव बढ़ाया गया है। प्रतिदिन 130 से अधिक कॉल प्राप्त होती हैं, मुख्य रूप से सहायता और पंजीकरण के बारे में पूछताछ की जाती है। यूएनएचसीआर ने कहा कि वह अपने साझेदारों, संयुक्त राष्ट्र की एजेंसियों और वृहद दानकर्ता समुदाय से और सहायता की अपील कर रहा है ताकि भारत में रह रहे अफगानों की मदद के लिए बढ़ती जरूरतों और सहायता को पूरा किया जा सके ।

एजेंसी ने कहा कि तत्काल छह हजार लोगों को भोजन संबंधी सहायता, तीन हजार महिलाओं और लड़कियों को सैनिटरी वस्तुओं की सहायता, 500 अति असुरक्षित लोगों को नकद सहायता और करीब 1000 अति असुरक्षित लोगों को सर्दियों में रहने के लिए सहायता की जरूरत है। तालिबान ने इस महीने पूरे अफगानिस्तान पर नियंत्रण कर लिया। भारत ने सरकार के ऑपरेशन देवी शक्ति के तहत भारतीय वायुसेना के सैन्य परिवहन विमानों के जरिए लोगों को निकाला है।



नई दिल्ली में महिला कांग्रेस के 38वें स्थापना दिवस कार्यक्रम में शिरकत करते राहुल गांधी

## गगनयान को 2023 में अंतरिक्ष में भेजे जाने की संभावना

**नई दिल्ली।** भारत के गगनयान अभियान को 2022 तक या 2023 की शुरूआत में अंतरिक्ष में भेजे जाने की संभावना है। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने बुधवार को यह जानकारी दी।

यह अभियान मूल रूप से 2022 के अंत तक भेजे जाने का कार्यक्रम था, लेकिन कोरोना वायरस महामारी के चलते इसमें देर हुई। इसका लक्ष्य पृथ्वी की निचली कक्षा में मानव युक्त अभियान (अंतरिक्ष यात्री) भेजना है। उन्होंने कहा कि हम इसे असल में 2022 तक कर सकते हैं। हमने भारत की स्वतंत्रता की 75 वीं वर्षगांठ के साथ इसे करने की योजना बनाई थी, लेकिन कोविड-19 के कारण इसमें देर होने से ऐसा नहीं हो सकेगा।

मंत्री ने कहा कि लेकिन मैं आश्वस्त हूं कि अगले साल के अंत तक या 2023 की शुरूआत में, हम इसे बखूबी कर सकेंगे। अंतरिक्ष विभाग में राज्य मंत्री ने फ्यूचर ऑफ इंडिया-ओसियानिया स्पेस टेक्नोलॉजी पार्टनरशिप पर आयोजित एक वेबिनार को संबोधित करते हुए यह कहा। इसका आयोजन यहां फेडरेशन ऑफ इंडिया चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स ऐंड इंडस्ट्री (फिक्की) ने किया था। उन्होंने कहा कि अंतरिक्षण प्रौद्योगिकी ने हर क्षेत्र में भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि यह आपदा प्रबंधन में मददगार है।



कटरा में माता वैष्णो देवी मंदिर में दर्शन करने जातीं अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी

# वैज्ञानिकों ने ओडिशा के काले बाघों के रहस्य से उठाया पर्दा

**भाषा।** नई दिल्ली

**ओडिशा** के सिमलिपाल में काले बाघों के पीछे के रहस्य से पर्दा उठ सकता है। अनुसंधानकर्ताओं ने एक जीन में ऐसे परिवर्तन की पहचान की है जिससे उनके शरीर पर विशिष्ट धारियां चौड़ी हो जाती हैं और पीले रंग की खाल तक फैल जाती है जिससे कई बार वे पूरी तरह काले नजर आते हैं। सदियों से पौराणिक माने जाने वाले काले बाघ लंबे समय से आकर्षण का केंद्र रहे हैं। राष्ट्रीय जीव विज्ञान केंद्र में परिस्थिति वैज्ञानिक उमा रामकृष्णन और उनके छात्र विनय सागर, बेंगलूरू ने बाघ की खाल के रंगों और प्रवृत्तियों का पता लगाया है जिससे ट्रांसमेम्ब्रेन एमिनोपेप्टाइड्स क्यू (टैक्पेप) नामक जीन में एक परिवर्तन से बाघ काला नजर आता है। एनसीबीएस में प्रोफेसर रामकृष्णन ने पीटीआई-भाषा को बताया, इस फेनोटाइप के लिए जीन के आधार का पता लगाने का यह हमारा पहला और इकलौता अध्ययन है। चूंकि फेनोटाइप के बारे में पहले भी बात की गई और लिखा गया है तो यह पहली बार है जब उसके जीन के आधार की वैज्ञानिक रूप से जांच की गई है। अनुसंधानकर्ताओं ने यह दिखाने के लिए भारत की अन्य बाघ आबादी की जीन का विश्लेषण और कम्प्यूटर अनुरूपण के आंकड़े एकत्रित किए कि सिमलीपाल के काले बाघ बाघों की बहुत कम आबादी से बढ़ सकते हैं और जन्मजात होते हैं।

## मुंबई : बार्क के वैज्ञानिक ने परिसर में फंदे से लटककर आत्महत्या की

**मुंबई।** मुंबई के मानखुर्द में भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र के एक वैज्ञानिक ने परिसर के अंदर हीलियम संयंत्र में फंदे से लटककर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। ट्रॉम्बे पुलिस थाना के एक अधिकारी ने बताया कि तकनीकी भौतिकी विभाग के वैज्ञानिक अधिकारी जी चम्पालाल प्रजापति (44) ने शुक्रवार को आत्महत्या कर ली।

अधिकारी ने बताया कि वह राजस्थान के सुजानगढ़ के रहने वाले थे और सुपरकंडक्टर्स में विशेषज्ञता रखते थे। घटना के दिन उनकी पत्नी ने समय से घर नहीं पहुंचने पर उनके सहयोगियों को फोन किया, जिन्होंने कुछ समय बाद वैज्ञानिक को फंदे से लटका पाया।

# न्यायाधिकरणों में पसंदीदा लोगों की नियुक्तियों पर सुप्रीम कोर्ट नाखुश

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**उच्चतम न्यायालय** ने देश भर के न्यायाधिकरणों में रिक्त पद नहीं भरे जाने पर बुधवार को नाराजगी व्यक्त की और कहा कि जिस तरह से नियुक्तियां की गई हैं, वे अपनी पसंद के लोगों का चयन किए जाने का स्पष्ट संकेत देती हैं। न्यायालय ने केंद्र को दो सप्ताह के भीतर उन न्यायाधिकरणों में नियुक्तियां करने का निर्देश दिया है, जहां पीठासीन अधिकारियों के साथ- साथ न्यायिक एवं तकनीकी सदस्यों की भारी कमी है। न्यायालय ने केंद्र से यह भी कहा कि यदि अनुशंसित सूची में शामिल व्यक्तियों को नियुक्त नहीं किया जाता है, तो वह इसका कारण बताए। प्रधान न्यायाधीश एन वी रमण, न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति एल नागेश्वर राव की पीठ ने कहा कि न्यायाधिकरणों में रिक्तियों के कारण स्थिति दयनीय है और वादियों को अधर में नहीं छोड़ा जा सकता। पीठ ने अटॉर्नी जनरल के के वेणुगोपाल से कहा, जारी किए गए नियुक्ति पत्र इस ओर स्पष्ट इशारा करते हैं कि उन्होंने चयन सूची से अपनी पसंद से तीन लोगों और प्रतीक्षा सूची से अन्य लोगों को चुना तथा चयन सूची में अन्य नामों को नजरअंदाज किया। सेवा कानून में आप चयन सूची को नजरअंदाज करके प्रतीक्षा सूची से नियुक्ति नहीं कर सकते।

# सेंसेक्स, निफ्टी का नया रिकॉर्ड

## दूरसंचार, वाहन कंपनियों के शेयरों में जबर्दस्त लिवाली

**भाषा।** मुंबई

**दूरसंचार और** वाहन कंपनियों के शेयरों में जबर्दस्त लिवाली के बीच बुधवार को सेंसेक्स 476 अंक की छलांग के साथ अपने नए सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। सरकार ने दूरसंचार और वाहन उद्योग के लिए राहत पैकेज की घोषणा की है जिससे इन क्षेत्रों की कंपनियों में निवेशकों ने जमकर खरीदारी की। कारोबारियों ने कहा कि इसके अलावा रुपए में मजबूती तथा विदेशी कोषों के सतत प्रवाह से भी बाजार धारणा मजबूत हुई।

बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 476.11 अंक यानी 0.82 प्रतिशत के लाभ के साथ 58,723.20 अंक पर बंद हुआ। यह इसका नया रिकॉर्ड है। दिन में कारोबार के दौरान सेंसेक्स ने 58,777.06 अंक के अपने नए सर्वकालिक उच्चस्तर को भी छुआ। सेंसेक्स में लगातार दूसरे दिन तेजी आई। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 139.45 अंक या 0.80 प्रतिशत की बढ़त के साथ 17,519.45 अंक पर पहुंच गया। निफ्टी का भी यह नया रिकॉर्ड है। दिन में कारोबार के दौरान निफ्टी 17,532.70 अंक के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर तक गया। सेंसेक्स की कंपनियों में एनटीपीसी का शेयर सबसे अधिक 7.16 प्रतिशत चढ़ गया। भारती एयरटेल के शेयर में 4.53 प्रतिशत का लाभ रहा। एचसीएल टेक, टाइटन, एसबीआई, पावरग्रिड, टीसीएस इंडसइंड बैंक के शेयर भी लाभ में रहे। वहीं दूसरी ओर एक्सिस बैंक, एशियन पेंट्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, नेस्ले इंडिया, सनफार्मा और एचडीएफसी बैंक के शेयर 0.38 प्रतिशत तक टूट गए। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को दूरसंचार क्षेत्र के लिए राहत पैकेज को मंजूरी दी। इसके तहत दूरसंचार कंपनियों पर सांविधिक बकाए के भुगतान की चार साल की छूट दी गई है। इसके अलावा क्षेत्र में स्वत: मंजूर मार्ग से 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की अनुमति दी गई है। साथ ही मंत्रिमंडल ने वाहन, वाहन कलपुर्जा क्षेत्र और ड्रोन उद्योग के लिए 26,058 करोड़ रुपए की उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना को भी मंजूरी दी है। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा, दूरसंचार और वाहन उद्योग के लिए जिन उपायों की घोषणा की गई है उनका व्यापक लाभ मिलेगा। दूरसंचार क्षेत्र को एजीआर, स्पेक्ट्रम बकाया और ब्याज भुगतान के लिए चार साल की मोहलत दी गई है। इससे नकदी संकट से जूझ रहे क्षेत्र को काफी राहत मिलेगी। यह बैंकों की दृष्टि से भी सकारात्मक है। बैंकों का भी इन कंपनियों को ऋण में उल्लेखनीय कमी आएगी। बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप 0.86 प्रतिशत तक चढ़ गए। अन्य एशियाई बाजारों में चीन के शंघाई कम्पोजिट, जापान के निक्की तथा हांगकांग के हैंगसेंग में नुकसान रहा। वहीं दक्षिण कोरिया का कॉस्पी लाभ में रहा। दोपहर के कारोबार में यूरोपीय बाजारों में मिलाजुला रुख था। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय बेंचमार्क ब्रेंट कच्चा तेल 1.05 प्रतिशत की बढ़त के साथ 74.37 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 18 पैसे की बढ़त के साथ 73.50 प्रति डॉलर पर बंद हुआ।

बीएसई सेंसेक्स सितंबर 2021 15

58,723.20




| टॉप गेनर | % | टॉप लूजर | % |
|---|---|---|---|
| एनटीपीसी | 7.16 | ऐक्सिस बैंक | -0.38 |
| भारती एयरटेल | 4.53 | एशियन पेन्ट्स | -0.31 |
| एचसीएल टेक | 2.86 | अल्ट्रा टेक सीमेंट | 0.27 |
| टाइटन | 2.83 | नेस्ले | -0.16 |
| स्टेट बैंक | 2.49 | सन फार्मा | -0.15 |

पीटीआई ग्राफिक

एनएसई निफ्टी सितंबर 2021 15

17,519.45




| टॉप गेनर | % | टॉप लूजर | % |
|---|---|---|---|
| एनटीपीसी | 7.46 | Tata Consumer | -0.95 |
| भारती एयरटेल | 4.80 | नेस्ले | -0.55 |
| कोल इंडिया | 3.98 | ग्रासिम | -0.49 |
| ओएनजीसी | 3.87 | बीपीसीएल | -0.38 |
| टाइटन | 3.03 | एशियन पेन्ट्स | -0.37 |

## एनसीएलएटी के कार्यकारी अध्यक्ष की जल्दबाजी में नियुक्ति पर नाखुशी जताई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को राष्ट्रीय कंपनी कानून अपीलीय न्यायाधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में न्यायमूर्ति एम वेणुगोपाल की नियुक्ति में जल्दबाजी पर नाराजगी जताई। प्रधान न्यायाधीश एन वी रमना की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि बृहस्पतिवार को इस मुद्दे पर सुनवाई होगी और अटॉर्नी जनरल के के वेणुगोपाल से इस मुद्दे पर जवाब देने के लिए भी कहा। पीठ में न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति एल नागेश्वर राव भी शामिल हैं। पीठ ने वेणुगोपाल से कहा, हम आपको कल पेश होने के लिए पहले से बता रहे हैं, यह मामला एनसीएलएटी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति चीमा की समयपूर्व सेवानिवृत्ति के बारे में है। ऐसा लगता है कि उन्हें हटा दिया गया है। इसमें कहा गया है कि एनसीएलएटी के अध्यक्ष श्री चीमा की सेवानिवृत्ति से 10 दिन पहले श्री वेणुगोपाल को नियुक्त किया गया। हमें नहीं पता कि यह कैसे हो रहा है। केंद्र ने शनिवार को राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण में आठ न्यायिक सदस्यों और 10 तकनीकी सदस्यों की नियुक्ति के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी।

## पिछली तारीख से कराधान खत्म करने से सरकार और उद्योग के बीच भरोसा बढ़ा: राजनाथ सिंह

**भाषा।** नई दिल्ली



**रक्षा मंत्री** राजनाथ सिंह ने बुधवार को कहा कि पिछली तारीख से कराधान व्यवस्था को खत्म करने के बाद सरकार और उद्योग के बीच भरोसा बढ़ा है। एक प्रमुख उद्योग मंडल द्वारा आयोजित भारत-अमेरिका आर्थिक शिखर सम्मेलन को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए संबोधित करते हुए सिंह ने आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार द्वारा लिए गए कई फैसलों का जिक्र किया और कहा कि वैश्विक निवेशकों का अब भारत में लालफीताशाही की जगह लाल कालीन से स्वागत हो रहा है। उन्होंने कहा, हमने प्रगतिशील और निवेशकों के अनुकूल कर नीतियां तैयार की हैं। हमने पिछली तारीख से कराधान को विदा कर दिया है। सिंह ने कहा, पिछली तारीख से कराधान को खत्म करने के बाद सरकार और उद्योग के बीच भरोसा बढ़ा है। ऐसा करके हमने पिछली सरकार (संप्रग) की गलती को सुधारा है। उन्होंने कहा कि सरकार इस पूरे दशक में गतिशील वृद्धि की तैयारी कर रही है और अमेरिकी तथा भारतीय रक्षा फर्मों के बीच सैन्य उपकरणों के साझा-उत्पादन और साझा-विकास की बहुत गुंजाइश है। रक्षा मंत्री ने कहा, कोरोना वायरस महामारी ने आपूर्ति श्रृंखलाओं में व्यवधान, औद्योगिक गतिविधियों में मंदी, यात्रा और पर्यटन उद्योग में नकारात्मक वृद्धि के मामले में नई चुनौतियां पेश की हैं और इसमें कोई संदेह नहीं है कि सामान्य स्थिति को बहाल करने और आगे का सफर तय करने में भारत-अमेरिका सहयोग की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। भारत-अमेरिका चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा आयोजित शिखर सम्मेलन में प्रमुख अमेरिकी रक्षा कंपनियों के कई शीर्ष अधिकारियों ने भाग लिया।

## एप्पल 24 सितंबर से भारत में आईफोन 13 की पेशकश करेगी, कीमत 69,900 रुपए से शुरू

**नई दिल्ली।** भारत में प्रीमियम मोबाइल फोन एप्पल के दीवाने 24 सितंबर से आईफोन 13, आईफोन 13 मिनी, आईफोन 13 प्रो और आईफोन 13 प्रो मैक्स हासिल कर सकेंगे, जिनकी शुरुआती कीमत 69,900 रुपए से शुरू है। एप्पल ने एक बयान में कहा, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, चीन, जर्मनी, भारत, जापान, ब्रिटेन, अमेरिका और 30 से अधिक अन्य देशों तथा क्षेत्रों के ग्राहक आईफोन 13 प्रो और आईफोन 13 प्रो मैक्स का प्री-ऑर्डर दे सकते हैं, जिसकी आपूर्ति 24 सितंबर शुक्रवार से शुरू होगी। एप्पल ने कहा कि ग्राहक आईफोन 13 प्रो को।,19,900 रुपए (से लेकर) में और आईफोन 13 प्रो मैक्स को।,29,900 रुपए (से लेकर) में ऐपल के ऑनलाइन स्टोर से खरीद सकते हैं। आईफोन 13 की कीमत 79,900 रुपए और आईफोन 13 मिनी की कीमत 69,900 रुपए है।

## अगस्त में खाद्य तेलों का आयात 22 प्रतिशत घटकर 10.16 लाख टन हुआ

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत का** खाद्य तेल आयात अगस्त में 22 प्रतिशत घटकर 10,16,370 टन रह गया। आयात घटने का मुख्य कारण इस साल जून-जुलाई में हुए अधिक स्टॉक के बचे अधिशेष स्टॉक के साथ-साथ खाद्यतेलों की खुदरा कीमतों में उछाल के कारण उपभोक्ता मांग का कम होना था। सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसईए) ने एक बयान में कहा कि अखाद्य तेल का आयात भी अगस्त में घटकर 37,440 टन रह गया, जो पिछले साल इसी महीने में 62,052 टन का हुआ था।

अगस्त, 2021 के दौरान वनस्पति तेलों (खाद्य और अखाद्य तेलों) का आयात 10,53,810 टन रहा, जो पिछले साल इसी महीने में 13,70,457 टन था, जो 23 प्रतिशत की गिरावट को दर्शाता है। संपर्क करने पर, एसईए के कार्यकारी निदेशक बी वी मेहता ने कहा, जून और जुलाई में अधिक आयात के कारण अगस्त में आयात में गिरावट आई है। अतिरिक्त स्टॉक की खपत हो गई है। इसके अलावा खाद्य तेलों की ऊंची कीमतों के कारण मांग में कमी आई है। अक्टूबर को समाप्त होने वाले तेल विपणन वर्ष 2020-21 के पहले 10 महीनों के दौरान खाद्य तेल का आयात पिछले वर्ष की इसी अवधि में 109,06,259 टन से गिरकर 103,86,517 टन रह गया। अखाद्य तेल का आयात 2,89,631 टन से बढ़कर 3,21,929 टन हो गया। नवंबर, 2020 से अगस्त, 2021 के दौरान वनस्पति तेलों (खाद्य और अखाद्य तेल दोनों शामिल) का कुल आयात।,07,08,446 टन रहा, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में।,11,95,890 टन के कुल आयात से चार प्रतिशत कम है।



पश्चिम बंगाल में मालदा जिले के गाजोल में 'दुआरे राशन' सरकारी योजना के तहत राशन लेते लाभार्थी

## क्विक न्यूज

### वित्त मंत्रालय का आईबीए से अर्थव्यवस्था के पुनरुत्थान में अहम भूमिका निभाने का आह्वान

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने बुधवार को भारतीय बैंक संघ (आईबीए) से भारत की आजादी के 75वें वर्ष में अर्थव्यवस्था के पुनरुत्थान में अहम भूमिका निभाने का आह्वान किया। वित्तीय सेवा सचिव देवाशीष पांडा ने कहा, इस समय मै आईबीए के अध्यक्ष से पूंजीकरण के लिए अच्छे सक्षम संसाधनों और प्रौद्योगिकी को अपनाने की अपील करूंगा। आईबीए केवल एक संघ नही होना चाहिए जो रिजर्व बैंक के पास बैंकिंग से जुड़े मुद्दे भेजता है, बल्कि उसे वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए आर्थिक सुधारों के साथ एकीकरण की भी कोशिश करनी चाहिए। सचिव ने आईबीए के दिल्ली कार्यालय का उद्घाटन करते हुए सुझाव दिया कि वह मध्यम प्रबंधन वाले बैंकिंग पेशेवरों को प्रशिक्षण और कौशल प्रदान करने पर भी विचार कर सकता है ताकि बैंकों का एक ही काम से जुड़ा बोझ कम किया जा सके। उन्होंने कहा, आईबीए की अनुसंधान और बैंकिंग से जुड़े प्रमुख मुद्दों के लिहाज से एक अहम भूमिका है और उसे भारत की आजादी के 75वें वर्ष में अर्थव्यवस्था के पुनरुत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है।

### 2021-22 की पहली तिमाही में घरेलू ऋण घटकर 34 प्रतिशत रह सकता है: एसबीआई रिपोर्ट

**मुंबई।** भारतीय स्टेट बैंक की शोध रिपोर्ट इकोरैप के एक अनुमान के मुताबिक 2021-22 की पहली तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के प्रतिशत के रूप में घरेलू ऋण घटकर 34 प्रतिशत रह सकता है। कोविड-19 महामारी के चलते घरेलू ऋण - जीडीपी दर अनुपात बढ़ गया है। बुधवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार यह 2020-21 में तेजी से बढ़कर 37.3 प्रतिशत हो गया, जो 2019-20 में 32.5 प्रतिशत था। शोध रिपोर्ट में कहा गया है, हमारा अनुमान है कि वित्त वर्ष 2021-22 की पहली तिमाही में जीडीपी के प्रतिशत के रूप में घरेलू ऋण पहली तिमाही में घटकर 34 प्रतिशत रह गया है, हालांकि निरपेक्ष रूप से यह बढ़ा है। रिपोर्ट के मुताबिक निरपेक्ष रूप से वित्त वर्ष 2021-22 की पहली तिमाही में घरेलू ऋण बढ़कर 75 लाख करोड़ रुपए हो गया, जो 2020-21 की पहली तिमाही में 73.59 लाख करोड़ रुपए था। हाल में 2018 के लिए जारी भारत ऋण और निवेश सर्वेक्षण (एआईडीआईएस) रिपोर्ट में कहा गया कि 2012 से 2018 के बीच ग्रामीण और शहरी परिवारों का कर्ज बढ़ा।

### मंत्रिमंडल ने दूरसंचार क्षेत्र में बड़े सुधारों को मंजूरी दी, 100 प्रतिशत एफडीआई की अनुमति

**नई दिल्ली।** सरकार ने बुधवार को दूरसंचार क्षेत्र में बड़े सुधारों की घोषणा की। इसके तहत दूरसंचार क्षेत्र के लिए राहत पैकेज को मंजूरी देने के साथ स्वतः मंजूर मार्ग से 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की अनुमति दी गई है। राहत पैकेज में दूरसंचार कंपनियों के ऊपर सांविधिक बकाए के भुगतान पर चार साल के लिए रोक यानी मोहलत दी गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक के बाद निर्णय की जानकारी देते हुए दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि दूरसंचार क्षेत्र के लिए नौ संरचनात्मक सुधारों को मंजूरी दी गई है। सकल समायोजित राजस्व (एजीआर) की परिभाषा को युक्तिसंगत बनाते हुए इसमें से दूरसंचार क्षेत्र से इतर होने वाली आय को हटा दिया गया है। दूरसंचार क्षेत्र में दबाव का एक प्रमुख कारण एजीआर का मुद्दा था। मंत्री ने कहा कि मंत्रिमंडल ने स्वतः मंजूर मार्ग से 100 प्रतिशत एफडीआई की भी अनुमति दी हैं।

### मास्टरकार्ड प्रतिबंध: आरबीएल बैंक ने वीजा के साथ क्रेडिट कार्ड जारी करना शुरू किया

**मुंबई।** अमेरिकी भुगतान कंपनी मास्टरकार्ड पर नियामक प्रतिबंध लगने के दो महीने बाद निजी क्षेत्र के ऋणदाता आरबीएल बैंक ने बुधवार को प्रतिद्वंद्वी वीजा के भुगतान नेटवर्क पर क्रेडिट कार्ड जारी करना फिर से शुरू कर दिया। भारतीय रिजर्व बैंक ने इस साल 14 जुलाई को डेटा स्थानीयकरण संबंधी आवश्यकताओं का पालन नही करने पर मास्टरकार्ड को कोई भी नया कार्ड जारी करने से प्रतिबंधित कर दिया था। इस कदम से आरबीएल बैंक सहित कई उधारदाताओं को झटका लगा था, जो अपने क्रेडिट कार्ड व्यवसाय के लिए पूरी तरह से अमेरिकी भुगतान कंपनी पर निर्भर थे। आरबीएल बैंक ने कहा कि उसने 14 जुलाई को ही वीज़ा के साथ साझेदारी की थी और फिर से नए कार्ड जारी करने के लिए रिकॉर्ड समय में प्रौद्योगिकी एकीकरण किया। बैंक ने वित्त वर्ष 2021-22 में 12-14 लाख क्रेडिट कार्ड जारी करने के अपने लक्ष्य को पूरा करने का भरोसा जताया।

## मुसलमानों का वोट चाहने वालों को अब्बा जान शब्द से परहेज क्यों: योगी

**भाषा।** लखनऊ



**उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि अब्बा जान कोई असंसदीय शब्द नहीं है और मुस्लिम वोट की चाहत रखने वाले लोगों को आखिर इस शब्द से परहेज क्यों है।मुख्यमंत्री ने एक निजी समाचार चैनल के कार्यक्रम में अब्बा जान शब्द के इस्तेमाल पर समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव की आपत्ति के बारे में पूछे जाने पर कहा , मैंने किसी का नाम नहीं लिया। उन्हें मुस्लिम वोट तो चाहिए पर इस शब्द से परहेज क्यों है।

क्या यह असंसदीय शब्द है? नहीं ऐसा बिल्कुल नहीं है और किसी को भी इससे कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए।इस सवाल पर कि आखिर अब्बा जान कहकर वह क्या संदेश देना चाहते हैं, योगी ने कहा, संदेश बहुत स्पष्ट है और लोग समझ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, जब अखिलेश सत्ता में थे तब उनके पास समय नहीं था। वह पूर्वान्ह 11 बजे सोकर उठते थे और दो घंटे बाद नहाते थे। दोपहर का भोजन करने के बाद 10 मिनट के लिए दफ्तर जाते थे और अपने दोस्तों के साथ व्यस्त रहते थे। ऐसी हालत में वह उत्तर प्रदेश के 22-24 करोड़ लोगों की अगुवाई नहीं कर सकते थे। अयोध्या में विकास के नाम पर गरीबों के घरों पर बुलडोजर चलवाने के अखिलेश के आरोपों का जवाब देते हुए योगी ने कहा कि उनकी सरकार ने किसी भी गरीब के घर पर बुलडोजर नहीं चलवाया है, दरअसल जिन लोगों ने भ्रष्टाचार और अतिक्रमण करके धन कमाया, उनके खिलाफ यह सरकार कार्वाई कर रही है ऐसे में, दर्द उन्हीं को हो रहा है जिनके राज में गुंडे और माफिया शासन करते थे।

पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के बारे में पूछे जाने पर मुख्यमंत्री ने कहा, इसके निर्माण की लागत 11800 करोड रुपए थी जबकि अखिलेश की सरकार में इसकी लागत 15200 रुपए बताई गई थी। आखिर यह बढ़ा हुआ पैसा किसकी जेब में जा रहा था। मुख्यमंत्री ने कहा वर्ष 1947 से 2017 तक राज्य में सिर्फ दो एक्सप्रेसवे बनाए गए जबकि पिछले साढे चार साल के दौरान भाजपा सरकार ने पांच एक्सप्रेसवे बनाए हैं। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए योगी ने कहा कि सार्वजनिक परिवहन में सुधार करना कांग्रेस का एजेंडा कभी नहीं रहा, जिसने उत्तर प्रदेश पर सबसे ज्यादा समय तक शासन किया।

भाजपा नेता ने कहा कि सपा का भी विकास का कोई एजेंडा नहीं है जबकि बसपा अध्यक्ष ने खुद यह स्वीकार किया था कि वह अब अपनी मूर्तियां नहीं लगाएंगी और दोबारा सत्ता में आने पर प्रदेश के विकास पर ध्यान केंद्रित करेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले दिनों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूर्वांचल एक्सप्रेसवे, बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे और गंगा एक्सप्रेसवे का शिलान्यासालोकार्पण करेंगे। उत्तराखंड और गुजरात के बाद उत्तर प्रदेश में भी नेतृत्व परिवर्तन की अटकलों के बारे में पूछे जाने पर योगी ने कहा, भाजपा एक लोकतांत्रिक दल है। यह देश ही नहीं बल्कि दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है। हमारा मानना है कि पार्टी किसी व्यक्ति से बड़ी होती है और देश पार्टी से बड़ा होता है। भाजपा किसी परिवार या खानदान की पार्टी नहीं है। मैं आज प्रदेश का मुख्यमंत्री हूं और कल एक सामान्य कार्यकर्ता की तरह भी काम कर सकता हूं। यहां पद नहीं बल्कि व्यक्ति का कार्य ही उसे महत्वपूर्ण बनाता है।

उत्तर प्रदेश के आगामी विधानसभा चुनाव में 400 सीटें जीतने के सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के दावे के बारे में पूछे जाने पर योगी ने कहा, अखिलेश को गिनती नहीं आती है। उन्होंने या तो ट्विटर देखा होगा या फिर उनकी टीम के सर्वे में यह बताया गया होगा कि वह 400 सीटों पर पीछे चल रहे हैं। अखिलेश जिस तरह से बात करते हैं उससे उनकी हताशा जाहिर होती है। वह अधिकारियों को धमका रहे हैं लेकिन जनता उन्हें जवाब देने के लिए तैयार है। सपा अध्यक्ष अखिलेश और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी का नाम लिए बगैर उन पर कटाक्ष करते हुए योगी ने कहा, कुछ लोग पप्पू और बबुआ ही बने रहेंगे। उत्तर प्रदेश के आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा 403 में से 350 से ज्यादा सीटें जीतेगी।

## रत्न, आभूषण क्षेत्र में सुधारों से 43.75 अरब डॉलर का निर्यात लक्ष्य हासिल हो सकेगा: अनुप्रिया

**भाषा।** नई दिल्ली



**रत्न** एवं आभूषण क्षेत्र के लिए सुधारों से चालू वित्त वर्ष 2021-22 में क्षेत्र का 43.75 अरब डॉलर का निर्यात लक्ष्य हासिल हो सकेगा। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने बुधवार को यह बात कही। पटेल ने कहा कि क्षेत्र के लिए कई सुधार मसलन पुनगर्ठित स्वर्ण मौद्रिकरण योजना, सोने पर आयात शुल्क की कटौती तथा हॉलमार्किंग आदि लागू किए गए हैं, जिससे क्षेत्र का निर्यात बढ़ाने में मदद मिलेगी।

देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में रत्न एवं आभूषण क्षेत्र का हिस्सा सात प्रतिशत है। वहीं देश के वस्तुओं के निर्यात में क्षेत्र की हिस्सेदारी 10 से 12 प्रतिशत की है। पटेल ने कहा कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में रत्न एवं आभूषणों का निर्यात 9.2 अरब डॉलर रहा है। उन्होंने कहा कि नीतिगत मोर्चे पर सरकार ने कई कदम उठाए हैं। स्वर्ण मौद्रिकरण योजना का पुनर्गठन किया गया है, सोने पर आयात शुल्क घटाया गया है तथा हॉलमार्किंग प्रणाली को लागू किया गया है।

इससे उद्योग को अगले स्तर पर पहुंचने में मदद मिलेगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि इन उपायों से न केवल उद्योग को बदलाव लाने में मदद मिलेगी बल्कि इससे निर्यात भी बढ़ेगा। पटेल ने कहा कि इन उपायों से उद्योग चालू वित्त वर्ष में 43.75 अरब डॉलर का निर्यात लक्ष्य हासिल कर सकेगा। इसके अलावा वह आगामी वर्षों में रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्द्धन परिषद (जीजेईपीसी) के 75 अरब डॉलर के निर्यात लक्ष्य पर भी पहुंच पाएगा।

## पेज एक का शेष

### ग्रामीण क्षेत्रों...

कारण ठेकेदारों के देय भुगतान में विलंब न करने की चेतावनी भी दी। सीएम ने जिला पंचायत अध्यक्षों को निर्माण कार्यों का भौतिक सत्यापन करने के निर्देश भी दिए। वहीं ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत तथा जिला पंचायत के अध्यक्षों व सदस्यों से संवाद करते हुए मुख्यमंत्री ने पंचायतों को आत्मनिर्भर होने की जरूरत बताई। उन्होंने कहा कि पंचायतों के पास संपत्ति है साधन है, जरूरत है कि नवाचार अपनाकर स्वावलम्बन के लिए प्रयास किये जाएं। सीएम ने कहा कि पंचायतों की बेहतरी के लिए स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का विकास हो, इसके लिए एक विशिष्ट प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाना चाहिए। क्षेत्र पंचायत स्तर पर ग्राम पंचायतों के बीच, जिला स्तर पर क्षेत्र पंचायतों के बीच और प्रदेश स्तर पर जिला पंचायतों के बीच प्रतियोगिता कराकर उनके नवाचारों को पुरस्कृत किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने पंचायतों से सस्टेनेबल विकास का मॉडल देने के लिए भी प्रोत्साहित किया।

### आमजन को...

गांवों के समग्र विकास के लिए केंद्र और राज्य सरकार की ओर से लगातार काम किया जा रहा है। समाज के साधन संपन्न लोगों का सहयोग लेकर इस काम को और बेहतर और तेजी से किया जा सकता है। इस उद्देश्य से उत्तर प्रदेश मातृभूमि योजना एक अच्छा प्रयास हो सकती है। गांवों में स्वास्थ्य केंद्र, आंगनबाड़ी, पुस्तकालय, स्टेडियम, व्यायामशाला, ओपन जिम, पशु नस्ल सुधार केंद्र, फायर सर्विस स्टेशन आदि की स्थापना करनी हो या फिर स्मार्ट विलेज के लिए सीसीटीवी लगवाने हों, अंत्येष्टि स्थल का विकास होना हो, सोलर लाइट लगनी हो या फिर सीवरेज के लिए एसटीपी प्लांट की स्थापना, हर काम में आमजन की भागीदारी हो सकती है। इस नई योजना के माध्यम से परियोजना की कुल लागत का आधा खर्च उठाकर संबंधित व्यक्ति उसका पूरा क्रेडिट ले सकेगा।

### सोनू सूद...

तहत आम आदमी पार्टी सरकार का ब्रांड एंबेसडर घोषित किया है। इस कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों का उनके करियर को लेकर मार्गदर्शन दिया जाएगा। दूसरी ओर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सूद के समर्थन में उतरते हुए ट्वीट में कहा, सच्चाई की राह पर लाखों मुश्किलें हैं, लेकिन सच्चाई की हमेशा जीत होती है। सच्चाई के रास्ते पर लाखों मुश्किलें आती हैं, लेकिन जीत हमेशा सच्चाई की ही होती है। सोनू जी के साथ भारत के उन लाखों परिवारों की दुआएं हैं, जिन्हें मुश्किल घड़ी में सोनू जी का साथ मिला था। आप नेता एवं पार्टी के विधायक राघव चड्ढा ने ट्वीट किया, यह कुछ और नहीं, बल्कि लाखों लोगों द्वारा मसीहा माने जाने वाले एक बड़े परोपकारी को असुरक्षित सरकार की ओर से चुनिंदा तरीके से निशाना बनाया जाना है। आप विधायक आतिशी ने आरोप लगाया कि अभिनेता एव परोपकारी सोनू सूद के खिलाफ आयकर विभाग का सर्वे भाजपा द्वारा यह स्पष्ट संदेश है कि वह देश में अच्छा काम करने वाले किसी भी व्यक्ति को निशाना बनाएगी।

### एयर इंडिया...

कुल 60,074 करोड़ रुपए के ऋण में, खरीदार को 23,286.5 करोड़ रुपए के ऋण की जिम्मेदारी लेनी होगी। बाकी ऋण एयर इंडिया एसेट्स होल्डिंग लिमिटेड (एआईएएचएल) को हस्तांतरित किया जाएगा, जो एक विशेष इकाई (एसपीवी) है।एयरलाइन के लिए सफल बोली लगाने वाली कंपनी को घरेलू हवाई अड्डों पर 4,400 घरेलू और 1,800 अंतरराष्ट्रीय लैंडिंग एवं पार्किंग स्लॉट के साथ-साथ विदेशी हवाई अड्डों पर 900 स्लॉट का नियंत्रण हासिल होगा। इसके अलावा, कंपनी को एयरलाइन की कम लागत वाली सेवा एयर इंडिया एक्सप्रेस का 100 प्रतिशत और एआईएसएटीएस का 50 प्रतिशत स्वामित्व मिलेगा। एआईएसएटीएस प्रमुख भारतीय हवाई अड्डों पर कार्गो और ग्राउंड हैंडलिंग सेवाएं प्रदान करती है।

### एटीएस ने...

कोटा से एक ट्रेन में और जामिया नगर के रहने वाले ओसामा (22) उर्फ सामी को ओखला से और बहराइच निवासी अबू बकर को गिरफ्तार किया था। मंगलवार को पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आइएसआई से जुड़े आतंकी जीशान की गिरफ्तारी और विस्फोटक बरामद करने के बाद एक और आतंकवादी को शहर के करेली इलाके से पकड़ा गया है। संगमनगरी से दो आतंकियों के पकड़े जाने से यह शहर अब एटीएस और एनआइए के राडार पर है। इन दोनों से जुड़े लोगों पर पैनी नजर रखी जा रही है। जीशान तो पाकिस्तानी सेना से आतंकी हमलों की 15 दिन की ट्रेनिंग लेकर यहां आया था। कुंभ और माघ मेला के लिए दुनिया भर में विख्यात प्रयागराज में इन दो आतंकियों की गिरफ्तारी के बाद अब एटीएस की निगाह उन दोनों के नेटवर्क के लोगों पर होगी। एटीएस ने प्रतापगढ़ से मछली कारोबारी इम्तियाज उर्फ कल्लू को गिरफ्तार किया है। इम्तियाज महेशगंज थाना के डिहवा जलालपुर गांव का रहने वाला है। वह दो साल पहले कोरोना काल मे मुम्बई से गांव से आया था। गांव में मछली का कारोबार कर रहा था। एटीएस ने भोर में छापेमारी कर इम्तियाज को उठा लिया। एटीएस टीम उसे पहले थाने ले गई। पूछताछ के बाद एटीएस उसे अपने साथ ले गई। बताया जा रहा है कि एटीएस टीम ने इम्तियाज के घर की तलाशी ली तो वहां से दो धारदार तलवार और एक तमंचा बरामद हुआ। वहीं रायबरेली के अकोढ़िया थाना ऊंचाहार के रहने वाले मूलचंद उर्फ लाला के बाद एटीएस ने इसी गांव के जमील शेख को भी गिरफ्तार किया है। अभियुक्तगण की निशांदेही पर प्रयागराज में भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री ए हथियार और कारतूस भी बरामद किए गए हैं। दूसरी ओर बीते मंगलवार को आलमबाग के मवैया के रहने वाले जिस आतंकी मोहम्मद आमिर को गिरफ्तार किया गया था उसके मददगारों की तलाश में एटीएस और राजधानी पुलिस की टीम छापेमारी कर रही है। अब तक की पड़ताल में सामने आया है कि पुलिस ने आमिर के कुछ करीबियों व परिवार के सदस्यों को हिरासत में लिया है। माना जा रहा है कि आमिर के साथी लखनऊ में हैं जो स्लीपर सेल की तरह उसे सहयोग कर रहे थे। पुलिस हाल में ही दुबग्गा से पकड़े गए आतंकियों से भी आमिर के कनेक्शन की छानबीन कर रही है। खुफिया एजेंसियों की टीमें अलग अलग इलाकों में आमिर के संबंधियों का पता लगा रही है। आमिर की कॉल डिटेल रिकॉर्ड से पुलिस को अहम सुराग मिलने की उम्मीद है। हालांकि राजधानी पुलिस और एटीएस अन्य कई पहलुओं पर भी नजर बनाए हुए है। दरअसल दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल और यूपी एटीएस ने जॉइंट ऑपरेशन में इस टेरर मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया, जिनका मकसद भारत के अलग अलग शहरों में धार्मिक स्थलों, सार्वजनिक स्थानों पर बम ब्लास्ट करना था। इसके अलावा इन संदिग्ध आतंकियों के निशाने पर उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव भी था, जिसमें बम ब्लास्ट की तैयारी थी।

### भारत में...

प्रदेश में 2,101 और पश्चिम बंगाल में 1,948 मामले दर्ज किए गए। दिल्ली में 2020 में हत्या के 472 मामले दर्ज किए गए। पिछले साल राष्ट्रीय राजधानी समेत पूरे भारत में कोविड-19 के कारण लॉकडाउन लगाया गया था। एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार, पिछले साल जिन लोगों की हत्या की गई थी उनमें से 38.5 प्रतिशत 30-45 वर्ष आयु समूह के थे जबकि 35.9 प्रतिशत 18-30 वर्ष आयु के समूह के थे। आंकड़े बताते हैं कि कत्ल किए गए लोगों में 16.4 फीसदी 45-60 वर्ष की आयु वर्ग के थे तथा चार प्रतिशत 60 वर्ष से अधिक उम्र के थे जबकि शेष नाबालिग थे। आंकड़ें बताते हैं कि 2020 में अपहरण के सबसे ज्यादा 12,913 मामले उत्तर प्रदेश में दर्ज किए गए। इसके बाद पश्चिम बंगाल में अपहरण के 9,309, महाराष्ट्र में 8,103, बिहार में 7,889, मध्य प्रदेश में 7,320 मामले दर्ज किए गए। आंकड़ों के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में अपहरण के 4,062 मामले दर्ज किए गए हैं।

# आईपीएल में सीमित दर्शकों को ही अनुमति

## ● स्टेडियम में दर्शकों की क्षमता का 50 प्रतिशत होगी

भाषा। नई दिल्ली

**इंडियन** प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आयोजकों ने बुधवार को घोषणा की कि संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में रविवार से बहाल होने वाले टी-20 टूर्नामेंट के दौरान सीमित दर्शकों को स्टेडियम में प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। आईपीएल को मई में बायो-बबल में कई कोविड-19 पॉजिटिव मामले मिलने के बाद निलंबित कर दिया गया था जो अब रविवार से बहाल हो रहा है। रविवार को दुबई अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में गत चैम्पियन मुंबई इंडियंस का सामना चेन्नई सुपर किंग्स से होगा।

आईपीएल के बयान के अनुसार, यह मैच महत्वपूर्ण मौका होगा क्योंकि कोविड-19 हालात से उत्पन्न परिस्थितियों के कारण एक संक्षिप्त अंतराल के बाद आईपीएल स्टेडियमों में दर्शकों की वापसी का स्वागत करेगा। इसके अनुसार, मैच दुबई, शारजाह और अबुधाबी में खेले जाएंगे जिसमें कोविड-19 प्रोटोकॉल और यूएई सरकार के दिशानिर्देशों को ध्यान में रखते हुए बैठने के लिए सीमित सीट उपलब्ध होंगी। वर्ष 2019 के बाद पहली बार आईपीएल दर्शकों के सामने खेला जाएगा। पिछले साल लीग यूएई में दर्शकों के बिना खेली गई थी जबकि 2021 चरण का पहला हाफ भी कड़े बायो-बबल में खेला गया था। लीग के आयोजकों ने हालांकि प्रवेश के लिए दर्शकों की सही संख्या का जिक्र नहीं किया लेकिन सूत्रों ने कहा कि उनकी उपस्थिति स्टेडियम में दर्शकों की क्षमता का 50 प्रतिशत होगी। लीग के आयोजकों ने कहा, प्रशसंक आधिकारिक वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट आईपीएल टी-20 डॉट कॉम पर बचे हुए टूर्नामेंट के लिए 16 सितंबर से टिकट खरीद सकते हैं। टिकट प्लेटिनमलिस्ट डॉट नेट से भी खरीदे जा सकते हैं। पिछले साल कोविड-19 महामारी के कारण पूरी दुनिया में खेल प्रतियोगिताएं स्थगित हो गई थीं। जिसके बाद प्रतिस्पर्धी प्रतियोगिताएं धीरे धीरे कड़े बायो-बबल में बहाल हुईं। मार्च 2020 में कोरोना वायरस के फैलने के बाद पिछले साल नवंबर से जनवरी तक भारत और आस्ट्रेलिया के बीच श्रृंखला के दौरान पहली बार पुरूष क्रिकेट में दर्शकों को स्टेडियम में प्रवेश की अनुमति दी गई। पिछले साल आस्ट्रेलियाई महिला टीम और न्यूजीलैंड महिला टीम के बीच सीमित ओवरों की श्रृंखला भी आस्ट्रेलिया में दर्शकों की उपस्थिति में खेली गई। इस साल के शुरू में इंग्लैंड के खिलाफ भारत की घरेलू श्रृंखला के दौरान चेन्नई और अहमदाबाद में भी दर्शकों को स्टेडियम में प्रवेश की अनुमति दी गई थी। हालांकि कोविड-19 मामलों के बढ़ने के बाद आयोजकों ने श्रृंखला का बाद का चरण दर्शकों की अनुपस्थिति में ही आयोजित किया। वहीं 2021 बिग बैश लीग, इंग्लैंड में न्यूजीलैंड और भारत के खिलाफ श्रृंखला, साउथम्पटन में विश्व टेस्ट फाइनल और द हंड्रेड टूर्नामेंट भी दर्शकों के सामने ही खेले गए। सेंट किट्स में वार्नर पार्क में खेली जा रही कैरेबियन प्रीमियर लीग में स्टेडियम में 50 प्रतिशत क्षमता में दर्शकों को प्रवेश दिया गया। पर स्टेडियम में पूर्ण टीकाकरण करवा चुके दर्शकों को ही अनुमति दी गई है और सभी वयस्कों को मैदान में प्रवेश के लिए अपने टीकाकरण का सबूत देना जरूरी होता है।


दुबई में दिल्ली कैपिटल्स के सहायक कोच मोहम्मद कैफ (आर) एक अभ्यास सत्र के दौरान

## पहले मैच के प्रदर्शन से ही लय बनेगी: कैफ

भाषा। दुबई

**दिल्ली** कैपिटल्स के सहायक कोच मोहम्मद कैफ ने कहा है कि इंडियन प्रीमियर लीग के दूसरे चरण में पहले मैच के प्रदर्शन से ही शीर्ष पर काबिज उनकी टीम की लय बनेगी। भारत में बढते कोरोना मामलों के कारण मई में स्थगित आईपीएल का दूसरा चरण 19 सितंबर से यूएई में खेला जाएगा। दिल्ली इस समय आठ मैचों में 12 अंक लेकर शीर्ष पर है। कैफ ने एक विज्ञप्ति में कहा , आईपीएल के पहले चरण के बाद लंबा ब्रेक हो गया लेकिन हम खुशकिस्मत हैं कि हमारे अधिकांश खिलाड़ी लगातार अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलते रहे हैं। उन्होंने कहा , हमारे पास संतुलित टीम है क्योंकि इसमें अंतरराष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट का अनुभव रखने वाले खिलाड़ी हैं। पहला मैच काफी अहम होगा। इससे हमारी लय बनेगी। कैफ ने कहा कि लीग यूएई में होने से कई खिलाड़ियों की भूमिका बदल सकती है। उन्होंने कहा, हमने भारत में अच्छा खेला और अब उस प्रदर्शन को यूएई में बरकरार रखना है।कुछ खिलाड़ियों की भूमिका बदल सकती है क्योंकि यहां हालात अलग हैं। हमें नए सिरे से शुरूआत करनी होगी और हालात के अनुकूल ढलना होगा। कंधे की चोट के कारण पहले चरण से बाहर रहे श्रेयस अय्यर की टीम में वापसी हुई है। कैफ ने कहा, टीम में बहुत बदलाव नहीं हुए हैं लेकिन सबसे अच्छी बात है कि श्रेयस की वापसी हुई है।

## यूएई में आईपीएल से टी-20 विश्व कप में मुकाबला थोड़ा बराबरी का हो जाएगा: मैकसवेल



**दुबई।** आस्ट्रेलिया के स्टार आलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल का मानना है कि यूएई में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आयोजन से इन्हीं स्थलों पर अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप के लिए मुकाबला थोड़ा बराबरी का हो जाएगा। आईपीएल 19 सितंबर से यूएई में बहाल होगा। भारत में कोविड-19 की दूसरी लहर के कारण इसे मई में बीच में स्थगित कर दिया गया था। आईपीएल समाप्त होने के बाद 17 अक्टूबर से टी20 विश्व कप का आयोजन भी यूएई में ही होगा। आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) की तरफ से खेलने वाले मैक्सवेल ने आईसीसी-क्रिकेट.कॉम से कहा, यूएई में टूर्नामेंट के आयोजन से मुकाबला थोड़ा बराबरी का हो गया है। उन्होंने कहा, शायद इससे चीजें थोड़ा आसान हो जाती हैं क्योंकि वहां घरेलू मैदान जैसा फायदा नहीं मिलेगा। आईपीएल वहां खेला जा रहा है जिसमें कई अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी भी भाग लेंगे जो बाद में विश्व कप में भी खेलेंगे इसलिए मुझे लगता है कि परिस्थितियां सभी के लिए समान होंगी। आस्ट्रेलिया के शीर्ष खिलाड़ी जैसे स्टीव स्मिथ, डेविड वार्नर, पैट कमिन्स आदि पिछले कुछ समय से नहीं खेले हैं लेकिन वे आईपीएल में मैदान पर वापसी करेंगे।


## अपने साथी शमी के अलावा बुमराह और सिराज से सीख लेना चाहते हैं एलिस



**नई दिल्ली।** पिछले 24 महीनों के दौरान क्लब क्रिकेट से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का सफर पूरा करने वाले आस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज नाथन एलिस अब इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में पदार्पण के लिए तैयार हैं जहां से वहां कुछ नई सीख हासिल करना चाहते हैं। आस्ट्रेलिया के अपने साथी रिले मेरेडिच की जगह पंजाब किंग्स की टीम में चुने गए एलिस अपने साथी और पसंदीदा गेंदबाज मोहम्मद शमी से कुछ सीख लेना चाहते हैं और उन्हें उम्मीद है कि इस दौरान वह यार्कर करने में माहिर जसप्रीत बुमराह और आक्रामक मोहम्मद सिराज से भी गेंदबाजी को लेकर बात करने में सफल रहेंगे। एलिस ने बांग्लादेश में अपने पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में ही हैट्रिक बनाई जिसके बाद उन्हें आईपीएल के बाद यूएई में ही होने वाले टी20 विश्व कप के लिए आस्ट्रेलिया टीम के रिजर्व खिलाड़ियों में शामिल किया गया। उन्हें डेथ ओवरों का विशेषज्ञ माना जाता है। एलिस ने कहा, मैंने वास्तव में (आईपीएल में) खेलने की उम्मीद नहीं लगाई थी। मैं अब सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के खिलाफ खेलने के लिए तैयार हूं क्योंकि यह दुनिया का सर्वश्रेष्ठ टी20 टूर्नामेंट है।

# आईसीसी टी-20 रैंकिंग में विराट चौथे, राहुल छठे स्थान पर बरकरार

भाषा। दुबई







**भारतीय** कप्तान विराट कोहली और स्टार बल्लेबाज लोकेश राहुल ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की नवीनतम टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में बल्लेबाजी सूची में क्रमशः चौथा और छठा स्थान बरकरार रखा है जबकि गेंदबाजी सूची में कोई भारतीय शीर्ष 10 में शामिल नहीं है। इंग्लैंड के डेविड मलान बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर चल रहे हैं। शीर्ष सात बल्लेबाजों की रैंकिंग में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

दक्षिण अफ्रीका के विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक आठवें स्थान पर पहुंच गए हैं जबकि वेस्टइंडीज के एविन लुईस एक स्थान के नुकसान से नौवें स्थान पर हैं। गेंदबाजों की सूची में तबरेज शम्सी शीर्ष पर कायम हैं जबकि उनके बाद वानिंदु हसारंगा और राशिद खान का नंबर आता है। गेंदबाजी रैंकिंग में भारत के शीर्ष गेंदबाज अनुभवी भुवनेश्वर कुमार हैं जो 12वें स्थान पर चल रहे हैं। चोटिल आफ स्पिनर वाशिंगटन सुंदर 18वें स्थान के साथ शीर्ष 20 में शामिल एक अन्य भारतीय गेंदबाज हैं। युजवेंद्र चहल एकमात्र गेंदबाज हैं जिनकी रैंकिंग में सुधार हुआ है। वह अब 25वें स्थान पर हैं। उन्हें हालांकि टी-20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में जगह नहीं दी गई है। आलराउंडरों की सूची में हार्दिक पंड्या शीर्ष 20 में शामिल एकमात्र भारतीय हैं। वह 98 अंक के साथ सूची में जगह बनाने में सफल रहे हैं।

भारत ने पिछली टी20 श्रृंखला श्रीलंका में खेली थी और इसके बाद से टीम ने सबसे छोटे प्रारूप में कोई मुकाबला नहीं खेला है। बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्ताफिजुर रहमान दो स्थान के फायदे से आठवें स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला में आठ विकेट चटकाए। नासुम अहमद 25 स्थान के फायदे से 15वें जबकि मेहदी हसन चार स्थान के फायदे से 20 स्थान पर पहुंच गए हैं। बांग्लादेश के शाकिब अल हसन ने हालांक आलराउंडरों की रैंकिंग में शीर्ष स्थान अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी को गंवा दिया है।

## भारतीय गेंदबाजी आक्रमण के कभी आदी नहीं हो सकते: डेविड मलान

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के आक्रामक बल्लेबाज डेविड मलान का मानना है कि भारतीय गेंदबाज एक दूसरे से इतने अलग है कि कोई बल्लेबाज उन्हें खेलने का अभ्यस्त नहीं हो सकता। इंग्लैंड के खिलाफ हाल ही में हुई पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में भारतीय तेज गेंदबाजों ने बेहतर प्रदर्शन किया। भारत 2-1 से आगे था जब पांचवां मैच भारतीय खेमे में कोरोना संक्रमण के मामले आने के बाद रद्द कर दिया गया। तीन साल बाद टेस्ट टीम में लौटे मलान ने कहा कि जसप्रीत बुमराह , मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज जैसे गेंदबाज एक दूसरे से अलग हैं और जब वे साथ में गेंदबाजी करते हैं तो बल्लेबाजों के लिए काफी मुश्किल हो जाती है। उन्होंने कहा, ए सभी काफी कठिन है। भारतीय आक्रमण के बारे में एक बात है कि वे सभी एक दूसरे से अलग है।

## तीनों प्रारूपों में रोहित शर्मा की तरह प्रदर्शन करना चाहती हैं एलिसा हीली

भाषा। ब्रिसबेन



**आस्ट्रेलिया** की शीर्ष महिला क्रिकेटर एलिसा हीली ने कहा कि वह रोहित शर्मा से प्रेरणा लेकर इस भारतीय स्टार सलामी बल्लेबाज की तरह खेल के तीनों प्रारूपों में शानदार प्रदर्शन करना चाहती हैं। विकेटकीपर बल्लेबाज हीली भारत के खिलाफ 21 सितंबर से शुरू हो रही श्रृंखला की तैयारियों में जुटी हैं। आस्ट्रेलियाई महिला टीम भारत के खिलाफ तीन वनडे, एक दिन रात्रि टेस्ट और तीन टी20 मैचों की श्रृंखला खेलेगी। हीली ने अभी तक केवल चार टेस्ट मैच खेले हैं और उनका कहना है कि वह गुलाबी गेंद के मुकाबले को वनडे की तरह ही खेलना चाहेंगी जो कैनबरा में 30 सितंबर से तीन अक्टूबर तक खेला जाएगा। हीली ने श्रृंखला के लांच फाक्स क्रिकेट कार्यक्रम में कहा, यह (गुलाबी गेंद का टेस्ट) पेचीदा होगा क्योंकि मैंने सिर्फ चार टेस्ट मैच ही खेले हैं इसलिए मैं यह नहीं कहूंगी कि मैं टेस्ट मैच में खेलने के लिए सहज हूं। उन्होंने कहा, जहां तक मेरी बात है तो इस टेस्ट में मेरी वनडे बल्लेबाजी से ज्यादा कुछ बदलाव नहीं होने वाला है। मुझे लगता है कि खुद को और ज्यादा समय देना (बल्लेबाजी के लिए) शानदार है। उन्होंने कहा, आधुनिक टेस्ट मैच को देखें तो यह काफी बदल गया है।

## क्विक न्यूज

### विलारीयाल को अटलांटा ने ड्रॉ पर रोका

**विलारीयाल (स्पेन)।** अटलांटा ने दस साल बाद चैम्पियंस लीग फुटबॉल में वापसी करते हुए पहले ही मैच में विलारीयाल को 2 . 2 से ड्रॉ पर रोका। यूरोपा लीग चैम्पियन विलारीयाल ने दूसरे हाफ में बढत बना ली लेकिन जल्दी ही गंवा भी दी। विलारीयाल के लिए मनु ट्रिग्यूरेस ने हाफटाइम से पहले गोल किया और दूसरे हाफ में अर्नाट ग्रोएनेवेल्ड ने गोल दागा। अटलांटा के लिए रोबिन गोसेंस और रेमो फ्रेयूलेर ने गोल किए। ग्रुप एफ के अन्य मैच मे यंग ब्वायज ने मैनचेस्टर युनाइटेड को 2 .1 से हराकर अप्रत्याशित जीत दर्ज की। विलारीयाल का सामना अब मैनचेस्टर युनाइटेड से जबकि अटलांटा की टक्कर यंग ब्वायज से होगी।

### सेविला ने पहले मैच में साल्जबर्ग से ड्रॉ खेला

**सेविले।** दो स्पॉट किक चूकने का खामियाजा साल्जबर्ग को भुगतना पड़ा और दस खिलाड़ियों तक सिमटी सेविला ने उसे चैम्पियंस लीग फुटबॉल केपहले मैच मे 1-1 से ड्रॉ पर रोका। साल्जबर्ग को तीन पेनल्टी कॉर्नर मिले जिनमें से एकपर ही लुका सुचिच ने गोल दागा। सेविला के लिए इवान राकिटिच ने 42वे मिनट मे बराबरी का गोल किया। सेविला को 50वे मिनट केबाद दस खिलाड़ियो केसाथ ही खेलना पड़ा चूंकि स्ट्राइकर युसूफ अन नेसरी को दूसरा पीला कार्ड मिल गया था।

### लुकाकू ने चेलसी को दिलाई जीत

**लंदन।** स्टार स्ट्राइकर रोमेलू लुकाकू के चौथे मैच मे चौथे गोल की मदद से चेलसी ने चैम्पियंस लीग फुटबॉल के मैच में जेनिट सेंट पीटर्सबर्ग को 1- 0 से हराया। लुकाकू के गोल ने स्पष्ट कर दिया कि चेलसी ने क्यो रिकॉर्ड 135 मिलियन डॉलर खर्च करके उन्हे इंटर मिलान से अगस्त में खरीदा। बेल्जियम के इस खिलाड़ी ने 69वें मिनट मे रूसी चैम्पियन टीम के खिलाफ गोल दागा। इससे पहले उन्होंने एस्टोन विला के खिलाफ शनिवार को तीन गोल किए थे। एक अन्य मैच मे युवेंटस ने माल्मो को 3-0 से हराया।

### मेस्सी के जाने के बाद पहले मैच में बायर्न से हारा बार्सीलोना

**बार्सीलोना।** लियोनेल मेस्सी के जाने के बाद पहले ही मैच मे बार्सीलोना को करारा झटका लगा जब चैम्पियंस लीग फुटबॉल का आगाज बायर्न म्युनिख के हाथो करारी हार से हुआ। थॉमस म्यूलर के एक और रॉबर्ट लेवांडोवस्की के दो गोल की मदद से बायर्न ने बार्सीलोना को 3-0 से हराया। म्यूलर ने 34वे मिनट मे गोल दागा जो बार्सीलोना के खिलाफ उनका सातवां गोल है। लेवांडोवस्की ने 56वे और 85वे मिनट मे गोल किए। दोनो गोल पहला प्रयास नाकाम रहने के बाद रिबाउंड पर किए गए थे। पिछले तीन मैचो में से बार्सीलोना ने दो जीते और एक ड्रॉ खेला था। ग्रुप ई के अन्य मैच में बेनफिका ने डायनामो कीव से गोलरहित ड्रॉ खेला।

### लखमेहर ने महिला पेशेवर गोल्फ टूर के पहले दौर में बढ़त बनाई

**नोएडा।** चंडीगढ़ की लखमेहर परदेसी ने बुधवार को यहां महिला पेशेवर गोल्फ टूर के नौवें चरण के पहले दौर के बाद दो शॉट की बढ़त बना ली है जबकिपहले दिन कोई खिलाड़ी पार का स्कोर भी नही बना पाई। टूर पर पहली जीत का इंतजार कर रही 21 साल की लखमेहर ने पहली बार किसी टूर्नामेंट में एकल बढ़त बनाई है। उन्होने कोई बर्डी नही की लेकिन तीन बोगी से तीन ओवर के स्कोर के बावजूद बढ़त बनाने में सफल रही। पिछले साल पेशेवर बनी 19 साल की त्रिमान सलुजा नोएडा गोल्फ कोर्स पर तीन बर्डी, चार बोगी और दो डबल बोगी से पांच ओवर 77 के स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर चल रही है।

# तालिबान से बचकर पाकिस्तान पहुंची अफगानिस्तानी 32 महिला फुटबॉलर

भाषा। इस्लामाबाद

**अफगानिस्तान** की 32 महिला फुटबॉल खिलाड़ी अपने परिवारों के साथ पाकिस्तान पहुंच गई हैं जिन्हें तालिबान से धमकियों का सामना करना पड़ रहा था। बुधवार को एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार उन्हें निकालने के लिए सरकार द्वारा आपात मानवीय वीजा जारी किए जाने के बाद ए फुटबॉलर पाकिस्तान पहुंची। राष्ट्रीय जूनियर बालिका टीम की इन खिलाड़ियों को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कतर जाना था जहां अफगान शरणार्थियों को 2022 फीफा विश्व कप के एक स्टेडियम में रखा गया है। लेकिन काबुल हवाईअड्डे पर 26 अगस्त को हुए एक बम धमाके के कारण वे ऐसा नहीं कर सकीं जिसमें 13 अमेरिकी और कम से कम 170 अफगान नागरिकों की मौत हो गई थी। डॉन अखबार की रिपोर्ट के अनुसार इन महिला खिलाड़ियों को फुटबॉल खेलने के लिए तालिबान से धमकियों का सामना करना पड़ रहा था। इस रिपोर्ट के अनुसार अगस्त में अफगानिस्तान में तालिबान के सत्ता पर काबिज होने के बाद ए खिलाड़ी तालिबान से बचने के लिए छुपती फिर रही थीं। ब्रिटेन के एक गैर सरकारी संगठन फुटबॉल फॉर पीस ने सरकार और पाकिस्तान फुटबॉल महासंघ (जो फीफा से मान्यता प्राप्त नहीं है) की मदद ने इन 32 खिलाड़ियों को पाकिस्तान लाने की शुरूआत की। फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फैनटिनो पिछले हफ्ते दोहा यात्रा के दौरान अफगानिस्तानी शरणार्थियों से मिले थे। लेकिन फीफा की इस बात के लिए आलोचना की गई थी कि उसने अफगानिस्तान में इन महिला फुटबॉलरों की मदद के लिए कोई कदम नहीं उठाया था। ए महिला फुटबॉलर पेशावर से लाहौर जाएंगी जहां उन्हें पाकिस्तान फुटबॉल महासंघ के मुख्यालय में रखा जाएगा।


# मनिका बत्रा एशियाई टेटे चैम्पियनशिप के लिए भारतीय टीम से बाहर

भाषा। नई दिल्ली

**स्टार** टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा को 28 सितंबर से दोहा में होने वाली एशियाई चैम्पियनशिप के लिए भारतीय टीम में नहीं चुना गया क्योंकि उन्होंने सोनीपत में अनिवार्य राष्ट्रीय शिविर में हिस्सा नहीं लिया था। दुनिया की 56वें नंबर की खिलाड़ी की अनुपस्थिति में 97वीं रैंकिंग की सुतिर्था मुखर्जी महिला टीम की अगुआई करेंगी। टीम में दो अन्य सदस्य अयहिका मुखर्जी (131वीं रैंकिंग) और अर्चना कामत (132वीं रैंकिंग) हैं।

अनुभवी शरत कमल (33वीं रैंकिंग) पुरूष चुनौती की अगुआई करेंगे जिसमें जी साथियान (38वीं रैंकिंग), हरमीत देसाई (72वीं रैंकिंग), मानव ठक्कर (134वीं रैंकिंग) और सानिल शेट्टी (247वीं रैंकिंग) शामिल हैं। चीन की मजबूत टीम इस प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं ले रही है जिससे पुरूष टीम स्पर्धा में पदक की उम्मीद है। एकल और युगल प्रतियोगिता भी इसमें आयोजित की जाएगी। भारतीय टेबल टेनिस महासंघ (टीटीएफआई) ने स्पष्ट किया था कि जो खिलाड़ी शिविर का हिस्सा नहीं बनेगा, उसके नाम पर चयन के लिए विचार नहीं किया जाएगा। टीम का चयन बुधवार को किया गया और इसे टीटीएफआई की वेबसाइट पर सार्वजनिक किया गया। टोक्यो ओलंपिक के बाद महासंघ ने शिविर में उपस्थिति अनिवार्य कर दी थी। मनिका ने महासंघ को सूचित किया था कि वह पुणे में अपने निजी कोच के साथ ट्रेनिंग जारी रखना चाहेंगी।

खेल रत्न पुरस्कार हासिल कर चुकी मनिका ने राष्ट्रीय कोच सौम्यदीप रॉय पर मैच फिक्सिंग के आरोप लगाए थे कि उन्होंने ओलंपिक क्वालीफायर के दौरान उनसे अपने मैच को गंवाने को कहा था। टीटीएफआई ने आरोपों की जांच के लिए जांच पैनल गठित किया है। साथियान, हरमीत देसाई और सुतिर्था विभिन्न कारणों से राष्ट्रीय शिविर से देर से जुड़े थे।



### टीमें इस प्रकार

**पुरुष टीम** : मानव ठक्कर, शरत कमल, जी साथियान, हरमीत देसाई, सानिल शेट्टी
**पुरुष युगल:** शरत कमल और जी साथियान, मानव ठक्कर और हरमीत देसाई
**महिला टीम:** सुतिर्था मुखर्जी, श्रीजा अकुला, अहयिका मुखर्जी और अर्चना कामत
**महिला युगल:** अर्चना कामत और श्रीजा अकुला, सुतिर्था मुखर्जी और अहयिका मुखर्जी
**मिश्रित युगल:** मानव ठक्कर और अर्चना कामत, हरमीत देसाई और श्रीजा अकुला।

# भारत में जल्द शुरू होगी नई वॉलीबॉल लीग पीवीएल

**हैदराबाद ( भाषा )।** भारत में वॉलीबॉल को बढ़ावा देने की कवायद के तहत जल्द ही देश में छह टीमों का फ्रेंचाइजी आधारित टूर्नामेंट प्रीमियर वॉलीबॉल लीग (पीवीएल) शुरू किया जाएगा। एनबीए जैसी शीर्ष अंतरराष्ट्रीय लीग की तर्ज पर इस टूर्नामेंट का संचालन होगा जिसमें फ्रेंचाइजी मालिक भी लीग के आयोजन में हितधारक होंगे। पीवीएल के पहले टूर्नामेंट में छह टीमें हिस्सा लेंगी जिनके नाम कालीकट हीरोज, कोच्चि ब्ल्यू स्पाइकर्स, अहमदाबाद डिफेंडर्स, हैदराबाद ब्लैक हॉक्स, चेन्नई ब्लिट्ज और बेंगलुरू तारपीडोज हैं। इस लीग का सोनी पिक्चर्स नेटवर्क पर प्रसारण होगा और इसके विपणन के विशेष अधिकार बेसलाइन वेंचर्स के पास होंगे जो देश में खेल मार्केटिंग की प्रमुख कंपनी है। फंतासी लीग कंपनी ए23 ने टूर्नामेंट के प्रायोजक के रूप में कई साल का करार किया है। आयोजकों के बयान के अनुसार जल्द ही नीलामी की तारीख और आगामी सत्र के कार्यक्रम की घोषणा की जाएगी।

# नीरज की नजरें अब ओलंपिक रिकॉर्ड पर



भाषा। कोलकाता

**भारत** के भाला फेंक के स्टार खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने बुधवार को कहा कि टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने के बाद उनकी नजरें ओलंपिक रिकॉर्ड तोड़ने पर टिकी हैं। नीरज का निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 88.07 मीटर है। उन्होंने टोक्यो खेलों में 87.58 मीटर के प्रयास के साथ स्वर्ण पदक जीता था। ओलंपिक रिकॉर्ड आंद्रियास थोरकिल्डसेन के नाम है जिन्होंने 2008 में बीजिंग में 90.57 मीटर के प्रयास के साथ स्वर्ण पदक जीता था।

नीरज ने कहा कि यह एक और उपलब्धि हासिल करना शानदार होगा। ओलंपिक में एथलेटिक्स का स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय 23 साल के नीरज ने पहली बार कोलकाता आने पर कहा, ओलंपिक स्वर्ण पदक सर्वोच्च होता है। लेकिन एथलेटिक्स में आप एक और चीज अपने स्वर्ण पदक में जोड़ सकते हो- ओलंपिक रिकॉर्ड। अपने लक्ष्य के बारे में उन्होंने कहा, राष्ट्रीय रिकॉर्ड 88.07 मीटर के साथ मेरे नाम पर है जबकि ओलंपिक रिकॉर्ड 90.57 मीटर है। अगर मैं एक कदम और आगे बढ़ पाता तो यह निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन और ओलंपिक रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक होता। नीरज निजी सम्मान समारोह के लिए यहां दो दिवसीय यात्रा पर आए हैं। कोलकाता पुलिस ने उन्हें सम्मानित किया। उन्होंने कहा, मैं रोजाना नए लोगों से मिल रहा हूं, इतने सारे समारोह में हिस्सा ले रहा हूं। सबसे बड़ा बदलाव मुझे ओलंपिक में शामिल खेलों के लिए नजर आया। मुझे हमेशा से पता था कि स्वदेश लौटने पर अलग माहौल होगा। व्यस्त कार्यक्रम के कारण नीरज 2021 सत्र में अब और टूर्नामेंटों में हिस्सा नहीं लेंगे। नीरज ने कहा कि अगले साल विश्व चैंपियनशिप, राष्ट्रमंडल खेल और डाइमंड लीग के रूप में तीन महत्वपूर्ण प्रतियोगिताएं हैं। उन्होंने कहा, मैं जल्द ही ट्रेनिंग शुरू करूंगा और इसके बाद असली लक्ष्य पर ध्यान लगाऊंगा। भाला फेंक के इस खिलाड़ी को इससे पहले बंगाल के खेल एवं युवा मामलों के मंत्री मनोज तिवारी ने सम्मानित किया।

# ओलंपियन उदयन माने जेएंडके ओपन में पहले दौर के बाद बढ़त पर



**श्रीनगर।** टोक्यो ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले पुणे के उदयन माने ने 40 लाख रुपए पुरस्कार राशि वाले जेएंडके ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दौर में बुधवार को यहां सात अंडर 65 का स्कोर बनाकर एकल बढ़त बनाई। दिल्ली के राशिद खान और हनी बैसोया तथा गुरुग्राम के वीर अहलावत ने पांच अंडर 67 का स्कोर बनाया और वे संयुक्त दूसरे स्थान पर हैं। महू के ओमप्रकाश चौहान, चंडीगढ़ के अक्षय शर्मा और पटना के अमनराज चार अंडर 68 के स्कोर के साथ संयुक्त पांचवें स्थान पर हैं। दिल्ली के क्षितिज नावीद कौल ने 70 का कार्ड खेला और वे पहले दौर के बाद संयुक्त 14वें स्थान पर हैं। दिग्गज भारतीय गोल्फर ज्योति रंधावा इवन पार 72 का स्कोर ही बना पाए और अभी वह संयुक्त 25वें स्थान पर हैं। बेंगलुरू के चिक्कारंगप्पा अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए और वह एक ओवर 73 के स्कोर के साथ संयुक्त 39वें स्थान पर चल रहे हैं। पीजीटीआई (भारतीय पेशेवर गोल्फ टूर) में ऑर्डर ऑफ मेरिट में शीर्ष पर चल रहे करणदीप कोचर ने तीन ओवर का कार्ड खेला। चंडीगढ़ का यह गोल्फर पहले दौर के बाद संयुक्त 63वें स्थान पर है।

# अभिषेक और पारुल ने 5000 मीटर दौड़ जीती

भाषा। वारंगल

**रेलवे** के धावकों अभिषेक पॉल और पारूल चौधरी ने बुधवार को यहां जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में 60वीं राष्ट्रीय ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप के पहले दिन क्रमश: पुरुष और महिला 5000 मीटर दौड़ के खिताब जीते। फेडरेशन कप के 5000 मीटर के चैंपियन अमित जांगीड़ बुधवार को रेस में हिस्सा नहीं ले रहे थे और ऐसे में मुकाबला मुख्य रूप से रेलवे के 24 साल के अभिषेक और सेना के धावकों के बीच था। अभिषेक हालांकि 14 मिनट 16.35 सेकेंड के समय के साथ 5000 मीटर में अपना पहला राष्ट्रीय खिताब जीतने में सफल रहे। अभिषेक दौड़ में अधिकतर समय तीसरे स्थान पर थे लेकिन अंतिम 300 मीटर में उन्होंने काफी तेजी दिखाई और सबसे आगे चल रहे धर्मेंद्र को पछाड़ दिया जो 14 मिनट 17.20 सेकेंड के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहे। अजय कुमार ने 14 मिनट 20.98 सेकेंड के समय के साथ कांस्य पदक जीता। महिला 5000 मीटर दौड़ में पारूल ने 15 मिनट 59.69 सेकेंड के समय के साथ खिताब जीता। वह अधिकांश समय कोमल चंद्रकांत जगदाले से पीछे थी लेकिन अंतिम 250 मीटर में उन्हें पछाड़ने में सफल रही। महाराष्ट्र की 22 साल की कोमल ने 16 मिनट 1.43 सेकेंड के समय के अपने निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। महाराष्ट्र की ही संजीवनी बाबर जाधव ने 16 मिनट 19.18 सेकेंड के समय से कांस्य पदक जीता। महिला पोल वॉल्ट में तमिलनाडु की पवित्रा वेंकटेश ने 3.90 मीटर के प्रयास के साथ स्वर्ण पदक जीता। रेलवे की मारिया जेसन (3.80 मीटर) ने दूसरा जबकि कृष्णा राचन (3.60 मीटर) ने तीसरा स्थान हासिल किया।

अमेरिका के एक शीर्ष थिंक टैंक की रिपोर्ट में किया गया दावा

# मजूबत हो रहा है पाकिस्तान समर्थित अलगाववादी खालिस्तानी संगठन

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका** के एक शीर्ष थिंक टैंक ने कहा है कि पाकिस्तान समर्थित अलगाववादी खालिस्तानी समूह अमेरिका में धीरे-धीरे अपनी पकड़ मजबूत कर रहा है। उसने यह भी कहा कि अमेरिकी सरकार इन संगठनों की भारत विरोधी गतिविधियों को रोकने के लिए नई दिल्ली द्वारा की गई अपीलों के प्रति उदासीन रही है। हडसन इंस्टीट्यूट ने मंगलवार को प्रकाशित अपनी रिपोर्ट पाकिस्तान का अस्थिरता का षड्यंत्र : अमेरिका में खालिस्तान की सक्रियता में पाकिस्तान द्वारा इन संगठनों को दिए जा रहे समर्थन की जांच करने के लिए अमेरिका के भीतर खालिस्तान और कश्मीर अलगाववादी समूहों के आचरण को आंका है। रिपोर्ट में इन समूहों के भारत में उग्रवादी और आतंकवादी संगठनों के साथ संबंधों और दक्षिण एशिया में अमेरिकी विदेश नीति पर उनकी गतिविधियों के संभावित हानिकारक प्रभावों पर गौर किया गया है। रिपोर्ट दर्शाती है कि पाकिस्तान स्थित इस्लामी आतंकवादी संगठनों की तरह, खालिस्तानी संगठन नए नामों के साथ सामने आ सकते हैं।

इसमें कहा गया, दुर्भाग्य से, अमेरिकी सरकार ने खालिस्तानियों द्वारा की गई हिंसा में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई है, जबकि खालिस्तान अभियान के सबसे कट्टर समर्थक ब्रिटेन, कनाडा और अमेरिका जैसे पश्चिमी देशों में हैं। रिपोर्ट में कहा गया, जब तक अमेरिकी सरकार खालिस्तान से संबंधित उग्रवाद और आतंकवाद की निगरानी को प्राथमिकता नहीं देती, तब तक उन समूहों की पहचान होने की संभावना नहीं है जो वर्तमान में भारत में पंजाब में हिंसा में लिप्त हैं या ऐसा करने की तैयारी कर रहे हैं। हडसन इंस्टीट्यूट का कहना है कि पूर्वानुमान राष्ट्रीय सुरक्षा योजना का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, और इसलिए,उत्तरी अमेरिका में स्थित खालिस्तानी संगठनों की गतिविधियों की कानून द्वारा निर्धारित सीमाओं के भीतर जांच करना 1980 के दशक में खालिस्तान आंदोलन के दौरान हुई हिंसा फिर से न होने देने के लिए महत्वपूर्ण है। रिपोर्ट में कहा गया कि महत्त्वपूर्ण यह भी है कि अमेरिका के भीतर खालिस्तान से संबंधित भारत विरोधी सक्रियता हाल में बढ़ी है और वह भी तब जब अमेरिका और भारत चीन के बढ़ते प्रभाव खासकर हिंद-प्रशांत में, उसका सामना करने के लिए सहयोग कर रहे हैं। रिपोर्ट अमेरिकी सरकार से भारत की चिंताओं को गंभीरता से लेने का आह्वान करती है और भारत को इन चिंताओं को दूर करने में मदद करने के लिए आवश्यक खुफिया और कानून प्रवर्तन संसाधनों को उपलब्ध कराने का आग्रह करती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिकी सरकार को भारत में आतंकवादी हमलों के लिए जिम्मेदार सभी संगठनों को वैश्विक आतंकवादी संगठनों की सूची में शामिल करना चाहिए और उन विभिन्न व्यक्तियों को आतंकवादी के रूप में नामित करना चाहिए जिनकी भारत और अमेरिकी खुफिया और कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने आतंकवादी संस्थाओं से जुड़े होने के रूप में पहचान की है। इसने कहा, कश्मीरी और खालिस्तान अलगाववाद का समर्थन करने वाले विभिन्न संगठनों



ताइवान के राष्ट्रपति कार्यालय की ओर से जारी की गई तस्वीर में राष्ट्रपति टी साइ इंग-वेन सैन्य अभ्यास के दौरान सैनिकों से मुलाकात करते हुए

## कैलिफोर्निया के गवर्नर को हटाने की कोशिश नाकाम, गैविन न्यूसम पद पर बरकरार

**एपी।** सैक्रामेंटो (अमेरिका),

**कैलिफोर्निया** के गवर्नर गैविन न्यूसम ने कार्यकाल की समाप्ति से पहले उन्हें पद से हटाए जाने की कोशिश नाकाम कर दी। इसी के साथ न्यूसम अमेरिका के इतिहास में मंगलवार को ऐसे दूसरे गवर्नर बन गए, जो कार्यकाल की समाप्ति से पहले पद से हटाने के लिए कराए गए चुनाव में विजई रहे हैं। इससे पहले, विस्कॉनसिन के गवर्नर और रिपब्लिकन पार्टी के नेता स्कॉट वाल्कर ने 2012 में उन्हें समय से पूर्व पद से हटाए जाने की कोशिश नाकाम कर दी थी। इस जीत के साथ ही न्यूसम डेमोक्रेटिक पार्टी की राष्ट्रीय राजनीति में अहम नेता बनकर सामने आए हैं और उन्हें अमेरिका में भविष्य में राष्ट्रपति पद के चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी का उम्मीदवार बनाए जाने की संभावना प्रबल हो गई है। न्यूसम ने इस मतदान को कोरोना वायरस वैश्विक महामारी और अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की विचारधारा के खिलाफ अपनी पार्टी के मूल्यों के लिए राष्ट्रीय लड़ाई के तौर पर पेश किया था। इस चुनाव में न्यूसम की जीत का अर्थ है कि देश में सबसे अधिक आबादी वाले इस राज्य में डेमोक्रेटिक पार्टी की सरकार रहेगी और यह आव्रजन, जलवायु परिवर्तन और असमानता जैसे मामलों पर पार्टी की प्रगतिशील नीतियों की प्रयोगशाला के तौर पर काम करेगा। मतदान से पहले देश के राष्ट्रपति जो बाइडन ने लोगों से अपील की थी कि वे कोविड-19 के मद्देनजर कड़े प्रतिबंध लागू करने और टीकाकरण की आवश्यकता संबंधी डेमोक्रेटिक पार्टी के दृष्टिकोण का समर्थन करें और देश को दिखा दें कि नेतृत्व मायने रखता है, विज्ञान मायने रखता है। यह मतदान इस बात की भी परीक्षा था कि क्या डोनाल्ड ट्रम्प और उनकी दक्षिणपंथी राजनीति का विरोध डेमोक्रेट और निर्दलीय उम्मीदवारों के लिए अब भी एक प्रेरक शक्ति है। मतदान से पहले न्यूसम ने कहा था, हमने डोनाल्ड ट्रंप को तो हरा दिया है, लेकिन हमने उनकी विचारधारा को नहीं हराया है। ट्रंप की विचारधारा इस देश में अब भी जीवित है। इस मतदान के दौरान मतदाताओं से दो प्रश्न पूछे गए थे: क्या न्यूसम को पद की जिम्मेदारी से हटाया जाना चाहिए और यदि हां, तो उनकी जगह किसे यह जिम्मेदारी दी जानी चाहिए? लगभग 60 प्रतिशत मतपत्रों की गिनती के बाद न्यूसम को पद से हटाने के सवाल का नहीं में जवाब देने वाले मतदाताओं की संख्या हां में जवाब देने वालों से दोगुनी रही। यदि न्यूसम इस जनमत संग्रह पर चुनाव हार जाते, तो उनकी जगह गवर्नर बनने के लिए सबसे मजबूत उम्मीदवार रिपब्लिकन टॉक रेडियो मेजबान लैरी एल्डर होते।

## काश सुरक्षा परिषद में सुधार के लिए जादू की छड़ी होती : संरा महासभा अध्यक्ष

**भाषा।** संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त** राष्ट्र महासभा के 76वें सत्र के अध्यक्ष अब्दुल्ला शाहिद ने कहा कि सुरक्षा परिषद में सुधार करने के लिए काश उनके पास जादू की छड़ी होती और उन्होंने उम्मीद जताई कि संयुक्त राष्ट्र के सदस्य इस प्रक्रिया को गंभीरता से लेंगे।मालदीव के विदेश मंत्री शाहिद को इस साल सात जुलाई को संयुक्त राष्ट्र महासभा के 76वें सत्र का अध्यक्ष चुना गया था। शाहिद ने कहा, काश मेरे पास सुरक्षा परिषद में बदलाव और सुधार करने के लिए जादू की छड़ी होती। 1979 में मालदीव सुरक्षा परिषद पर एक एजेंडा शामिल करने के उद्देश्य से 10 देशों के समूह में शामिल हुआ और मुझे काफी गर्व है कि मालदीव पहले 10 देशों में से एक है जिसने इसकी पहल की। उन्होंने एक सवाल के जवाब में पीटीआई-भाषा से कहा, हालांकि अध्यक्ष के तौर पर मेरे पास जादू की छड़ी नहीं है, मैं उम्मीद करता हूं कि सदस्य इस प्रक्रिया को गंभीरता से लेंगे। उन्होंने कहा कि वह अंतर-सरकारी वार्ता (आईजीएन) के लिए सह-वार्ताकार नियुक्त करेंगे ताकि वे और संयुक्त राष्ट्र सदस्यों के पास इस पर काम करने के लिए और वक्त हो और मैं उन्हें शुभकामनाएं देता हूं। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई प्रतिनिधि टी एस तिरुमूर्ति ने कहा था, मैंने पहले भी कई बार कहा है कि आईजीएन को धुएं की परत के तौर पर इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। आज आईजीएन पर काम शुरू करने के संशोधित फैसले के साथ हम अगले सत्र की ओर इस उम्मीद के साथ बढ़ेंगे कि हम सुरक्षा परिषद में लंबे समय से अटके सुधार की ओर निर्णायक प्रगति कर सकें। महासभा के 76वें सत्र की अध्यक्षता संभालने के बाद शाहिद ने पत्रकारों से कहा कि उनकी उम्मीद की अध्यक्षता सभी के अधिकारों का सम्मान करने और संयुक्त राष्ट्र के पुन: नवीनीकरण के बारे में हैं।

## चिर प्रतिद्वंद्वी कोरियाई देशों ने मिसाइल परीक्षण किए, फिर से तनाव बढ़ा

**एपी।** सियोल

**चिर** प्रतिद्वंद्वी दक्षिण कोरिया और उत्तर कोरिया ने अपनी सैन्य ताकत का प्रदर्शन करते हुए बुधवार को बैलिस्टिक मिसाइलों के परीक्षण किए। यह घटनाक्रम अपना परमाणु कार्यक्रम छोड़ने के लिए उत्तर कोरिया पर कूटनीतिक दबाव बनाने की कोशिशों के बीच हुआ है। दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति कार्यालय ने कहा कि उसने बुधवार दोपहर पानी के अंदर लक्ष्य को भेदने वाली अपनी पहली मिसाइल का परीक्षण किया है। उसने कहा कि एक स्वदेश निर्मित मिसाइल 3,000 टन श्रेणी की पनडुब्बी से दागी गई और इसने अपने निर्धारित लक्ष्य को भेदने से पहले पूर्व निर्धारित दूरी तय की।

बयान में कहा गया है कि इस मिसाइल से दक्षिण कोरिया को संभावित बाहरी खतरों को रोकने, अपनी आत्म रक्षा को मजबूत करने और कोरियाई प्रायद्वीप पर शांति को बढ़ावा देने में मदद मिलने की उम्मीद है। इससे पहले दक्षिण कोरिया की सेना ने बुधवार को कहा कि उत्तर कोरिया ने छोटी दूरी की दो बैलिस्टिक मिसाइलों का परीक्षण किया है। सोमवार को उत्तर कोरिया ने कहा था कि उसने छह महीनों में पहली बार नव विकसित क्रूज मिसाइल का परीक्षण किया।

विशेषज्ञों का कहना है कि उत्तर कोरिया द्वारा मिसाइलों का परीक्षण फिर से शुरू करने का मकसद अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन पर परमाणु वार्ता को लेकर दबाव बनाना हो सकता है। दक्षिण कोरिया आम तौर पर अपने हाई-प्रोफाइल हथियारों के परीक्षण की जानकारी सार्वजनिक नहीं करता है क्योंकि कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि इससे उत्तर कोरिया अनावश्यक रूप से भड़क सकता है। पर्यवेक्षकों का कहना है हो सकता है कि मून जेई इन की सरकार इस आलोचना का जवाब दे रही हो कि उसने उत्तर कोरियाई बहुत अधिक नरम रुख अपनाया हुआ है। उनकी सरकार उत्तर कोरिया के साथ सुलह पर सक्रियता से काम कर रही है।दक्षिण कोरिया की सेना ने बताया कि उत्तर कोरियाई मिसाइलें बुधवार को करीब 800 किलोमीटर की दूर तय करने के बाद कोरियाई प्रायद्वीप और जापान के बीच समुद्र में गिरी।

अमेरिका हिंद-प्रशांत कमान ने कहा कि इन परीक्षणों से अमेरिका या उसके सहयोगियों को निजी या क्षेत्रीय रूप से कोई निकटवर्ती खतरा नहीं है। जापान के प्रधानमंत्री योशिहिदे सुगा ने कहा, गोलीबारी से जापान और क्षेत्र की शांति एवं सुरक्षा को खतरा है तथा यह बिल्कुल घृणित है। जापान की सरकार किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए अपनी निगरानी बढ़ाने को लेकर दृढ़ संकल्पित है। जापान के तटरक्षक बल ने बताया कि मिसाइलों से किसी भी जहाज या विमान को नुकसान नहीं पहुंचा है। उत्तर कोरिया ने मिसाइल परीक्षण ऐसे वक्त में किया है जब चीन के विदेश मंत्री वांग ई परमाणु वार्ता में गतिरोध पर दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा से करने के लिए सियोल में हैं।मून के कार्यालय ने बताया कि राष्ट्रपति ने वांग से कहा कि वह उत्तर कोरियाई परमाणु गतिरोध को हल करने में अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक कोशिशों में चीन की भूमिका की सराहना करते हैं और उन्होंने बीजिंग से सहयोग करते रहने को कहा। वांग ने कहा कि बीजिंग कोरियाई प्रायद्वीप के परमाणु निरस्त्रीकरण और दोनों कोरियाई देशों के बीच संबंधों में सुधार का समर्थन करता रहेगा।अमेरिका और उत्तर कोरिया के बीच परमाणु वार्ता 2019 से रुकी हुई है जब अमेरिका ने एक पुराने परमाणु केंद्र को नष्ट करने के बदले में प्रतिबंधों से बड़ी राहत देने की उत्तर कोरिया की मांग खारिज कर दी थी। किम जोंग उन की सरकार ने अमेरिका को निशाना बनाने वाले हाई-टेक हथियार बनाने की धमकी दी और जो बाइडन प्रशासन की संवाद की पहल को खारिज करते हुए सबसे पहले अमेरिका से अपनी शत्रुतापूर्ण नीतियों को छोड़ने को कहा था।

### उत्तर कोरिया पर तनाव के बीच दक्षिण कोरिया और चीन के विदेश मंत्रियों ने की मुलाकात

**सियोल।** दक्षिण कोरिया और चीन के विदेश मंत्रियों ने बुधवार को मुलाकात की जिसमें उत्तर कोरिया और अन्य क्षेत्रीय सुरक्षा मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है। यह बैठक ऐसे वक्त में हो रही है जब दो दिन पहले उत्तर कोरिया ने नई क्रूज मिसाइल का परीक्षण करने का दावा किया। उत्तर कोरिया ने सोमवार को कहा था कि उसने सप्ताहांत में मिसाइल का दो बार परीक्षण किया और इसने ।,500 किलोमीटर तक की दूरी तय की। इसके साथ ही यह मिसाइल जापान के सभी क्षेत्रों पर हमला करने में सक्षम हैं जिसमें वहां स्थित अमेरिकी सेना के अड्डे भी आते हैं। अमेरिका के साथ परमाणु कूटनीति में गतिरोध के बीच उत्तर कोरिया ने यह मिसाइल परीक्षण किया है। दक्षिण कोरिया के विदेश मंत्री चुंग इयू-योंग बुधवार को अपने चीनी समकक्ष वांग ई के साथ सियोल में बैठक के दौरान उत्तर कोरिया से परमाणु वार्ता फिर से शुरू करने के लिए उसको मनाने में अधिक सक्रिय भूमिका निभाने के लिए कह सकते हैं। गौरतलब है कि चीन, उत्तर कोरिया का सबसे बड़ा सहयोगी और सहायक देश है। उत्तर कोरिया का 90 प्रतिशत से अधिक कारोबार चीन के जरिए होता है।कुछ पर्यवेक्षकों का मानना है कि बुधवार को बातचीत के दौरान वांग दक्षिण कोरिया के साथ संबंध मजबूत करना चाहेंगे ताकि उसे अमेरिका के प्रति बहुत अधिक झुकाव रखने से रोकने की कोशिश की जा सके। उनका कहना है कि अफगानिस्तान से अमेरिकी सेना की वापसी के बाद चीन तथा रूस से बढ़ रही चुनौतियों को लेकर अमेरिका के अपनी विदेश नीति की समीक्षा करने की योजना को लेकर बीजिंग चिंतित है।



लाहौर में पाकिस्तान फुटबॉल महासंघ के पदाधिकारियों ने अफगान महिला फुटबाल टीम के सदस्यों का सपरिवार पाकिस्तान पहुचंने पर स्वागत किया

### अफगान लोगों को आर्थिक मदद की जरूरतः संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र के एक अधिकारी ने कहा कि 40 लाख अफगान लोग एक खाद्य आपात स्थिति का सामना कर रहे हैं, जहां अधिकतर ग्रामीणों को शीतकाल में गेहूं की खेती और पशुओं के चारे के लिए वित्तीय मदद की तत्काल जरूरत है, साथ ही वंचित समूहों के परिवारों, बुजुर्गों तथा विकलांगों के लिए नकद सहायता की आवश्यकता है। खाद्य एवं कृषि संगठन के इमरजेंसी एंड रिसिलेंस कार्यालय के निदेशक रीन पॉलसन ने मंगलवार को काबुल से एक वीडियो कॉन्फ्रेंस में बताया कि 70 प्रतिशत अफगान ग्रामीण क्षेत्रों में रहते हैं और कृषि अफगान आबादी के लिए बहुत जरूरी है। यह अफगानिस्तान के सकल घरेलू उत्पाद का 25 प्रतिशत से अधिक का प्रतिनिधित्व करती है, सीधे तौर पर 45 प्रतिशत कार्यबल को रोजगार देती है और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यह 80 प्रतिशत अफगान आबादी के लिए आजीविका का साधन है।

## ताइवान जाएंगे पाक के प्रधानमंत्री इमरान खान

**भाषा।** इस्लामाबाद

**प्रधानमंत्री** इमरान खान शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए ताजिकिस्तान की दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा करेंगे और आपसी संबंधों पर वहां के नेतृत्व के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। विदेश कार्यालय ने बुधवार को यह जानकारी दी। खान दुशांबे में 20वें एससीओ काउंसिल ऑफ हेड्स ऑफ स्टेट (एससीओ-सीएचएस) शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। विदेश कार्यालय (एफओ) ने कहा कि उन्हें ताजिकिस्तान के राष्ट्रपति इमोमाली रहमान ने 16 - 17 सितंबर को यात्रा के लिए आमंत्रित किया है। खान के साथ मंत्रियों का एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी जाएगा। उन्होंने इससे पहले 13-14 जून 2019 को किर्गिज गणराज्य के बिश्केक में आयोजित एससीओ-सीएचएस में भाग लिया और वीडियो-कॉन्फ्रेंस के माध्यम से 10 नवंबर 2020 को रूस द्वारा आयोजित एससीओ-सीएचएस में हिस्सा लिया था। एससीओ को नाटो के प्रतिकार के रूप में देखा जाता है। यह आठ सदस्ईय आर्थिक और सुरक्षा गठजोड़ है और सबसे बड़े अंतर-क्षेत्रीय अंर्ताष्ट्रीय संगठनों में से एक के रूप में उभरा है। भारत और पाकिस्तान 2017 में इसके स्थाई सदस्य बने थे। एससीओ की स्थापना 2001 में शंघाई में रूस, चीन, किर्गिज गणराज्य, कजाकिस्तान, ताजिकिस्तान और उजबेकिस्तान के राष्ट्रपतियों द्वारा एक शिखर सम्मेलन में की गई थी।

एससीओ में चार पर्यवेक्षक देश- ईरान, मंगोलिया, बेलारूस और अफगानिस्तान- भी हैं और इसके अलावा इसके छह संवाद साझेदार- अजरबैजान, आर्मेनिया, कंबोडिया, नेपाल, तुर्की और श्रीलंका- भी हैं।विदेश कार्यालय की तरफ से बताया गया है कि खान मुख्य कार्यक्रम से इतर अन्य सहभागी नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठक भी करेंगे।

### इंडोनेशिया के पापुआ में दुर्घटनाग्रस्त हुआ विमान

**जकार्ता (इंडोनेशिया)।** इंडोनेशिया के पूर्व में स्थित पापुआ प्रान्त के पहाड़ी जंगलों में बुधवार को एक छोटा मालवाहक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हवाई तलाश में रिमबुन एयर के विमान का पता चलने के बाद अधिकारियों ने दुर्घटना की पुष्टि की।

तिमिका बचाव एजेंसी के प्रमुख जॉर्ज लियो मर्सी रनदंग ने बताया कि उड़ान दल के तीन सदस्यों की स्थिति का पता लगाने और उन्हें निकालने के लिए उस इलाके में एक खोजी और बचाव दल को भेजा गया है। इससे पहले परिवहन मंत्रालय ने कहा था कि विमान के उड़ान भरने के 50 मिनट बाद ही स्थानीय अधिकारियों का ट्विन ओट्टर 300 से संपर्क टूट गया था। विमान नाबरे जिले से जाया जिला की ओर जा रहा था और उस पर निर्माण सबंधी सामग्री लदी थी। रनदंग ने बताया कि सुबह मौसम साफ था लेकिन बाद में जब विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ तब आकाश में बादल छाए थे। हवाई मार्ग से की गई खोज से पता चला है कि विमान इंतन जाया में दुर्घटनग्रस्त हुआ।

## तालिबान को मजबूत करने में पाक की भूमिका अहमः अमेरिकी सांसद

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका** के एक शीर्ष सांसद ने कहा कि पाकिस्तान की तालिबान को मजबूत करने में भूमिका, पाकिस्तान सरकार में शामिल कट्टरपंथियों की जीत है। सांसद ने यह भी कहा कि अफगानिस्तान में जो हालात पैदा हो रहे हैं और पाकिस्तान वहां जो भूमिका निभा रहा है, वह भारत के लिए अच्छा संदेश नहीं है। रिपब्लिकन पार्टी से सांसद मार्को रुबियो ने अफगानिस्तान पर कांग्रेस की सुनवाई के दौरान कहा कि अमेरिका के कई प्रशासन तालिबान के फिर से संगठित होने में पाकिस्तान की भूमिका को अनदेखा करने के दोषी हैं। वहीं, अन्य अमेरिकी सांसदों ने पाकिस्तान के दोहरे व्यवहार पर चिंता व्यक्त की।

उन्होंने कहा, भारत....मुझे मालुम है कि आज एक घोषणा वहां हुई है कि क्वाड (चार देशों का समूह) की एक बैठक अति शीघ्र होगी, जो कि एक अच्छा कदम है......। सांसद ने विदेश मंत्री एंटोनी ब्लिंकन से कहा, मेरा मानना है कि अमेरिका के कई प्रशासन तालिबान के फिर से संगठित होने में पाकिस्तान की भूमिका को अनदेखा करने के दोषी हैं। पाकिस्तान की तालिबान को मजबूत करने में भूमिका, पाकिस्तान सरकार में शामिल तालिबान समर्थक कट्टरपंथियों की जीत है।

वहीं, सांसद माइक राउंड्स ने कहा कि पाकिस्तान तालिबान सरकार को भारत से निपटने के लिए एक साझेदार के तौर पर देख रहा है। वहीं, ईरान के राष्ट्रपति ने भी खुले आम इसे अमेरिकी सेना की हार करार दिया है और वह तालिबान के साथ मिल कर काम करने पर विचार कर रहे हैं। संसद की विदेश संबंधों की समिति के अध्यक्ष सांसद रॉबर्ट मेनेंडेज़ ने पाकिस्तान के दोहरे व्यवहार और तालिबान को सुरक्षित पनाहगाह मुहैया कराने के संबंध में बात की। सांसद जेम्स रिच ने ब्लिंकन से कहा कि अमेरिका को इस पूरे मामले में पाकिस्तान की भूमिका को समझना चाहिए।



पेरिस में अमीरात के क्राउन प्रिंस शेख मोहम्मद बिन जायद का स्वागत करते फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैंक्रो



# सिनेमा जगत में एक नया चेहरा

## अमिताभ बच्चन अभिनीत फिल्म 'चेहरे' सिनेमाघरों में प्रदर्शित हो रही है। क्रिस्टी वर्गीज ने निर्देशक रूमी जाफरी से मुलाकात की।

पिछले एक हफ्ते से चेहरे काफी चर्चा में हैं, और सभी सही कारणों से। मूल रूप से जून 2020 में सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी, महामारी की चपेट में आने से पहले, चेहर के पीछे की टीम ने ओटीटी मार्ग नहीं लेने का विकल्प चुना और इसके बजाय अपना समय बिताया। इस साल की शुरुआत में, अप्रैल में, एक बार फिर यह घोषणा की गई थी कि फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। हालाँकि, वह तब था जब कोविड सकारात्मक मामलों की लगातार बढ़ती संख्या के साथ दूसरी लहर आई। और यहां हम हैं, मगर आखिरकार यह 27 अगस्त को देश भर के सिनेमाघरों में प्रसारित हो गई।

निर्देशक रूमी जाफरी ने चेहरे के निर्माता आनंद पंडित को अपने सबसे अच्छे धैर्य और परियोजना में विश्वास करने का श्रेय दिया। उन्होंने कहा, ''मैं आपको बताना चाहता हूं कि बतौर निर्देशक यह फिल्म सिनेमाघरों में दर्शकों को ध्यान में रखकर बनाई गई है। मुझे लगातार उन चीजों को करते रहने की ललक है जो मैंने पहले कभी नहीं की हैं। एक थ्रिलर पर काम करने के लिए मैंने जो कारण चुना उसका एक कारण यह भी है कि इसका दायरा असीम है। मैं लाइटिंग, बैकग्राउंड म्यूजिक और शॉट्स वगैरह के साथ खेल सकता हूं। इस समय में उपलब्ध तकनीक और उपकरणों को ध्यान में रखते हुए, हम रेसुल पुकुट्टी जैसे सर्वश्रेष्ठ में से सर्वश्रेष्ठ लाए, ताकि हमारे पास एक उपयुक्त अंत उत्पाद हो। मुझे ओटीटी से कोई आपत्ति नहीं है, इसने दर्शकों के साथ-साथ इंडस्ट्री के लोगों के लिए भी कई दिलचस्प रास्ते खोले हैं। लेकिन आनंद भाई स्थिति के बेहतर होने का इंतजार करने के लिए तैयार हो गए क्योंकि दर्शकों को एक संपूर्ण अनुभव के लिए सिनेमाघरों में इस अविश्वसनीय सिनेमा को देखने का अधिकार है। आनंद भाई को पूरा श्रेय, अपने सबसे अच्छे रोगी होने और चेहरे के मूल्य को पहचानने के लिए'', उन्होंने साझा किया।

स्पष्ट रूप से उत्साहित जाफरी फिल्म के बारे में बताना बंद नहीं कर सके और यह कैसे उनकी उम्मीद से बेहतर निकला। उन्होंने व्यक्त किया, ''ईमानदारी से, मुझे नहीं पता था कि क्या उम्मीद करनी है। और जब मैं ऐसा कहता हूं, मेरा मतलब यह नहीं है कि मैं दर्शकों की प्रतिक्रिया के बारे में चिंतित था, हालांकि कुछ सकारात्मक प्रतिक्रिया प्राप्त करना हमेशा अच्छा होता है (हंसते हुए)। जब मैंने पहली बार उद्योग में कदम रखा, तो मुझे लोगों को एक निर्देशक के रूप में मेरी क्षमता पर भरोसा करने के लिए मनाने में तीन साल लग गए। और, ठीक है, मैं यहां हूं। लेकिन मुझे स्वीकार करना होगा, मुझे खुशी हुई जब लोग ट्रेलर की शानदार समीक्षा के साथ मेरे पास पहुंचे। इससे मुझे लगा कि मैं सही रास्ते पर हूं और मुझे खुद पर अधिक से अधिक विश्वास करना चाहिए। मैं फिल्म के रिलीज होने का इंतजार नहीं कर सकता।''

अमिताभ बच्चन जैसे दिग्गज के साथ काम करने के अपने अनुभव के बारे में बताते हुए जाफरी ने कहा, ''मैंने पहले भी उनके साथ दो प्रोजेक्ट्स में काम किया है और उनके साथ काम करना हमेशा खुशी की बात होती है। वह पूरी तरह से पेशेवर है, के माध्यम से और के माध्यम से; इतना अनुशासित, समर्पित और शामिल कि सेट पर निर्देशक के लिए



बिल्कुल कोई तनाव नहीं है, वास्तव में सेट पर मेरा काम आसान हो रहा है। आपको ऐसा नहीं लगेगा कि आपके सेट पर इतना वरिष्ठ अभिनेता, सुपरस्टार मौजूद है।''

उन्होंने खुलासा किया, ''हमने पोलैंड और स्लोवाकिया में फिल्म का एक बड़ा हिस्सा शूट किया, वह भी दिसंबर में। मेरे बहुत से साथियों ने मुझे आगाह कर दिया था, जब उन्हें पता चला कि मैं बच्चन जी के साथ पोलैंड में शूटिंग करूंगा। मुझे यह एक समय याद है जब तापमान 14 डिग्री था और कुछ असुविधा के बावजूद, उन्होंने बिना किसी उपद्रव के शूटिंग पूरी की।''

> मैं आपको बताना चाहता हूं कि बतौर निर्देशक यह फिल्म सिनेमाघरों में दर्शकों को ध्यान में रखकर बनाई गई है। मुझे लगातार उन चीजों को करते रहने की ललक है जो मैंने पहले कभी नहीं की हैं। एक थ्रिलर पर काम करने के लिए मैंने जो कारण चुना उसका एक कारण यह भी है कि इसका दायरा असीम है। मैं लाइटिंग, बैकग्राउंड म्यूजिक और शॉट्स वगैरह के साथ खेल सकता हूं। इस समय में उपलब्ध तकनीक और उपकरणों को ध्यान में रखते हुए, हम रेसुल पुकुट्टी जैसे सर्वश्रेष्ठ में से सर्वश्रेष्ठ लाए, ताकि हमारे पास एक उपयुक्त अंत उत्पाद हो।

जैसे-जैसे बातचीत आगे बढ़ रही थी, उत्साह का एक हिस्सा जाफरी ने अपने करियर में पहली बार किया था। ''मैं फिर से एक नवागंतुक की तरह महसूस करता हूं। मैंने अपने जीवन में पहली बार एक गीत लिखा था, और क्या आप इस पर विश्वास करेंगे यदि मैं कहूं कि यह फिल्म का शीर्षक ट्रैक है, जिसे बच्चन जी ने गाया था और विशाल और शेखर द्वारा संगीतबद्ध किया था'', उन्होंने एक विस्तृत मुस्कान के साथ साझा किया .

जब हमने उनसे उनके काम के फॉर्मूले के बारे में पूछा, तो उन्होंने बेबाकी से जवाब दिया, ''मैंने तय किया है कि मैं खुद को कभी नहीं दोहराऊंगा। मैं दर्शकों को वही, उबाऊ चीजें परोसने से नफरत करूंगा। मैं दर्शकों के लिए और अधिक अविश्वसनीय सामग्री का पता लगाना और उसके साथ आना चाहता हूं। सच कहूं तो मेरे पास तीन प्रोजेक्ट तैयार हैं, सब कुछ के रखा है। लेकिन हम सभी जानते हैं कि यह उद्योग कैसे काम करता है; मैं चीजों को एक बार में एक कदम उठाना चाहता हूं। मुझे यकीन है कि चेहरे और लोगों को मेरे विजन पर भरोसा दिलाएगा। देख लेना, चेहरे के बाद और अच्छी फिल्म बनाउंगा मैं।''

# टेलीकथा

## पुराने अंदाज़ में गणेशोत्सव



पिछले तीन दशकों में, ज़ी टीवी ने शानदार कहानियों के साथ अपने दर्शकों का मनोरंजन किया है, प्यारे पात्र, और झोंपड़ी तोड़ने वाले फिक्शन शो जो जनता के साथ जुड़े हुए हैं। महामारी के दौरान भी, इसने अपने दर्शकों को ऐसी सामग्री प्रदान करने का प्रयास किया है जो उन्हें प्रेरित करता है और उन्हें जोड़े रखता है। कोने के आसपास उत्सव के साथ और भारत भर में समारोहों को सीमित करने वाले प्रतिबंध, ज़ी टीवी के लिए एक आश्चर्य प्रस्तुत हो रहा है। चैनल आपको गणेश चतुर्थी का लुक, फील और फ्लेवर देने के लिए पूरी तरह तैयार है और अपने घरों में सुविधाजनक रूप से यह एक विशेष के माध्यम से एक असाधारण उत्सव प्रस्तुत करता है।

'ज़ी टीवी के साथ गणेश उत्सव' का एपिसोड। यह विशेष एपिसोड 19 सितंबर को दोपहर 12 बजे प्रसारित होगा और यह निश्चित रूप से सभी को मंत्रमुग्ध कर देगा। ज़ी टीवी के दर्शक कुमकुम भाग्य की जोड़ी अभि (शब्बीर अलुवालिया) - प्रज्ञा (श्रीति झा) और प्राची (मुग्धा चापेकर) - रणबीर (कृष्णा कौल) जैसे टेली सितारों के कुछ प्रदर्शनों को देखेंगे।

अभिषेक कपूर- मनित जौरा और अंकिता लोखंडे जैसे कलाकार भी प्रस्तुति देंगे। कुमकुम भाग्य के सितारों मुग्धा चापेकर और कृष्णा कौल ने हमने तुमको देखा, एक मैं और एक तू और खुल्लम खुल्ला प्यार करेंगे जैसे बॉलीवुड गानों पर रेट्रो एक्टिंग की है।

अपने अभिनय के बारे में बात करते हुए, मुग्धा ने कहा, ''पिछले साल, महामारी के कारण, हम सभी त्योहारों को नहीं मना सके जैसे हम आमतौर पर करते हैं।

एक महाराष्ट्रियन होने के नाते, मैं वास्तव में गणेश चतुर्थी मनाने से चूक गई। गणेश चतुर्थी मेरे लिए सिर्फ एक त्योहार नहीं है, यह एक भावना है। बेशक, हमने सभी दिशा-निर्देशों का पालन किया, सभी आवश्यक सावधानियां बरतीं, जब हम शूटिंग नहीं कर रहे थे तब अपने मास्क पहने और सब कुछ साफ कर दिया, हम यह नहीं भूलते। लेकिन यह मज़ेदार था, और हमने पुराने अंदाज़ के इन सभी कपड़ों को पहनकर और 70 के दशक के गानों पर परफॉर्म करते हुए, एक पुराण अंदाज़ में समारोहों का प्रदर्शन किया। वास्तव में, कृष्णा और मैंने अपने प्रिय आकर्षक दिवंगत अभिनेता ऋषि जी को भी यह अभिनय समर्पित किया और हमने उनके अधिकांश गीतों पर प्रदर्शन किया।''

## बालिका वधू की आनंदी

कलर्स के बालिका वधू के लॉन्च के बाद से, अभिनेत्री श्रेया पटेल द्वारा अभिनीत नई आनंदी को पूरे भारत में दर्शकों से अपार प्यार और सराहना मिल रही है। दर्शक शो से जुड़े हुए हैं और मासूमियत और आनंद से भरे उनके प्यारे बचपन को देखना पसंद करते हैं। शो में आनंदी का अब तक का सफर आसान और हल्का रहा है, लेकिन जैसे ही कहानी का अगला चरण शुरू होगा, यह तेजी से बदलेगा। आने वाले एपिसोड में दर्शकों को कुछ हाई-एंड ड्रामा देखने को मिलेगा, जिससे हर कोई अपनी सीट से किनारा कर लेगा। .



अपने जीवन की कड़वी सच्चाई से बेखबर, जो उन्हें जल्द ही प्रभावित करेगी, छोटी आनंदी को शो में अपने प्यारे और मासूम बचपन का आनंद लेते हुए देखा गया है। दर्शकों ने अब तक आनंदी की प्रतिक्रिया देखी है जब उसे जिगर से अपनी शादी के बारे में पता चला जब वह सिर्फ एक शिशु थी। वह अब गौना समारोह के दौरान अपने भाग्य के साथ आमने-सामने आएगी जब उसे अपने माता-पिता के घर से बाहर जाना होगा। जब उसे जिगर के घर में बहू के रूप में रहने के लिए मजबूर किया जाता है, तो उसका जीवन काफी बदल जाएगा।

ट्विस्ट के बारे में बात करते हुए, आनंदी की भूमिका निभाने वाली श्रेया पटेल ने खुलासा किया, ''आनंदी के जीवन में एक बड़ा पल आने वाला है, और यह उसकी दुनिया को पूरी तरह से उलट देगा। गौना सीक्वेंस शो के लिए एक महत्वपूर्ण प्लॉट ट्विस्ट होगा क्योंकि आने वाले एपिसोड में हर कोई आनंदी को असंख्य भावनाओं से गुजरते हुए देखेगा।''

खिमजी की भूमिका निभाने वाले अंशुल त्रिवेदी ने कहा, ''आनंदी कई चुनौतियों का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार है क्योंकि कहानी एक महत्वपूर्ण मोड़ लेती है जो उसे उसके जीवन की कठोर वास्तविकता के सामने लाएगी। हम सब 'बालिका वधू' के इस नए चरण के लिए खुद को तैयार कर रहे हैं, जो दर्शकों को बांधे रखने के लिए निश्चित है!''

जबकि गौना सीक्वेंस उसकी दुनिया को उल्टा कर देता है, क्या आनंदी व्यवस्था और परंपराओं के खिलाफ लड़ेगी ? या वह इसके आगे झुक जाएगी ?

## वापस लौट आया यूफोरिया



जैसे ही पलाश ने कू पर पोस्टर साझा किया, प्रशंसकों ने अपना प्यार दिखाने और शुभकामनाएं व्यक्त करने के लिए संदेश देना शुरू कर दिया। कुछ टिप्पणियों को नीचे दिए गए ग्रैब में देखा जा सकता है। गायक, जो एक योग्य डॉक्टर भी हैं, जून में कू में शामिल हुए और अब मंच पर उनके करीब 8,000 अनुयायी हैं।

सेल भारतीय इंडी बैंड 'यूफोरिया' का आठवां एल्बम है। 7-ट्रैक तमाशा आपको शैलियों, ध्वनियों, शैलियों, भावनाओं और जीवन के अनुभवों की सवारी पर ले जाएगा। पलाश के करियर के विभिन्न बिंदुओं पर लिखा गया, प्रत्येक गीत एक वास्तविक जीवन की कहानी के लिए खड़ा है जिसे उन्होंने और बैंड ने देखा या महसूस किया है। एक ऐसी दुनिया में जहां सब कुछ एक कीमत के साथ आता है, यह एल्बम एक ऐसी चीज के बारे में बोलता है जिसे खरीदा नहीं जा सकता - लव ऑर इज़ इट ?

सेल 10 सितंबर को सीमित एनएफटी के रूप में और 14 सितंबर को दुनिया भर के स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर रिलीज होगी।

यह एल्बम लॉन्च कू हिंदी फेस्ट के उद्घाटन संस्करण के आधिकारिक उद्घाटन का भी प्रतीक है, देश भर में हिंदी रचनाकारों का सम्मान और जश्न मनाने और उन्हें खुद को व्यक्त करने और खुद को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान करने वाला एक 7 दिवसीय कार्यक्रम, जो इस 14 वें हिंदी दिवस को तैयार करता है। सितंबर। इस उत्सव का उद्देश्य भारत के हिंदी रचनाकारों और प्रभावितों को खुद को सोशल मीडिया निर्माता और प्रभावित करने वालों के रूप में स्थापित करने के लिए एक समान मंच प्रदान करना है और साहित्यिक (रचनात्मक लेखन, कविता, वाद-विवाद) और सांस्कृतिक गतिविधियु (संगीत, अभिनय, फोटोग्राफी, ब्लॉगिंग)। यह बिल्कुल सही है कि पलाश और यूफोरिया, भारत की विरासत इंडी क्रिएटर्स में से एक होने के नाते, इस तरह के पहले डिजिटल फेस्टिवल का उद्घाटन कर रहे हैं।

यूफोरिया को 'मेरी' और 'धूम' जैसे असाधारण संगीत हिट के लिए जाना जाता है जो 90 के दशक में बड़े पैमाने पर हिट हुए थे। तब से, बैंड पूरे देश में संगीत प्रेमियों की पसंदीदा सूची में है।

## आज़ाद के ओरिजिनल - मेरी डोली, मेरे अंगना एवं पवित्र भरोसे का सफर

यह बिगिनन मीडिया के पहले उपभोक्ता विशिष्ट मनोरंजन चैनल, आज़ाद के साथ शो का समय है, जो विशेष रूप से ग्रामीण मानसिकता के लिए अपनी मूल सामग्री की पेशकश की घोषणा करता है। आज़ाद भारत का पहला प्रीमियम हिंदी ग्रामीण मनोरंजन चैनल है। मेरी डोली मेरे अंगना और पवित्र भरोसा का सफर शीर्षक वाले पहले दो शो, दोनों शो को समय-समय पर सिंडिकेटेड शोध के माध्यम से ग्रामीण व्यक्ति की गहरी समझ के बाद बनाया गया है। हमारी मिट्टी हमारा आसमान के ब्रांड प्रस्ताव पर खरा उतरते हुए, शो की थीम को विशेष रूप से इस सुपर मास के साथ आकर्षित करने, संलग्न करने और कनेक्ट करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। 14 सितंबर 2021 से, मेरी डोली मेरे अंगना रात 9 बजे और पवित्र भरोसा का सफर 9 30 बजे, आज़ाद पर और साथ ही एमएक्स प्लेयर (डिजिटल पार्टनर) पर प्रसारित होगा।



पहले आज़ाद मूल का शीर्षक मेरी डोली मेरे अंगना है। टेल-ए-टेल मीडिया के प्रसिद्ध निर्माताओं, जितेंद्र गुप्ता और महेश तगड़े द्वारा निर्मित शीर्षक जो तत्काल जिज्ञासा पैदा करता है। यह शो बिठूर पर आधारित है, जहां पूरा सिंह परिवार, खासकर उनके पिता बेटी को अपनी आंखों का तारा मानते हैं। यह आज के ग्रामीण परिवार की कहानी है जो परिवार के भीतर संबंधों की सुंदरता और जटिलताओं को चित्रित करती है।

कुछ परिस्थितियों के कारण ये रिश्ते बदल जाते हैं और यह हमारी नायिका के जीवन को काफी प्रभावित करता है। अपनी शादी के बाद, उसे पता चलता है कि पुराने सामाजिक मानदंड जहां वे एक बेटी और बहू के बीच अंतर करते हैं, अभी भी मौजूद है। यह शो जानकी की एक अनुभवी और मासूम बेटी से एक अनुभवी बहू बनने तक की यात्रा को दर्शाता है जो अपनी शादी के बाद जटिल परिस्थितियों और बदलती गतिशीलता के साथ संबंधों को प्रबंधित करना सीखती है। आस्था अभय ने मुख्य किरदार जानकी और सुरेंद्र पाल, रुद्राक्षी गुप्ता और अंकित रायजादा ने शो में प्रमुख किरदार निभाए हैं।

दूसरी आज़ाद ओरिजिनल का शीर्षक पवित्रा भरोसा का सफर है और इसे पार्थ प्रोडक्शन के जाने-माने प्रोड्यूसर संतोष सिंह, रोशेल सिंह और पर्ल ग्रे ने प्रोड्यूस किया है। मेरठ की पृष्ठभूमि पर आधारित यह पारिवारिक ड्रामा, ग्रामीण मानसिकता के साथ प्रतिध्वनित होता है क्योंकि यह महिला सशक्तिकरण को प्रोत्साहित करने, सामाजिक मुद्दों से जूझने के विषयों पर केंद्रित है और यह दो विविध व्यक्तित्वों की एक भावुक प्रेम कहानी भी है। यह शो आज के ग्रामीण युवाओं की आकांक्षाओं और आशाओं को छूता है क्योंकि उनमें से अधिकांश उच्च शिक्षा के बाद बेहतर नौकरी चाहते हैं और अपने जीवन के विकल्प तय करने की स्वतंत्रता भी चाहते हैं। यह शो आज के ग्रामीण युवाओं की आकांक्षाओं और आशाओं को छूता है क्योंकि उनमें से अधिकांश उच्च शिक्षा के बाद बेहतर नौकरी चाहते हैं और अपने जीवन के विकल्प तय करने की स्वतंत्रता भी चाहते हैं। यह शो पवित्रा नामक एक युवा लड़की की यात्रा को दर्शाता है जो एक वंचित टैक्सी ड्राइवर की बेटी है और अपनी शिक्षा पूरी करने और आत्मनिर्भर बनने की इच्छा रखती है। वह अपने लक्ष्यों को पूरा करने के लिए किसी भी हद तक जाती है, उन सभी प्रतिबंधों के खिलाफ लड़ती है जो उसके विकास, लिंग भेदभाव और सामाजिक कलंक के खिलाफ लड़ती हैं और अंततः एक सफल उद्यमी बन जाती हैं जो अन्य महिलाओं को अपने परिवार और खुद की हर तरह से देखभाल करने में सक्षम बनने में मदद करती हैं। पवित्रा की भूमिका शैली प्रिया ने निभाई है और कलाकारों की टुकड़ी में नीलू वाघेला शामिल हैं। साथ में कुमार राजपूत और शीजान मोहम्मद।

## फिर एक साथ दिखेंगे मनोज वाजपेयी और प्रियामणि

इस साल की सबसे चर्चित जोड़ी मनोज बाजपेयी और प्रियामणि, जिन्होंने द फैमिली मैन में मध्यवर्गीय भारत की आकांक्षाओं को पूरी तरह से प्रदर्शित किया, इस बार रुपेक के लिए एक दिल को छू लेने वाले विज्ञापन अभियान में वापस आ गए हैं। अभियान के माध्यम से, रुपेक का लक्ष्य आम आदमी और महिला को सुरक्षित, व्यक्तिगत और तनाव मुक्त तरीके से क्रेडिट तक पहुंचने के लिए अपने सोने का उपयोग करने में गर्व महसूस करने के लिए प्रेरित करना है। उधार देने वाले भागीदारों के साथ अपने भरोसेमंद संबंधों के माध्यम से, रुपेक अपने ग्राहकों को न्यूनतम दस्तावेजीकरण और 0.69 प्रतिशत प्रति माह की न्यूनतम ब्याज दर के साथ ऑनलाइन गोल्ड लोन प्रदान करता है।



भारत में, जहां सुरक्षित ऋण तक पहुंच अभी भी दुर्लभ है, रुपेक, एक नए युग का, अभिनव फिनटेक ब्रांड विघटनकारी प्रौद्योगिकी द्वारा समर्थित पेशकशों को डिजाइन कर रहा है जिसका उद्देश्य एक अरब भारतीयों के लिए विकास को अनलॉक करने वाले क्रेडिट दर्द बिंदुओं को हल करना है। रूपेक का अब तक का पहला ब्रांड अभियान, जिसमें मनोज बाजपेयी और प्रियामणि ने अभिनय किया है, सबसे कम ब्याज दरों पर परेशानी मुक्त डोरस्टेप गोल्ड लोन की पेशकश को प्रदर्शित करता है। ब्रांड सहयोग पर बोलते हुए, अभिनेता मनोज बाजपेयी ने कहा, ''मैं रुपेक के साथ जुड़ने और आम आदमी के लिए क्रेडिट उपलब्ध कराने के इसके मूल मूल्य को लेकर उत्साहित हूं। यह देखना अद्भुत है कि कैसे युवा उद्यमी और कम्पनियां उन मुद्दों को संबोधित कर रही हैं जो हमारे समाज में गहराई से घुसे हुए हैं। इस फिल्म के माध्यम से, हमने गोल्ड लोन से जुड़े कलंक को तोड़ने और लोगों को चुनौतीपूर्ण समय के दौरान सशक्त महसूस कराने के लिए गोल्ड लोन की क्षमता पर एक गहरा संदेश देने की कोशिश की है।''

2 | न्यूज-व्यूज
अभियंता दिवस पर विश्वेश्वरैया की प्रतिमा का किया अनावरण

6 | अभिमत
बंदूक की नोक पर सफल नहीं होगी कूटनीति

12 | विविध
सिनेमा जगत में एक नया चेहरा

RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 321
लखनऊ, बृहस्पतिवार, 16 सितम्बर, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
डाक संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



टी-20 रैंकिंग में विराट चौथे स्थान पर
स्पोर्ट्स-11

www.dailypioneer.com

# ग्रामीण क्षेत्रों को सरकार का एक और तोहफा



लखनऊ में बुधवार को वर्चुअल माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों के लिए सड़कों का शिलान्यास और लोकार्पण करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। साथ में अन्य मंत्रीगण

### ● सैकड़ों सड़कों का मुख्यमंत्री ने किया शिलान्यास और लोकार्पण

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**योगी** सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों को करीब दो हजार सड़कों का तोहफा दिया है। वर्चुअल माध्यम से संपन्न ग्रामीण क्षेत्र की सड़कों के लोकार्पण, शिलान्यास कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़कें केवल आवागमन का माध्यम भर नहीं हैं। यह ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने का परिपथ भी हैं। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने वर्ष 2000 में जिस प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना को शुरू किया था, वह आज गांवों के उन्नति का माध्यम बन रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में 500 या उससे अधिक आबादी वाले सभी मजरों को संपर्क मार्ग से जोड़ा जा चुका है। यही नहीं प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में एफडीआर टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करने वाला उत्तर प्रदेश पहला राज्य है। सीएम ने पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर आजमगढ़ और जौनपुर जिला पंचायतों में फुल डेप्थ रीक्लेमेशन पद्धति से सड़क निर्माण के लिए खुशी जाहिर की। उन्होंने जिला पंचायत अध्यक्ष जौनपुर के अलावा पीएम ग्रामीण सड़क योजना से लाभान्वित बाराबंकी के रामनरेश और रायबरेली के परशुराम का हाल-चाल भी लिया। सीएम ने कहा कि जो जिला पंचायतें अच्छा काम कर रही हैं उनकी पूरी जानकारी है। वहीं भ्रष्टाचार अधिकारियों, कर्मचारियों के खिलाफ हालिया कार्रवाईयां का हवाला देते हुए बिना ठोस कारण ठेकेदारों के देय भुगतान में विलंब न करने की चेतावनी भी दी। सीएम ने जिला पंचायत अध्यक्षों को निर्माण कार्यों का भौतिक सत्यापन करने के निर्देश भी दिए। वहीं ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत तथा जिला पंचायत के अध्यक्षों व सदस्यों से संवाद करते हुए मुख्यमंत्री ने पंचायतों को आत्मनिर्भर होने की जरूरत बताई। उन्होंने कहा कि पंचायतों के पास संपत्ति है साधन है, जरूरत है कि नवाचार अपनाकर स्वावलम्बन के लिए प्रयास किये जाएं। सीएम ने कहा कि पंचायतों की बेहतरी के लिए स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का विकास हो, इसके लिए एक विशिष्ट प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाना चाहिए। क्षेत्र पंचायत स्तर पर ग्राम पंचायतों के बीच, जिला स्तर पर क्षेत्र पंचायतों के बीच और प्रदेश स्तर पर जिला पंचायतों के बीच प्रतियोगिता कराकर उनके नवाचारों को पुरस्कृत किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने पंचायतों से सस्टेनेबल विकास का मॉडल देने के लिए भी प्रोत्साहित किया।

## आमजन को विकासकार्यों में प्रत्यक्ष भागीदार बनाने के लिए आरंभ होगी मातृभूमि योजना

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**आमजन** को विकासकार्यों में प्रत्यक्ष भागीदार बनाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश मातृभूमि योजना शुरू करने की घोषणा की है। इस अनूठी योजना के तहत गांवों में होने वाले अवस्थापना विकास के विभिन्न कार्यों में हर व्यक्ति को सीधी हिस्सेदारी का मौका मिलेगा। परियोजना की कुल लागत का 50 फीसदी खर्च सरकार वहन करेगी जबकि शेष 50 फीसदी इच्छुक व्यक्ति की ओर से सहयोग होगा। बदले में परियोजना का नामकरण सहयोगी व्यक्ति की इच्छानुसार उनके परिजनों के नाम पर किया जा सकेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ग्राम्य विकास और पंचायती राज विभाग को इस अभिनव योजना की औपचारिक शुरुआत के लिए विस्तृत कार्ययोजना प्रस्तुत करने को कहा है।

बुधवार को मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से पीएम ग्रामीण सड़क योजना तथा जिला पंचायतों के तहत हॉटमिक्स तथा फुल डेप्थ रिक्लेमेशन पद्धति से बनी सड़कों लोकार्पण व शिलान्यास करते हुए सीएम योगी ने सरकार की इस नई योजना की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि गांवों के समग्र विकास के लिए केंद्र और राज्य सरकार की ओर से लगातार काम किया जा रहा है। समाज के साधन संपन्न लोगों का सहयोग लेकर इस काम को और बेहतर और तेजी से किया जा सकता है। इस उद्देश्य से उत्तर प्रदेश मातृभूमि योजना एक अच्छा प्रयास हो सकती है। गांवों में स्वास्थ्य केंद्र, आंगनबाड़ी, पुस्तकालय, स्टेडियम, व्यायामशाला, ओपन जिम, पशु नस्ल सुधार केंद्र, फायर सर्विस स्टेशन आदि की स्थापना करनी हो या फिर स्मार्ट विलेज के लिए सीसीटीवी लगवाने हों, अंत्येष्टि स्थल का विकास होना हो, सोलर लाइट लगनी हो या फिर सीवरेज के लिए एसटीपी प्लांट की स्थापना, हर काम में आमजन की भागीदारी हो सकती है। इस नई योजना के माध्यम से परियोजना की कुल लागत का आधा खर्च उठाकर संबंधित व्यक्ति उसका पूरा क्रेडिट ले सकेगा।

### गावों को यह मिली सौगात

- पीएम ग्राम सड़क योजनांतर्गत 4130.27 करोड़ की लागत से 6208.45 किमी लंबे 886 ग्रामीण मार्गों के निर्माण कार्य का शुभारंभ।
- 155 करोड़ की लागत से 1930 किमी लंबे 692 ग्रामीण मार्गों के नवीनीकरण कार्य का लोकार्पण।
- जिला पंचायतों के अंतर्गत हॉटमिक्स पद्धति से निर्मित होने वाले 195.07 करोड़ की लागत से 537.82 किमी लंबे 509 ग्रामीण मार्गों का लोकार्पण।
- जिला पंचायतों के अंतर्गत हॉटमिक्स पद्धति से निर्मित होने वाले 33.75 करोड़ की लागत से 48.62 किमी लंबे 14 ग्रामीण मार्गों का शिलान्यास।

# दूरसंचार कंपनियों को बड़ी राहत

### ● सरकार ने बकाया भुगतान के लिए मोहलत दी, अन्य सुधारों की भी घोषणा

**भाषा।** नई दिल्ली




नई दिल्ली पत्रकारों को संबोधित करते केंद्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव और अनुराग ठाकुर

**केंद्रीय** मंत्रिमंडल ने बुधवार को दबाव में फंसे दूरसंचार क्षेत्र के लिए बड़े सुधार पैकेज को मंजूरी दी। इस पैकेज में सांविधिक बकाए के भुगतान से चार साल की मोहलत, दुलर्भ रेडियो तरंगों को साझा करने की अनुमति, सकल समायोजित राजस्व (एजीआर) की परिभाषा में बदलाव तथा स्वत: मार्ग से 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की अनुमति शामिल हैं। एजीआर के आधार पर ही कंपनियों को शुल्क का भुगतान करना होता है। इन राहत उपायों में भविष्य में स्पेक्ट्रम नीलामी में अधिग्रहण किए जाने वाले स्पेक्ट्रम के मामले में स्पेक्ट्रम उपयोग शुल्क (एसयूसी) को खत्म करना भी शमिल है। इन उपायों का मकसद वोडाफोन आइडिया जैसी कंपनियों को राहत प्रदान करना है। कंपनी को पिछले सांविधिक बकाया मद में हजारो करोड़ रुपए देने हैं। दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि 5जी स्पेक्ट्रम की नीलामी संभवत: फरवरी 2022 में होगी और सरकार इसे जनवरी में कराने का प्रयास कर सकती है। प्रक्रिया से जुड़े सुधारों के तहत अब प्रीपेड से पोस्ट-पेड कनेक्शन तथा पोस्ट-पेड से प्रीपेड कनेक्शन के लिए नए सिरे से केवाईसी (अपने ग्राहक को जानों) की जरूरत नहीं होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक के बाद संवाददाताओं को निर्णय की जानकारी देते हुए दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि दूरसंचार क्षेत्र के लिए नौ संरचनात्मक सुधारों को मंजूरी दी गई है। इन सुधारों का उद्देश्य क्षेत्र में स्वस्थ्य प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना, ग्राहकों को विकल्प उपलब्ध कराना और नई कंपनियों के आने का रास्ता साफ करना है। सरकार ने समायोजित सकल राजस्व (एजीआर) की परिभाषा से गैर-दूरसंचार आय को आगे से हटाने का निर्णय किया है। दूरसंचार कंपनियों को कानूनी शुल्क के रूप में एजीआर का पहले से तय कुछ प्रतिशत का भुगतान सरकार को करना होगा। लेकिन यह आगे से लागू होगा। गैर-दूरसंचार राजस्व को शामिल करने से वोडाफोन आइडिया जैसी कंपनियों पर हजारों करोड़ रुपए का बकाया जमा हो गया है जिससे वे दिवालिया होने के कगार पर पहुंच गई हैं। मंत्रिमंडल ने पिछले बकाए के बारे में सालाना भुगतान को लेकर कंपनियों को चार साल की मोहलत दी है। यानी इसे चार साल के लिए टाल दिया गया है। लेकिन दूरसंचार कंपनियों को इस अवधि के दौरान ब्याज का भुगतान करना होगा। इसके अलावा, सरकार के पास टाली गई राशि को मोहलत अवधि के अंत में इक्विटी में बदलने का विकल्प होगा। एजीआर से संबंधित बकाए के लौटाने को लेकर मोहलत से नकदी संकट से जूझ रही कंपनियों को कारोबार सुधारने में मदद मिलेगी। और वे समय के साथ बकाए का भुगतान कर सकेंगी। मंत्री ने कहा, दूरसंचार राहत पैकेज से सरकार के लिए राजस्व के हिसाब से कोई फर्क नहीं पड़ेगा। मंत्रिमंडल ने स्वत: मार्ग से क्षेत्र में 100 प्रतिशत एफडीआई को भी मंजूरी दे दी। अबतक स्वत: मार्ग से 49 प्रतिशत एफडीआई की मंजूरी थी। उसके बाद के लिए सरकार से मंजूरी की जरूरत पड़ती थी।

### वाहन, ड्रोन उद्योग के लिए 26,058 करोड़ की पीएलआई योजना को स्वीकृति

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने वाहन, वाहन कलपुर्जा और ड्रोन उद्योग के लिए 26,058 करोड़ रुपए की उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना को मंजूरी दी है। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि इससे देश की विनिर्माण क्षमताओं को बढ़ाने में मदद मिलेगी। पीएलआई योजना भारत में उन्नत ऑटोमोटिव तकनीक की वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला के विकास को प्रोत्साहित करेगी। ठाकुर ने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा कि उद्योग को पांच साल में 26,058 करोड़ रुपए का प्रोत्साहन दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि वाहन और वाहन कलपुर्जा उद्योग के लिए पीएलआई योजना के तहत पांच वर्षों में 42,500 करोड़ रुपए से अधिक का नया निवेश होगा और 2.3 लाख करोड़ रुपए से अधिक का बढ़ा हुआ उत्पादन हासिल होगा।

## किसानों के लिए धान क्रय नीति निर्धारित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** सरकार ने कैबिनेट बाई सर्कुलेशन के जरिए वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए नई धान क्रय नीति के निर्धारण को मंजूरी प्रदान कर दी है। इसके तहत राज्य सरकार ने भारत सरकार द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2021-22 में मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत कॉमन धान का समर्थन मूल्य 1940 रुपए प्रति कुन्तल तथा ग्रेड-ए का समर्थन मूल्य 1960 रुपए प्रति कुन्तल निर्धारित किया गया है जिसका सरकार ने समर्थन किया है। खरीफ विपणन वर्ष 2021-22 में लखनऊ, बरेली संभाग में धान क्रय की अवधि 1 अक्टूबर से 31 जनवरी 2022 तक तथा लखनऊ सम्भाग के लखनऊ, सीतापुर, रायबरेली, उन्नाव व चित्रकूट, कानपुर, अयोध्या, देवीपाटन, बस्ती, गोरखपुर, आजमगढ़, वाराणसी, मिर्जापुर एवं प्रयागराज मण्डलों में 1 नवम्बर से 28 फरवरी 2022 तक होगी।

## नौ करोड़ से अधिक वैक्सीन की डोज लगाने वाला राज्य बना यूपी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कोरोना** वैक्सीनेशन के मामले में उत्तरप्रदेश में 9 करोड़ से ऊपर आबादी को वैक्सीन की डोज लग चुकी है। उत्तर प्रदेश देश में 9 करोड़ से अधिक वैक्सीन की डोज लगाने वाला एकलौता राज्य है। प्रदेश में पहली डोज 7,45,35,619 तथा दूसरी डोज 1,52,36,150 लगायी गयी हैं। एक दिन पूर्व एक दिन में 10,80,153 कोविड वैक्सीन की डोज दी गयी है। अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने बताया कि प्रदेश में कल एक दिन में कुल 2,21,226 सैम्पल की जांच की गयी है। 1,20,353 सैम्पल आरटीपीसीआर जांच के लिए विभिन्न जनपदों से भेजे गये है। प्रदेश में अब तक कुल 7,55,39,756 सैम्पल की जांच की गयी है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में पिछले 24 घंटे में कोरोना संक्रमण के 19 नये मामले आये हैं। प्रदेश के 34 जनपदों में कोविड का कोई एक्टिव केस नहीं है। प्रदेश में पिछले 24 घंटे में 16 तथा अब तक कुल 16,86,538 लोग कोविड.19 से ठीक हो चुके हैं।




### बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 58,723 | ↑ 476 | |
| निफ्टी | 17,519 | ↑ 139 | |
| सोना | 46,214 | ↑ 438 | /10g |
| चांदी | 62,140 | ↑ 633 | /kg |

### क्विक न्यूज

#### यूपीएसएसएफ के हवाले होगी संवेदनशील दफ्तरों की सुरक्षा

**लखनऊ।** उप्र में आतंकी खतरे के मद्देनजर सचिवालय समेत सभी संवेदनशील सरकारी दफ्तरों की सुरक्षा का जिम्मा नवगठित उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल यूपीएसएसएफ को दिया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को टीम-9 की बैठक में कहा कि सचिवालय समेत सभी संवेदनशील शासकीय कायार्लयों की सुरक्षा व्यवस्था को और पुख्ता करने की जरूरत है। इसके मद्देनजर इन भवनों के सुरक्षा की जिम्मेदारी नवगठित यूपीएसएसएफ को सुपुर्द करने पर विचार करते हुए आवश्यक कार्यवाही की जानी चाहिए। कानून मंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि दिल्ली पुलिस और यूपी एटीएस की संयुक्त कार्रवाई में लखनऊ, प्रयागराज और रायबरेली से आतंकवादियों की गिरफ्तारी से एक बड़ा खतरा टल गया है लेकिन अब हमें और सतर्क रहने की जरूरत है। गिरफ्तार आतंकियों से पूछताछ में जो नये नाम सामने आएंगे, उन पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## प्रतापगढ़, रायबरेली व प्रयागराज से तीन और आतंकवादी गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

### ● यूपी एटीएस ने की कार्रवाई

**पाकिस्तान** समर्थित बड़े आतंकी मॉड्यूल के खुलासे के बाद यूपी एटीएस की छापेमारी लगातार जारी है। बीते मंगलवार को अलग-अलग स्थानों से तीन आतंकियों को गिरफ्तार करने के बाद एटीएस ने रायबरेली, प्रतापगढ़ और प्रयागराज से तीन और आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है। एडीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार ने बताया कि पकड़े गए सभी 6 आतंकियों को अग्रिम विधिक कार्यवाही के लिए स्पेशल सेल दिल्ली को सुपुर्द कर दिया गया है।

मोहम्मद इम्तियाज को प्रतापगढ़, जमील शेख को रायबरेली से और मोहम्मद ताहिर को प्रयागराज से गिरफ्तार किया गया है। इससे पहले 14 सितंबर को यूपी के रायबरेली के रहने वाले मूलचंद उर्फ साजू उर्फ लाला, लखनऊ के रहने वाले मोहम्मद आमिर जावेद और प्रयागराज के रहने वाले जीशान कमर को यूपी एटीएस ने गिरफ्तार किया था। इसके अलावा दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने मुंबई के रहने वाले जान मोहम्मद शेख (47) उर्फ समीर कालिया को कोटा से एक ट्रेन में और जामिया नगर के रहने वाले ओसामा (22) उर्फ सामी को ओखला से और बहराइच निवासी अबू बकर को गिरफ्तार किया था। मंगलवार को पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आइएसआई से जुड़े आतंकी जीशान की गिरफ्तारी और विस्फोटक बरामद करने के बाद एक और आतंकवादी को शहर के करेली इलाके से पकड़ा गया है। संगमनगरी से दो आतंकियों के पकड़े जाने से यह शहर अब एटीएस और एनआइए के राडार पर है। इन दोनों से जुड़े लोगों पर पैनी नजर रखी जा रही है। जीशान तो पाकिस्तानी सेना से आतंकी हमलों की 15 दिन की ट्रेनिंग लेकर यहां आया था। कुंभ और माघ मेला के लिए दुनिया भर में विख्यात प्रयागराज में इन दो आतंकियों की गिरफ्तारी के बाद अब एटीएस की निगाह उन दोनों के नेटवर्क के लोगों पर होगी। एटीएस ने प्रतापगढ़ से मछली कारोबारी इम्तियाज उर्फ कल्लू को गिरफ्तार किया है। इम्तियाज महेशगंज थाना के डिहवा जलालपुर गांव का रहने वाला है। वह दो साल पहले कोरोना काल मे मुम्बई से गांव से आया था। गांव में मछली का कारोबार कर रहा था। एटीएस ने भोर में छापेमारी कर इम्तियाज को उठा लिया। एटीएस टीम उसे पहले थाने ले गई।

पूछताछ के बाद एटीएस उसे अपने साथ ले गई। बताया जा रहा है कि एटीएस टीम ने इम्तियाज के घर की तलाशी ली तो वहां से दो धारदार तलवार और एक तमंचा बरामद हुआ। वहीं रायबरेली के अकोढ़िया थाना ऊंचाहार के रहने वाले मूलचंद उर्फ लाला के बाद एटीएस ने इसी गांव के जमील शेख को भी गिरफ्तार किया है। अभियुक्तगण की निशांदेही पर प्रयागराज में भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री ए हथियार और कारतूस भी बरामद किए गए हैं। दूसरी ओर बीते मंगलवार को आलमबाग के मवैया के रहने वाले जिस आतंकी मोहम्मद आमिर को गिरफ्तार किया गया था उसके मददगारों की तलाश में एटीएस और राजधानी पुलिस की टीम छापेमारी कर रही है।

## अवैध खनन मामले में बांदा के डीएम हटाए गए, एएसपी निलंबित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**बांदा** में हो रही अवैध खनन के मामले में यहां के डीएम आनंद सिंह को हटा दिया गया है। वहीं कर्तव्यों में लापरवाही, अपराध रोकने में नाकामी और खनन माफिया से साठगांठ के आरोपी बांदा के अपर पुलिस अधीक्षक महेंद्र प्रताप चौहान को निलंबित कर दिया गया। आनंद सिंह को एसीपी ब्रांच में विशेष सचिव बनाया गया है। उनकी जगह पर आईएएस अनुराग पटेल को बांदा का डीएम नियुक्त किया गया है। अनुराग पटेल इससे पहले कृषि उत्पादन आयुक्त ब्रांच में विशेष सचिव थे। महेंद्र प्रताप चौहान के स्थान पर पीएसी सीतापुर में तैनात लक्ष्मी निवास को बांदा में एएसपी के पद पर तैनाती दी गई है। यह कार्रवाई बांदा में हो रहे अवैध रेत खनन के मामले में हुई है। मध्य प्रदेश के जरिए हो रहे इस अवैध खनन में शासन ने जांच के आदेश दिए थे। मामले की जांच के लिए एसटीएफ का गठन किया गया था। बांदा के एसपी महेंद्र प्रताप सिंह की 29 जून 2020 को यहां हुई तैनाती के बाद से ही उनके खिलाफ खनन माफियाओं से साठगांठ के आरोप लग रहे थे।

# पूर्ववर्ती सरकारों ने तुष्टिकरण की राजनीति की: राधा मोहन

## ● मोदी-योगी के नेतृत्व में यूपी ने अपनी खोई सांस्कृतिक विरासत को पुनः प्राप्त किया: प्रदेश प्रभारी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ




**बीजेपी** के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व प्रदेश प्रभारी राधा मोहन सिंह ने गौतमबुद्ध नगर दादरी विधानसभा के आईआईएमटी कॉलेज में आयोजित प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन को संबोधित किया। प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री सिंह ने कहा कि देश का सबसे बड़ा प्रदेश उत्तर प्रदेश लंबे समय तक भ्रष्टाचार, माफिया, आतंक व तुष्टिकरण आदि अनेक प्रकार के समस्याओं से ग्रस्त था। पूर्व की सरकारों ने प्रदेश के विकास पर ध्यान न देकर केवल अपने वोट बैंक के विकास के लिए तुष्टीकरण की राजनीति की, जिसके फलस्वरूप भारतीय संस्कृति व आदर्श का केंद्र रहा उत्तर प्रदेश प्रश्न प्रदेश बनकर रह गया। मोदी-योगी की सरकार आने के बाद प्रदेश में न सिर्फ अपनी खोई सांस्कृतिक विरासत को पुनः प्राप्त किया बल्कि विकास के नए स्तंभ भी स्थापित किए। 2017 में जब योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बने तो उन्होंने उत्तर प्रदेश को हर तरह से सामर्थ्यवान और समृद्ध राज्य बनाने की दिशा में काम किया। उन्होंने कहा कि मत मजहब की राजनीति का खात्मा करना और उत्तर प्रदेश को संकीर्ण राजनीति से मुक्त करने का संकल्प लिया। आज प्रत्यक्ष रुप से दिखाई देता है कि जो चुनौतियां उन्हें विरासत में मिली थी योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उन समस्त चुनौतियों का समाधान प्रस्तुत किया है। राधा मोहन सिंह ने कहा कि योगी आदित्यनाथ की उत्कृष्ट कार्यशैली का ही परिणाम है विरासत में मिली लचर कानून व्यवस्था अब सुदृढ़ कानून व्यवस्था में परिवर्तित हो गई है। जिस उत्तर प्रदेश में पहले अपराधियों, माफियाओं का बोलबाला था आज उसी उत्तर प्रदेश में अपराधी और माफिया थरथर कांपते हैं, माताएं और बहनें कभी भी कहीं भी आने-जाने से अब नहीं डरती हैं। यह सब योगी आदित्यनाथ के अपराध के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के कारण ही संभव हो पाया है।

# कुछ नया करने के लिये हमेशा प्रयत्नशील रहें: केशव

## ● उपमुख्यमंत्री ने अभियन्ता दिवस पर विश्वेश्वरैया द्वार का किया लोकार्पण

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**उपमुख्यमंत्री** केशव प्रसाद मौर्य ने बुधवार को लोक निर्माण विभाग में 1 करोड़ 08 लाख 96 हजार रुपया की लागत से यूपी राजकीय निर्माण निगम द्वारा बनाये गये भव्य और आकर्षक विश्वेश्वरैया द्वार का उद्घाटन किया। अभियन्ता दिवस पर आयोजित इस कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने विश्वेश्वरैया के जीवन दर्शन, उनके सुकृत्यों व तकनीकी ज्ञान पर प्रकाश डालते हुये अभियन्ताओं को जहां उनके जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया, वहीं उन्होने अभियन्ताओं को अपनी पूरी क्षमता से कार्य करने हेतु उनमें नयी उर्जा और नये उत्साह का संचार किया। विश्वेश्वरैया जयन्ती का शुभारम्भ केशव प्रसाद मौर्य ने दीप प्रज्वलित कर व विश्वेश्वरैया के चित्र पर माल्यार्पण कर किया।

विश्वेश्वरैया सभागार में भारत रत्न मोक्षगुण्डम विश्वेश्वरैया की जयन्ती पर आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने बहुत ही सराहनीय कार्य करके लोक निर्माण विभाग में नये आयाम स्थापित किये हैं। उन्होंने कहा कि अभियन्तागण कुछ नया करने के लिये हमेशा प्रयत्नशील रहें उनके स्तर से हरसम्भव सहायता उपलब्ध करायी जायेगी। विश्वेश्वरैया जी को अपनी आत्मिक श्रद्धांजलि अर्पित करते हुये उन्होने उनके द्वारा किये गये कार्यों की याद ताजा की। उन्होने कहा कि अपने कार्य और व्यवहार से अभियन्तागण विभाग को नयी उचाईयों पर ले जाएं यही विश्वेश्वरैया के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष अभियन्ता दिवस के अवसर पर विश्वेश्वरैया द्वार बनाये जाने की घोषणा की गयी थी और अभियन्ताओं ने कड़ी मेहनत करके निर्धारित समय सीमा के अन्दर भव्य और आकर्षक द्वार तैयार किया।

श्री मौर्य ने कहा कि आज से गड्ढामुक्ति अभियान चलाया जा रहा है, इसको पूरी शक्ति और इमानदारी के साथ चलाया जाय, गुणवत्ता के साथ कोई समझौता नहीं किया जायेगा। उन्होने कहा कि गड्ढामुक्ति अभियान की लगातार समीक्षा की जाय, अनुश्रवण किया जाय तथा निरीक्षण किया जाय और नियोजित तरीके से क्रासचेकिंग व औचक निरीक्षण भी किया जाय। उपमुख्यमंत्री ने घोषणा की कि लोक निर्माण विभाग में विश्वेश्वरैया की भव्य मूर्ति स्थापित करायी जायेगी, जिसका लोकार्पण अगले अभियन्ता दिवस पर किया जायेगा। इस अवसर पर उन्होने लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रकाशित तकनीकी पत्रिका प्रज्ञता का ई-विमोचन भी किया।

## आम आदमी पार्टी ने 100 सीटों पर जारी की संभावित प्रत्याशियों की पहली सूची

**लखनऊ।** आम आदमी पार्टी ने उत्तर प्रदेश में होने जा रहे विधानसभा चुनाव के लिए 100 विधानसभा प्रभारी ध्संभावित प्रत्याशियों की पहली सूची बुधवार को जारी की। प्रदेश प्रभारी राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने प्रेसवार्ता कर विधानसभा प्रभारियों के नाम घोषित करते हुए बताया कि ये साथी पार्टी के अभियान को सफलतापूर्वक संचालित करने का काम करेंगे, इनका काम सही रहा तो इनको ही पार्टी वहां अपना प्रत्याशी बनाएगी। इस सूची में पिछड़े वर्ग से 35 प्रभारी बनाकर उन्हें बड़ा प्रतिनिधित्व देने की कोशिश की गई है। वहीं आप की इस सूची में 20 ब्राह्मण 16 दलित और 5 मुस्लिम नेताओं को भी प्रतिनिधित्व दिया गया है। संजय सिंह ने बताया कि सूची में सभी वर्गों को प्रतिनिधित्व देने की कोशिश की गई है।

# रेप पीड़िता के आत्मदाह मामले में एएसपी के खिलाफ जांच के आदेश

## ● एडीसीपी को कारण बताओ नोटिस जारी, 15 दिन में देना होगा जवाब

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** की घोसी लोकसभा से बसपा सांसद अतुल राय पर रेप का आरोप लगाने के बावजूद कोई कार्रवाई ना होने से क्षुब्ध होकर अपने साथी के साथ सुप्रीम कोर्ट के सामने आत्मदाह करने वाली युवती के मामले में अब पुलिस अफसरों पर कार्रवाई शुरू हो गई है।

इस मामले में वाराणसी के तत्कालीन एएसपी सिटी और एडीसीपी काशी जोन रहे विकास चंद्र त्रिपाठी के खिलाफ विभागीय जांच शुरू की गई है। वहीं वाराणसी के तत्कालीन एडीसीपी वरुणा जोन विनय कुमार सिंह को कारण बताओ नोटिस जारी कर 15 दिन में स्पष्टीकरण देने का आदेश दिया गया है। विकास चंद्र त्रिपाठी को पहले ही वाराणसी से हटाकर डीजीपी मुख्यालय से अटैच किया गया था।

आत्मदाह का प्रयास करने के पहले पीड़िता ने घोषी सांसद अतुल रायए पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुरए वाराणसी पुलिस समेत कई अन्य अधिकारियों पर आत्महत्या के लिए उकसाने का वीडियो वायरल कर दिया था। जिसके बाद शासन ने पूरे मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया था।

मऊ की घोसी सीट से सांसद अतुल राय पर बलिया की रहने वाली युवती ने दुष्पर्कम का आरोप लगाया था। वाराणसी के लंका थाने में अतुल राय पर पीड़िता ने मुकदमा दर्ज कराया था। इसके बाद सांसद अतुल राय ने भी पीड़िता और उसके मित्र के खिलाफ ब्लैकमेल कर वसूली करने का मुकदमा दर्ज कराया था। पीड़ता के खिलाफ पुलिस ने न्यायालय से गिरफ्तारी वारंट भी जारी करा लिया था।

# जलशक्ति मंत्री ने अभियंता दिवस पर भारत रत्न विश्वश्वरैया की प्रतिमा का किया अनावरण

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**जलशक्ति** मंत्री डॉ. महेन्द्र सिंह ने बुधवार को अभियंता दिवस के अवसर पर सिंचाई भवन के परिसर में स्थापित भारत रत्न, सर इं. मोक्षगुण्डम विश्वेश्वरैया की आदमकद प्रतिमा का अनावरण करते हुए राष्ट्र के प्रति उनके द्वारा किये गये योगदान का स्मरण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि देश के निर्माण में विश्वेश्वरैया का महान योगदान है, इसलिए उनकी सेवाओं का सम्मान करते हुए भारत सरकार ने उन्हें भारत रत्न और ब्रिटिश इण्डिया सरकार के दौरान नाइट हुड की उपाधि से सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि श्री विश्वेश्वरैया अभियंताओं के लिए सदैव प्रेरणा के स्रोत बने रहेंगे।

जलशक्ति मंत्री सिंचाई मुख्यालय के प्रांगण में अभियंता दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विश्वेश्वरैया जब तक जीवित थे, उन्होंने अपने जीवन के एक एक पल का सदुपयोग करते हुए राष्ट्र निर्माण में लगाया। अभियंता दिवस पर सभी अभियंताओं को संकल्प लेकर उनके पदचिन्हों पर चलते हुए यूपी को नम्बर एक प्रदेश बनाने के लिए कार्य करना चाहिए। विश्वेश्वरैया ने देश की विभिन्न योजनाओं को स्वरूप देने के साथ ही मैसूर एवं पटना के लिए जो कार्य किया वह आज भी मील का पत्थर है। उनकी सादगी, शालीनता, कर्मठता तथा समर्पण से प्रेरणा लेकर अभियंताओं को राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं को पूरा करना चाहिए। डॉ. महेन्द्र सिंह ने इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव सिंचाई टी.वेंकटेश, प्रमुख सचिव सिंचाई अनिल गर्ग, विभागाध्यक्ष एवं प्रमुख अभियंता वीके निरंजन, प्रमुख अभियंता यांत्रिक देवेन्द्र अग्रवाल, प्रमुख अभियंता परिकल्प एवं नियोजन एके सिंह, विशेष सचिव सिंचाई मुश्ताक अहमद, मुख्य अभियंता डीके मिश्रा आदि अधिकारियों की सराहना की।


**कानपुर नगर निगम**
**कार्यालय मार्ग प्रकाश विभाग**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

कानपुर नगर निगम मार्ग प्रकाश विभाग के अन्तर्गत विद्युत कार्य हेतु जनरल सप्लायरों/विद्युत ठेकेदारों से अपर नगर आयुक्त महोदय की स्वीकृति दिनांक 14.09.2021 के अनुसार 01 कार्य हेतु निविदा निम्न प्रकार से आमंत्रित की जाती है। निविदा सम्बन्धी अन्य जानकारी नगर निगम की वेबसाइट www://kmc.up.nic.in/ से प्राप्त कर सकते हैं।

| | |
|---|---|
| निविदा डालने की तिथि व समय | 28.09.2021 अपरान्ह 3.00 बजे तक |
| निविदा प्रपत्र की बिक्री की अन्तिम तिथि व समय | 27.09.2021 दोपहर 1.30 बजे तक |
| निविदा खोलने की तिथि व समय | 28.09.2021 सायं 4.00 बजे तक |
| कार्य की संख्या | 01 कार्य |

निविदा विवरण निर्धारित प्रारूप में उल्लिखित कार्य का विवरण, आगणन लागत, निविदा की अर्नेस्टमनी, निविदा मूल्य तथा समयावधि आदि का विवरण तथा निविदा की शर्ते उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती हैं।

प्र0 मुख्य अभियन्ता (मा0/प्र0) नगर निगम कानपुर — अपर नगर आयुक्त नगर निगम कानपुर



पायनियर वर्गीकृत

PM DAKSH Apollo
नि:शुल्क शिक्षा
राष्ट्रीय अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम द्वारा प्रायोजित एवं अपोलो मेडस्किल्स लि. सरोजिनी नगर, लखनऊ द्वारा संचालित, अनुसूचित जाति के बेरोजगार छात्र-छात्राओं को निःशुल्क "जेरिएट्रिक ऐड", "इमरजेंसी मेडिकल तकनीशियन", "जनरल ड्यूटी असिस्टेंट" में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित करते है।
9554153301 / 9936500444

**सूचना**
मैने अपना नाम मो० नसीम से बदलकर मो० नसीम फारूकी कर लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए, मो० नसीम फारूकी पुत्र मो ० मोबीन फारूकी निवासी आमीपुर पींग कुंडा, प्रतापगढ़ यू पी।

**सूचना**
मैं बेबी मिश्रा पत्नी श्री रवि शंकर मिश्रा निवासिनी-22 गौराबाग सेन्ट मेरी हास्पिटल के सामने कुर्सी रोड, लखनऊ, मैंने अपना नाम बेबी मिश्रा से बदलकर नीलम मिश्रा रख लिया है, अतः भविष्य में मुझे अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाय।

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम ISHTEKAR ALI MUNNER ALI था जो अब बदलकर ISTKAR ALI हो गया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। ISTKAR ALI S/O MUNNE ALI Gauhar ali Dandi Bazar Mahewa Patti, Purab Uparhar, Agriculture Institute Allahabad.

**आवश्यकता है**
**आवश्यकता है**
**पं0 दीनदयाल उपाध्याय ग्रामोदय पी0जी0 कालेज, बादलपुर, डिडिसिया कला, बेलसर, गोण्डा** में निम्न विषयों में एक-एक प्रवक्ता की आवश्यकता है।
**कला संकाय :** सैन्य विज्ञान, मनोविज्ञान, भूगोल।
**विज्ञान संकाय (बीएससी) :** भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जंतु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, गणित।
**परास्नातक संकाय :** हिंदी, समाज शास्त्र, गृहविज्ञान।
अभ्यर्थी एक सप्ताह के अंतर्गत रजिस्टर्ड डाक से आवेदन करें। वेतन/योग्यता/ मानक डॉ0 राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या के परिनियमावली अनुसार लागू होगी।
राम गनेश तिवारी (प्रबंधक) मो0-9450517884 — डॉ0 राजीव कुमार सिंह (प्राचार्य) मो0-9115059071


# कांग्रेस के प्रशिक्षण से पराक्रम अभियान का दूसरा चरण शुरू


**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश कांग्रेस के प्रशिक्षण से पराक्रम अभियान के दूसरे चरण की शुरूआत हो गयी। 15 से 30 सितंबर तक चलने वाले इस अभियान के तहत विभिन्न ज़िलों में 100 ट्रेनिंग कैंप आयोजित किये जाएंगे जिनमें 30 हज़ार कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया जाएगा।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी, प्रिंट मीडिया विभाग के संयोजक अशोक सिंह ने बताया कि देश पर छाये संकट और तमाम वैचारिक राजनीतिक चुनौतियों को देखते हुए मुख्यालय स्तर पर विशेष ट्रेनिंग टास्क फोर्स का गठन किया गया है, जो पूरे प्रदेश में लागातार प्रशिक्षण दे रही है। पहले चरण में हर ज़िला मुख्यालय पर प्रशिक्षण शिविर लगाये गये थे जिसमें लगभग 25 हजार कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित कि गया था। 11 दिनों तक चले इस अभियान के सात मास्टर ट्रेनर टीमों के 40 सदस्यों ने यूपी के सभी जिलों में जिला और शहर कमेटियों के पदाधिकारियों के साथ साथ ब्लॉक अध्यक्षों, वार्ड अध्यक्षों और न्याय पंचायत अध्यक्षों को प्रशिक्षित किया था। अभियान का दूसरा चरण आज से विधानसभावार शुरू कर किया गया है। सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण से पराक्रम अभियानष् के चार चरणों में 700 प्रशिक्षण शिविरों के माध्यम से दो लाख पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य है। प्रशिक्षण शिविरों में कांग्रेस की विचारधारा, भाजपा व आरएसएस का सच और किसने बिगाड़ा उत्तर प्रदेश नाम से तीन अलग अलग कार्यशालाएं आयोजित हो रही हैं। प्रशिक्षण के दौरान भाजपा के अतिरिक्त सपा व बसपा राज में हुए उत्पीड़न, भ्रष्टाचार, अन्याय को भी उजागर करने के लिए कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है।

# भाजपा अपनी साख खो चुकी है: अखिलेश यादव

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ




**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा अपनी साख खो चुकी है। वह झूठ का प्रशिक्षण केन्द्र बन गई है। जनता से वादे करके भूल जाना भाजपा का चरित्र हो गया है। यह जनता को धोखा देना है। डॉ राममनोहर लोहिया मानते थे कि वादाखिलाफी भ्रष्टाचार की श्रेणी में आता है। इस हिसाब से भाजपा बड़ी भ्रष्टाचारी पार्टी है जिसने अपने संकल्प पत्र में किए गए वादे भी भुला दिए हैं।

आखिर भाजपा अपने संकल्प पत्र को क्यों नहीं पूरा किया है, किसानों, नौजवानों के लिए जो वादे किए गए क्यों भुला दिए गए, किसान की न तो कर्जमाफी हुई, न उसे फसल का न्यूनतम समर्थन मूल्य मिला और न ही किसान की आय दुगनी हुई, गन्ना किसान आज भी अपने बकाया के लिए परेशान घूम रहा है। 10 हजार करोड़ रूपए से ज्यादा उसका बकाया हैं मिल मालिकों को ही भाजपा सरकार में राहत मिल रही है। गन्ना किसान को तो लागत मूल्य भी नहीं दिया जा रहा है। गन्ना बकाया का ब्याज क्यों नहीं दिया जा रहा है। नौजवान परेशान है उनसे 70 लाख नौकरियों का वादा किया गया वह सिर्फ वादा ही रहा है। प्रदेश में न नौकरियां हैं न नए उद्योग आ रहे हैं कि रोजगार पैदा हो। बल्कि जो उद्योग लगे हैंए वे भी बंद होने के कगार पर है। नौकरियां मांगने पर युवाओं पर लाठी पड़ती है।

# सड़कों की खराब हालत पर मायावती ने सरकार को घेरा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**बसपा** सुप्रीमो मायावती ने योगी सरकार पर हमला बोला है। इस बार उन्होंने खराब सड़कों की हालत पर सरकार को घेरा है। मायावती ने प्रदेश की सड़कों की खराब हालत और गड्ढों पर सरकार को आड़े हाथ लिया है। उन्होंने बुधवार को कहा कि यूपी की सड़कों की हालत फिर से इतनी ज्यादा खराब हो गई हैं कि लोग समझ नहीं पा रहे हैं कि सड़कों में गड्ढा है या गड्ढे में सड़क है। बुधवार को ट्वीट करते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती ने लिखा कि यूपी में कानून व स्वास्थ्य व्यवस्था की तरह ही यहाँ के सड़कों की भी दुर्दशा व ख़स्ताहाली से आमजनजीवन काफी बेहाल है तथा गड्ढों में पानी भर जाने से सड़क हादसों व इसमें होने वाली दर्दनाक मौतों की ख़बरों से अख़बार भरे पड़े हैं, यह अति.दु:खद व सरकार की विफलता का जीता जागता प्रमाण। उन्होंने आगे कहा कि सड़कें लोगों की बुनियादी ज़रूरत व विकास से विशेषत: जुड़ी हुई हैं तथा इनके बारे में भी सरकार चाहे जितने भी नारे व दावे कर ले लेकिन यूपी के सड़कों की हालत फिर से इतनी ज्यादा खराब हो गई हैं कि लोग समझ नहीं पा रहे हैं कि सड़कों में गड्ढा है या गड्ढे में सड़क।

# बीजेपी किसान मोर्चा 18 को आयोजित करेगा सम्मेलन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**किसानों** के मसले पर विपक्ष को जवाब देने के लिए बीजेपी किसान मोर्चा ने 18 सितंबर को लखनऊ में स्मृति उपवन में किसान सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया है। किसाना मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर सिंह ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि प्रदेश की योगी सरकार ने 2017 से जो निर्णय लिए हैं उससे किसानों का व्यापक हित हुआ है। किसान मोर्चा ने भी पूरे प्रदेश किसानों को सरकार की योजनाओं के बारे में बताया है। अगस्त में गन्ना बाहुल्य 95 विधानसभा क्षेत्रों में जाकर 298 स्थानों पर भाजपा किसान मोर्चा द्वारा किसान संवाद स्थापित किया गया था। जिसमें लगभग 60 हजार किसानों की उपस्थिति दर्ज हुई थी। किसानों का पूरा समर्थन बीजेपी की सरकारों को है। देश के कुछ विरोधी दलों के लोग जो मुद्दों के अभाव में कोई राजनीतिक कार्यक्रम नहीं कर पा रहे है वैसे ही लोग देश के किसानों को गुमराह करने का कुत्सित प्रयास कर रहे है। वह लोग अनर्गल दुष्प्रचार के माध्यम से पीएम मोदी को बदनाम करने का प्रयास कर रहे है। श्री सिंह ने बताया कि 17 सितम्बर को पीएम मोदी के जन्मदिवस पर किसान मोर्चा सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश में सभी जिला केन्द्रों पर किसान-जवान-सम्मान दिवस के रूप में मनाएगा। इस दिन भाजपा किसान मोर्चा प्रत्येक जिला केन्द्रों पर 71 किसान व जवानों को सम्मानित करेगा। प्रदेश के किसान सरकार द्वारा किये गए कार्यों के प्रति आभार ज्ञापित करने के लिए किसान सम्मेलन का आयोजन कर रहे हैं। इस सम्मेलन में उत्तर प्रदेश के समस्त विधानसभा क्षेत्रों से पचास-पचास किसान आएगें व लगभग 20 हजार किसान उपस्थित होकर समस्त प्रदेश के किसानों की तरफ से मुख्यमंत्री के प्रति आभार ज्ञापित करेंगे।

श्री सिंह ने बताया कि केन्द्रीय मंत्रि मण्डल ने 2022-23 में लिए रवी फसल के न्यूनतम समर्थन मूल्य अभूतपूर्व वृद्धि की घोषणा कर दी है। जिसके अन्तर्गत गेहूं, सरसों, मसूर, चना, जौ और कुसुम के फूल के न्यूनतम समर्थन मूल्यों में किसान की लागत के सापेक्ष 60 प्रतिशत से 100 प्रतिशत तक वृद्धि की गई है। मोदी-योगी के ऐतिहासिक निर्णय को लेकर किसान मोर्चा 18 सितम्बर को योगी जी को सम्मानित कर आभार ज्ञापित करेगें।


**CAUTION NOTICE**

This is to notify to the public that some unscrupulous persons with ulterior motive to earn wrongful gain and/ or cheat the public or to avail benefit of our company's good will and reputation to incorporate the similar name company - "FUHAAR INFRAREALITY (OPC)PVT LTD" with same address as ours (B-111,112 Santosh Complex Vibhutikhand Gomti Nagar Lucknow) and they are doing the same/similar nature of business with a view to tarnish the established image and reputation of our company 'FUHAAR INFRAVENTURES PRIVATE LIMITED". We wish to caution general public by this notice that we have no connection with "FUHAARINFRAREALITY (OPC) PVT LTD". Any one dealing with that company would be doing so at his/her own risk and 'FUHAAR INFRAVENTURES PRIVATE LIMITED" will not be held responsible for any loss or damage suffered by such persons directly or indirectly.



**पूर्वोत्तर रेलवे**
**खुली ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु आनलाईन 'खुली' ई-निविदायें आमंत्रित की जाती हैं जिसका विवरण नीचे निम्नवत है-

**ई निविदा संख्या:** NER-LJN-2021-95, **कार्य का नाम:** लखनऊ मंडल के समइ/पश्चिम/गोरखपुर के उप मंडल-वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/प्रथम/लखनऊ जं. के अधीन सी. से. इंजी./पी.वे./पश्चिम/गोरखपुर के अनुभाग में ट्रैक के रखरखाव के लिए आउटसोर्सिंग के माध्यम से विभिन्न पी0 वे० गतिविधियों का रखरखाव। **अनुमानित लागत:** ₹ 36358049.65, **समापन अवधि:** 18 माह, **ई निविदा संख्या:** NER-LJN-2021-96, **कार्य का नाम:** लखनऊ मंडल के समइ/पश्चिम/गोरखपुर के उप मंडल-वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/प्रथम/लखनऊ जं. के अधीन सी. से. इंजी./पी.वे./पूर्व/गोरखपुर के अनुभाग में ट्रैक के रखरखाव के लिए आउटसोर्सिंग के माध्यम से विभिन्न पी0 वे० गतिविधियों का रखरखाव। **अनुमानित लागत:** ₹ 17671042.85, **समापन अवधि:** 18 माह, **ई निविदा संख्या:** NER-LJN-2021-98, **कार्य का नाम:** लखनऊ मंडल के समइ/पश्चिम/गोरखपुर के उप मंडल-वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/प्रथम/लखनऊ जं. के अधीन सी. से. इंजी./पी.वे./मनकापुर के अनुभाग में ट्रैक के रखरखाव के लिए आउटसोर्सिंग के माध्यम से विभिन्न पी0 वे० गतिविधियों का रखरखाव। **अनुमानित लागत:** ₹ 35238141.50, **समापन अवधि:** 18 माह, **ई निविदा संख्या:** NER-LJN-2021-99, **कार्य का नाम:** लखनऊ मंडल के समइ/पश्चिम/गोरखपुर के उप मंडल-वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/प्रथम/लखनऊ जं. के अधीन सी. से. इंजी./पी.वे./बस्ती के अनुभाग में ट्रैक के रखरखाव के लिए आउटसोर्सिंग के माध्यम से विभिन्न पी0 वे० गतिविधियों का रखरखाव। **अनुमानित लागत:** ₹ 42164652.21, **समापन अवधि:** 18 माह, **ई निविदा संख्या:** NER-LJN-2021-101, **कार्य का नाम:** लखनऊ मंडल के समइ/पश्चिम/गोरखपुर के उप मंडल-वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/प्रथम/लखनऊ जं. के अधीन सी. से. इंजी./पी.वे./आनन्दनगर के अनुभाग में ट्रैक के रखरखाव के लिए आउटसोर्सिंग के माध्यम से विभिन्न पी0 वे० गतिविधियों का रखरखाव। **अनुमानित लागत:** ₹ 34353130.88, **समापन अवधि:** 18 माह, **ई निविदा संख्या:** NER-LJN-2021-102 **कार्य का नाम:** लखनऊ मंडल के समइ/सीतापुर के उप मंडल-वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/द्वितीय/लखनऊ जं. के अधीन सी. से. इंजी./पी.वे./सीतापुर के अनुभाग में ट्रैक के रखरखाव के लिए आउटसोर्सिंग के माध्यम से विभिन्न पी0 वे0 गतिविधियों का रखरखाव। **अनुमानित लागत:** ₹30798345.49, **समापन अवधि:** 18 माह, **ई निविदा संख्या:** NER-LJN-2021-103, **कार्य का नाम:** लखनऊ मंडल के समइ/सीतापुर के उप मंडल-वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/द्वितीय/लखनऊ जं. के अधीन सी. से. इंजी./पी.वे./लखीमपुर के अनुभाग में ट्रैक के रखरखाव के लिए आउटसोर्सिंग के माध्यम से विभिन्न पी0 वे0 गतिविधियों का रखरखाव। **अनुमानित लागत:** ₹ 25028777.64, **समापन अवधि:** 18 माह, **ई निविदा संख्या:** NER-LJN-2021-104, **कार्य का नाम:** लखनऊ मंडल के समइ/सीतापुर के उप मंडल-वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/द्वितीय/लखनऊ जं. के अधीन सी. से. इंजी./पी.वे./बिसवां के अनुभाग में ट्रैक के रखरखाव के लिए आउटसोर्सिंग के माध्यम से विभिन्न पी0 वे0 गतिविधियों का रखरखाव। **अनुमानित लागत:** ₹ 48458873.83, **समापन अवधि:** 18 माह, **ई निविदा संख्या:** NER-LJN-2021-105, **कार्य का नाम:** लखनऊ मंडल के समइ/लाइन/लखनऊ जं. के उप मंडल- वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/तृतीय/ लखनऊ जं. के अधीन सी. से. इंजी./पी.वे./ऐशबाग के अनुभाग में ट्रैक के रखरखाव के लिए आउटसोर्सिंग के माध्यम से विभिन्न पी0 वे० गतिविधियों का रखरखाव। **अनुमानित लागत:** ₹ 32399202.17, **समापन अवधि:** 18 माह, **ई निविदा संख्या:** NER-LJN-2021-106, **कार्य का नाम:** लखनऊ मंडल के समइ/ लाइन/लखनऊ जं. के उप मंडल- वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/तृतीय/लखनऊ जं. के अधीन सी. से. इंजी./पी.वे./गोण्डा के अनुभाग में ट्रैक के रखरखाव के लिए आउटसोर्सिंग के माध्यम से विभिन्न पी0 वे० गतिविधियों का रखरखाव। **अनुमानित लागत:** ₹ 32104782.17, **समापन अवधि:** 18 माह, **ई निविदा संख्या:** NER-LJN-2021-107, **कार्य का नाम:** लखनऊ मंडल के समइ/लाइन/लखनऊ जं. के उप मंडल-वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/तृतीय/लखनऊ जं. के अधीन सी. से. इंजी./पी.वे./बादशाहनगर के अनुभाग में ट्रैक के रखरखाव के लिए आउटसोर्सिंग के माध्यम से विभिन्न पी0 वे० गतिविधियों का रखरखाव। **अनुमानित लागत:** ₹ 36851601.92, **समापन अवधि:** 18 माह, **ई निविदा संख्या:** NER-LJN-2021-108, **कार्य का नाम:** लखनऊ मंडल के समइ/लाइन/लखनऊ जं. के उप मंडल- वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/तृतीय/लखनऊ जं. के अधीन सी. से. इंजी./पी.वे./जरवलरोड़ के अनुभाग में ट्रैक के रखरखाव के लिए आउटसोर्सिंग के माध्यम से विभिन्न पी0 वे० गतिविधियों का रखरखाव। **अनुमानित लागत:** ₹ 30516539.07, **समापन अवधि:** 18 माह, **ई निविदा संख्या:** NER-LJN-2021-109, **कार्य का नाम:** लखनऊ मंडल-मैलानी बैलास्ट डम्प में मशीन से तोड़ी हुई आरडीएसओ के स्पेसीफिकेशन आई.आर.एस.-जी.ई-1, जून 2016 (अद्यतन शुद्धि पर्ची के साथ) के अनुसार प्राइवेट क्वैरी से ट्रैक बैलास्ट की आपूर्ति एवं रेलवे के वैगनों में लदाई का कार्य। **अनुमानित लागत:** ₹ 83184711.00, **समापन अवधि:** 10 माह, **ई निविदा संख्या:** NER-LJN-2021-110, **कार्य का नाम:** लखनऊ मंडल के समइ/उत्तर/गोंडा के उप मंडल- वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/मुख्यालय/लखनऊ जं. के अधीन सी. से. इंजी./पी.वे./बढ़नी के अनुभाग में ट्रैक के रखरखाव के लिए आउटसोर्सिंग के माध्यम से विभिन्न पी0 वे० गतिविधियों का रखरखाव। **अनुमानित लागत:** ₹ 29075537.83, **समापन अवधि:** 18 माह, **ई निविदा संख्या:** NER-LJN-2021-111, **कार्य का नाम:** लखनऊ मंडल के समइ/उत्तर/गोंडा के उप मंडल-वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/मुख्यालय/लखनऊ जं. के अधीन सी. से. इंजी./पी.वे./बलरामपुर के अनुभाग में ट्रैक के रखरखाव के लिए आउटसोर्सिंग के माध्यम से विभिन्न पी0 वे० गतिविधियों का रखरखाव। **अनुमानित लागत:** ₹ 31102135.42, **समापन अवधि:** 18 माह।

1. उपरोक्त ई-निविदा संख्या **NER-LJN-2021-95, 96, 98, 99** एवं **101** तक के लिये ई-निविदा दिनांक 07.10.2021 को 15.00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15.00 बजे के बाद ई-निविदा की खोली जायेंगी तथा ई-निविदा संख्या **NER-LJN-2021-102** से **109** तक के लिये ई-निविदा दिनांक 08.10.2021 को 15.00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15.00 बजे के बाद ई-निविदा की खोली जायेंगी एवं ई-निविदा संख्या **NER-LJN-2021-110** से **111** तक के लिये ई-निविदा दिनांक 11.10.2021 को 15.00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15.00 बजे के बाद ई-निविदा की खोली जायेंगी।
2. उपरोक्त ई-निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तो का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकार ई निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से सम्बन्धित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

**मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग, लखनऊ**
मुजाधि/डब्लू-177

**यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मोबाइल नं0 09794845955 पर एस.एम.एस करें।**
**गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।**

# सड़कों को गढ्ढा मुक्त कराने को अभियान चलाएं: आशुतोष टंडन

## ●नगर विकास मंत्री ने सड़कों को गड्ढा मुक्ति कार्यों की समीक्षा की

**संवाददाता**। वाराणसी



**प्रदेश** के नगर विकास शहरी समग्र विकास, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन एवं जनपद के प्रभारी मंत्री आशुतोष टंडन ने बुधवार को सर्किट हाउस में सड़कों के गढ्ढे मुक्ति कार्यों की समीक्षा की। जनपद में विभिन्न 12 विभागों- पीडब्ल्यूडी के चार खंडों, विकास प्राधिकरण, मंडी परिसर, जिला पंचायत, नगर निगम, सेतु निगम, आवास विकास एवं गंगा प्रदूषण नियंत्रण इकाई की कुल 860.399 किलोमीटर लंबाई की 505 सड़कों के गढ्ढा मुक्ति कार्य सर्वे कर चिन्हाकित किए गए हैं। जिन पर 17.92 करोड़ रुपए व्यय का आंकलन है।

गढ्ढा मुक्ति हेतु सबसे अधिक सड़कें पीडब्ल्यूडी की चारों खंडों की 355 है। जिनकी लंबाई 771 किलोमीटर हैं। 70 किलोमीटर सड़कों को गढ्ढा मुक्त किया जा चुका है। मंडी परिषद की 91 सड़कों में 153.10 किलोमीटर गढ्ढा मुक्त कार्य किया जाना है। नगर निगम की 49 सड़कों में 29.81 किलोमीटर सड़कों को गढ्ढा मुक्त किया जाएगा। नगर आयुक्त ने बताया कि टेंडर हो चुका है, शीघ्र कार्य प्रारंभ हो जाएगा। मंत्री आशुतोष टंडन ने सड़कों को प्रत्येक दशा में 20 अक्टूबर तक गढ्ढा मुक्ति करने के निर्देश दिए। पीडब्ल्यूडी को गढ्ढा मुक्ति हेतु प्रथम किस्त की धनराशि भी प्राप्त हो गई है। मंत्री ने जिलाधिकारी को निर्देशित किया की गड्ढा मुक्त होने वाली सड़कों की चेकिंग भी कराएं। कार्य समयबद्धता व गुणवत्ता से हो। विकास प्राधिकरण की दो सड़कें, जिला पंचायत की सात सड़कें, गंगा प्रदूषण नियंत्रण इकाई की दो सड़कें गड्ढा मुक्ति में ली गई है। मंत्री ने समस्त विभागों को निर्देशित किया कि अपनी-अपनी सड़कों का ठीक से सर्वे कर ले, कोई सड़क छूटे नहीं। हर सड़क गढ्ढा मुक्त हो।

मंत्री आशुतोष टंडन ने कहा कि काशी में रिकॉर्ड विकास कार्य हुए हैं। किसी की लापरवाही व शिथिलता से कोई कमी पाई जाती है तो क्षम्य नहीं होगी। यहां विकास कार्य धरातल पर दिख रहे हैं।

## हमारी सोच में हिन्दी होनी चाहिए: देबब्रत

**संवाददाता**। बीजपुर (सोनभद्र)

एनटीपीसी के रिहंद स्टेशन में मनाए जा रहे हिन्दी पखवाड़े का समापन समारोह कोविड-19 के कारण सामाजिक दूरियों का अनुपालन करते हुए सादगीपूर्ण वातावरण में बुधवार को प्रशासनिक भवन के समन्वय प्रेक्षागृह में पुरस्कार वितरण के साथ संपन्न किया गया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित मुख्य महाप्रबंधक रिहंद देबब्रत पॉल ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि श्री पॉल ने अपने संबोधन में कहा कि हम अपने रोज़मर्रा के जीवन में अधिक से अधिक हिन्दी का प्रयोग करके उसे आगे बढ़ाने में सहयोग प्रदान कर सकते हैं।

उन्होने कहा कि हमारी सोच में हिन्दी होनी चाहिए। हिन्दी को परिस्कृत करने के लिए हम सब को हिन्दी साहित्य का अध्ययन भी करना चाहिए। समारोह की समाप्ति पर मुख्य अतिथि एवं सहअतिथियों द्वारा विजेता प्रतिभागियों एवं निर्णायक मंडली को पुरस्कार देकर उन्हें सम्मानित किया गया।

# आज से प्रधानों के घर बनेगा आयुष्मान कार्ड

## ● 30 सितंबर तक चलेगा विशेष अभियान

**संवाददाता**। मीरजापुर

**जिले** के 804 ग्राम प्रधानों के आवास पर 16 सितंबर से 30 सितंबर तक आयुष्मान कार्ड बनाया जायेगा। इसकी जानकारी बुधवार को जिला पंचायत राज अधिकारी अरविन्द कुमार ने दी।

जिला पंचायत राज अधिकारी अरविन्द कुमार ने बुधवार को 804 ग्राम प्रधानों को पत्र जारी किया कि अब प्रधान के आवास भी आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा। इस अभियान में किसी भी तरह की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। इस अभियान के दौरान किसी को छुट्टी नहीं मिलेगी और कोविड के नियमों का पूरा ख्याल रखें। जिससे किसी भी प्रकार की कोई समस्या ना उत्पन्न हो। इस अभियान भीपंचायत विभाग स्वास्थ्य विभाग का पूर्ण सहयोग कररहा है। मुख्य चिकित्साधिकारी डाक्टर प्रभु दयाल गुप्ता ने बताया कि इस अभियान में स्वास्थ्य विभाग का पंचायत विभाग सहयोग कर रहा है। जो एक सराहनीय कदम है। विभाग की ओर से भी आठ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, 44 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र समेत 208 उप स्वास्थ्य केन्द्रों के प्रभारी चिकित्साधिकारी को पत्र के माध्यम से अवगतकराया जा चुका है। इन केन्द्रों पर भी आयुष्मान कार्ड बनाया जायेगा।

इस केन्द्रों व पंचायतों की देखरेख के लिए एक नोडल अधिकारी की भी नियुक्ति कर दी गई। जो अपन-अपने क्षेत्र में आयुष्मान कार्ड बनाने की गति को तेज करेगे। जिला सूचना प्रबंधक राहुल मिश्र ने बताया किसरकार की मंशा के अनुरूप की कोई घर आयुष्मान काड से वंचित न रहे। इसके लिए विभाग में कार्यरत 2043 आशाओं को जिम्मेदारी दी गईहै कि अपने-अपने क्षेत्र केलोगों को केन्द्र या नजदीक में प्रधान के घर ले जाकर आयुष्मान कार्ड बनाने काकाम करेगी। इसलिए सभी जिनके पास प्रधानमंत्री पत्र व आधार कार्ड के साथ प्रधान के निवास व केन्द्र पर जाकर कार्ड बनावें जिससे कोई भी स्वास्थ्य की सुविधाओं से वंचित न रहे। उन्होने ने बताया कि कोरोना जैसे महामारी से लड़ने के लिए कभी-कभी अस्पतालमें भी भर्ती होना पड़ता है। इसके साथ ही निजी चिकित्सालयों में उपचार करानेके लिए काफी रुपये खर्च होते है। यदि हर व्यक्ति के पास आयुष्मान कार्ड होता है तो उसे कोरोना से उपचाराधीन होने पर राहत होगी।

## माता-पिता की सेवा से मिलती है मुक्तिः महामंडलेश्वर

**सकलडीहा ( चंदौली )**। विशुनपुरा गोहदा में मंगलवार से श्रीमद् भागवत महापुराण कथा शुरू है। बुधवार को द्वितीय दिन काशी से पधारे श्रीमद् भागवत महापुराण के मर्मज्ञ प्रवक्ता श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर स्वामी श्री आशुतोष आनंद गिरि जी महाराज ने कथा में माता-पिता के महत्व पर विस्तार से चर्चा किया। इस मौके पर महामंडलेश्वर का विधि विधान से स्वागत करते हुए अजय कुमार सिंह कथा का शुरूआत कराया। अंत में सभी भक्तों में प्रसाद वितरण किया गया। श्रीमद भागवत कथा का वर्णन करते हुए 1008 महामंडलेश्वर आशुतोष आनंद गिरी महाराज ने कहा कि मनुष्य माता-पिता की सेवा करते हैं। सिर्फ उन्हीं को गया श्राद्ध करने से मुक्ति मिलती है। लेकिन जो माता-पिता का अनादर करते हैं। उन्हें सौ बार भी श्राद्ध करने से मुक्ति नही मिलती।

# डेंगू जांच के लिए एलाइजा रीडर मशीन जल्द होगी इंस्टाल

## ● मरीजों को जांच के लिए अब वाराणसी नहीं जाना पड़ेगा

**संवाददाता**। सोनभद्र

**जिले** के लोगों को अब डेंगू की जांच के लिए वाराणसी नहीं जाना होगा। अब डेंगू की जांच जिला अस्पताल में हो जाएगी। जिला अस्पताल में एलाइजा रीडर मशीन आ गई है। शीघ्र ही जांच भी शुरु हो जाएगी। इससे मरीजों को अब वाराणसी से जांच रिपोर्ट आने का इंतजार नहीं करना होगा। स्वास्थ्य विभाग ने जिले में डेंगू के बढ़ रहे मरीजों को देखते हुए यह कदम उठाया है। एलाइजा रीडर मशीन से डेंगू, चिकनगुनिया, एचआइवी, हेपेटाइटिस बी व हेपेटाइटिस सी सहित विभिन्न जांचें हो सकेंगी। इस मशीन की मदद से कम समय में ज्यादा से ज्यादा सैंपल जांचे जा सकेंगे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. नेम सिंह ने बताया कि जिले में लगातार बढ़ रहे डेंगू के मरीजों को देखते हुए सटीक जांच के लिए एलाइजा रीडर मशीन मंगा ली गई है। अब डेंगू की जांच जिले में ही हो जाएगी। जिला संयुक्त अस्पताल लोढ़ी में डेंगू की जांच के लिए एलाइजा रीडर मशीन आ गई है।

इंजीनियर को बुलाकर शीघ्र ही उसे इंस्टाल भी करा दिया जाएगा, जिससे डेंगू की जांच कराई जा सके। यही नहीं जांच के लिए जिला अस्पताल में मौजूद फर्मासिस्टो को ही ट्रेनिंग दी जाएगी। उन्होंने बताया कि मशीन के आने से डेंगू के अलावा चिकनगुनिया, एचआइवी, हेपेटाइटिस बी आदि मरीजों की सटीक रिपोर्ट मिलेगी। बता दें कि जिले में अभी तक डेंगू की जांच नहीं हो पाती थी। यहां जांच के बाद संदिग्ध मरीज मिलने पर उनका सैंपल वाराणसी भेजा जाता था।

वाराणसी से रिपोर्ट आने पर ही डेंगू कन्फर्म हो पाता था। लेकिन अब जिले के लोगों को वाराणसी का सहारा नहीं लेना होगा। एलाइजा रीडर मशीन के सक्रिय होते ही 20 लाख से अधिक आबादी वाले जिले के लोगों को दूसरे जिलों की राह नहीं देखना होगा।

# वाहन शोरूम में लगी आग से लाखों का सामान जलकर खाक

**संवाददाता**। चंदौली

**बबुरी** थाना स्थानीय कस्बे में अज्ञात कारणों से बुधवार को एक वाहन शोरूम में अज्ञात कारणों द्वारा आग लग गई इससे शोरूम में रखा लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया वहीं बगल में पान की दुकान भी आपके जद में आ गया ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार स्थानीय कस्बे के पेट्रोल पंप के सामने कालिदास त्रिपाठी का फर्स्ट च्वाइस वाहनों का शोरूम है । रोज की तरह मंगलवार की शाम को शोरूम बंद करके घर चले गए। बुधवार करीब छह बजे जब शोरूम के भीतर से धुआं निकलते देखा आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया ग्रामीणों ने किसी तरह दुकान के अंदर देखा तो आग ने विकराल रूप ले लिया था। आसपास के लोगों ने काफी मशक्कत करने के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक हजारों रुपए का सामान जलकर राख हो चुका था। इस संबंध में शो रूम संचालक कालीदास त्रिपाठी ने बताया कि आग लगने पर सामने स्थित पेट्रोल पंप से एक्सटिंगयुशर लाकर बुझाने का प्रयास किया गया , लेकिन वह भी फेल हो गया। थक हारकर स्थानीय लोगों की मदद व खुद से पानी डाल कर उसे बुझाना पड़ा। भुक्तभोगी के अनुसार आग से लाखों की क्षति हुई है। जिनमें मेज, कुसी, तीन कम्प्यूटर, एक लैपटॉप, दो प्रिंटर, कुछ कपड़े व डॉक्यूमेंट जल कर खाक हो गए।

# यूको बैंक में हिन्दी पखवाड़ा का हुआ शुभारंभ

**संवाददाता**। वाराणसी



**यूको** बैंक के अंचल कार्यालय, वाराणसी द्वारा हिन्दी दिवस के अवसर पर गत 14 सितम्बर से लेकर 28 सितम्बर तक हिन्दी पखवाड़ा का आरंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख घनश्याम परमार ने की। हिन्दी दिवस के अवसर पर अंचल प्रमुख श्री परमार ने कहा कि सभी स्टाफ को राजभाषा कीर्ति पुरस्कार, प्रथम की प्राप्ति हेतु बधाई दी एवं शत-प्रतिशत हिन्दी के कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि हिन्दी एक समृद्धि एवं उदार भाषा है। हम भारतीयों के लिए गर्व का विषय होना चाहिए कि हम विश्व की सबसे वैज्ञानिक एवं मानक भाषा का प्रयोग अपने दैनिक जीवन में एवं कार्यलयीन कार्यो के लिए करते हैं। पखवाड़े के दौरान विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। 28 सितम्बर 2021 को समापन समारोह में 'यूको आचार्य रामचन्द्र शुक्ल भाषा सेतु सम्मान प्रदान किया जाएगा एवं विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा। कार्यक्रम में उप अंचल प्रमुख संजय कुमार सिन्हा, मुख्य प्रबंधक वेदप्रकाश एवं सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

# सुरक्षा गार्ड का भर्ती की सूचना पर पहुंचे युवाओं का प्रदर्शन

**संवाददाता**। सकलडीहा (चंदौली)



**गांव**-गांव पम्पलेट वितरण करके ब्लॉक मुख्यालय पर सुरक्षा गार्ड की भर्ती की सूचना प्रसारित किया गया था। बुधवार को दर्जनों की संख्या में ब्लॉक मुख्यालय पर पहुंचे युवक इस प्रकार की भर्ती नहीं होने पर जमकर हंगामा मचाया।

मौके पर मौजूद ब्लॉक कर्मियों द्वारा ऐसी किसी प्रकार की भर्ती प्रकिया नही होने की जानकारी देने पर युवक वापस लौट गये। पिछले कई दिनों से सोशल मिडिया और पम्पलेट के माध्यम से सुरक्षा गार्ड की भर्ती होने की सूचना गांव गांव में वितरण कराया जा रहा था। पम्पलेट पर दसवीं पास सुरक्षा गार्ड और 12वीं पास सुपरवाईजर की भर्ती के लिये क्रमशः प्रत्येक ब्लॉक पर होने की सूचना अंकित किया गया था। इस क्रम में बुधवार को ब्लॉक मुख्यालय पर सुबह से ही युवक सुरक्षा गार्ड की भर्ती के लिये जुटने लगे थे। 11 बजे के बाद ऐसी कोई प्रकिया शुरू नही होने पर युवक परेशान होकर नारेबाजी करने लगे। युवाओं ने इस प्रकार की फर्जी सूचना प्रकाशित कर युवाओं को गुमराह करने वालों के खिलाफ जांच कर कार्रवाई की मांग किया। अंत में मौके पर मौजूद ब्लॉक कर्मियों द्वारा ऐसी कोई भर्ती नही होने की सूचना देने पर वापस लौट गये। मौके पर मौजूद अधिवक्ताओं ने घटना की निंदा किया। इस मौके पर विरोध जताने वालों में अधिवक्ता शैलेन्द्र पांडेय, उपेन्द्र नारायण सिंह, दिलीप कुमार विशाल मिश्रा, विष्णु कांतए सुरेश कुमार पांडे एसुनील पांडे एजे पी एराजेंद्र कुमारए वीरेंद्र कुमार, मनोज कुमार राम, चंद्र पाल, चंद्रभान, अंकुर गुप्ता, रवि कुमार आदि युवक मौजूद रहे।

## भाजपा किसान मोर्चा के जिला कार्यसमिति की बैठक सम्पन्न

**संवाददाता**। सोनभद्र

**भाजपा** किसान मोर्चा कें जिला कार्यसमिति की बैठक जिला कार्यालय पर सम्पन्न हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष यादवेंद्र दत्त द्विवेदी ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विद्याधर तिवारी व विशिष्ठ अतिथि प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशोक मिश्र रहे।

जिला अध्यक्ष यादवेंद्र दत्त द्विवेदी ने बताया कि भाजपा किसान मोर्चा कार्यकारिणी में पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता जो पार्टी में महत्वपूर्ण स्थान रखते है ऐसे वरिष्ठ लोगो के मार्गदर्शन में किसान मोर्चा बहुत मजबूत हुई है और जनपद में किसानों की समस्याओ को दूर करने में हर तरीके से सक्षम है। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशोक मिश्रा ने सरकार द्वारा किसानों को दी जा रही सुविधावों के बारे में बताया।

# विश्वकर्मा पूजा अवकाश के लिए कराया मुंडन

**पायनियर समाचार सेवा**। वाराणसी



**विश्वकर्मा** पूजा दिवस 17 सितंबर के सार्वजनिक अवकाश की मांग को लेकर चलाए जा रहे आंदोलन के क्रम में ऑल इंडिया यूनाइटेड विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा के तत्वावधान में पड़ाव राजघाट गंगा किनारे स्थित अवधूत भगवान राम घाट पर समाज ने बुधवार को सामूहिक मुंडन करा कर सरकार की हठधर्मिता का विरोध किया तथा विश्वकर्मा पूजा पर्व अवकाश के लिए आखिरी सांस तक लड़ने का संकल्प किया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक कुमार विश्वकर्मा ने कहा हिंदुत्व और राष्ट्रवाद की बात करने वाली भाजपा सरकार जातीय आधार पर देवी देवताओं एवं महापुरुषों के साथ भेदभाव और उनका अपमान कर रही है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि राजनीतिक षड्यंत्र के तहत भाजपा प्रधानमंत्री के जन्म दिवस 17 सितंबर को महत्वपूर्ण ऐतिहासिक दिवस बनाने के लिए विश्वकर्मा पूजा पर्व की पौराणिक परंपरा संस्कृति और उसकी पहचान को खत्म करना चाहती है। उन्होंने कहा अनेक देवी देवताओं व महापुरुषों के नाम पर सरकार ने 25 सार्वजनिक अवकाश घोषित कर रखा है तथा शैक्षिक पाठ्यक्र मों में भी उन्हें स्थान प्राप्त है। सृजनकर्ता देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा के सम्मान में पूर्व घोषित अवकाश को रदद करके योगी सरकार ने भगवान विश्वकर्मा में आस्था रखने वाले सभी जाति धर्म वर्ग के करोड़ों लोगों की धार्मिक आस्था पर गहरा आघात किया है।

# प्रदेश सरकार डेंगू, मलेरिया और वायरल बुखार के लिए उठाए कदम: डा. सिंह

**पायनियर समाचार सेवा**। वाराणसी



**समाजवादी** पार्टी के पूर्व महानगर अध्यक्ष डॉ. ओपी सिंह ने नगर आयुक्त को ज्ञापन देकर मांग की है कि डेंगू ,मलेरिया और वायरल बुखार के प्रभावी रोकथाम के लिए शहर में दवा छिड़काव, फागिंग और सफाई का व्यापक और पारदर्शी अभियान चलाया जाए। डॉ.ओपी सिंह सपा के 'अपना बूथ सबसे मजबूत' मुहिम के तहत एक दर्जन से अधिक वार्डों में जनसम्पर्क पदयात्रा करने के बाद बुधवार को पराड़कर भवन में पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि ज्ञापन में मांग की गई है कि शहर में कथित विकास कार्यों के नाम पर सड़क और गलियों में खोदाई के काम पर तत्काल रोक लगाई जाए क्योंकि गढ्ढे खोद कर छोड़ दिये जा रहे हैं और उनमें बारिश का पानी जमा हो जाने से डेंगू, मलेरिया,वायरल फीवर समेत तमाम मच्छर जनित घातक बीमारियों के लार्वा पैदा हो रहे हैं। पत्रकार वार्ता में उन्होने बताया कि पदयात्रा के दौरान सभी वार्डो में घर घर में लोग डेंगू और वायरल बुखार से पीड़ित मिले। लोग दवा और इलाज की समुचित व्यवस्था न होने से परेशान है।

# समाज के सभी वर्गों का कल्याण सिर्फ सपा सरकार में: कुशवाहा

**संवाददाता**। सोनभद्र



**सपा** सरकार में समाज के सभी वर्गों खुशहाल थे किसी को परेशान नहीं होना पड़ता था कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हकदार को मिलता था, किंतु वर्तमान भाजपा सरकार में सभी परेशान हैं उक्त बातें पूर्व सदर विधायक अविनाश कुशवाहा ने बुधवार को अईलकर में आयोजित बूथ स्तरीय संवाद समीक्षा एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं तथा क्षेत्रीय जनता को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार इस क्षेत्र के लिए विकास की गंगा बहाने का काम किया है बिजली पेयजल शिक्षा चिकित्सा सड़क सिंचाई सहित अन्य विकास कार्य किया जिसका फायदा जनता को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों से जनता अब ऊब चुकी है और इसे उखाड़ फेंकने के मूड में है।

जनता को यह पूर्ण विश्वास है कि समाज के सभी वर्गों का कल्याण सिर्फ सपा सरकार में ही है भाजपा सरकार की कथनी और करनी में काफी अंतर है यह काम नहीं केवल प्रचार करना चाहती है। भाजपा सरकार की नियत तो यह है कि यह गरीबी नहीं बल्कि गरीबों को ही मिटा देना चाहती है।

# सफाई कर्मियों ने हड़ताल कर जाम की सड़क

**संवाददाता**। मऊ

**नगर** पालिका परिषद के सफई नायक इनाम खां की शहर कोतवाली में दरोगा द्वारा सरेआम पिटाई को लेकर बुधवार को आक्रोशित सफाई कर्मचारी हड़ताल पर चले गए। साथ ही साथ विभिन्न स्थानों पर सड़क जाम करके जमकर प्रदर्शन व नारेबाजी किए। इस दौरान सफाई कर्मचारियों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर घेराव करते हुए नारेबाजी किया। वहीं पुलिस अधीक्षक सुशील घुले को मांग पत्र सौंपते हुए आरोपित दरोगा के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग उठाया। घंटों मशक्कत के बाद उच्चाधिकारियों द्वारा आरोपित दरोगा के खिलाफ कार्रवाई के आश्वासन बाद सफाई कर्मचारियों का आक्रोश शांत हुआ। नगर पालिका परिषद अंतर्गत मुहल्ला हट्टी मदारी के सफाई नायक इनाम खां एक दिन पूर्व मंगलवार को कोतवाली में सफाई कार्य कराने को पहुंचे थे। इसी दौरान दरोगा शिवमूर्ति तिवारी अचानक किसी बात को लेकर सफाई नायक को घसीटते हुए उठाकर पटक दिया। दरोगा की पिटाई से सफाई नायक का पैर टूट गया और स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। बुधवार को दूसरे दिन घटना की सूचना मिलते ही सफाई नायक व सफाई कर्मचारियों में आक्रोश छा गया। आक्रोशित नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों ने अपनी एकजुटता का प्रदर्शन करते हुए आरोपित दरोगा के खिलाफकार्रवाई को लेकर हड़ताल पर चले गए। साथ ही साथ सफाई कर्मचारी झाड़ू के साथ सबसे पहले जुलूस के रुप में बालनिकेतन के पहुंचे। जुलूस की शक्ल में सफाई कर्मचारी नगर क्षेत्र के आजमगढ़ मोड़ एवं गाजीपुर तिराहा पहुंचकर सड़क जाम करते हुए जमकर प्रदर्शन किए। इस दौरान पुलिस कर्मियों से उनकी काफी नोंकझोंक भी हुआ। नगर क्षेत्र के गाजीपुर तिराहा के बाद सभी सफाई कर्मचारी जुलूस की शक्ल में पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर कार्यालय का घेराव करके जमकर प्रदर्शन व नारेबाजी किया।



# अध्यक्ष और सचिव की लड़ाई के चलते बंद रहा नगर पंचायत कार्यालय

**संवाददाता।** पुखरॉया, कानपुर देहात

**नगर** पंचायत अमरौधा के सदन की बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष की ओर से अधिशासी अधिकारी समेत तीन अन्य कर्मचारियों के विरुद्ध गाली-गलौज, मारपीट व जान से मारने की धमकी का आरोप लगाने के कारण दो दर्जन निकायकर्मियों ने जिलाधिकारी कार्यालय में धरना देकर ज्ञापन दिया। जिसके चलते बुधवार को नगर पंचायत कार्यालय में ताला लटका रहा। इस दौरान फरियादियों को बैरंग लौटना पड़ा।

मालूम हो कि बीते मंगलवार को नगर पंचायत अमरौधा की बोर्ड बैठक बुलायी गई थी। जिसमें तू-तू-मैं-मैं होने के बाद अध्यक्ष प्रतिभा गौतम मीटिंग छोड़कर अपने केबिन में बैठ गईं थीं और आरोप लगाया था कि अधिशासी अधिकारी ने अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए फोन रखने और हाल से बाहर फेंकने की धमकी दीं। कुछ देर बाद अधिशासी अधिकारी पंकज यादव, लिपिक राजेश कुमार, कम्प्यूटर ऑपरेटर बृज किशोर केबिन में आकर जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करके अपमानित करते हुए गालियां देने लगे थे। वहीं मेज पर रखा स्टेपलर हाथ और गले में मार दिया था। इसके बाद पेट में लात मारकर नीचे गिरा दिया था और जान से मारने की धमकी दी थी। इसीबात को लेकर 112 नंबर डायल करके पुलिस को बुलाया था। प्रतिभा गौतम ने अधिशासी अधिकारी पंकज यादव, लिपिक राजेश गुप्ता व कम्प्यूटर ऑपरेटर बृजकिशोर के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने के लिए तहरीर दी है। वहीं लिपिक राजेश गुप्ता ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा सब निराधार हैं। इसी बात को लेकर बुधवार को नगर पंचायत में कार्यरत सभी निकायकर्मी जिलाधिकारी कार्यालय में धरना दिया। और निष्पक्ष जांच करके कार्यवाही करने की मांग की है। जिसके चलते बुधवार को नगर पंचायत कार्यालय में कामकाज ठप रहा।




# बम्बा की पुलिया के बीचों बीच हुआ गड्ढा

**संवाददाता।** अछल्दा/औरैया

**अछल्दा** बिधूना मार्ग पर कस्बा से निकले बम्बा की रात्रि में पुलिया हुयी क्षतिग्रस्त भारी वाहनों के निकलने से पुलिया हुयी क्षतिग्रस्त किसी भी समय हो सकती है बड़ी दुर्घटना लगभग 2 वर्षो से है पुलिया क्षतिग्रस्त लेकिन अधिकारियों की उदासीनता के चलते नहीं हुयी मरम्मत लेकिन मंगलवार रात्रि में पुलिया के ऊपर हो गया भारी गड्ढ़ा अगर समय रहते भारी वाहनों का नहीं हुआ आवागमन बन्द हो सकता है बड़ा हादसा स कस्बा के अछल्दा बिधूना मार्ग पर विगत 2 वर्ष पहले हरचंदपुर रजवाहा पर पुलिया के बीचों बीच छोटा सा गड्ढ़ा हो गया था जिसके ऊपर एक ड्रम रख दिया गया था जिससे निकलने वाले राहगीरों को यह संकेत मिल सके कि पुलिया क्षतिग्रस्त है लेकिन आज रात्रि लगभग सवा 10 बजे एक अज्ञात भारी वाहन निकलने से पुलिया का आधा से ज्यादा हिस्सा नीचे गिर गया जिसे वहाँ सो रहे लोगों ने देख लिया और सड़क के दोनों तरफपुलिस वाले वोड से बेरिकेट कर दिया है अगर समय रहते पुलिया को न बनवाया गया तो बहुत बड़ा हादसा हो सकता है जबकि अछल्दा बिधूना मार्ग बहुत व्यस्त मार्ग है जिसमें छोटे बड़े सैकड़ों वाहनों का प्रतिदिन आवागमन रहता लेकिन अगर अधिकारियों ने समय रहते पुलिया का निर्माण कार्य नहीं करवाया गया तो बहुत बड़ा हादसा हो सकता है।

### सट्टा पर्ची के साथ गिरफ्तार

**औरैया।** थाना अजीतमल के उ0नि0 तन्मय चौधरी द्वारा सट्टे की खाई बाड़ी करते अभियुक्त शिव कुमार उर्फ गोलू पुत्र राजेश चंद्र गुप्ता निवासी नवीन नगर बाबरपुर थाना अजीतमल जनपद औरैया को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से सट्टा पर्ची, पेन, कापी व रू0 720 बरामद हुए।

## क्विक न्यूज

### जेएन मिश्रा बने रामलीला समिति के अध्यक्ष

**रूरा, कानपुर देहात।** सेवानिवृत्त शिक्षक जेएन मिश्रा को रामलीला समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। उक्त जानकारी देते हुये समिति के दिलीप सिंह मुन्ना ने बताया कि रामलीला ग्राउण्ड में आयोजित की जाने वाली इस वर्ष की रामलीला के आयोजन के लिये गलुवापुर इण्टर कालेज के सेवानिवृत्त शिक्षक जेएन मिश्रा का चुनाव किया गया है। इस दौरान समिति के वरिष्ठ सदस्य पूर्व प्रधानाचार्य बीएन सेंगर, विनय कुमार, मान सिंह यादव, सुँधाशु शर्मा बाबी, अखिलेश मिश्रा सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### 21 को होगी दुकानों की नीलामी

**औरैया।** अपर जिलाधिकारी रेखा चौहान ने सर्वसाधारण को सूचित किया है कि कलेक्ट्रेट मुख्यालय ककोर परिसर में स्थित जलपान गृह व पांच दुकानों की नीलामी आगामी 21 सितंबर को मुख्यालय ककोर के सभाकक्ष में अपराह्न 2 बजे होगी। नीलामी की नियम और शर्तें कार्यालय से प्राप्त की जा सकती हैं।

### फसलों को कीटों और रोगों से मिलेगी निजात

**औरैया।** जिला कृषि रक्षा अधिकारी शैलेंद्र कुमार वर्मा ने किसानों को सूचित किया कि हमेशा मौसम में परिवर्तन होने के कारण बोई जाने वाली समस्त फसलों में विभिन्न कीट/रोगों के प्रकोप का घनत्व बढ़ जाता है। जिसके निवारण हेतु कृषि विभाग द्वारा संचालित सहभागी फसल निगरानी एवं निदान प्रणाली पीसीएसआरएस के अंतर्गत कृषक भाई अपनी फसलों में लगने वाले कीट/रोग एवं अन्य समस्या का फोटोग्राफ कारण अपने मोबाइल द्वारा मोबाइल नंबर 9452247111, 9452257111 पर एसएमएस अथवा व्हाट्सएप द्वारा या विभागीय पोर्टल नचंहतपबनसजनतमण्बवउ पर समस्या का विवरण बताकर 48 घंटे के अंदर समाधान प्राप्त कर सकते हैं। समस्या निदान में कृषि विभाग, केवीके एवं कृषि विश्वविद्यालय के समन्वय से निदान करने की व्यवस्था है।

### बारिश होने से विधवा का गिरा घर

**दिबियापुर/औरैया।** दिबियापुर नगर पंचायत के वार्ड बाबा परम्हंस नगर निवासी विधवा महिला मुन्नी देवी पत्नी स्व श्याम बाबू का बीते दिनों बारिश होने से कच्चा मकान गिर गया था मात्र एक ही कमरा था। वही बुधवार को नगर पंचायत अध्यक्ष अरविंद पोरवाल ने सभासद सचिन गुप्ता, सभासद रजत यादव, सभासद रवि कुमार, सभासद प्रतिनिधि धर्मपाल सिंह सहित सुरेंद्र दोहरे के साथ पीड़ित महिला के घर जाकर टीनशेड डलवाया। मालूम हो कि पीड़ित महिला को कोई लड़का नही था। पिछले दिनों रक्षाबंधन के त्योहार पर मामले की जानकारी होने पर दिबियापुर नगर पंचायत अध्यक्ष अरविंद पोरवाल ने अपनी टीम के साथ जाकर गिरे मकान को देखा था और खाने पीने के लिए महिला को खाद्य सामग्री दी थी।

### भूल न जाना राष्ट्रभाषा दिवस मनाना

**रूरा कानपुर देहात।** हमारे संविधान ने भारत संघ की भाषा हिन्दी और देवनागरी लिपि को अनुच्छेद तीन सौ तेतालीस से मान्यता दी है अनुच्छेद तीन सौ पैंतालीस से राज्य विधानमंडल दल राजकीय कार्य के लिए अपनी भाषा चुन सकता है संस्कृत माँ है हिन्दी बेटी है इसलिए पराई है अंग्रेजी की कद्र इसलिए है कि बहू बनकर आई है उक्त उद्गगार प्रधानाध्यापक शनेन्द्र सिंह तोमर ने उच्च प्राथमिक विद्यालय सिठमरा में हिन्दी दिवस से एक दिन पूर्व विद्यालय अवकाश के बाद अपने अपने घरों को स्वनिर्मित पोस्टर लेकर पंक्ति बद्ध होकर हिन्दी दिवस का प्रचार करते हुए बच्चों को सम्बोधित करते हुए कही इस अवसर पर शिक्षक नवीन कुमार दीक्षित ने कहा कि हिन्दी में कार्य करने से गौरव की अनुभूति होती है हिन्दी के प्रति आदर सम्मान संवर्धन के लिए प्रतिवर्ष चौदह सितम्बर को हिन्दी दिवस मनाया जाता है इस अवसर पर शिक्षक मायादेवीए गुन्जन पाण्डेय और अनुदेशक प्रियंका यादव ने राष्ट्रभाषा के सम्मान में अपने उद्गगार व्यक्त किए बच्चों में शाक्षी, खुशहाली, अंकुश, प्रियंका, मीनाक्षी, केसर सहित अनेक बच्चे उपस्थित थे

### किशोरी को भगाने का मामला दर्ज

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** एक नाबालिग किशोरी को युवक बहला-फुसलाकर भगा ले गया। पीड़ित पिता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम निवासी पीड़ित पिता द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि बीती देर रात उसकी 14 वर्षीय नाबालिग पुत्री को गांव का ही सोनू बाथम पुत्र राज्यपाल कहीं बहला-फुसलाकर भगा ले गया। पीड़ित पिता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### सपाइयों ने बूथ स्तर पर की बैठक

**रसूलाबाद।** आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता बूथ व सेक्टर स्तर पर पार्टी को मजबूत करने पर जुट जाएं। मतदाता पुनरीक्षण में अधिक से अधिक भागीदारी लेकर युवा मतदाताओं को जोड़ने का प्रयास करें। यह बात सपा जिलाध्यक्ष प्रमोद यादव ने सपाइयों की बैठक के दौरान कही। बुधवार को रसूलाबाद विधानसभा के अंतर्गत शिवम गेस्ट हाउस में विधानसभा के सभी सेक्टर प्रभारियों की समीक्षा बैठक का आयोजन हुआ।शिवम पैलेस रसूलाबाद में समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रमोद यादव के नेतृत्व में सम्पन्न हुई।मुख्य रूप से समीक्षा बैठक में जिलाध्यक्ष प्रमोद यादवए पूर्व विधायक कमलेश दिवाकरए विधानसभा अध्यक्ष नत्थू सिंह यादव ए सपा नेत्री नीलम कठेरियाए जिला उपाध्यक्ष हाजी फैजान खान एपूर्व राष्ट्रीय सचिव आलोक रत्न यादव एपिंकी यादवए प्रवक्ता राजेश यादव बाबूजीए पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष पुष्पेंद्र यादव ए जिला पंचायत सदस्य विश्राम यादव मटल्लूएडॉ राजबहादुर राजपूतए पूर्व चेयरमैन राजकुमार यादव एसंतोष गुप्ताशपार्षदश् एवम सभी सेक्टर प्रभारी उपस्थित रहे।

### किसान पाठशाला का हुआ आयोजन

**रसलाबाद।** किसान पाठशाला का ग्राम पंचायत शाहबाजपुर में हुआ। जहां कृषि विभाग की योजनाओं की जानकारी एवं कृषि तकनीकी अपनाकर अधिक आमदनी ले सकते हैं जिस में उपस्थित किसान पाठशाला में ग्राम पंचायत प्रधान अर्पिता यादवए जगप्रसाद यादव एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य अग्रणी कृषकएमहिला किसानए स्वयं सहायता समूह की महिलाएं अन्य कृषक उपस्थित रहे।

### जुआ खेलते 4 गिरफ्तार

**औरैया।** थाना अजीतमल के उ0नि0 देवेन्द्र कुमार द्वारा अभियुक्तगण शिववीर उर्फ मोनू पुत्र राम अवतार निवासीगण लोहिया नगर अटसू थाना अजीतमल जनपद औरैया, रामू पुत्र गया निवासी रामनगर अटसू, जितेंद्र उर्फ जीतू पुत्र शंभू दयाल, संदीप पुत्र तुलाराम सक्सेना निवासी रामनगर अटसू थाना अजीतमल जिला औरैया को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से कुल जामा तलाशी, 290 माल फड़, 820 व 52 अदद ताश के पत्ते बरामद कर मु0अ0सं0 433/21 धारा 13 जी जुआ अधिनियम की विधिक कार्यवाही की गयी।

### व्यापारियों का हुआ स्वागत

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** पड़ोसी जनपद कानपुर में समाजवादी व्यापार सभा के तत्वाधान में व्यापारियों के स्वागत समारोह का आयोजन किया गया जिसमें राष्ट्रीय सचिव मनोज अग्रवाल व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य का व्यापारी नेताओं द्वारा फूलमालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। यह जानकारी दूरभाष पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विकास गुप्ता नें दी। बताया कि समाजवादी पार्टी व्यापारियों के सम्मान के लिए सदैव तत्पर रहती है। पूर्व की तत्कालीन सपा सरकार द्वारा व्यापारियों के हित में कई महत्वपूर्ण कार्य किए गये है। कहा कि सपा की सरकार बनते ही जीएसटी व महंगी बिजली बिल से व्यापारियों को राहत दी जायेगी। बताया कि स्वागत समारोह में व्यापारियों को एक प्लेटफार्म पर आकर आगामी विधानसभा चुनाव में कार्य करनें के लिये आवाहन किया गया।

# एनटीपीसी औरैया में हिंदी दिवस का आयोजन

**संवाददाता।** दिबियापुर/औरैया

**हिंदी** एक समृद्ध भाषा है जिसका मानव सभ्यता को परिमार्जित करने में अहम योगदान है, आईये हिंदी दिवस पर हमारी मातृभाषा, हमारी पहचान, विचारों के आदान-प्रदान के इस सशक्त माध्यम को प्रचारित और प्रसारित करने का संकल्प ले। प्रतिवर्ष 14 सितम्बर का दिन पूरे भारत में हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष भी देश में हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रम एवं सम्मेलन आयोजित किये गये।

औरैया परियोजना में भी मंगलवार को कर्मचारी विकास केंद्र में राजभाषा अनुभाग द्वारा हिंदी दिवस का आयोजन किया गया। इससे पूर्व परियोजना में बीते 1 सितम्बर को हिंदी पखवाड़े का शुभारम्भ किया गया था। जिसका समापन हिंदी दिवस के दिन मंगलवार को किया गया। समारोह में सर्वप्रथम प्रबंधक (मानव संसाधन/प्रभारी राजभाषा) द्वारा हिंदी के महत्व को दर्शाते हुए प्रगति-पथ पर अग्रसर हो रही हिंदी के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। उपस्थित सभी विभागाध्यक्षों, वरिष्ठ अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने राजभाषा हिंदी से संबंधित इस पावन अवसर पर कविता, गीत एवं अपने विचार प्रस्तुत किये। साथ ही अनिल कुमार सिंह, मुख्य महाप्रबंधक (औरैया) ने अपने उद्गार व्यक्त करते हुए कहा कि अगर हम सबी भारतीय एकजुट हो जाएँ तो हिंदी को विश्व की प्रथम भाषा बनने से कोई नहीं रोक सकता। साथ ही कहा कि हिंदी के प्रति अभी हमारा दायित्व पूर्ण नहीं हुआ है, हमें हिंदी को और अधिक सशक्त बनाने हेतु अत्यधिक प्रयास करना होगा ताकि राजभाषा हिंदी राष्ट्रभाषा की पद्धि पर आसीन हो सके। हिंदी पखवाड़े के दौरान कर्मचारियों, उनके परिवारजनों के लिए आयोजित स्व रचित हिंदी कविता, हिंदी कहानी, हिंदी नारा एवं हिंदी निबंध प्रतियोगिताओं के विजेताओं को मुख्य महाप्रबंधक (औरैया) द्वारा पुरस्कार प्रदान किये गये।




# नारी का सम्मान जहाँ है संस्कृति का उत्थान वहाँ है

**संवाददाता।** पुखरॉया, कानपुर देहात

**मलासा** विकास खण्ड के ग्राम बिदखुरी में संविलियन उच्च प्राथमिक विद्यालय में बुधवार को मिशन शक्ति के तहत एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्रीय विधायक विनोद कटियार एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी अधिकारी तनु उपाध्याय और पुलिस क्षेत्राधिकारी भोगनीपुर प्रभात कुमार ने महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वलंबन के लिए जागरूक किया।

विधायक विनोद कटियार ने कहा कि सरकार महिलाओं तथा बेटियों की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलम्बी बनाने के लिए बहुत संवेदनशील है। गाँव -गॉव जागरुकता कार्यक्रम करके महिलाओं का अपने अधिकारों के प्रति जागरूक कर रही है। जिस समाज में नारी का सम्मान होता है वहीं संस्..ति का उत्थान भी होता है। पुलिस क्षेत्राधिकारी अकबरपुर तनु उपाध्याय ने कहा बगैर नारी के सम्मान के समाज व देश का उत्थान नहीं हो सकता है। पुलिस क्षेत्राधिकारी भोगनीपुर प्रभात कुमार, कोतवाल बैजनाथ सिंह, एन्टीरोमियों टीम के सदस्यो ने महिलाओं व छात्राओं को महिला हेल्प लाइन नंबरों की जानकारी दी। ग्राम प्रधान पति एवं समाज सेवी विमल सचान लालू ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की और जिला अध्यक्ष शिक्षामित्र संघ कानपुर देहात महेंद्र पाल सिह ने कुशल संचालन किया। मिशन शक्ति की ब्लाक नोडल अधिकारी अमिता सचान, गीता यादव (प्रधानाध्यापक), शिक्षक सालिक राम, आलोक श्रीवास्तव, सुनीता गुप्ता, प्रियंका सचान, जैकलीन आगनवाड़ी कार्यकत्री रीना देवी, संदीप सचान, तारावती, दमावती, बसन्ती, उमादेवी, रश्मि कश्यप, शोमा सचान, ..ष्ण कुमार, छुट्टन शकीला बेगम, ऊषा देवी, राजेन्द्र सचान, हिमांशु, उमादेवी, नेहा देवी ,रज्जो समेत सैकड़ों की तादात में महिलाएं एवं छात्राएं मौजूद रहीं। बाद में ग्राम सचिवालय बिदखुरी का उद्घाटन किया गया।



# मजदूर के साथ धोखाधड़ी कर एटीएम बदलकर निकाले रुपये

**संवाददाता।** गुरसहायगंज (कन्नौज)

**नगर** स्थित एटीएम से रुपये निकालने गए मजदूर से युवक ने धोखाधड़ी कर उसका एटीएम कार्ड बदल लिया और उसके एटीएम से हजारों रुपये की नकदी पार कर दी। जानकारी होने पर पीड़ित मजदूर ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही कीमांग की है।बुधवार को नगर के तिराहा स्थित एटीएम पर निर्माणाधीन एनएच-91 हाईवे पर कार्य कर रहे मजदूर अजय सिंह पुत्र मंगल सिंह निवासी ग्राम मचोल जिला अल्तापुर प्रांत कोलकाता रुपए निकालने के लिए कार्ड लगा रहा था। तभी लाइन में खड़े अज्ञात युवक ने उसका कार्ड लेकर एटीएम में लगाया और दूसरा फर्जी कार्ड उसे दे दिया। इसके बाद अज्ञात युवक फरार हो गया और उसके खाते से 10 हजार रुपए की नकदी पार कर दी। जब मजदूर को इस बात की जानकारी हुई तो उसने कोतवाली पुलिस को सूचना दी।

### महिला से की अभद्रता

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** न्यायालय में चल रहे मुकदमे में समझौते का दबाव बनाने के उद्देश्य सेयुवक ने महिला के साथ अभद्रता की। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। समधन के मोहल्ला दारा सराय निवासी मुस्कान पुत्री हाशिम द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि बुधवार की सुबह घर के बाहर बैठी थी। उसी समय मोहल्ले के ही मुफीद पुत्र मुईद आए और उसके द्वारा न्यायालय में दर्ज कराए गए मुकदमे में समझौता करने का दबाव बनाते हुए गाली गलौज करते हुए झगड़े पर आमादा हो गया। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# धार्मिक आयोजनों से भाईचारा बढ़ता है

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** क्षेत्र के ग्राम यादव नगर में बुढ़वा मंगल के पर्व पर भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें युवा सपा नेता सहित सैकड़ों ग्रामीणों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान युवा सपा नेता अंकुर यादव ने कहा कि धार्मिक आयोजनों से आपसी भाईचारा बढता है। क्षेत्र के ग्राम यादव नगर में आयोजित भंडारा कार्यक्रम में समर्थकों के साथ पहुंचे सपा विधान सभा मीडिया सचिव अंकुर सिंह यादव ने प्रसाद ग्रहण करने के उपरांत कहा कि केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार गरीबों का लगातार उत्पीड़न कर रही है। दिनों दिन प्रदेश में बढ़ रही महंगाई, भ्रष्टाचार एवं बेरोजगारी के चलते जनता त्रस्त हो चुकी है। कहां कि पूर्व की समाजवादी पार्टी की सरकार द्वारा किसानों को लाभान्वित करने के लिए अनेक योजनाएं चलाई गई थी। भाजपा सरकार ने किसानों को बर्बादी के कगार पर लाकर खड़ा कर दिया है।

# दक्षिणी हिस्से को जल्द मिलेगी निर्बाध प्रेशरयुक्त जलापूर्ति

**संवाददाता।** रूरा, कानपुर देहात

**कोरोना** के संक्रमण काल में सीमित बजट के बावजूद यशस्वी नगर पॅचायत अध्यक्षा व अधिशासी अधिकारी ने लम्बे अर्से से लो प्रेशरयुक्त जलापूर्ति की समस्या से जूझ रहे दक्षिणी हिस्से के चार वार्डों के निवासियों के लिये शीघ्र ही नवनिर्मित 5 हजार लीटर पानी की टॅकी की सौगात भेंट करने जा रहे है। करीब साढे इक्कीस लाख की लागत से पानी की टॅकी, जलप्याऊ व नवनिर्मित पाइपलाइन के शुभारम्भ की प्रतीक्षा कुछ ही दिनों में समाप्त होने वाली है। अधिशासी अधिकारी पवन किशोर मौर्या ने बताया कि नगर पॅचायत के शिवाजीनगर, बजरॅगनगर, शास्त्रीनगर व रामनगर वार्डों में लो प्रेशरयुक्त जलापूर्ति की समस्या के समाधान के लिये सॅवेदनशील नगर पॅचायत अध्यक्षा माननीय रमा देवी के निर्देश पर सीमित बजट के बावजूद बजरॅगनगर वार्ड के स्टेशन रोड पर नवनिर्मित पानी की टॅकी का निर्माण पूरा हो चुका है। शीघ्र ही विद्युत कनेक्शन जारी होते ही जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी जायेगी। यशस्वी ईओ ने यह भी बताया कि कोरोना महामारी के संक्रमण के चलते सीमित बजट में 5 हजार लीटर क्षमता की पानी की टंकी के अतिरिक्त पावर हाउस के पीछे बसी नयी आबादी के निवासियों के लिये करीब 4 लाख 25 हजार रूपये लागत की पाइप लाइन बिछायी गयी है। नगर पॅचायत के तीन विभिन्न स्थानों पर पेय जल के लिये 5 लाख रूपये की लागत से प्याऊ का निर्माण भी किया गया है। ईओ ने यह भी बताया कि शुद्ध पेयजल के लिये चालू की गयी व्यवस्थायें शुरू कर दी गयी है लोग इनका लाभ उठा रहे हैं।

# विधिक साक्षरता शिविर में किया गया जागरूक

**संवाददाता।** औरैया

**उत्तर** प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण औरैया द्वारा जारी एक्शन प्लान के अन्तर्गत जनपद न्यायाधीश अनिल कुमार वर्मा के आदेशानुसार बुधवार को सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण औरैया दिवाकर कुमार के निर्देशन पर ग्राम पंचायत रौतियापुर में एक विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित लोगों को विकलांग व्यक्तियों के अधिकारों, योजनाओं के बारे में बताया गया कि उनको सरकार द्वारा विकलांग पेंशन दी जाती है जिसमें वह रजिस्ट्रेशन कराकर सरकारी नौकरी आदि में आरक्षण का लाभ ले सके। इसके अतिरिक्त असंगठित क्षेत्र के मजदूरों के बारे में सचिव द्वारा बताया गया कि ऐसे मजदूर जो दिहाड़ी मजदूरी करते हैं वह अपना रजिस्ट्रेशन श्रम विभाग में अवश्य करवाएं जिससे कि सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ मिल सके एवं वर्तमान में फैले वायरल डेंगू, मलेरिया एवं बुखार से बचाव हेतु नियमित तौर पर ग्राम में एंटी लार्वा का छिड़काव किया जाने हेतु तहसीलदार को निर्देशित किया गया है। कोविड-19 के तहत जारी दिशा निर्देशों का कड़ाई से पालन करने तथा शत प्रतिशत वैक्सीनेशन कराए जाने हेतु लोगों को जागरुक किया गया। तहसीलदार पवन कुमार द्वारा राजस्व विभाग में सरकार द्वारा चलाई जा रही लाभकारी योजना जैसे किसी दुर्घटना का बीमा योजना, स्वामित्व योजना एवं दैवीय आपदा से पीड़ित व्यक्तियों को त्वरित लाभ के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

# सभासद ने मेडिकल कैंप लगाने की मांग की

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** क्षेत्र के कस्बा समधन में तेजी से पैर पसार रहे डेंगू व वायरल फीवर के मरीजों की बढ़ती हुई संख्या को संज्ञान में लेकर नेहरू नगर के सभासद एवं युवा सपा नेता बदरुल सिद्दीकी ने तालग्राम स्थित सीएचसी में पहुंचकर एमओआईसी को ज्ञापन सौंप कर मेडिकल कैंप लगाए जाने की मांग की है। बुधवार को नगर पंचायत समधन के वार्ड नंबर चार नेहरू नगर के सभासद एवं युवा सपा नेता बदरुल सिद्दीकी ने समर्थकों के साथ तालग्राम स्थित सीएचसी में पहुंच कर एमओआईसी डॉक्टर कुमारिल मैत्रेये को सौपे गए ज्ञापन में कहा है कि समधन नगर पंचायत के वार्ड नेहरू नगर में अत्यंत गरीब तबके के लोग रहते हैं। जो कि अपना इलाज कराने में असमर्थ है। इसलिए मेडिकल कैंप लगवा कर नागरिकों को परीक्षण के साथ-साथ दवाइयां वितरित की जाए।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद घाटमपुर, कानपुर नगर

पत्रांक 296 / ई-टेण्डर / न0पा0प0घा0 / 2021-22 दिनांक- 15.09.2021

### ई-टेण्डर निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद घाटमपुर, कानपुर नगर पालिका निधि/पंचम राज्य वित्त आयोग की धनराशि से निम्नलिखित निर्माण कार्य कराने हेतु के इच्छुक ठेकेदारों/फर्मो से निम्नलिखित तालिका के अनुसार ई-निविदा आमंत्रित करती है। निविदा प्रपत्र पालिका के वेब साइट nppghatampur.in एवं etender.up.nic.in से प्राप्त किए जा सकते हैं। निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी/नियम एवं शर्ते पालिका कार्यालय में सम्बन्धित लिपिक से प्राप्त कर सकते हैं।

| क्र0 | ई-निविदा विवरण | अन्तिम दिनांक एवं समय |
|---|---|---|
| 1 | ई-निविदा डाउनलोड करने की तिथि | 17.09.2021 समय 09:00 बजे |
| 2 | ई-निविदा जमा/अपलोड करने की अन्तिम लिथि | 25.09.2021 समय 12:00 बजे |
| 3. | प्रपत्र जमा करने की अन्तिम तिथि | 25.09.2021 समय 01:00 बजे |
| 3 | तकनीकी ई-निविदा खोलने की तिथि | 25.09.2021 समय 02:00 बजे |
| 4 | वित्तीय ई-निविदा खोलने की तिथि | तकनीकी निविदा सत्यापन उपरान्त |

कार्य विवरण

| क्र0 | कार्य का नाम | आंगणन घनराशि जीएसटी सहित (लाख में) | अर्नेस्ट मनी 2 प्रतिशत | निविदा मूल्य | कार्य समापन की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड कुष्माण्डा नगर में श्री दिनेश चन्द्र पाण्डेय के भवन के पास नाली मरम्मत कार्य | 1,11,503.00 | 1,992.00 | 355.00 | 1 माह |
| 2 | वार्ड नौबस्ता पश्चिमी में जयपाल से जे0पी0 के भवन तक सड़क नाली मरम्मत कार्य | 90,200.00 | 1,611.00 | 355.00 | 1 माह |
| 3 | वार्ड नौबस्ता पश्चिमी मे अम्बेदकर पार्क में स्टेज का निर्माण | 1,21,720.00 | 2,174.00 | 355.00 | 1 माह |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद घाटमपुर
कानपुर नगर

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद घाटमपुर
कानपुर नगर


सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# हिंदी को विश्व की संपर्क भाषा बनाना है: बृजेश पाठक

● हिंदी दिवस के अवसर पर सैकड़ों बुद्धिजीवियों को हिंदी प्रचार प्रसार संस्थान द्वारा किया गया सम्मानित

**संवाददाता।** अयोध्या



**हिन्दी** दिवस के शुभ अवसर पर हिन्दी प्रचार.प्रसार सेवा संस्थान द्वारा राजकीय आईटीआई परिसर में सम्मान समारोह एवं हिन्दी भाषा की समृद्धता से भारतीय सभ्यता सुरक्षित विषय पर गोष्ठी आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता उदासीन आश्रम के महंत डॉ भरत दास ने की और उपस्थित लोगों ने हिंदी भाषा को राष्ट्रभाषा का दर्जा प्राप्त हो इसके लिए संकल्प दोहराया। मुख्य अतिथि उप्र के कानून मंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि हिन्दी भाषा हमारे देश की सभ्यता, संस्कृति और अस्मिता की पहचान है। हिन्दी ऐसी भाषा है जो नित्य नये.नये शब्दों को स्वयं में समाहित करती रहती है। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद कई दशकों तक किसी व्यक्ति की विद्वता उसके अंग्रेजी ज्ञान के आधार पर आंकी जाती थी। कुछ वर्षों में हमारी भाषाई संस्कृति का पूरा परिदृश्य बदला है। उच्चतम न्यायालय की पहल से अब तमाम अदालती फैसले एवं आदेश हिन्दी भाषा में आने लगे हैं। तमाम दूसरी भाषाओं को भी हिन्दी ने आत्मसात करके अपने शब्दकोष को समृद्ध एवं विस्तृत किया है। हाल के वर्षों में शासन.सत्ता की सार्थक पहल से हिन्दी का सम्मान बढ़ा है। हम सबको मिलकर हिन्दी को विश्व की सम्पर्क भाषा बनाना होगा।

डॉ0 राम मनोहर लोहिया अवध विश्व विद्यालय अयोध्या के कुलपति आचार्य रविशंकर सिंह ने विशिष्ट अतिथि के रूप बोलते हुये कहा कि हिन्दी हमारी आत्मा हैए वह हमारे जन मन में बसी हुयी है। हिन्दी के बिना हमारी संस्कृति व सभ्यता सुरक्षित नहीं रह सकती है। समारोह को मानस मर्मज्ञ साध्वी डॉ. सुनीता शास्त्री, श्रीराम जन्मभूमि के मुख्य अर्चक आचार्य सतेन्द्र दास जी महाराजए वरिष्ठ समाजसेवी व वामपंथी नेता सूर्य कांत पाण्डेयए प्रधानाचार्य डॉ. एकता त्रिपाठीए दशरथ गद्दी के महंत बृजमोहन दासए पूर्व सांसद निर्मल खत्री सहित दर्जनों लोगों ने संबोधित किया। इसके उपरांत विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को प्रशस्ति पत्र देकर के सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन संस्थान के महामंत्री डॉ सम्राट अशोक मौर्य ने की।

अतिथि व विशिष्ट अतिथियों के हाथों संस्था की ओर से विशिष्ट साहित्यप्रेमियों व बुद्धिजीवियों को डॉ0 शिवबरन मौर्य साहित्य भूषण सम्मान व डॉ. रामरती कुंवरि मौर्य साहित्य गौरव सम्मान से अंलकृत किया गया।

## महिलाओं को बनाना है आत्मनिर्भर और निडर: सुनील

**प्रयागराज।** आधुनिक महिलाओं की खूबियों का जश्न मनाता है। बेला एक कलेक्शन से कहीं बढ़कर है। यह एक मनोभाव है। अभिव्यक्ति है। महिलाओं के हर दिन को खास बनाने के लिए इस कलेक्शन को तैयार किया गया है। बेला के हर आभूषण कला की बारीकियों से समकालीन हैं। जो इसे नई पीढ़ी की युवतियों और महिलाओं की खरीदारी के लिए आदर्श बनाते हैं। रिलायंस ज्वेल्स ने एक्सक्लूसिव ज्वैलरी कलेक्शन बेला मेक एवरी डे स्पेशल में नए डिजाइन को शुरू किया है। सुनील नायक सीईओ ने कहा विशिष्ट और चमक दमक वाले डिजाइन से लेकर प्रीमियम गुणवत्ता वाले आभूषणों तक इसमें हर आभूषण की अहमियत को समान रूप से उजागर किया गया है। रुचिकर डिजाइन तथा कला की बारीकियों एवं सटीकता को एक साथ समाहित करने वाले इस उत्कृष्ट कलेक्शन की संरचना बेहद अलंकृत है। महिलाओं के सम्मान में तैयार किए गए आभूषणों के कलेक्शन और डिजाइन का जश्न मनाती है।

# निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ करें पूर्ण: मण्डलायुक्त

**अयोध्या।** मण्डलायुक्त एमपी अग्रवाल ने आयुक्त सभागार में श्रीराम जन्मभूमि के आस.पास प्रस्तावित/निर्माणाधीन विकास कार्यो के साथ अन्य निर्माण कार्यो की समीक्षा की गई। बैठक में संबंधित विभागो के अधिकारियो के साथ.साथ कार्यदायी संस्थाओ के अभियन्ताओ एवं प्रबन्धको ने प्रतिभाग किया। बैठक में निर्माण कार्यो से संबंधित संक्षिप्त विवरण जिलाधिकारी श्री अनुज कुमार द्वारा दिया गया जिसमें उन्होंने बताया कि विगत सप्ताह में उनके द्वारा समीक्षा की गई जिसमें कई विभागो के कार्य 80 प्रतिशत से ज्यादा पूर्ण हो गये हैए जिस पर मण्डलायुक्त ने निर्देश दिये कि जिन विभागो के कार्य 80 प्रतिशत से ज्यादा पूर्ण है उन कार्यो को प्राथमिकता पर पूर्ण कराते हुए लोकापर्ण के लिए तैयार किया जाए तथा जिन विभागो के कार्यो में प्रगति धीमी तथा असंतोषजनक है उन विभागो के अधिकारियो एवं कार्यदायी संस्थाओ के साथ बैठक करते हुए आ रही समस्याओ को निस्तारित कराये। मण्डलायुक्त ने बताया कि विगत दिवस मुख्य सचिव द्वारा श्रीराम जन्मभूमि के साथ.साथ आस.पास के कार्यो की समीक्षा की गई जिसमें उनके द्वारा निर्देशित किया गया कि निर्माण कार्यो को गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाये तथा जो निर्माण कार्य पूर्ण होने की स्थिति में है उनके लोकापर्ण के लिए रिर्पोट प्राप्त कर आवश्यक कार्यवाही की जाये। श्रीराम जन्मभूमि के आसपास के सड़क निर्माण/मरम्मत, पेयजल व सीवरेज संबंधी कार्यए मार्गो का सौन्दर्यीकरण, घाटो की मरम्मत आदि अनेक कार्य चलाये जा रहे है जिसमें मुख्य रूप से नगर निगम, जल निगम, सिचाई विभाग, पर्यटन, लोक निर्माण, संस्कृति विभाग, पुलिस विभाग आदि के महत्वपूर्ण कार्य है। इन कार्यो को गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के साथ ही अन्य जो अयोध्या जनपद के कार्य है उस पर भी प्राथमिकता से कार्य किया जाये।

मण्डलायुक्त ने समीक्षा के दौरान गुप्तारघाट, क्वीन.हो मेमोरियल पार्क, रामायण सर्किट थीम, भजन संध्या स्थल, पुलिस ट्रान्जिट हास्टल, सांस्कृतिक मंच (कल्चरल स्टेज) आडिटोरियम, अयोध्या पुर्नगठन सीवरेज फेज.1 व 2, अयोध्या नगर की सीवर संयोजन फेज.2ए ट्रीटमेन्ट प्लानए कान्हा गौशालाए राजद्वार पार्क के निर्माण कार्यो के साथ.साथ भरतकुण्ड के सौन्दर्यकरण, विद्युत उपकेन्द्र की स्थापना, पंचकोसी एवं चैदह कोसी परिक्रमा मार्ग पर बेहतर सुविधा, सर्किट हाउस परिसर स्थित एनेक्सी भवन में अतिरिक्त कक्षों के निर्माण, इन्टीग्रेटड ट्रैफिक कन्ट्रोल सिस्टम, सेतु निगम, श्रंगीऋषि आश्रम व सूर्यकुण्ड के सौन्दर्यकरण, सेफ सिटी की प्रगति, रानोपाली मार्ग का चैड़ीकरण सहित 72 परियोजनाओ की गहन समीक्षा की गई जिसमें अधिकारियो को निर्देश दिये कि इन कार्यो पर सर्वोच्च प्राथमिकता के अनुसार पूर्ण करने की करने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। उन्होंने बताया कि फैजाबाद अयोध्या पेयजल योजना, अयोध्या नगर सीवर संयोजन योजना, रामकथा पार्क विस्तारीकरण का कार्य लगभग पूर्ण हो गये है।

# तेज हवा वा बारिश के बीच सड़क पर गिरा अर्जुन का विशालकाय पेड़, आवागमन बंद



**मिल्कीपुर अयोध्या।** तेज हवा संग बारिश के बीच मंगलवार को दोपहर बाद कुमारगंज से बहादुरगंज ब्लॉक मुख्यालय मार्ग के बगल स्थित कृषि विश्वविद्यालय के एनएसपी फॉर्म के पास सड़क पर पेड़ गिर गया। जिससे वाहनों का आवागमन बाधित रहा। क्षेत्रीय लोगों की सहायता से राहगीरों ने किसी तरह पेड़ का कुछ भाग तोड़ कर हटाते हुए बाइक व पैदल के लिए आवागमन बहाल किया गया।

कुमारगंज से बहादुरगंज जाने वाले मार्ग के एनएसपी फार्म से थोड़ी दूर पर एक विशालकाय अर्जुन का पेड़ तेज हवा वा बारिश की वजह से गिर गया। सड़क के बीच में विशालकाय पेड़ गिरने से रास्ता अवरुद्ध हो गया। फिलहाल पेड़ गिरने से किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। सड़क चालू होने के चलते लगातार वाहनों व बाइक का आना जाना होता रहता है। पेड़ गिरने के दौरान कोई वाहन उस समय सड़क पर नही था। राहगीरों ने वन विभाग को दी सूचना सूचना के बाद भी मौके पर नहीं पहुंचे वन कर्मी देर शाम तक रोड से नहीं हटाया गया था अर्जुन का विशालकाय पेड़ जिसके चलते वाहनों का आवागमन रहा बंद।

# महिलाएं स्वस्थ तो पूरा परिवार खुशहाल रहेगा: कुलपति

● अविवि में बालिका हेल्थ क्लब की स्थापना की गई



**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विवि में महिला अध्ययन केंद्र तथा वीमेन ग्रीवेंस एंड वेलफेयर सेल के संयुक्त संयोजन में राज्य सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति अभियान फेज.थ्री के तहत आज 15 सितम्बर, 2021 को परिसर में बालिका हेल्थ क्लब की स्थापना की गई। क्लब का उद्घाटन एवं अध्यक्षता करते हुए विवि के कुलपति प्रो. रविशंकर सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में सभी को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना चाहिए। यदि हम स्वस्थ रहेंगे तो पूरा परिवार स्वस्थ एवं खुशहाल रहेगा। कुलपति ने उपस्थित छात्राओं से कहा कि अपने घरों में ऐसा वातावरण बनाए जिससे की लोग स्वस्थ एवं खुशहाल रहे। कुलपति ने बताया कि इस क्लब की स्थापना का मुख्य उद्देश्य है कि यहां के अध्ययनरत छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण समय= पर किया जा सके।

महिला अध्ययन केंद्र तथा वीमेन ग्रीवेंस एंड वेलफेयर की समन्वयक प्रो. तुहिना वर्मा ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ्य मस्तिष्क का निर्माण होता है। इसलिए स्वस्थ रहना बेहद जरूरी है। महिलाओं को समय= पर अपने स्वास्थ्य का परीक्षण कराते रहना चाहिए। विवि चिकित्साधिकारी डॉ. दीपशिखा ने बताया कि क्लब की स्थापना हो जाने से छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण आसानी से किया जा सकेगा। इससे छात्राओं में न्यूट्रीशन की कमी एवं अन्य बीमारियों का समय रहते इलाज मुहैया कराया जायेगा। उन्होंने छात्राओं को फर्स्ट एड किट के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. नीलम पाठक ने छात्राओं को बताया कि पढ़ाई के साथ.साथ स्वास्थ्य पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है। इसके लिए पोषण युक्त भोजन लेते रहना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रो. वर्मा ने बताया कि सभी विभागों एवं हॉस्टल को फर्स्ट एड किट का वितरण किया गया है। इस क्लब के माध्यम से अध्ययनरत छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। कैम्प में आज दो चरणों में परीक्षण किया गया। सुबह दस बजे से एक बजे तक और सांय चार बजे से छः बजे तक किया गया। इस अवसर पर डॉ. प्रतिभा त्रिपाठी, डॉ. स्नेहा पटेल, डॉ. दीक्षा दुबे, शारदा पाठक, शालिनी मिश्रा, अमरनाथ पांडे, पदमा देवी, सुनील कुमार यादव, वल्लभी तिवारी सहित अध्ययनरत छात्राओं ने हिस्सा लिया।

## वक्रतुंडाया और सुखकर्ता जैसे गीतों पर किया डांस

**प्रयागराज।** पिछले तीन दशकों से बेहतरीन कहानियों किरदारों और लीक से हटकर फिक्शन शोज़ के साथ दर्शकों का मनोरंजन जी टीवी कर रहा है। महामारी के दौरान भी चैनल ने लोगों को ऐसे कार्यक्रम दिखाए। जिन्होंने उन्हें प्रेरित किया और उनमें दिलचस्पी जगाए रखी। इस समय जहां त्यौहारों की शुरुआत हो रही है और देश में अब भी कुछ प्रतिबंध जारी हैं। वहीं घरों के आरामदायक माहौल में ही गणेश चतुर्थी के लुक फील और फ्लेवर का एहसास कराएगा। जहां एक स्पेशल एपिसोड गणेश उत्सव विथ ज़ी टीवी के जरिए त्यौहारों की धूम होगी और दिलचस्प चर्चाएं होंगी। इस स्पेशल एपिसोड का प्रसारण उन्नीस सितंबर को दोपहर बारह बजे होगा। कुमकुम भाग्य और कुंडली भाग्य के अभि शबीर अहलुवालिया प्रज्ञा सृति झा और करण धीरज धूपर प्रीता श्रद्धा आर्य अपनी केमिस्ट्री से सभी का मन मोह लेंगी। एकदंताया वक्रतुंडाया और सुखकर्ता दुखहर्ता जैसे गीतों पर शानदार डांस किया।

## क्विक न्यूज

### मुख्यमंत्री ने किया ग्रामीण सड़कों के उच्चीकरण का शुभारंभ

**प्रयागराज।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत ग्रामीण मार्गों का शुभारंभ एवं रिन्यूवल कार्य का लोकार्पण बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वर्चुअल माध्यम से किया। जिसका सजीव प्रसारण एनआईसी में किया गया। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत प्रयागराज जनपद के संसदीय क्षेत्र इलाहाबाद की बारह एवं संसदीय क्षेत्र फूलपुर की पांच एवं संसदीय क्षेत्र भदोही के अन्तर्गत विकास खण्ड धनुपूर सैदाबाद हण्डिया प्रतापपुर की छह सड़कों का सुदृढीकरण एवं उच्चीकरण के कार्यों का शुभारम्भ शिलान्यास हुआ। रिन्यूवल सड़कों में संसदीय क्षेत्र इलाहाबाद की दो तथा भदोही की आठ सड़कों का लोकार्पण हुआ। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शिपू गिरि विधायक मेजा नीलम करवरिया विधायक कोरांव राजमणि कोल विधायक फाफामऊ विक्रमाजीत मौर्य सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### चोरों ने बीस हजार नकदी व अन्य सामान चुराया

**मालीपुर, अम्बेडकरनगर।** थाना अंतर्गत ताहापुर के खनूसपुर पुरवे के निवासी भूतपूर्व सैनिक बच्चन लाल पुत्र जेदू के घर में चोरों ने नकाब लगाकर बीस हजार की नकदी एवं सेना में सेवा के दौरान अलग-अलग अवसरों पर मिले चार मेडल पर हाथ साफकर दिया। चोर नकाब लगाकर घर में रखी तीन अटैची उठा ले गए और अटैची को खोल कर उसमें रखी 20000 की नकदी व 4 मॉडल पर हाथ साफकर दिया घटना की जानकारी सुबह सोकर उठने पर हुई भुक्तभोगी ने घटना की सूचना तुरंत डायल 112 पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना का मौका मुआयना किया इसके बाद बच्चन लाल ने घटना की एक लिखित तहरीर थानाध्यक्ष मालीपुर को दिया उप निरीक्षक प्रमोद कुमार ने भी घटनास्थल का मौका मुआयना किया। थानाध्यक्ष राजीव श्रीवास्तव ने बताया कि पुलिस घटना की जांच कर रही है शीघ्र ही मामले का वर्कआउट किया जाएगा।

### मंडल अध्यक्ष सुभाष सोनी को मनोनीत किया गया

**भीटी, अम्बेडकरनगर।** अंबेडकर नगर जिलाध्यक्ष राजकुमार सोनी स्वर्णकार युवा क्रांति मंच के आवाहन पर शुकुल बाजार में कमेटी पूर्ण रूप से गठन किया गया मंडल अध्यक्ष सुभाष सोनी को मनोनीत किया गया जिसमें मंडल अध्यक्ष ने कहा कि हमारे मंडल के अंतर्गत जितने हमारे समाज के बंधु हैं सभी लोगों को एकता में जोड़ने की प्रयास करता रहूंगा और सभी पदाधिकारियों एवं समाज के बंधुओं मैं आज शपथ लेता हूं की इन सभी लोगों के सुख दुख में हर वक्त खड़ा रहूंगा महामंत्री पंकज सोनी महामंत्री दीपक सोनी अतुल सोनी मंडल उपाध्यक्ष दिलीप सोनी मंडल उपाध्यक्ष सुरेंद्र सोनी कोषाध्यक्ष संदीप सोनी संगठन मंत्री सच्चिदानंद सोनी मीडिया प्रभारी महेश्वरी प्रसाद सोनी संरक्षक सभी सम्मानित पदाधिकारी गण को मनोनीत किया गया उपस्थिति में रोहित सोनी अनिल सोनी सुनील सोनी राजकुमार संतोष सोनी आदि लोग मौजूद थे

### लड़की से छेड़खानी करने के मामले में मुकदमा दर्ज

**टाण्डा, अम्बेडकरनगर।** दिन मे घर पर आ कर गाव का एक युवक अकेली पर कर लडकी के साथ छेडखानी करने लगा विरोध करने पर युवक गाली गलौज देते हुये से लात घूसो मारे पीटे तथा लडकी का फोटो लेकर मोबाइल द्वारा वायरल कर रहे है। मामला थाना इब्राहिम पुर अन्तर्गत माधवपुर गाव का है । सोमवार. के दिन मे 12बजे एक लडकी घर पर अकेली थी उसी गाव का युवक सदीप हरिजन पुत्राम जनम हरिजन लडकी के घर आ कर छेडखानी करने लगा, लडकी के विरोध करने पर सदीप गाली गलौज देते हुये लात घूसो से लडकी को मारे पीटे और लडकी का नंगा फोटो ले कर मोबाइल द्वारा वायरल भी कर रहे है । लडकी के भाई ने थाना मे संदीप हरिजन के खिलाफतहरीर दिया है। थानाध्यक्ष इब्राहिम पुर ने बताया है कि लडकी के भाई की तहरीर पर संदीप हरिजन के विरुद्ध सुसंगत धाराऔ मे मुकदमा दर्ज कर जाच किया जा रहा है ।

### भाजपा नेता तेजस्वी अपहरण मामले में एक हिरासत में

**टाण्डा, अम्बेडकरनगर।** भाजपा नेता तेजस्वी जायसवाल का बीते दिनों अपहरण कर मारपीट करने के प्रकरण में घटना के मुख्य गवाह सूरज यादव को मिली धमकी प्रकरण में कोतवाली पुलिस ने शांतिभंग की आशंका की कार्यवाही कर मामले की इति श्री कर दी। भाजपा नेता के साथ बीते दिनों हुई घटना के मुख्य गवाह को बलराम मौर्य पुत्र सीताराम निवासी मोहल्ला मीरापुर कोतवाली टाण्डा ने गवाही न देने की बात पर धमकी दी थी जिसकी तहरीर एक सप्ताह पूर्व सूरज यादव ने कोतवाली पुलिस को दी थी। लेकिन टाण्डा कोतवाली पुलिस ने मुकदमा नही पंजीकृत किया और आज उक्त तहरीर की जांच कोतवाली के उपनिरीक्षक राम उग्रह कुशवाहा द्वारा की गई जिसमें मौके पर दोनो पक्षों के आमने सामने आने पर बलराम मौर्य द्वारा पूछताछ के दौरान आमादा फौजदारी होने पर एक पक्षीय शांति भंग की आशंका में हिरासत में ले लिया गया और उसका चालन धारा 151,107,116 सी आर पी सी के तहत उपजिलाधिकारी न्यायालय भेज दिया। जहां से उसकी जमानत हो गयी। अब यहाँ से फिर एक बार टाण्डा कोतवाली पुलिस ने अपना खेल चालू कर दिया।

## समाज और देशहित में समर्पित होकर कार्य कर रही है भाजपा: मिथिलेश त्रिपाठी

**अम्बेडकरनगर।** भाजपा सरकार सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास की नीति पर चलते हुए देश हित और समाज हित में सरकार की योजना और कार्यक्रम को संचालित करने में अहम भूमिका निभाने वाले कर्मचारियों की कल्याण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता से प्रदेश के हर तबके में भाजपा सरकार की लोक प्रियता बढ़ती ही जा रही है। मुख्यमंत्री योगी की सरकार ने समाज के नव निहालों और माताओं के स्वास्थ्य की गांवों स्तर पर देखभाल की जिम्मेदारी समर्पित भाव से निभाने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका के मानदेय में वृद्धि कर उनकी मांग को पूरा किया है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आंगनबाड़ी सहायिका में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है। विचार भाजपा जिलाध्यक्ष डा. मिथिलेश त्रिपाठी ने उप्र सरकार द्वारा आंगन बाड़ी बहनों के मानदेय पर बढ़ोत्तरी पर प्रतिक्रिया देते हुए व्यक्त किया।

# महापौर ने किया नवनिर्मित विकास कार्यों का लोकार्पण



लोकार्पण करतीं महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी।

**प्रयागराज।** महापौर अभिलाषा गुप्ता नन्दी ने बुधवार को वार्ड 49 दरियाबाद भाग दो और वार्ड नं 72 नारायण सिंह नगर में नगर निगम द्वारा नवनिर्मित विकास कार्यों का आज फीता काटकर लोकार्पण किया। महापौर ने 14 वीं वित्त द्वारा निर्मित दरियाबाद मीनापुर स्थित क्षतिग्रस्त धोबीघाट का निर्माण कार्य का लोकार्पण किया। वार्ड 72 नारायण सिंह नगर में निरंजन डाट के पुल के बगल की रोड के निर्माण कार्य का लोकार्पण हुआ। इसी तरह नारायण सिंह बादशाही मंडी तुलसी भोलनालाय वाली गली के निर्माण कार्य का लोकार्पण किया। 15 वां वित्त आयोग जलकल विभाग द्वारा निर्मित रिबोर मिनी नलकूप के कार्य का शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र पार्षद पूजा कक्कड़ पार्षद नेम यादव नामित पार्षद अनूप मिश्रा महाप्रबंधक जलकल हरिशचन्द्र वाल्मीकि सहायक अभियंता बृजेश यादव मंडल महामंत्री परमानंद वर्मा नीरज टण्डन अमित यादव शिबू हनी सारस्वत आदि लोग उपस्थित रहे।

# डीएम ने डेंगू और संचारी रोगों के बचाव एवं लक्षण के बारे में किया जागरूक

● डीएम ने नगर निगम तथा स्वास्थ्य विभाग की टीमों को निरंतर एण्टी लार्वा का छिड़काव तथा साफ सफाई कराने के निर्देश दिए



लोगों को जागरूक करते डीएम संजय कुमार खत्री।

**प्रयागराज।** डीएम संजय कुमार खत्री ने बुधवार को धूमनगंज के अन्तर्गत प्रीतम नगर कालोनी के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर डेंगू तथा अन्य संचारी रोगों के नियंत्रण एवं रोकथाम तथा लक्षण एवं बचाव के बारे में लोगों को जागरूक किया। स्व. जय प्रकाश यादव जिनकी डेंगू से मृत्यु हो गयी थी। उनके घर जाकर उनके परिजनों से मुलाकात की तथा शोक संवेदना व्यक्त करते हुए घटना के बारे में जानकारी ली। इसके बाद रीता पत्नी परमानंद के भी घर जाकर उनका कुशलक्षेम पूछा। जिलाधिकारी ने जिन क्षेत्रों में डेंगू से प्रभावित मरीज मिले वहां पर नियमित रूप से निरंतर अनुश्रवण करते रहने का निर्देश जिला मलेरिया अधिकारी को दिया है। उन्होंने नगर निगम स्वास्थ्य विभाग तथा मलेरिया विभाग के अधिकारियों को जल जनित बीमारियों के प्रसार को रोकने के लिए साफसफाई फागिंग एण्टी लार्वा तथा चूना छिड़काव निरंतर कराते रहने के निर्देश दिये। डीएम ने भ्रमण के दौरान लोगों से बातचीत करते हुए अपने घरों में कूलर तथा अन्य स्थानों पर पानी इकट्ठा न होने देने के लिए कहा है। साथ ही साथ लोगों को अपने घरों की निरंतर साफसफाई करते रहने के लिए भी कहा है। डेंगू मलेरिया जैसी जल जनित बीमारियां जल जमाव से ही होती है। इसलिए यह जरूरी है कि कहीं पर भी जल का जमाव न होने पाये। डीएम ने जल जनित बीमारियों से बचाव हेतु निरंतर जनजागरूकता कार्यक्रम चलाते रहने के भी निर्देश दिये है। उन्होंने मलेरिया विभाग को प्रचार वाहनों के माध्यम से भी डेंगू प्रभावित क्षेत्रों में निरंतर लोगों को जागरूक करते रहने का निर्देश दिया है।

# विभागों के कामकाज में हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग पर जीएम ने दिया जोर

● क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित

● राजभाषा पखवाड़ा समारोह का एनसीआर में हुआ शुभारंभ

**प्रयागराज।** हिंदी दिवस के मौके पर उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में महाप्रबंधक प्रमोद कुमार की अध्यक्षता में राजभाषा पखवाड़ा समारोह का शुभारंभ हुआ। इस दौरान क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक भी आयोजित हुई। महाप्रबंधक प्रमोद कुमार ने कहा कि हिंदी दिवस हम सबके लिए एक राष्ट्रीय पर्व के समान है। हिंदी पूरे राष्ट्र को एक सूत्र में पिरोती है। यह भाषा पूरे देश में विभिन्न भाषा भाषी समुदायों के आपसी मेल जोल एवं समन्वय से पल्लवित और विकसित हुई है। राष्ट्र और राष्ट्रीयता के विकास की अपनी इसी ऐतिहासिक परंपरा में आज हिंदी नए भारत के नवसंकल्पों को मुखरित कर रही है। विश्व पटल पर इसे सशक्त सुदृढ़ एवं महत्वाकांक्षी भारत की पहचान का सम्मान मिला है। सूचना टेक्नालॉजी के बढ़ते कदमों के कारण मीडिया मनोरंजन व्यापार वाणिज्य जैसे विविध क्षेत्रों के अतिरिक्त उन तकनीकी क्षेत्रों में भी हिंदी के प्रगामी प्रयोग की क्षमता और संभावना कई गुना बढ़ गई है। महाप्रबंधक प्रमोद कुमार ने कहा कि रेलवे के सरोकार सीधे आम जनता से जुड़े हुए हैं। सामाजिक दायित्वों और व्यावसायिक लक्ष्यों की समन्वित नीति के तहत अपने कार्यों योजनाओं और उपलब्धियों को आमजन तक राजभाषा में पहुँचाने से उनके प्रति हमारी प्रतिबद्धता परिलक्षित होती है। उन्होंने विभागों के आंतरिक कामकाज में हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग पर जोर दिया। प्रमोद कुमार ने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों भाषाओं और संस्कृतियों के यात्री जब रेलवे के जनसंपर्क स्थलों तथा गाड़ियों में होते हैं तो स्वाभाविक तौर पर उनके बीच विचारों के आदान प्रदान का माध्यम हिंदी ही होती है। वहाँ हिंदी का विशाल भावनात्मक विस्तार देखने को मिलता है। वहाँ हिंदी के सहज सरल और सही प्रयोग से राजभाषा के प्रति हमारा संकल्प परिलक्षित होता है। जनता की भाषा में सर्वोत्तम सेवा प्रदान करने वाली अग्रणी रेलवे की हमारी छवि भी मजबूत बनती है। जीएम प्रमोद कुमार ने सभी सदस्यों को स्टेशनों गाड़ियों और अन्य ग्राहक इंटरफेस वाले स्थानों पर ग्राहकों की सुविधाओं से संबंधित सूचनाओं इलेक्ट्रानिक सूचना बोर्डों नाम पदनाम बैज सभी रसीदों और सिस्टमों में यथावश्यक हिंदी और द्विभाषी रूप का प्रयोग सुनिश्चित करने तथा इनकी उपलब्धता पर लगातार निगरानी रखने की हिदायत दी। मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्रधान वित्त सलाहकार अजय माथुर ने स्वागत करते हुए कहा कि उत्तर मध्य रेलवे में राजभाषा के उद्देश्यों एवं लक्ष्यों को पूरा करने के कार्यों को एक अभियान के रूप में लिया गया है। अधिकारियों और कर्मचारियों की रचनात्मक एवं सहभागी भूमिकाओं को अधिकाधिक महत्व दिया जा रहा है। राजभाषा की उत्तरोत्तर प्रगति सुनिश्चित करने के लिए विशेष कार्यों के बारे में समिति को अवगत कराते हुए माथुर ने उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में 14 सितंबर से 29 सितंबर तक सोशल डिस्टेंसिंग के पालन के साथ आयोजित किए जाने वाले राजभाषा पखवाड़ा कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। इस तिमाही में मुंशी प्रेमचंद गोस्वामी तुलसीदास और भारतेन्दु हरिश्चन्द्र की जयंती के उपलक्ष्य में साहित्यिक परिचर्चा आयोजित की गई। प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक महेन्द्र नाथ ओझा ने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास एक नरपुंगव थे। जिसकी समकालीन समाज को अत्यधिक आवश्यकता थी। इस अवसर पर महाप्रबंधक प्रमोद कुमार ने गृह मंत्रालय द्वारा जारी राजभाषा प्रतिज्ञा दिलाई और त्रैमासिक पत्रिका रेल संगम का विमोचन किया। अपर महाप्रबंधक रंजन यादव सहित सभी प्रधान विभागाध्यक्ष उपस्थित थे। मंडलों के अपर मंडल रेल प्रबंधक कारखानों के मुख्य कारखाना प्रबंधक एवं अन्य सदस्य अधिकारियों ने ऑनलाइन माध्यम द्वारा बैठक में सहभागिता की।

## सरकारी कामकाज में अधिक से अधिक हो हिंदी का प्रयोग: जीएम

**प्रयागराज।** केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन में बुधवार को महाप्रबंधक यशपाल सिंह की अध्यक्षता में राजभाषा पखवाड़ा उदघाटन समारोह आयोजित हुआ। राजभाषा पखवाड़ा समारोह का शुभारम्भ हुआ। मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्रमुख मुख्य सिगनल एवं दूर संचार इंजीनियर सुरेश कुमार ने सभी का स्वागत करते हुए अपील की है कि अधिकारी एवं कर्मचारी अपने दैनिक सरकारी काम काज में हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग करें। राजभाषा पखवाड़ा के दौरान आयोजित विविध कार्यक्रमों में भाग लेकर आयोजन को सफल बनाएं। महाप्रबंधक यशपाल सिंह ने कहा कि केन्द्र सरकार के कार्यालयों में हिंदी का प्रयोग तेजी से बढ़ा है लेकिन अभी भी काफी कुछ करने की गुंजाइश है। यह अवसर अपनी मातृभाषा और राजभाषा पर गौरव करने का है। आज हम सब संकल्प लें कि हम अपने दिन प्रतिदिन के सरकारी कामकाज में हिंदी का अधिक से अधिक प्रयोग करेंगे।

# एनटीपीसी में विभिन्न कार्यक्रमों के साथ मनाया हिंदी दिवस




**अम्बेडकरनगर।** एनटीपीसी टाण्डा परियोजना में कोविड-19 को ध्यान में रखते हुए 1 सितम्बर से चल रहे हिंदी पखवाड़ा 2021 का समापन 14 सितम्बर 2021 को वर्चुअल माध्यम से हिन्दी दिवस 2021 मनाकर किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम उपमहाप्रबंधक (मानव संसाधन) ने परियोजना प्रमुख संजय कुमार सिंह व आनलाइन कार्यक्रम में शामिल हुए समस्त कर्मचारियों एवं अन्य जनमानस का हार्दिक स्वागत किया। उन्होने पखवाड़े के दौरान सम्पन्न प्रतियोगिताओं एवं कार्यक्रमों के बारे में संक्षिप्त में अवगत कराया।

परियोजना प्रमुख संजय कुमार सिंह द्वारा प्रतियोगिता एवं कार्यक्रम में शामिल हुए सभी लोगों के प्रति हार्दिक आभार प्रकट किया एवं हिंदी पखवाड़े के बाद भी दैनदिन कार्यो में हिंदी को बढ़ावा देने की बात कही। श्री सिंह द्वारा हिन्दी के प्रति विचार व्यक्त करते हुए कहा कि, मुझे पूर्ण विश्वास है कि इन सभी कार्यक्रमों के आयोजन से परियोजना में हिंदी का और अधिक प्रचार प्रसार होगा साथ ही सभी लोग अपने कार्यालयों में अधिक से अधिक कार्य हिंदी में करेंगे एवं भारत देश को विश्व पटल पर सबसे आगे लें जायेगें। महाप्रबंधक (मेडिकल सेवायें) डा. उद्यन तिवारी ने हिन्दी के महत्व के बारे बताया एवं हिन्दी को कार्यालयीन कार्यों में और अधिक प्रयोग करने की बात कही। एसएन पाणिग्राही विभागाध्यक्ष (मानव संसाधन) ने पखवाड़ें के सफल आयोजन एवं हिन्दी दिवस की सभी को हार्दिक बधाई दी एवं हिन्दी की एक कविता के माध्यम से हिन्दी के महत्व को अवगत कराया। कार्यक्रम के अन्त में परियोजना प्रमुख (टांडा) द्वारा राजभाषा अनुभाग की वार्षिक डिजिटल पत्रिका 'समन्वय' का विमोचन किया गया। कार्यक्रम के अन्त में उपमहाप्रबंधक (मानव संसाधन) ने पखवाड़े के दौरान सम्पन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं के नामों की घोषणा की एवं सभी का पुन: आभार प्रकट किया।

# सर्वोच्च न्यायालय का फैसला

## मानवीय दृष्टिकोण

**सर्वोच्च** न्यायालय ने उचित ही आत्महत्या करने वाले कोविड-19 रोगियों का पक्ष लेते हुए इसे चिकित्सकीय मौत माना है। कोविड-19 से पीड़ित लोगों के पुनर्वास पर नजर रखते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने सोमवार को केन्द्र से कोविड-19 मरीजों की आत्महत्या को कोविड-19 से हुई मौत मानने का निर्देश दिया है ताकि उनके परिवारों को भी मुआवजा मिल सके। अदालत ने कहा कि संक्रमण के कारण होने वाले अत्यधिक कष्ट के कारण ही रोगियों ने आत्महत्या की। जस्टिस एम.आर. शाह व जस्टिस ए.एस. बोपन्ना की पीठ ने ये टिप्पणियां केंद्र के दिशानिर्देशों पर गौर करते हुए कीं जिसमें जहर देने, आत्महत्या, हत्या या दुर्घटना से होने वाली मौतों को कोविड-19 मौतें नहीं माना गया है, भले ही इसके साथ संक्रमण भी एक कारण हो। सरकार द्वारा मामले की पुन: समीक्षा के आश्वासन से अदालत संतुष्ट थी। अदालत का प्रस्ताव निश्चित रूप से एक मानवीय दृष्टिकोण है, पर सरकार तथा न्यायपालिका को पहले पूरे मामले को समग्रता से देखना चाहिए क्योंकि इसमें अनेक चीजें शामिल हैं। पीड़ित द्वारा की जाने वाली कोई भी आत्महत्या अत्यधिक निराशाजनक व परेशान करने वाली परिस्थितियों में होती है। आत्महत्या के कारण परिवारी सदस्यों को उस स्थिति में कमाऊ व्यक्ति से हाथ धोना पड़ता है जब एकमात्र पीड़ित ही नौकरी कर रहा हो। गरीब और वंचित लोगों की स्थिति इससे और खराब हो जाती है। तकनीकी रूप से कहें तो यह सिद्ध करना सरकार के लिए




चुनौती होगी कि कोविड-19 पीड़ित रोगी की आत्महत्या अन्य कारणों के बजाय संक्रमण के कारण थी। दूसरे, आत्महत्या को मजबूर करने वाले अनेक अन्य निराशाजनक कारण कोविड-19 जितने ही प्रभावी हो सकते हैं।

ऐसे में केवल कोविड-19 संक्रमित रोगियों की आत्महत्या पर परिवारों को मुआवजा देने को अन्य कारणों से आत्महत्या करने वालों के प्रति भेदभाव की तरह देखा जा सकता है जो समान रूप से भयानक हो सकते हैं। तीसरे, सरकार तथा अदालतों को उन लोगों को संवेदनशील बनाने की आवश्यकता है जो आत्महत्या को केवल अपराध मानते हैं और पीड़ित के प्रति उनका दृष्टिकोण विकृत हो सकता है। आत्महत्या भारतीय दंड संहिता की पुरानी पड़ चुकी धारा 309 के अंतर्गत अपराध है। हालांकि, मानसिक स्वास्थ्यरक्षा कानून, 2017 से इसका आयाम घटा दिया गया है, पर इस धारा को वापस नहीं लिया गया है। इस कानून के अनुसार आत्महत्या का प्रयास करने किसी व्यक्ति को 'गंभीर तनाव से पीड़ित मानते हुए उसे सुनवाई व दंड से अलग रखने' की बात करते हुए सरकार से आह्वान किया गया है कि वह ऐसे व्यक्ति की 'समुचित देखभाल, इलाज व पुनर्वास' करे ताकि ऐसे प्रयास 'के पुन: होने की जोखिम घट सके।' कानून के इस मानवीय आयाम को लोकप्रिय बनाया जाना चाहिए ताकि उन परिस्थितियों में कमी आ सके जिनके कारण आत्महत्या को मजबूर होना पड़ता है। इससे पीड़ितों के परिवारों या प्रयास में विफल रहने वालों का पुनर्वास प्रोत्साहित होगा। दीवालियापन, कर्जदारी तथा फसल खराब होने पर भारत में हजारों किसान आत्महत्या कर लेते हैं। उनको मुआवजा देने की योजना है, हालांकि जमीन का स्वामित्व न रखने वाले किसान अभी इस मुआवजे के हकदार नहीं हैं जिनमें अधिकांशत: महिला किसान शामिल हैं। मामले के प्रति तार्किक दृष्टिकोण संभवत: इस सवाल में छिपा है कि क्या कर्जदारी के कारण आत्महत्या करने वाले उस स्वस्थ किसान को भी मुआवजे का अधिकार होगा जो कोविड-19 लाकडाउन के कारण अपनी फसल नहीं बचा सका।

# बंदूक की नोक पर सफल नहीं होगी कूटनीति

**संयुक्त राष्ट्र की आतंकवादी सूची में अभी भी एक संगठन के साथ शांति समझौता गंभीर चिंता का एक उदाहरण है जो विश्व समुदाय के लिए जटिलताओं का पिटारा खोलने वाला है।**

**निष्ठा कौशिकी**
(लेखक पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय भटिंडा में सह प्रोफेसर हैं)





अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने पिछले तीन हफ्तों के दौरान वैश्विक सुरक्षा और भू-राजनीति में एक आदर्श बदलाव देखा है। अमेरिका और तालिबान के बीच समझौते और बाद में काबुल्टो पर कब्जा करने के साथ, कुछ राज्यों और तालिबान के बीच बढ़ते अभिसरण, अंतर्राष्ट्रीय राजनीति फिर कभी पहले जैसी नहीं होगी। जिस तरह से कूटनीति और अंतर-राज्यीय संबंधों को आगे बढ़ाया जाएगा, उसमें गहरा बदलाव होगा।

सबसे तात्कालिक सवाल यह है कि क्या राज्य के प्रतिनिधि शांति समझौतों पर हस्ताक्षर कर सकते हैं और आतंकवादी संगठनों के साथ सौदा कर सकते हैं, जो हिंसा और आतंकी तंत्र के माध्यम से क्षेत्रों को जब्त करने के इरादे को जानते हैं? संयुक्त राष्ट्र की आतंकवादी सूची में एक संगठन के साथ शांति समझौता गंभीर चिंता का एक उदाहरण है जो विश्व समुदाय के लिए भानुमती का पिटारा खोलता है।

आज, कतर और पाकिस्तान जैसे विभिन्न स्त्रोतों के माध्यम से, तालिबान संदेश भेज रहा है कि अगर दुनिया नहीं चाहती कि अफगानिस्तान आतंकी केंद्र बन जाए तो बातचीत और जुड़ाव शुरू होना चाहिए। इस तरह के बयान निश्चित रूप से अनुरोध के रूप में नहीं हैं और विभिन्न अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय संगठनों में घुसपैठ के छिपे मकसद से मान्यता और वित्तीय सहायता प्राप्त करने के लिए सामरिक ब्लैकमेल की राशि नहीं है। पाकिस्तान के उदाहरण ने साबित कर दिया है कि वित्तीय प्रवाह अभिनेताओं (राज्य और गैर-राज्य दोनों) को दूर नहीं करता है, जिससे जिहाद जैसे उनके भयावह एजेंडे में मदद मिलती है। भेड़िये को भेड़ के कपड़े पहनने की जरूरत महसूस होती है। दुनिया जिस दुविधा का सामना कर रही है, वह यह है कि तालिबान ने अवैध रूप से और जबरन इस क्षेत्र पर नियंत्रण कर लिया है, और एक वैध वारिस के रूप में कार्य करने के लिए, उसे खुद को एक कानूनी इकाई के रूप में दुनिया के सामने पेश करना होगा। चीन, पाकिस्तान, रूस, ईरान और अन्य को सरकार गठन प्रक्रिया के लिए एक आमंत्रण भेजा गया है जिसमें कम से कम मंत्रियों में से आधे कट्टरपंथी इस्लाम और जिहाद के एजेंडे को आगे बढ़ाने वाले आतंकवादी हैं। तालिबान के साथ कूटनीति, सहायता और व्यापार शुरू करने और उनके कार्यों पर उनका आकलन करने के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय, विशेष रूप से भारत और जापान जैसे दाता देशों पर दबाव केवल 'खरगोशों के साथ दौड़ने और शिकारी कुत्तों के साथ शिकार' की रणनीति को मजबूत करेगा। देशों को इस क्षेत्र में स्थिरता की उम्मीद में अफगानिस्तान में तालिबान जैसे पाकिस्तान और हिंसक गैर-राज्य अभिनेताओं (वीएनएसए) जैसे विफल राज्यों के वित्तपोषण और सहायता की विरोधाभासीता से बाहर आना चाहिए। जबकि अमेरिका यह निष्कर्ष निकालता है कि भविष्य के कार्यों को तय करने में बल प्रमुख कारक नहीं है, बल की समान शक्ति को प्रोत्साहित किया जाएगा यदि ऐसा वीएनएसए या तो लगा हुआ या सहायता प्राप्त है।

ब्लैकमेल की स्वीकृति, जैसा कि इस मामले में है, प्रमुखता प्राप्त करने वाली बहुराजकीय प्रवृत्तियों का दीर्घकालिक समाधान नहीं है। यह केवल उस व्यवहार को प्रोत्साहित करेगा जिसे गनपॉइंट डिप्लोमेसी कहा जा सकता है, जो गनबोट डिप्लोमेसी की चीनी रणनीति के समान है, जिसमें ब्लैकमेलिंग का उपयोग सामरिक और रणनीतिक गतिशीलता के लिए किया जाता है। इसी तरह, तालिबान के साथ बातचीत, यहां तक कि अन्य देशों द्वारा भी, अंतरराष्ट्रीय कानून के क्षेत्र में नई मिसाल कायम करते हैं, जिसके परिणाम इस सदी के बाकी हिस्सों में दुनिया को भुगतने पड़ सकते हैं।

तालिबान अफगान को अंतर्राष्ट्रीय मानदंडों के अनुपालन में उनके कार्यों के प्रदर्शन के बदले में मान्यता या सहयोग का मुद्दा इस प्रकार मुश्किल है। भारत जो अपेक्षा करता है और अन्य ताकतें तालिबान से जो अपेक्षा करती हैं, उसमें अंतर है। हम मुख्य रूप से खुद को बचाने के लिए छोड़े गए हैं। यहां तक कि सामान्य स्थिति या कूटनीति का मामूली प्रदर्शन भी भारत को प्रभावित करेगा। अब से एक या दो साल बाद जो होगा वह अज्ञात के दायरे में है। यहां तक कि कुछ शर्तों पर, तालिबान के साथ एक सगाई को इसके लिए एक राजनयिक मान्यता के रूप में लिया जाएगा, जिसके घरेलू परिणाम होंगे और गलत मिसालें पैदा होंगी। मान लीजिए कि भारत तालिबान के साथ बातचीत का विकल्प चुनता है, कुछ महीनों के बाद, हम तालिबान को यूएनजीए या अन्य क्षेत्रीय संगठनों में टेबल के पार बैठे अफगानिस्तान का प्रतिनिधित्व करते हुए हमारे आंतरिक मामलों पर टिप्पणी कर सकते हैं। क्या भारत को चीन और पाकिस्तान द्वारा उसी में बरगलाया नहीं जाएगा। जिस तरह से अमेरिका को नीचा दिखाया गया था? कभी-कभी, जबरदस्ती के तहत तुरंत निर्णय लेने की तुलना में निर्णय न लेना अधिक वांछनीय होता है, क्योंकि बाद के समय शायद ही कभी उन्हें उलट सकते हैं।

दूसरा, अमेरिकी सहयोगियों की ओर से छोड़े जाने की भावना भविष्य के गठबंधनों को प्रभावित करेगी। वर्तमान समस्या में, भारत के तत्काल हितों को तब दरकिनार कर दिया गया जब अमेरिका ने अफगानिस्तान छोड़ दिया, हथियारों का एक जखीरा छोड़ दिया, जिसे पहले ही पाकिस्तान ले जाया जा सकता था, जिसका इस्तेमाल केवल पाकिस्तान की सीमा से लगे क्षेत्रों में भारतीय हितों के खिलाफ किया जा सकता था। चूंकि चीन और पाकिस्तान के निहित स्वार्थ ईरान और रूस के समर्थन से खिल रहे हैं, इसलिए एक प्रासंगिक सवाल यह है कि भारत इस मुद्दे से कैसे निपटेगा। अंतिम भारतीय नागरिक अफगानिस्तान से बाहर निकलने तक कुछ पिछले दरवाजे संचार चैनलों (कूटनीति नहीं) को मौलिक स्तर पर बनाए रखा जाना चाहिए। हमें निकासी के लिए बातचीत और सरकार के रूप को पहचानने के बीच अंतर करना सीखना चाहिए। तीसरा, जैसा कि अमेरिका अपनी नीतियों का आत्मनिरीक्षण करता है, संभावना है कि वह लोकतांत्रिक यथार्थवाद के दृष्टिकोण को अपना सकता है, जिसे चार्ल्स क्राउथमर ने 2004 में सुझाया था जो केवल रणनीतिक आवश्यकता के स्थानों पर अपना खून और खजाना देता है। ऐसे में, भारत के प्रति अमेरिका की कौन-सी सामरिक और सामरिक प्रतिबद्धताओं को प्रदर्शित करने की आवश्यकता है? यदि भारत को एक सहयोगी माना जाता है, तो खुद को एक विश्वसनीय भागीदार साबित करने की जिम्मेदारी अमेरिका पर है। रूस के लिए भी यही मानक लागू हैं।

इसके अलावा, राजनयिक जुड़ाव अब किसी भी दीर्घकालिक प्रतिबद्धताओं से रहित एक नए प्रकार के शक्ति संबंधों की ओर मुड़ते दिख रहे हैं। इस तरह की प्रवृत्तियों में, देश वीएनएसए के माध्यम से अपनी पहुंच बढ़ाने में संकोच नहीं करते हैं। इसके अलावा, प्रतिकूल शक्तियां भी अल्पकालिक या दीर्घकालिक लाभ के लिए मिलकर काम करती हैं, और इस प्रक्रिया में, अपने मौजूदा मुद्दों को या तो किनारे कर देती हैं या हल कर लेती हैं। जब चीन और पाकिस्तान ने अपने ढोंग का पर्दाफाश कर दिया है, और अमेरिका लोकतंत्र की वकालत करने के लिए अपनी पिछली पुलिसिंग भूमिका के साथ आगे नहीं बढ़ रहा है, तो नई दिल्ली को इस नए महान खेल के समाधान के रूप में भारत-केंद्रित दृष्टिकोण अपनाना चाहिए।

भारत के दृष्टिकोण से, हमें यह सवाल करना चाहिए कि क्या अफगानिस्तान छद्म संगठनों के विभिन्न गुटों का एक आतंकी केंद्र बन गया है या क्या यह केवल भारत के खिलाफ काम करने वाले एक विशेष आईएसआई विस्तार के रूप में काम करेगा? भू-राजनीति के कारण हक्कानियों को तथाकथित सरकार में शामिल किया गया है। इसमें कोई शक नहीं कि इससे भारत के हित प्रभावित होंगे। तालिबान के प्रवक्ता सुहैल शाहीन पहले ही कह चुके हैं कि कश्मीर अगला है। तालिबान ने कहा कि वह कुछ दिनों बाद पाकिस्तान और भारत के बीच हस्तक्षेप नहीं करेगा। एक सप्ताह के भीतर जारी किए गए दो बयानों की कोई विश्वसनीयता नहीं है। भारत किस कथन पर भरोसा कर सकता है? इसके अलावा, भारत को तालिबान पर भरोसा क्यों करना चाहिए यदि पाकिस्तान की सक्रिय भूमिका पहले से ही प्रमाणित है?

अफगान समस्या के मंथन के परिणाम संभवत- तब दिखाई देने लगेंगे जब यह उभरती प्रतिद्वंद्विता और साझेदारियों का नया केंद्र बन जाएगा। दुनिया और अधिक अराजकता और आतंक देख सकती है, लेकिन लंबे समय तक नहीं जब तक कि ऐसी प्रवृत्तियों के खिलाफ प्रतिरोध नहीं होगा। वे गठबंधन, साझेदारी या अंतरराष्ट्रीय मंच पर हो सकते हैं, लेकिन निश्चित रूप से, बंदूक की नोक पर कूटनीति लंबे समय तक जारी नहीं रहेगी।

# अमेरिकी राष्ट्रपति का गैरजिम्मेदाराना रवैया

**भूपिंदर सिंह**
(लेखक सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी एवं पूर्व उपराज्यपाल हैं)



जो बाइडेन अमेरिका के 46वें राष्ट्रपति हैं, पर वे उन 29 राष्ट्रपतियों में शामिल नहीं हैं जिन्होंने किसी क्षमता में सेना में काम किया था। उन्होंने पांच बार वियतनाम जाना स्थगित करने में सफलता पाई तथा राजनीतिक रूप से रिचर्ड निक्सन के युद्ध प्रयासों का विरोध किया। बाइडेन का यह दुविधा भरा दृष्टिकोण उस समय भी सामने आया था जब उन्होंने 2002 में ईराक युद्ध को अनुमति देने पर असहमति प्रकट की थी। वे संभवत: इसे शुरू किए जाने के समय से ही इसके खिलाफ हो गए थे। लेकिन उन्होंने सिनेट संबंध समिति के अध्यक्ष के रूप में अपने दृष्टिकोण के उलट हमले के लिए सैनिक शक्ति प्रयोग करने का अधिकार-एयूएमएफ दिया।

लेकिन बाद में संयोग से एक निर्णायक रूप से नस्लवादी, यौनवादी व नस्ली घृणा के शिकार डोनाल्ड ट्रंप से मुकाबले ने बाइडेन का राष्ट्रपति कार्यालय पहुंच कर शपथ लेना सुनिश्चित कर दिया और इस प्रकार वे सशस्त्र बलों के कमांडर इन चीफ बन गए। ट्रंप ने हास्यास्पद और खतरनाक ढंग से अमेरिकी सेना की छवि पर कब्जे का प्रयास किया था। स्पष्ट रूप से ऐसे में परंपरागत तरीके से ज्यादा दक्षिणपंथी रिपब्लिकन पार्टी का समर्थन करने वाले अनेक सेवानिवृत्त सैनिकों के लिए दो बुरी पंसदों की तुलना में बाइडेन ज्यादा अच्छे लगे।

लगातार युद्धों में संलिप्त रहने वाले देश तथा सेवानिवृत्त सैनिक मामलों के विभाग के अनुसार 19 मिलियन सेवानिवृत्त सैनिकों वाले देश में 'बावर्दी' बिरादरी की राय अर्थवान है जो अमेरिका की कुल वयस्क जनसंख्या में लगभग 10 प्रतिशत हैं। बाइडेन ने अक्सर राष्ट्रपति चुनाव अभियान में अपने स्वर्गीय बेटे ब्यू बाइडेन की याद की जिसने सेना में काम किया तथा मेजर के पद से जज एडवोकेट जनरल कार्पस तक पदोन्नति प्राप्त की। ब्यू ने 2008 से 2009 तक ईराक युद्ध में भाग लिया था और उसे उसकी सेवाओं के लिए ब्रोंज स्टार से सम्मानित किया गया था। प्रचार अभियान में बाइडेन की 'पवित्र जिम्मेदारी' सैनिक परिवारों के प्रति सामने आई। उन्होंने 'सेना सदस्य के माता-पिता की भावनायें' व्यक्त कीं 'जिनकी तैनाती ईराक में हुई थी।' कहा गया कि 'उप-राष्ट्रपति जो बाइडेन तथा डा. जिल बाइडेन समझते हैं कि यह केवल हमारे देश की सेवा करने के लिए सेना में भर्ती होने वालों का नहीं, बल्कि उनके परिवारों की भी भावना' है।

इस बीच ट्रंप के मूर्खतापूर्ण दृष्टिकोण के कारण न केवल ज्वाइंट चीफआफस्टाफजनरल मार्क मिली व्यथित थे, बल्कि सम्मानित सेवानिवृत्त जनरल जेम्स मैटिस व एच.आर. मैक्मास्टर ने भी बाइडेन के पक्ष में भावनायें बनाईं। इसमें ट्रंप की लफ्फाजी तथा बेतुकी बातों ने भी अपनी भूमिका निभाई।



आज राष्ट्रपति कार्यालय में आठ महीने तक जिम्मेदारी संभालने के बाद बाइडेन ने सैन्यवादी क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए अफगानिस्तान से अमेरिकी सैनिकों को वापस बुला लिया है और इससे उनकी रेटिंग तेजी से गिरी है। हालांकि, अफगानिस्तान में 20 साल से जारी युद्ध समाप्त करने की मांग लंबे समय से हो रही थी, लेकिन पराजित नायक की तरह जल्दबाजी में पलायन से देश के भीतर और बाहर उनकी तथा अमेरिकी सेना की छवि गिरी है। इसमें आईएसआईएल-के हमले में मारे गए सैनिक भी शामिल हैं। ऐसे में अपरिहार्य रूप से वियतनाम से तुलना हो रही है और इस बार भी इस अपमान का खामियाजा सेवानिवृत्त सैनिकों को भुगतना पड़ रहा है। निराशा की भावना इस कटु यथार्थ से और गहरी हुई है कि तेजी से पतन का कारण उचित आपरेशनल योजना का अभाव तथा 'दुश्मन', यानी 'तालिबान' से 'सुरक्षित रूप से बाहर निकलने' की अनुमति लेना था। एक निरुत्साही सेना तथा गैर-प्रतिबद्ध राजनेताओं के उलट अमेरिकी सैनिक को एक अतिरिक्त व अकल्पनीय नैतिक चोट पहुंची है जिसे उसकी किस्मत पर पीछे छोड़ दिया गया था। इनमें अनेक सहयोगी अनुवादक, ड्राइवर तथा सहायक कर्मचारी शामिल हैं। अफरातफरी तथा कुप्रबंधन से भरे पलायन ने बावर्दी बिरादरी को भारी कष्ट, निराशा और शर्म में डुबो दिया है जिसका दोषी निश्चित रूप से अमेरिकी राष्ट्रपति का कार्यालय है। निश्चित रूप से जो बाइडेन की भावनायें 'बावर्दी' लोगों के साथ जुड़ी नहीं हैं जो अपमानजनक रूप से उस समय अपनी घड़ी देख रहे थे जब काबुल हवाईअड्डे पर मारे गए 13 शहीद अमेरिकी सैनिकों के ताबूत दु:खद 'गौरवपूर्ण हस्तांतरण' के लिए उतारे जा रहे थे।

बहुत से लोगों ने राष्ट्रपति द्वारा बार-बार अपने स्वर्गीय बेटे का नाम लेने की अनुपयुक्तता की ओर संकेत किया है, जबकि उन्होंने उन शहीदों का नाम नहीं लिया जो उनके नेतृत्व में वीरगति को प्राप्त हुए। अनेक शहीद जवानों के परिवारों ने राष्ट्रपति से मिलने से इनकार कर दिया, जबकि ऐसा करने वाले कुछ लोगों ने उनके मुंह पर खरी-खरी बातें कहीं। एक शहीद की मां ने बाइडेन को 'भुलक्कड़पन से पीड़ित ऐसा व्यक्ति कहा जो यह भी नहीं जानता कि वह व्हाइट हाउस में है।'

महत्वपूर्ण है कि यह कोई पक्षपाती विभाजन नहीं है क्योंकि इनमें से अनेक परिवारों ने समान रूप से डोनाल्ड ट्रंप की भी निन्दा की थी जो गलत समय पर सैनिकों की मौतों का राजनीतिकरण कर रहे थे। इसे बहुत से लोगों ने 'अपमानजनक', 'घृणित' तथा 'भयानक गलती' कहा था। ट्रंप ने अपनी खास चालाकी के चलते पीड़ित परिवारों को निशाना बनाते हुए उनको खतरनाक क्षेत्र में धकेल दिया था। उनका समर्थन केवल ऐसे लोगों के लिए था जो उनका राजनीतिक रूप से समर्थन करते। इनमें कैप्टेन हुमायूं खान की गोल्ड स्टार फैमिली की निन्दा भी शामिल है जो उनको पसंद नहीं करती थी। दुनिया भर के लोकतंत्रों में सेना के प्रति राजनीतिक व्यवहार लगातार असहनीय होता जा रहा है। इसके कारण चुनावी फसल काटने हेतु विमर्श को भावनायें भड़काने वाला बनाया जा रहा है। यह प्रवृत्ति अमेरिका जैसे परिपक्व लोकतंत्रों में भी देखी जा रही है।

अपरिहार्य व तुलनात्मक रूप से अधिकांश सेवानिवृत्त सैनिक जानते हैं कि कमांडर इन चीफ को संवैधानिकता, आत्मसंयम, चारित्रिक दृढ़ता तथा सैद्धान्तिक नेतृत्व के प्रति निस्वार्थ प्रतिबद्धता प्रकट करनी चाहिए। इसी कारण उन्होंने ट्रंप के बजाय बाइडेन का समर्थन किया था। लेकिन अफगानिस्तान में घटी हालिया घटनाओं से से बिना किसी पक्षपात के बाइडेन पर सवाल उठने लगे हैं। पेशेवर 'बावर्दी' लोगों की दुनिया में 'न्यायोचित युद्ध' जीतना महत्वपूर्ण है और यदि ऐसा न हो तो वीरता और गरिमा के साथ युद्ध करते हुए वीरगति को प्राप्त होना एकमात्र विकल्प है। अफगानिस्तान में इन दोनों में से कोई भी प्राप्त नहीं हुआ है और इसके कारण बावर्दी बिरादरी में बाइडेन का सम्मान निश्चित रूप से घटा है। किसी पक्षपात के बिना उनसे निश्चित रूप से सवाल पूछे जाने चाहिए।

## आप की बात

### पर्चे लीक होना गंभीर मुद्दा

**प्रतियोगी** या कॉलेजों की परीक्षाओं के पर्चे लीक होना आज की नियामक संस्थाओं के लिए एक गंभीर मुद्दा होना चाहिए। हाल ही में जेईई मेंस एवं हरियाणा पुलिस भर्ती की परीक्षाओं के पेपर लीक होने का मामला सामने आया है। पूर्व में भी भारत के कई राज्यों में इस प्रकार की घटनाएं घटित हो चुकी है। सर्वोच्च न्यायालय ने भी इस संबंध में गहरी चिंता जताते हुए कहा है कि इस अनैतिक व्यापार से परीक्षाओं की विश्वसनीयता पर एक प्रश्न चिन्ह लगता जा रहा है। परीक्षाओं के पेपर लीक होने के कारण मेहनत करने वाले विद्यार्थियों का सबसे ज्यादा नुकसान होता है। उनका भविष्य दांव पर लग जाता है। इस संबंध में मॉनिटरिंग सिस्टम को मजबूत बनाया जाना चाहिए। ज्यादातर मामलों में परीक्षा आयोजित करने वाली संस्थाओं के स्टाफ का कोई व्यक्ति ही इस गोरखधंधे में शामिल पाया जाता है। प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर छपने की पूरी प्रक्रिया पर कड़ी नजर रखने के लिए सिस्टम बनाने की भी आवश्यकता है। अलग-अलग स्टेट के लिए पेपर में विविधतापूर्ण प्रश्न प्रणाली अपना कर भी इस समस्या से एक हद तक निपटा जा सकता है। मेधावी विद्यार्थियों के हित का ध्यान रखना राज व्यवस्था की जिम्मेदारी है।

– **ललित महालकरी**, इंदौर

### प्रबल जनसुनवाई तंत्र

**उत्तर प्रदेश** के मुख्यमंत्री ने बीते तीन माह जनसुनवाई पोर्टल और हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों की वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा की। जिसमें शिकायतों के समाधान में शिथिलता बरती गई। शिकायतों के निस्तारण से जनता सन्तुष्ट नही थी। मुख्यमंत्री के निर्देश पर तन्त्र अपनी कार्य शैली और मानसिकता बदलने को तैयार नही है। जबकि योगी ने अब तक एक हजार से अधिक नकारा और भ्रष्ट अधिकारियों कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई और कुछ को समय से पूर्व सेवा निवृत्त कर दिया। जिला स्तरीय अधिकारियों का रवैया सुधर नही रहा है। इस लिये मुख्यमंत्री ने प्रतिदिन जिलाधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों को प्रतिदिन एक घण्टे जनसुनवाई करने का निर्देश दिया। 18 जुलाई 21 को उन्नाव जिले आयोजित सम्पूर्ण समाधन दिवस में सिने और टीवी अभिनेता अतुल तिवारी खतौनी में नाम संशोधन कराने तहसील उन्नाव गए जहां अधिकारियों ने खतौनी में नाम संशोधन कर संसोधित खतौनी भी उपलब्ध करा दी। फ़िल्म कलाकार ने त्वरित समस्या समाधान होने पर प्रशासन की तत्परता और सम्पूर्ण समाधान दिवस की सोच की सराहना की। यही नीति आम लोगो के लिये भी अपनाई जा सकती है।

– **कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, जरगांव, उन्नाव

### महामारी की मार

**एक** साल से अधिक का समय बीत चुका है महामारी की मार खाते और इसकी तीव्रता को काबू करते हुए। दरअसल पापी कोरोना ने कुछ आयामो को इस हद तक प्रभावित किया है की उससे जुड़े लोगो का जीना और जीविका कमाना दोनो मुश्किल हो गया है। बीते महीनो में कोरोना महामारी ने ऐसी बेदर्दी दिखाई है की छोटे उद्योगों का वापस मुख्यधारा में आना कठिन हो गया है। डन एंड ब्रैडस्ट्रीट के एक सर्वेक्षण के अनुसार 82 प्रतिशत से अधिक छोटे व्यवसायों ने महामारी के दौरान नकारात्मक प्रभावो का अनुभव किया है। इस समस्या को ध्यान में रखते हुए सरकार द्वारा कई कदम भी उठाए गए है जैसे 15 राहत उपायों में से 6 का उद्देश्य भारत के छोटे उद्योगों को वापस मुख्यधारा में लाना, जोकि काबिले तारीफ है, लेकिन जहां तक वर्तमान की बात करें तो इस नीति के तहत कितना काम हुआ है यह तस्वीर साफ नहीं है। इसके अलावा, देशवासियो का भी दायित्व बनता है कि वे छोटे उद्योगों को बढ़ावा दे। अत: इस कठिन घड़ी में सरकार और जनता को एक साथ मिलकर इस संकट से निपटने की जरूरत है।

– **निखिल रस्तोगी**, कुरुक्षेत्र विवि

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**ईडी** ने अभिषेक बनर्जी से 9 घंटे पूछताछ की। हमें धमकाया नहीं जा सकता। हम कांग्रेस, अथवा अखिलेश यादव या शरद पवार की तरह नहीं हैं।

– **ममता बनर्जी**
मुख्यमंत्री पश्चिम बंगाल



**अफ़गानिस्तान** के लोगों को जीवन रेखा की जरूरत है। कई दशकों से युद्ध, वेदनाओं एवं असुरक्षा से जूझने के बाद वे सर्वाधिक संकटकालीन दशा में हैं।

– **एंटोनियो गुटरेस**
संरा महासचिव



**तेलंगाना** दलित बंधु योजना को सफल बनाने के बाद हम दलितों के विकास के लिए नया रास्ते खोलने वाला राज्य बन गए हैं।

– **के चंद्रशेखर राव**
तेलंगाना के मुख्यमंत्री

बैठक में कार्यकर्ताओं में भरा जोश...

# भाजपा ने युवाओं को नहीं दिया रोजगार: अरविन्द

● युवजन सभा के प्रदेश अध्यक्ष ने भाजपा पर साधा निशाना

संवाददाता। सीतापुर


सीतापुर-सपा कार्यालय पर हुई बैठक में मौजूद पदाधिकारी

**भाजपा सरकार** ने सिर्फ युवाओं के साथ ही नहीं बल्कि हर व्यक्ति के साथ धोखा किया है। यह बात सपा युवजन सभा के प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द गिरि ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए बैठक में कही। उन्होंने कहा कि सपा सरकार में किए गए कार्य आज भाजपा के लोग फीता काटकर वाहवाही लूट रहे है। और स्वास्थ्य सुविधाएं, शिक्षा के क्षेत्र में प्रदेश पीछे चला गया है। कार्यक्रम में जिले के विस्तारक प्रभारी जयकृष्ण यादव ने कहा कि 2022 में मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को बनाकर पूरे प्रदेश का विकास कार्य कराया जाएगा। युवजन सभा के जिलाध्यक्ष रिजवान अहमद ने कहा कि भाजपा ने केवल झूठे वादे किए है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष छत्रपाल सिंह यादव, रॉबिन सिंह यादव, प्रदीप सिंह पन्नू, जय सिंह, राजबाबा, अरविन्द कुमार, राकेश शर्मा, महेन्द्र यादव, मदन कनौजिया सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सचिव पर भ्रष्टाचार का मुकदमा दर्ज

**सकरन सीतापुर।** विकास खंड सकरन के रिश्वतखोर पंचायत सचिव पर भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत सहायक विकास अधिकारी ने मुकदमा दर्ज कराया। जानकारी के अनुशार विकास खंड सकरन में तैनात पंचायत सचिव विकास तिवारी का आवास के नाम पर रिश्वत लिये जाने का विडियो सोमवार को शोशल मीडिया पर वायरल हुआ था जिसको संज्ञान में लेते हुये मुख्य विकास अधिकारी अक्षत वर्मा ने पंचायत सचिव विकास तिवारी को तत्काल प्रभाव से निलम्बित करते हुये उसके बिरूद्ध मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिये थे द्यसीडीओ के आदेश पर सहायक विकास अधिकारी जितेन्द्र रस्तोगी ने मंगलवार को पंचायत सचिव के बिरूद्ध सकरन थाने पर तहरीर दी थी सहायक विकास अधिकारी की तहरीर पर पुलिस ने पंचायत सचिव विकास तिवारी के बिरूद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7/8 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है द्य बताते चलें कि दिसम्बर 2020 में ग्राम पंचायत दुगाना में शौचालय निर्माण के दौरान एचटी लाइन की चपेट में आकर हुयी तीन मौतों के मामले में उक्त सचिव के ऊपर सकरन थाने में गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज हुआ था उसके बाद 15 दिन पूर्व एक पत्रकार के साथ अभद्रता किये जाने के मामले में भी विकास तिवारी पर सकरन थाने पर कई धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था।

## एसपी ने किया औचक निरीक्षण


लहरपुर-निरीक्षण करते एसपी आरपी सिंह

**लहरपुर सीतापुर।** स्थानीय कोतवाली परिसर में पुलिस अधीक्षक आरपी सिंह ने औचक निरीक्षण कर आकस्मिक निरीक्षण किया। जिसके अंतर्गत कोतवाली क्षेत्र के विभिन्न मामलो की गहनता से जांच कर आवश्यक अभिलेखों का मुआयना किया। तथा विभाग में रखरखाव का मुआयना कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बताते चलें पुलिस अधीक्षक ने सुबह 11रू00 बजे कोतवाली आकर सायं 5रू00 बजे तक कोतवाली परिसर में अभिलेखों की जांच के साथ क्षेत्र के ग्राम ताहपुर में मारपीट के दौरान हुई हत्या के मामले का घटनास्थल पर जाकर मुआयना किया तथा कोतवाली प्रभारी मनीष कुमार सिंह को विभिन्न प्रकार के मामलों में पूर्ण निष्पक्षता के साथ कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर पुलिस क्षेत्राधिकारी राजू कुमार साव, तंबौर थाना प्रभारी ओपी राय, अपराध निरीक्षक अनिल कुमार, नगर महिला कोतवाली प्रभारी सीतापुर, नगर चौकी प्रभारी गिरजा शंकर सिंह सहित भारी संख्या में पुलिस के अधिकारी व कर्मचारी गण मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### महंत अवैधनाथ की पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि



**सीतापुर।** राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन परम पूज्य गोरक्ष पीठाधीश्वर महंत अवैद्यनाथ महाराज की सातवीं पुण्यतिथि के अवसर पर मुख्य अतिथि मंत्री उत्तर प्रदेश जसवंत सिंह (अतुल सिंह) ने एक सामाजिक संगोष्ठी आयोजित की। जिसमें सामाजिक समरसता संगोष्ठी एवं श्रद्धांजलि व भोज का कार्यक्रम किया गया। यह कार्यक्रम अग्रसेन भवन रोडवेज बस के पास आयोजित किया गया। आयोजक विश्व हिंदू महासंघ के जिला अध्यक्ष अनुराग मिश्रा के द्वारा किया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता दीपक सिंह दीपू भैया भी उपस्थित होकर ब्रह्मलीन महंत अवैद्यनाथ को श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर विश्व हिंदू महासंघ से जुड़े सैकड़ों कार्यकर्ता व हिंदुत्व प्रेमी उपस्थित होकर महंत जी के श्रद्धा सुमन समर्पित किया।

### अल्पसंख्यक मोर्चा की कार्यकारिणी सदस्यों की हुई घोषणा

**सीतापुर।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की जिला पदाधिकारियों वह जिला कार्यकारिणी सदस्यों की घोषणा जिला अध्यक्ष भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा समीर अहसन रिजवी द्वारा जिला अध्यक्ष भाजपा अचिन मेहरोत्रा की सहमति से की गई। महामंत्री अल्पसंख्यक मोर्चा जनपद सीतापुर की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी महबूब रजा व सरदार तीरथ सिंह को दी गई। जिला उपाध्यक्ष महोली विधानसभा से जुनेद आलम, सीतापुर विधानसभा से अताउल रहमान, सिधौली विधानसभा से जफर हलीम खान, सेवता विधानसभा से हनीफ अहमद व याबरब्बास, महमूदाबाद विधानसभा से नफीस अहमद। जिला मंत्री की जिम्मेदारी सीतापुर विधानसभा से मोहम्मद जमा हरगांव विधानसभा से सुखदीप सिंह उर्फमुन्ना सिधौली विधानसभा से प्रेम मासी लहरपुर विधानसभा से रियाजुद्दीन विश्वा विधानसभा से आमिर खान मिश्रिख विधानसभा से अजहर शाह। कोषा अध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मोहम्मद जीशान को दी गई। जिला कार्यालय प्रभारी सीतापुर विधानसभा से शिव अंसारी को बनाया गया जिला मीडिया प्रभारी सीतापुर विधानसभा से जसप्रीत सिंह को बनाया गया सोशल मीडिया प्रभारी सिधौली विधानसभा से हिमांशु जैन को बनाया गया शोध प्रमुख महोली विधानसभा से हरनेक सिंह को बनाया गया। जिला कार्यकारिणी सदस्यों में सीतापुर विधानसभा से असम अब्बास नकवी महोली विधानसभा से शिबू सीतापुर विधानसभा से आलम अंसारी लहरपुर विधानसभा से इब्राहिम महमूदाबाद विधानसभा से पूछा सीतापुर विधानसभा से शगुफ्ता नाज विसवां विधानसभा से पप्पू कुरैशी सिधौली विधानसभा से जुनैद सिद्दीकी मिश्रिख विधानसभा से अतीक अहमद सीतापुर विधानसभा से मोहम्मद अरशद सैयद माहिर हुसैन व हरगांव विधानसभा से मनिंदर सिंह की घोषणा की गई। अल्पसंख्यक मोर्चा पूर्व में भी अल्पसंख्यक जन जागृति यात्रा निकालकर जनता के बीच एक अच्छा संदेश दे चुका है अब टीम गठित होने के बाद अल्पसंख्यक मोर्चा अपनी पूरी टीम के साथ एक बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान भारतीय जनता पार्टी में निभाने का काम करेगा।

### मलेरिया तथा डेंगू की जांच शिविर का आयोजन किया गया

**बरेली।** सीबीगंज की लेबर कॉलोनी में स्वास्थ्य विभाग की तरफसे मलेरिया तथा डेंगू की जांच शिविर का आयोजन किया गया शिविर के आयोजन में इनर व्हील क्लब आफग्लोरी प्लस के सदस्यों का विशेष सहयोग रहा ।डॉ बलबीर सिंह मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर हर पाल सिंह अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अशोक कुमार नगर स्वास्थ्य अधिकारी के दिशानिर्देशों में डॉक्टर मधु गुप्ता प्रभारी चिकित्सा अधिकारी की उपस्थिति में शिविर आयोजन किया गया । चुकी कोविड.19 की तीसरी लहर को देखते हुए एवं सर्दी जुकाम के चलते हुए मरीजों की सुविधा हेतु शिविर आयोजन किया गया। इस समय बुखार के मरीजों की बढ़ती जनसंख्या के मद्देनजर स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डेंगू एवं मलेरिया की जांच करते हुए अधिक मरीजों को ला वंचित किया गया एवं जो मरीज पॉजिटिव निकले उन्हें दवाएं भी मुहैया कराई गई इस अवसर पर हिरदेश कुमार फार्मासिस्ट भारती स्टाफ नर्स मनमोहन सिंह स्टाफनर्स दीपक शर्मा लैब टेक्नीशियन एवं सरस्वती एएनएम एवं पार्षद अंकित उपाध्याय का विशेष सहयोग रहा।

### किच्छा नदी में डूब कर बच्चे की मौत

**बरेली।** दो दिन पूर्व गांव के बच्चों के साथ खेल रहा बच्चा गांव के पास बहने वाली किच्छा नदी में डूब गया। आज सुबह उसकी लाश नदी में तैरती पाई गई। जिसे पुलिस ने नदी से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। शेरगढ़ थाने के गांव रामनगर निवासी हनीफखान के 12 वर्षीय बेटे यूनुस खान की लाश आज शेरगढ़ के गांव मुजफ्फरपुर में नदी में तैरती पाई गई। पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घरवालों ने बताया कि यूनुस खान गांव के ही सरकारी स्कूल में कक्षा पांच का छात्र था। 2 दिन पूर्व गांव के बच्चों के साथ खेलने के लिए घर से निकला था। लेकिन वह खेलते खेलते किच्छा नदी में बह गया। साथ खेल रहे बच्चों ने घटना की जानकारी उसके घर वालों को दी सघर वालों के साथ गांव के लोग भी मौके पर पहुंचे और यूनुस खान को नदी में तलाशने की कोशिश शुरू कर दी। लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। उन्होंने घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने गोताखोरों और स्थानीय लोगों की मदद से कल पूरे दिन यूनुस को नदी में तलाशने की कोशिश की लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। आज सुबह मुजफ्फरपुर गांव के लोगों ने उसकी लाश को नदी में तैरती देखा और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने लाश को पानी से निकालकर यूनुस खान के घर वालों को सूचना दी। जो मौके पर पहुंचे और लाश की शिनाख्त कर ली। जिसे पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था। वह चार भाई बहन थे स उसकी मां का नाम जहाना बी है।

### किसानों से पराली न जलाने की अपील



**मोहम्मदी खीरी।** विकास खंड मोहम्मदी मे कृषि विभाग द्वारा कृषि मेला और किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया तथा उसके उपरांत सभागार मे एक गोष्ठी आयोजित की गयी। जिसमे किसानों से पराली न जलाने का अनुरोध किया गया। इसके साथ उसकी खाद अन्य फायदे भी बताये गये। किसानों को फसल की जानकारी के साथ जमीन को कैसे उपजाऊ बनाया जाए इस पर भी बताया गया। वहीं विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने सरकार के माध्यम से किसानों के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। लगी प्रदर्शनी का निरीक्षण भी किया। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख महेंद्र कुमार बाजपेई, विकास खंड अधिकारी धर्मेश पांडे, अश्विनी बाजपेई व कृषि विभाग के अनवर सिद्दीकी सहित किसान और सभी अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## पत्नी से परेशान होकर जहरीला पदार्थ खाया, मौत

**बरेली।** पत्नी से परेशान होकर एक युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया। उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बहेड़ी थाने के गांव वेज निवासी 35 वर्षीय सतीश पुत्र ओमप्रकाश की आज सुबह इलाज के दौरान एक निजी अस्पताल में मौत हो गई। उसे कल दिन में बेहोशी की हालत में भर्ती कराया गया था स पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद उसके घर वालों ने बताया कि सतीश का विवाह लगभग 5 वर्ष पूर्व पीलीभीत के सुनगढ़ी थाने के गांव बरा निवासी कृष्णपाल की लड़की सुनीता से हुआ था। लेकिन लगभग 1 साल पूर्व सुनीता मायके चली गई और पति पर भेज एक्ट का मुकदमा दर्ज करा दिया। महीनों तक चले मुकदमे के बाद इसी साल होली के अवसर पर दोनों पक्षों में समझौता हो गया और सुनीता फिर से सतीश के यहां आकर रहने लगी। लेकिन 10 दिन पूर्व फिर से मायके चली गई और गंभीर धाराओं में सतीश पर मुकदमा दर्ज करा दिया। जिससे सतीश मानसिक रूप से परेशान हो गया और कल दिन में उसने जहरीला पदार्थ खा लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ गई।

# युवाओं को भाजपा की नीतियों से कराएं अवगत: त्रयंबक त्रिपाठी

● प्रथम आगमन पर जिला प्रभारी का हुआ स्वागत

संवाददाता। सीतापुर


सीतापुर-बैठक करते जिला प्रभारी

**जिले का** प्रभारी नियुक्त होने के बाद मंगलवार को प्रदेश मंत्री माननीय त्रयंबक त्रिपाठी का जनपद में आगमन हुआ। इस अवसर पर सर्वप्रथम उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर पहुंचकर जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा व भाजपा विधायकों के साथ बैठक की। इस अवसर पर सभी माननीय विधायक सेवता विधायक ज्ञान तिवारी, लहरपुर विधायक सुनील वर्मा, बिसवां विधायक महेंद्र यादव, हरगांव विधायक सुरेश राही, महोली विधायक शशांक त्रिवेदी के साथ जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शिव कुमार गुप्ता मौजूद रहे। सर्व प्रथम माननीय त्रयंबक त्रिपाठी का सभी विधायकों का स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री माननीय त्रयंबक त्रिपाठी ने सभी विधायकों को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी चुनाव से पहले युवाओं को भाजपा की नीति से अवगत कराएं ताकि युवा शक्ति का पूरा समर्थन भाजपा को मिले। इस अवसर पर जिला महामंत्री विश्राम सागर राठौर, जिला महामंत्री राजेश शुक्ला, जिला महामंत्री रोहित सिंह, जिला उपाध्यक्ष संजय मिश्र, जया सिंह, इंदू सिंह चौहान, जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा कंचन प्रभा पांडेय, सुधाकर शुक्ला, भाजयुमो जिला संयोजक अनूप विश्वकर्मा, भाजयुमो जिलाध्यक्ष सचिन मिश्र, नवनियुक्त जिला मीडिया प्रभारी पवन सिंह शिल्पी आदि मौजूद रहे।

## नि:शुल्क नेत्र शिविर में मरीजों का हुआ परीक्षण



**सीतापुर।** शिव सेवक दीक्षित मेमोरियल सोसायटी एवं राष्ट्रीय आंदोलन फ्रंट द्वारा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. चंद्रभाल त्रिपाठी की स्मृति में आयोजित नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन ग्राम निमचौना में सम्पन्न हुआ। शिविर का उद्घाटन पूर्व विधायक अनूप गुप्ता ने किया। उद्घाटन से पूर्व स्वतंत्रता संग्राम सेनानी चंद्रभाल त्रिपाठी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। आंख अस्पताल सीतापुर की टीम के द्वारा क्षेत्र के आए 160 ग्रामीणों का नेत्र परीक्षण किया गया एवं 42 रोगियों को निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु सीतापुर ले जाया गया। शिव सेवक दीक्षित मेमोरियल सोसायटी के अध्यक्ष प्रतीक दीक्षित ने कहा कि इस प्रकार के नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन सुदूर क्षेत्रों में होता रहना चाहिए क्योंकि कई बार ऐसा होता है कि ग्रामीण उस समस्या से पीड़ित होते हैं लेकिन चिकित्सीय अभाव के कारण समस्या से निजात नहीं पा पाते हैं। राष्ट्रीय आंदोलन फ्रंट के जिला संयोजक आशीष गुप्ता ने कहा की एनएमएफ आजादी के आंदोलन का सामाजिक संगठन है जिसके द्वारा समाज की सेवा के सुदूर इलाके में बहुतेरे कार्यक्रम समय-समय पर किए जाते रहे हैं। श्री गुप्ता ने कार्यक्रम आयोजकों का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम आयोजक अमरनाथ त्रिपाठी ने कार्यक्रम में आए हुए आगंतुकों को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर शिवम दिक्षित, प्रेम चंद्र वर्मा, धीरज त्रिपाठी, आशा राम, सुदर्शन यादव, प्रधान राकेश भार्गव, आशुतोष मिश्रा, आलोक कुमार, जगदेव प्रसाद, रामऔतार सिंह, लवी त्रिपाठी, रानी राजवंशी सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

# बाघ दिखने से क्षेत्र में दहशत का माहौल

● छुट्टा जानवरों के बाद अब दूसरी समस्या में फंसे लोग

**निघासन खीरी।** दो दिन पहले शारदा नदी के किनारे बसे गांव शांतीनगर में घर के पास खेल रहे बालक पर हमला बोला था। ग्रामीणों ने बड़ी मुश्किल से छुड़ाया था। घायल अवस्था में बालक को सीएचसी निघासन इलाज हेतु भेजा गया था। उसी दिन रात करीब नौ बजे बरोठा रोड़ बस्ती पुरवा के पास लोगों ने देखा और बीती रात झंडी रोड कटीबाग के पास बाइक सवार लोगों ने देखा तो पड़ोस गांव देवीदीन पुरवा के लोगों को अवगत कराया। ग्रामीणों ने राहगीरों को हल्ला बोलकर कटीबाग पार कराई। बरोठा ग्राम पंचायत के मजरा लंघनिया पुरवा में ध्रुव कश्यप के पास दिखा घर वालों के हल्ला मचाने पर ग्रामीणों ने इकट्ठा होकर हल्ला मचाया तो बाघ गन्ने के खेत में चला गया। इससे क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। लोग अब अपनी फसलों की रखवाली भी नहीं कर पा रहे है। लोगों का कहना है कि एक तो छुट्टा जानवरों से परेशान थे दूसरी समस्या बाघ बना हुआ है अब फसलों को बचाना मुश्किल है। वैसे लोग शाम को अपने खेतों पर रहकर खेतों की रखवाली करते थे अब बाघ के भय से लोग दिन में भी अपने खेतों में जाने से डरते हैं।

# धूमधाम से मनाया गया राधाष्टमी उत्सव

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी



**श्री ठाकुर** द्वारा पक्का तालाब खीरी टाउन में स्थित श्री राम जानकी एवं श्री गोपेश्वर महादेव मंदिर में रोटरी क्लब लखीमपुर सेंट्रल एवं रोटरेक्ट क्लब लखीमपुर सेंट्रल के तत्वधान में राधा अष्टमी बहुत धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सुंदरकांड पाठ से हुई जिसको मंदिर प्रबंधक राम गोपाल शेखर एवं विष्णु गोपाल शेखर व क्लब के वरिष्ठ सदस्य राजेश सक्सेना व डॉक्टर प्रदीप टंडन एवं अन्य सदस्यों द्वारा पूरा किया गया। भक्ति कार्यक्रमो की श्रंखला को जारी रखते हुए नन्हे-मुन्नों द्वारा भगवान के विभिन्न बाल रूपों राधा रानी, कृष्ण तथा बलदाऊ जी के स्वरूपों का प्रदर्शन किया गया। इसी श्रृंखला में रोटरी क्लब के सदस्यों व उनके परिवार के सदस्यों तथा शेखर परिवार के सदस्यों द्वारा भजन कीर्तन व भक्ति पूर्ण नृत्य प्रस्तुत किए गए। इसी श्रृंखला में डॉक्टर प्रदीप टंडन जी ने एक धार्मिक पहेली का आयोजन किया। जिसमें सभी सदस्यों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इसी श्रंखला में सभी सदस्यों ने शेखर परिवार द्वारा आयोजित गोविंदा आला रे आला मटकी फोड़ कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें वहां उपस्थित सभी श्रद्धालु भावविभोर होकर भक्ति पूर्ण भगवान के नृत्य प्रस्तुत करके झूम उठे व नाचने गाने लगे। इसके उपरांत क्लब के वरिष्ठ सदस्यों द्वारा सभी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। इसी को आगे बढ़ाते हुए क्लब द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें एग्जीक्यूटिव ऑफिसर खीरी टाउन वीरेंद्र कुमार यादव का व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से संबंधित समग्र न्यूज़ के चीफ सुभाष मिश्रा व वरिष्ठ रिपोर्टर मोहन धवन जी का सम्मान किया गया। साथ ही शेखर परिवार के प्रत्येक सदस्य का भी सम्मान स्वरूप उनको स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इसके उपरांत राम गोपाल शेखर द्वारा कार्यक्रम में आए हुए सभी लोगों का एवं सम्मानित क्लब मेंबर अन्य श्रद्धालुओं का दिल की गहराइयों से आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण एवं अति स्वादिष्ट भोजन के साथ हुआ। इस मौके पर क्लब के अध्यक्ष हर्ष गुप्ता व सचिव मुदित गुप्ता कार्यक्रम संयोजक राजेश सक्सेना और कार्यक्रम सह संयोजक डा. प्रदीप टंडन व प्रदीप गुप्ता मुकेश सक्सेना संजीव पोद्दार अमन डोगरा विनय जैन महिपाल जैन मनीष बरनवाल प्रतीक बनवाल मुकेश जयसवाल अमित गुप्ता अरविंद मिश्रा राजीव बरनवाल रश्मि मुकेश राकेश कुमार गुप्ता गंगा विनोद सिंह, शवल गुप्ता, संध्या बरनवाल आदि की उपस्थिति रहे।

# डीएम ने ली अंक सुधार परीक्षा की तैयारी बैठक, दिए निर्देश

● खीरी में 14 केंद्रों पर होगी अंक सुधार परीक्षा

● यूपी बोर्ड हाईस्कूल व इंटर की अंक सुधार लिखित परीक्षा देंगे 1816 छात्र

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी



**माध्यमिक शिक्षा** परिषद उप्र द्वारा हाईस्कूल-इंटरमीडिएट वर्ष 2021 की अंक सुधार परीक्षा खीरी के 14 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होगी। कलेक्ट्रेट में डीएम ने परीक्षा को सुचितापूर्ण, नकलविहीन व शांतिपूर्ण संपन्न कराने हेतु बैठक की। संबंधित अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए।

बैठक में डीएम ने अधिकारियों को अंक सुधार परीक्षा को सकुशल, शुचितापूर्ण, नकलविहीन व शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए स्पष्ट निर्देश दिए। सभी संबंधित अधिकारी परीक्षा को संपन्न कराने में सोपे गए उत्तरदायित्व का कुशलतापूर्वक निर्वहन करेंगे। परीक्षा आयोजन हेतु माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा जो दिशा-निर्देश जारी किए गए, उनका पूर्णतया अनुपालन सुनिश्चित करें। परीक्षा की तिथि में केंद्र पर शिक्षण कार्य नहीं होगा। उन्होंने केंद्रवार संबंधित केंद्र व्यवस्थापको से परीक्षा की तैयारियां की अद्यतन स्थिति जानी। डीआईओएस ओपी त्रिपाठी ने अंक सुधार परीक्षा की तैयारियों की जानकारी देते हुए बताया कि इस परीक्षा में कुल 1816 परीक्षार्थी प्रतिभाग करेंगे। अंक सुधार परीक्षा में हाईस्कूल में बैठने वाले परीक्षार्थियों की संख्या 1300 है। इसमें छात्राओं की संख्या 546 है। इंटरमीडिएट की परीक्षा में बैठने वाले परीक्षार्थियों की संख्या 516 है, जिसमें छात्राओं की संख्या 148 है। वही एसडीएम को उनकी तहसील में परीक्षा आयोजन हेतु जोनल मजिस्ट्रेट व 14 खंड शिक्षा अधिकारियों को स्टेटिक व सेक्टर मजिस्ट्रेट का दायित्व सौंपा गया। वही डायट प्राचार्य डॉ. ओपी गुप्ता, डीआईओएस ओपी त्रिपाठी व बीएसए डॉ. लक्ष्मी कांत पांडेय के नेतृत्व में एक-एक सचल दल गठित किए गए। जिला मुख्यालय पर कंट्रोल रूम चलेगा। जिसका प्रभारी राजकीय हाईस्कूल कटकुसुमा के प्रधानाचार्य हयात अली अंसारी, सह प्रभारी जीआईसी लखीमपुर के सहा. अध्यापक अनिल त्रिपाठी को बनाया गया।

गौरतलब हो यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट 2021 की अंक सुधार परीक्षा 18 सितंबर से शुरू हो रही है। हाईस्कूल की चार अक्टूबर और इंटरमीडिएट की छह अक्टूबर को परीक्षा खत्म होगी। परीक्षा का समय सवा दो घंटे निर्धारित किया गया है। पहली पाली की परीक्षा सुबह आठ से सवा दस बजे और दूसरी पाली की दोपहर दो से सवा चार बजे तक होगी। इस परीक्षा में मिलने वाले अंक ही अंतिम रूप से मान्य होंगे। यानी कि इस अंक सुधार परीक्षा में अगर परीक्षार्थी फेल हुए तो वह फेल माने जाएंगे।

इस मौके पर एडीएम अरुण कुमार सिंह, एसडीएम डॉ. अरुण कुमार सिंह, डॉ. अमरेश कुमार मौर्य, ओम प्रकाश गुप्ता, रेनू, दिग्विजय सिंह, स्वाति शुक्ल, पूजा यादव, डीआईओएस ओपी त्रिपाठी, बीएसए डॉ. लक्ष्मी कांत पांडेय सहित सभी स्टैटिक एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट व केंद्र व्यवस्थापक मौजूद रहे।

### इन केंद्रों पर होगी परीक्षा

जीजीआईसी धौरहरा, बीबीएलसी इंटर कॉलेज खमरिया, नेहरू शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज सेमरा बाजार, कृषक समाज इंटर कॉलेज गोला, जेपी इंटर कॉलेज मोहम्मदी, हनुमत इंटर कॉलेज दुल्हापुर किसान पसगवा, महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज तिकुनिया, जिला पंचायत कन्या इंटर कॉलेज पलिया, राजा लोने सिंह इंटर कॉलेज मितौली, कृषक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खाईया बसहा, जीआईसी शारदा नगर, जीआईसी लखीमपुर, युवराज दत्त इंटर कॉलेज ओयल।

### पेपर डबल लॉक में

**लखीमपुर-खीरी।** प्रश्न पत्र व उत्तर पुस्तिकाएं परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षित पहुंच चुकी हैं। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर केंद्र व्यवस्थापक के साथ-साथ एक बाह्य केंद्र व्यवस्थापक एवं एक पर्यवेक्षक की तैनाती की गई है। प्रश्न पत्र डबल लॉक में रखे गए हैं, जो केंद्र व्यवस्थापक एवं वाह्य केंद्र व्यवस्थापक दोनों की संयुक्त चाबी से खोले जाएंगे।

## आयकर कटौती जागरूकता कार्यशाला का हुआ आयोजन

संवाददाता। लखीमपुर खीरी



**खीरी जिले** के सभी नगर निकायों में आयकर कटौती को लेकर जागरूकता लाने के उद्देश्य से बुधवार को नपाप-लखीमपुर सभागार में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित हुई। जिसमें आयकर अधिकारी वीरेंद्र सिंह, आयकर निरीक्षक अंकुर पांडेय, कर सहायक अशोक सक्सेना, सभी नगरीय निकायों के अधिशासी अधिकारी व पटल सहायक मौजूद रहे।

संगोष्ठी में आयकर अधिकारी (टीडीएस) सीतापुर वीरेंद्र सिंह ने बताया कि नगर पालिका व नगर पंचायतों के द्वारा ठेकेदार इत्यादि को एक मुस्त 30 हजार देने पर या पूरे वित्तीय वर्ष में एक लाख से अधिक देने पर टीडीएस कटौती का प्रावधान है। इसके अलावा यह भी देखने में आया है कि नगर पालिका व नगर पंचायतों के द्वारा टीडीएस की कटौती तो की जाती है, परंतु टीडीएस का स्टेटमेंट फाइल नहीं किया जाता है या टीडीएस की कटौती ही नहीं की जाती है। उन्होंने बताया कि कटौती की गई राशि को अगले महीने की सात तारीख तक उचित चालान द्वारा आयकर विभाग के खाते में जमा हो जाना चाहिए। यदि राशि सात तारीख के बाद जमा होती है, तो ब्याज देयता बन जाती है, जोकि विभाग को देयता होती है। प्रत्येक तिमाही के अंत में उसके अगले महीने की आखिरी तारीख तक टीडीएस का रिटर्न एम्पलाई को कटौती का विवरण देते हुए ई-फाइलिंग द्वारा जमा करना होता है। ऐसा ना होने की दशा में आयकर अधिनियम की धारा 201 के तहत जुर्माना व ब्याज देयता बनती है तथा धारा 234-ई के तहत लेट फाइलिंग फी जो कि 200 रुपए प्रतिदिन के हिसाब से देयता बनती है। जब तक कि टीडीएस रिटर्न फाइल नहीं हो जाता। इसके अलावा संगोष्ठी में टीडीएस से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा हुई। सभी नगर पालिका व नगर पंचायतों के अधिकारियों से अपील की गई कि वे आयकर अधिनियम के कर कटौती संबंधी कायदे कानून के तहत कार्य करते हुए भारत सरकार के राजस्व संग्रह में सहयोग करें। संगोष्ठी के अंत में आयकर अधिकारी ने सभी को धन्यवाद करते हुए कहा कि आयकर अधिनियमो का अनुपालन करना हम सब की समेकित जिम्मेदारी है। इसमें किसी भी त्रुटि के सापेक्ष जुर्माना, ब्याज के साथ-साथ अभियोजन की कार्यवाही भी की जा सकती है।

# आज से आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए चलेगा अभियान

● आपके द्वार आयुष्मान-2 के तहत 30 सितंबर तक बनाए जाएंगे गोल्डन कार्ड

संवाददाता। चित्रकूट

**आयुष्मान भारत** प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना से आच्छादित परिवारों के आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए 16 सितंबर से अभियान चलेगा। आपके द्वार आयुष्मान-2 के तहत यह अभियान 30 सितंबर तक चलेगा।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 भूपेश द्विवेदी ने बताया कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना से आच्छादित परिवारों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा। आपके द्वार आयुष्मान-2 के तहत यह अभियान 16 सितंबर से 30 सितंबर तक चलेगा। अपर मुख्य सचिव अमित मोहन प्रसाद ने पत्र जारी करके इसके क्रियान्वयन के लिए निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए किसी सार्वजनिक स्थान जैसे पंचायत भवन, हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर, आंगनबाड़ी केंद्र, प्राथमिक विद्यालय पर कैंप का आयोजन किया जाएगा। कोशिश रहेगी कि कैंप ऐसी जगह लगाया जाए जहां बिजली और पानी की व्यवस्था हो। हर ब्लॉक में ब्लॉक स्तरीय प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तथा शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी की अध्यक्षता में नोडल टीम बनाई जाएगी। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के नोडल डॉ. राजेश कुमार आजाद ने बताया कि कैम्प में वीएलई के माध्यम से गोल्डन कार्ड बनाए जाएंगे। गोल्डन कार्ड पूरी तरह निशुल्क बनाए जाने हैं। इस कार्ड के लिए लाभार्थी से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। इसके लिए सभी वीएलई को निर्देश दिए गए हैं। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के जिला कार्यक्रम समन्वयक डॉ आर पी जायसवाल ने बताया कि कैंप स्थल पर फ्लेक्स बैनर लगाया जाएगा जिससे गांव में जन सामान्य को अभियान के बारे में पूरी जानकारी हो सकेद्य लक्षित लाभार्थी परिवारों की सूची कैंप स्थल पर चस्पा की जाएगी। कैंप तिथि से एक दिन पहले आशा फील्ड वर्कर द्वारा सभी चिन्हित परिवारों को पर्ची वितरित की जाएगी साथ ही यह भी बताया जाएगा कि आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए राशन कार्ड और आधार कार्ड लेकर के लाभार्थियों को समय से कैम्प पर पहुंचना है। प्रत्येक लाभार्थी परिवार के मुखिया के नाम से पर्ची तैयार की जाएगी जिसमें मुखिया का नाम, कैंप स्थल एवं कैंप की तिथि अंकित होगी। जिला शिकायत प्रबंधक दीपक गौतम और डिस्ट्रिक्ट इंफॉर्मेशन सिस्टम मैनेजर अवधेश कुमार ने बताया कि लक्षित परिवारों को प्रेरित करते हुए कैंप स्थल में लाने तथा आयुष्मान कार्ड बनवाने पर आशा को प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

## डीएम ने कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक कर दिये निर्देश



संवाददाता। चित्रकूट

**जिलाधिकारी** शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने कलेक्ट्रेट सभागार में प्रशिक्षणदाताओं एवं नीति आयोग के सूचकांकों कौशल प्रशिक्षण संचालित कर रहे अन्य विभागों के साथ बैठक की। बुधवार को हुई बैठक में जिलाधिकारी ने राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मानिकपुर, शिवरामपुर के प्रधानाचार्य बीके तिवारी को निर्देश दिये कि ये आकांक्षा जिला है। कौशल विकास की योजनाओं का प्रशिक्षण देने को शासन से पत्राचार करें। दीनदयाल उपाध्याय कौशल विकास योजना के तहत जो संस्थायें प्रशिक्षण दे रही हैं। उनका विवरण दें। प्रशिक्षण केन्द्र संचालकों से कहा कि जिस विषय पर कितने लाभार्थियों को प्रशिक्षण देने है उसका विवरण दें। प्रशिक्षण पाने वालों को रोजगार मिला है या नहीं। कम्पनियों से सम्पर्क कर रोजगार मेला लगायें। बेरोजगार युवक-युवतियों के लिए शासन प्रशिक्षण में धन खर्च कर रही है। जिम्मेदारी से प्रशिक्षण दिलायें। किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। प्रधानाचार्य से कहा कि प्रशिक्षण केन्द्रों का निरीक्षण कर प्रशिक्षणार्थियों की उपस्थिति तथा जिन टेड्रों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है, उनकी गुणवत्ता की जांच करायें।

बैठक में जिलास्तरीय अधिकारीगण के साथ जिला ग्रामोद्योग अधिकारी राजेन्द्र कुमार, अग्रणी जिला प्रबंधक इलाहाबाद बैंक आशुतोष कुमार आदि मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज़

### जिला पंचायत की हाटमिक्स सड़कों का हुआ लोकार्पण



लोकार्पण में मौजूद भाजपा नेता

**चित्रकूट।** सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वीडियो कांफ्रेंसिंग से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के पीएमजीएसवाई-3 के तहत ग्रामीण मार्गों का शुभारम्भ एवं नवीनीकरण कार्य का लोकार्पण किया। जिला पंचायत की हाटमिक्स से बनी सड़कों का लोकार्पण हुआ। बुधवार को एनआईसी में वीडियो कांफ्रेंसिंग में जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह तोमर, सीडीओ अमित आसेरी ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत राजापुर हटवा मार्ग एवं नई दुनिया सम्पर्क मार्ग का शुभारम्भ किया। जिला पंचायत की कोटाकदैला पत्रकारपुरम से सिंगवापुरवा पूर्व माध्यमिक विद्यालय लेपन स्तर के कार्य व पहाड़ी बालापुर खालसा नांदी सम्पर्क मार्ग से कपना तक लेपन स्तर कार्य का लोकार्पण हुआ। वीडियो कांफ्रेंसिंग में भाजपा नेता सुनील सिंह पटेल, पंकज अग्रवाल, एक्सईएन लोनिवि प्रान्तीय खण्ड अरविन्द कुमार, जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी भगत सिंह आदि मौजूद रहे।

### बारिश से दीवार ढहने से महिला की मृत्यु

**चित्रकूट।** जिले में 24 घंटे से हो रही मूसलाधार बारिश से कोतवाली कर्वी के शंकर बाजार के खटिकाना मोहल्ले में एक घर की दीवार गिरने से मलबे में दबकर एक महिला की मृत्यु हो गई। पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच कर रही है। ये हादसा मंगलवार की रात कोतवाली कर्वी के शंकर बाजार के खटिकाना मोहल्ले में लगातार बारिश होने के दौरान हुआ। बताया गया कि वृद्धा कुन्ती देवी अपने 13 साल के नाती के साथ कच्चे घर में रहती थी। महिला को प्रधानमंत्री आवास मिला था। उसने आगे के हिस्से में दो कमरे बनवाये थे। कमरे में महिला का लडका व बहू रहते हैं। पीछे कच्चे हिस्से में वह खुद नाती के साथ रहती थी। मंगलवार की रात बारिश दौरान कुछ सामान निकालने कमरे में गई तो अचानक एक दीवार उसके ऊपर गिर गई। दीवार के मलबे में महिला दब गई। कुछ देर बाद जब नाती ने देखा तो उसने आसपास के लोगों को बुलाया। महिला को मलबे से निकाला गया, लेकिन तब तक उसकी मृत्यु हो चुकी थी। मौके पर राजस्व विभाग के अधिकारी व पुलिस पहुंचकर पडताल में जुटी है। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा गया है।

### मानसिक तनाव में आकर आत्महत्या करने का किया प्रयास

**राठ (हमीरपुर)।** जरिया थाने के चंडौत गांव में मूंगफली की फसल जानवरों द्वारा चट कर जाने पर मानसिक तनाव में आये किसान ने खेत में फांसी लगा कर आत्म हत्या करने का प्रयास किया। वहां मौजूद परिजन आनन फानन में युवक को इलाज के लिये ले गये। जहां चिकित्सक ने उसे रेफर कर दिया। चंडौत गांव निवासी अखिलेश पुत्र रामचरन ने बताया कि उसके 35 वर्षीय भाई महेश के पास करीब 8 बीघा जमीन है। इस वर्ष उसने खेत में मूंगफली की फसल बोई थी। बताया कि खेत में अन्ना जानवरों ने उसकी फसल चट कर दी। जिससे उसके भाई ने मानसिक तनाव के चलते खेत में लगे बबूल के पेड़ पर रस्सी डाल फांसी लगा ली। परिजनों ने उसे फांसी के फंदे से आनन फानन में उतारकर सीएचसी ले गये। जहां से चिकित्सक ने किसान प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया।

### दो के खिलाफ छेड़खानी व जानमाल की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज

**कुरारा (हमीरपुर)** कुरारा कस्बा कुरारा के गढ़ी मोहाल निवासी ने पुत्री के साथ छेड़खानी व जानमाल की धमकी देने की रिपोर्ट थाने में दर्ज करायी है। कस्बा के गढ़ी मोहाल निवासी बताया कि मेरी नाबालिग पुत्री आते जाते पीछा कर मोहल्ला निवासी कपिलशर्मा परेशान करता है। तथा अश्लील हरकत करता है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ छेड़खानी करने व पास्को एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के भौली ग्रामपंचायत के मजरा कोतुपुर गांवनिवासी ग्रामीण की तहरीर पर पुत्री के साथ छेड़खानी करने व जानमाल की धमकी देने का मुकदमा दर्ज किया गया है। क्षेत्र के कोतुपुर गांवनिवासी एक ग्रामीण ने पुलिस को बताया कि गांव के महेंद्र पुत्र राज करन ने मेरी पुत्री के साथ अश्लील हरकत तथा छेड़खानी की जब इसकी शिकायत की गई तो आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने महेंद्र के खिलाफछेड़खानी व पास्को एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

### नदीगांव में दो दुकानों के ताले तोड़कर चोरी सीसीटीवी में कैद चोर पकड़ा गया

**कोंच (जालौन)।** नदीगांव में बस स्टैंड के पास दो दुकानों के ताले चटका कर चोरी करने वाला चोर पकड़ा गया। दिलचस्प यह है कि चोर उसी मोहल्ले का निवासी है। दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में चोर की सारी हरकतें कैद हो गई थीं और आसानी से वह पुलिस की गिरफ्त में आ गया। मंगलवार की रात नदीगांव कस्बे में वीरेंद्र खरे आदित्या ट्रेडर्स और वीरेंद्र वर्मा की कपड़े की दुकान में ताले तोड़ कर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। सूचना पर सुबह एसएचओ रामकरण सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे को देखा तो वहां मौजूद लोगों ने चोर की पहचान कलूटे के रूप में कर ली और बताया कि यह मोहल्ले का ही रहने वाला है और इसी दुकान पर पल्लेदारी का काम करता है। पुलिस ने कलूटे को गिरफ्तार कर लिया। बताया गया कि कलूटे नशे का आदी है। चोरी गया सामान भी पुलिस ने बरामद कर लिया है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस, चोर को जेल भेजने की तैयारी कर रही थी।

### लापता हुई बालिका मिली

**कोंच(जालौन)।** स्कूल गयी एक बालिका लापता हो गयी थी जो कि सकुशल मिल गयी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गत रोज मंगलवार को मुहल्ला गांधीनगर निवासी एक 10 बर्षीय किशोरी मुहल्ले में ही स्थित परिषदीय विद्यालय में पढ़ने के लिए घर से निकली थी और दोपहर 2 बजे अवकाश होने के बाद भी किशोरी जब घर नहीं पहुंची तो उसके माता पिता ने उसकी खोजबीन की लेकिन किशोरी का कोई पता नहीं चल सका जिसके बाद पिता ने मामले की सूचना पुलिस को दी।उधर किशोरी के मामले को लेकर सक्रिय हुई पुलिस ने देर शाम उसके परिजनों के साथ मिलकर किशोरी का पता लगा लिया। उक्त किशोरी ग्वालियर में रहने वाली अपनी बड़ी बहिन के घर सकुशल मिल गयी है। किशोरी ग्वालियर कैसे और क्यों पहुंची यह फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सका है।

### मिशन शक्ति के अंतर्गत 'पोषण पंचायत कार्यक्रम' का हुआ आयोजन




**बांदा।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग के निर्देशानुसार जनपद बांदा में मिशन शक्ति के अंतर्गत पोषण पंचायत कार्यक्रम का आयोजन विकास खंड बड़ोखर खुर्द ब्लॉक परिसर में किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य महिला आयोग सदस्य श्रीमती प्रभा गुप्ता मौजूद रहीं। जिन्होंने अपने वक्तव्य ने कहा की उत्तर प्रदेश की योगी सरकार द्वारा निरंतर कुपोषित महिलाओं बच्चों के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है समाज के हर तबके के उत्थान के लिए हमारी सरकार निरंतर प्रयास कर रही मिशन शक्ति के अंतर्गत सरकार महिला सुरक्षा एवं स्वावलंबन पर निरंतर अभूतपूर्व ऐतिहासिक कार्य कर रही है किसी भी महिला के साथ कोई अत्याचार एवं अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जा रहा है जो भी असंवैधानिक कार्य करेगा उसको निश्चित रूप से दंडित करने का कार्य किया जाएगा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा महिलाओं को पोषाहार वितरण, अन्नप्राशन संस्कार नवजात शिशु को अन्य खिलाकर किया गया गोद भराई कार्यक्रम गर्भवती महिलाओं को सम्मानित कर किया गया। वृक्षारोपण वितरण सहित आयुष विभाग एवं विभिन्न स्टाल का शुभारंभ किया गया। इस दौरान प्रमुख रूप से ज्वाइंट मजिस्ट्रेट एवं जिला प्रोवेशन अधिकारी सुधीर कुमार, ब्लाक प्रमुख बड़ोखर खुर्द स्वर्ण सिंह सोनू, सीडीओ वेद प्रकाश मौर्य एवीडियो अनुभवा श्रीवास्तव, निवर्तमान जिला मंत्री सौरभ गुप्ता भैया जी वैध उदय भान वैद्य जी प्रवीण गुप्ता जी महिला थाना एसएचओ प्रतिभा सिंह, महिला कल्याण अधिकारी आकांक्षा सिंह एमओआईसी बड़ोखर सहित सैकड़ों महिलाओं की उपस्थिति रही।

## भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद, आरोपी हिरासत में



बरामद की गयी विस्फोटक सामग्री

संवाददाता। मौदहा (हमीरपुर)

**मौदहा कस्बे** में आज पुलिस ने भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद कर आरोपी को जेल भेज दिया है। पुलिस की इस कार्यवाही से अवैध रूप से पटाखे व आतिशबाजी रखने वालों में हड़कंप मच गया है। पुलिस के मुताबिक बड़े चौराहे पर राम प्रकाश निषाद जनरल स्टोर की दुकान किए हुए है। बुधवार को उसकी दुकान में विस्फोटक सामग्री मौजूद होने की खबर भनक लगते ही कोतवाली प्रभारी पवन कुमार पटेल ने दलबल सहित उक्त दुकान में छापा डाल भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद करते हुए आरोपी को भी हिरासत में ले लिया। बरामद हुई विस्फोटक सामग्री में विभिन्न प्रकार के पटाखे मिले हैं। कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है। अवगत हो कि दशहरा व दीपावली का त्यौहार नजदीक आते ही इस धंधे में लिप्त लोगों ने धीरे धीरे बाहर पटाखे लाकर नगर में एकत्रित करना शुरू कर दिए हैं। आरोपी कानपुर जिले के सजेती क्षेत्र के रामपुर गांव का रहने वाला है।

## इंदरपुरा में डेंगू फैलने से दहशत फैली,एक दर्जन लोग करा रहे हैं इलाज

**राठ ( हमीरपुर )।** सरीला तहसील क्षेत्र के इंदरपुरा गांव में डेंगू फैलने से गांव में हड़कंप मचा हुआ है। एक सप्ताह के अंदर गांव में करीब एक दर्जन लोग डेंगू बुखार की चपेट में आ चुके हैं। जिनका इलाज सीएचसी समेत झांसी के विभिन्न अस्पतालों में चल रहा है। गांव में डेंगू बुखार फैलने को लेकर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी बेखबर बने हुए हैं। वहीं राठ कस्बे में भी डेंगू के करीब आधा दर्जन मरीज है। गांव में पिछले एक सप्ताह से डेंगू बुखार की चपेट में आने से कई लोग पीड़ित हो गए। बुधवार को गांव की 30 वर्षीया ब्रहमारानी पत्नी जागेश्वर डेंगू की चपेट में आ गई। महिला की हालत खराब होने पर स्वजन उसे लेकर सीएचसी पहुंचे। इसी तरह से गांव का 52 वर्षीय रघुराज पुत्र धनैया डेंगू बुखार की चपेट में आ गया, झांसी में उसका इलाज कराया जा रहा है। इसी तरह से गांव के अर्जुन पुत्र धनैया, उदयभान, ज्योति, विजय कांत, शंकर की बहू, सुघर की पत्नी डेंगू बुखार की चपेट में आ गए।

## उप्र प्राथमिक शिक्षक संघ ने मांगों को लेकर भरी हुंकार

संवाददाता। मऊ (चित्रकूट)

**उप्र प्राथमिक** शिक्षक संघ के प्रान्तीय आवाहन पर बीआरसी रामनगर में 21 सूत्रीय मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन में उप्र प्राथमिक शिक्षक संघ, शिक्षामित्र संघ, अनुदेशक संघ/रसोइयां के सभी पदाधिकारियों ने हुंकार भरी। चेताया कि मांगें न मानी गई तो सभी लोग आन्दोलन को तैयार रहें।

बुधवार को बीआरसी रामनगर में उप्र प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष अखिलेश पाण्डेय ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली, कैशलेश चिकित्सा, एसीपी उपार्जित अवकाश, छात्रों को फर्नीचर, शुद्ध पानी, प्रत्येक कक्षक के मानक से शिक्षक-शिक्षकों के अर्न्तजनपदीय तबादले, आनलाइन कार्य के नाम शोषण व विसंगति दूर हो। सेवानिवृत्त शिक्षकों की समस्या का समाधान हो। शिक्षामित्र अनुदेशकों को स्थायी शिक्षक बनाने, रसोइयों व आंगनबाडी कार्यकत्री, सहायिका को स्थायी व प्रतिमाह मानदेय देने, महंगाई भत्ता, सामूहिक बीमा दस लाख करने, वार्षिक प्रविष्टि का शासनादेश वापस लेने, उप्र शिक्षा सेवा अभिकरण से मुक्ति दिलाने, मृतक शिक्षकों के आश्रितों को लिपिक पद पर नियुक्ति देने, कोरोना महामारी एवं पंचायत निर्वाचन में मृत शिक्षकों, शिक्षामित्र अनुदेशकों के परिवार को एक करोड रुपये मुआवजा देने, मृतक शिक्षक के आश्रितों को नौकरी देने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया।




धरना प्रदर्शन को सम्बोधित करते अखिलेश पाण्डेय

चेताया कि मांगें न मानी जाने पर सभी आन्दोलन को तैयार रहें। धरना प्रदर्शन में प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लाक इकाई के सभी पदाधिकारी संतोष सिंह, प्रमोद द्विवेदी, बृजेश शुक्ला, राजनारायण पाण्डेय, अमित, साकेत, छोटा प्रसाद, अखिलेश सिंह, शिक्षामित्र संघ के मंडल अध्यक्ष संतलाल त्रिपाठी, ज्ञानचन्द्र शुक्ला, राजेश पाण्डेय, धर्मेन्द्र वर्मा, अनुदेशक संघ के दुर्गाशरण, राजेश मिश्र, रमेश वर्मा, सरला, देवकी आदि तकरीबन तीन सौ लोग मौजूद रहे।

## भक्तों ने गणेश जी को लगाया मोदक का भोग

**जालौन ( उरई )।** गणेश पूजन के छठे दिन भक्तों ने गणेशजी को मोदक का भोग लगाया। इस दौरान उनकी माता पार्वती और पिता महादेव को भी याद किया गया। गणेश पूजन के छठवें दिन सौभाग्य योग बना। बुधवार के दिन बने इस योग का शास्त्रों में काफी महत्व बताया गया है। पंडित अरविंद बाजपेई के अनुसार इस दिन सच्चे मन से भगवान गणेश के दर्शन कर जो कामना की जाती है। वह अवश्य ही पूरी होती है। पूजा अर्चना के बाद भगवान गणेश को मोदक का भोग लगाएं। नगर में सराफा व्यापारियों द्वारा मोहल्ला चौधरयाना में गणेश प्रतिमा स्थापित की गई है। इसके अलावा गोविंदेश्वर मंदिर परिसर, मोहल्ला गणेशजी में संजू मिश्रा के आवास पर मोहल्ला पुरानी नझाई में भी गणेश प्रतिमा स्थापित की गई है। भक्तों ने शाम के समय गणेशजी की आरती में भाग लिया और उनके दर्शन किए। सभी स्थानों पर भक्तों को बेसन के लड्डू, केला, मिष्ठान्न का वितरण किया गया।

## रायपुर वाटर ट्रीटमेंट प्लांट की धीमी रफ्तार पर डीपीएम को लगायी फटकार

● एडीएम नमामि गंगे के स्थलीय निरीक्षण से कार्यदायी संस्था के दावे खोखले निकले

संवाददाता। उरई (जालौन)



रायपुर वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण करते एडीएम नमामि गंगे

**अपर जिलाधिकारी** प्रतिपाल सिंह चौहान (नमामि गंगे) द्वारा प्रजेक्ट मैनेजमेंट कंसल्टेंट (आरवी एसोसिएट) के सुपरविजन इंजीनियर एवं फील्ड इंजीनियर के साथ जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल पहुंचाये जाने हेतु पांच महत्वपूर्ण परियोजनाओ में से सतही जल आधारित परियोजना रायपुर के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट (डब्ल्यूटीपी) का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निर्माणाधीन परियोजना को ससमय पूर्ण करने की जिम्मेदारी बृजगोपाल कंस्ट्रक्शन कंपनी को सौंपी गई है।

एडीएम नमामि गंगे ने निरीक्षण के दौरान साइट पर उपस्थित कंस्ट्रक्शन कम्पनी बृजगोपाल के डीपीएम चंदन सिंह को निर्देशित किया गया कि कार्य की गति धीमी है। परियोजना के मानक के सापेक्ष मानव संसाधन एव मशीनरी बढ़ाये जाने व कार्य मे तीव्रता लाये जाने के निर्देश भी दिए। परियोजना से संबंधित लॉजिस्टिक प्लान, प्रोक्योरमेंट, बोरिंग में प्रयोग किये जाने वाले पम्प, सोलर पैनल, विद्युत कनेक्शन, वाटर टेस्टिंग की अद्यतन स्थिति से अवगत कराएं। पीएमसी टीम को निर्माणाधीन कार्यो की मॉनिटरिंग व अनुश्रवण हेतु प्रभावी कदम उठाने व सभी कार्य के प्रभावी क्रियान्वयन, परियोजना में आ रही बाधाओं के तत्काल निदान व समाधान कराया जायेगा। लेकिन परियोजना का कार्य समय से पूर्ण कराने से कोई समझौता नहीं होगा।

## उत्पीड़न से तंग आकर महिला सिपाही ने किया आत्महत्या का प्रयास, जांच सीओ सदर को

**हमीरपुर।** एसपी के स्टेनो पर उत्पीड़न का आरोप लगा डीसीआरबी की महिला कांस्टेबिल ने आलआउट पी लिया। उसने सभी स्थानांतरित की गई लड़कियों में अन्य का तवादला रोके जाने से खुद को आहत बताया। उसे आनन फानन जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां हालात ठीक होने पर उसे उसके आवास में वापस कर दिया गया है। वहीं एएसपी ने मामले की जांच सीओ सदर से कराने के साथ उचित कार्रवाई की बात कही।

पीड़िता ने मिशन शक्ति को बेमानी बताते हुए खुद को असुरक्षित होने साथ ही पूर्व में उसके अलावा स्थानांतरित की गई सभी लड़कियों का ट्रांसफर रोके जाने की बात से आहत हो जहरीला पदार्थ खाने की बात कही। इसका उसने वीडियो भी वायरल किया है। मथुरा जनपद निवासी जिले की डीसीआरबी में तैनात महिला सिपाही प्रिया चौधरी मुख्यालय में किराये के मकान में रहती हैं। जिसने मंगलवार रात आलआउट पी लिया। जिसकी सूचना मिलने पर विभागीय कर्मचारियों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के बाद उसकी हालत में सुधार होने पर बुधवार सुबह उसे घर वापस कर दिया गया। अस्पताल में भर्ती के दौरान महिला सिपाही ने विभागीय अधिकारियों पर उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए कहा कि वह कैसे मिशन शक्ति की जानकारी दूसरे को दे जब वह खुद सुरक्षित नहीं है। उन्होंने एसपी स्टेनो पर आरोप लगाते हुए बताया कि उनके बहकावे में आकर उनके विभागाध्यक्ष की रिपोर्ट पर उनका स्थानांतरण चिकासी थाना कर दिया गया। जिसके बाद हाल ही में उसके अलावा अन्य स्थानांतरित की गई महिला सिपाहियों का स्थानांतरण रोक दिया गया। जिससे आहत होकर उसने जहरीला पदार्थ खा लिया लेकिन वह बच गई। कहा कि वह ऐसी जिंदगी से तंग आ गई हूं। आरोप लगाया कि स्टेनो की मैडम की बीते चार साल में कोई ड्यूटी नहीं लगाई गई।

## जल भराव से परेशान बाशिंदों ने एसडीएम से लगाई गुहार



जल भराव से त्रस्त लोग एसडीएम को ज्ञापन देने जाते

**कोंच( जालौन )।** ईदगाह के समीप रहने वाले बाशिंदों ने जलभराव से परेशान होकर एसडीएम से उक्त समस्या के निराकरण की मांग की है।

नगर के मुहल्ला आराजी लेन ईदगाह के समीप करबला के मैदान में बीते करीब 10 बर्ष पूर्व बने घरों में रहने वाले आमिर, सलमान, सकेब, अमन, फराहाज, अनस, समीर, सोनू, शकील, अफसरा, शहनाज, सबीना, कुरैशा, समा आदि ने बुधवार को एसडीएम अंकुर कौशिक को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि कैलिया बाईपास से लेकर ईदगाह तक पक्की पुलिया न बनी होने व करबला के मैदान में इंटरलाकिंग, आरसीसी न होने से घरों के आसपास हमेशा जलभराव की स्थिति बनी रहती है जिससे बच्चे, महिलायें व वृद्ध आये दिन रास्ते में गिरकर चुटहिल होते रहते हैं, साथ ही जलभराव होने से गंदगी का अंबार लगा हुआ है और जल जनित मच्छरों के प्रकोप से भी जूझना पड़ रहा है। उक्त लोगों ने प्रार्थना पत्र में बताया कि वर्तमान समय में कच्ची पुलिया बनी हुई है जो नहर के पानी के प्रकोप से ओवरफ्लो हो जाती है जिससे जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है और उक्त समस्या के निराकरण हेतु कई मर्तबा नगर पालिका प्रशासन को लिखित व मौखिक रूप से अवगत कराया गया है लेकिन अब तक कोई कार्यवाही नहीं हो सकी है। उक्त लोगों ने एसडीएम से मामले को लेकर कार्यवाही करने की मांग की है।

## संवेदना, शिष्टता, संस्कार, संप्रेषण की प्रभावी भाषा है हिंदी: कुलपति

**चित्रकूट।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो नरेश चंद्र गौतम ने कहा कि हिंदी भाषा संवेदना, शिष्टता, संस्कार एवं संप्रेषण की भाषा है। प्रो गौतम ने इस आशय के उदगार हिंदी दिवस के उपलक्ष्य पर हिंदी विभाग द्वारा आयोजित बेबीनार में बतौर अध्यक्ष व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान समय में हिंदी भाषा का जो प्रभावशाली रूप देखने को मिल रहा है। वह पूर्व में कभी नही दिखाई दिया।भारत विविधताओं का देश है जहां कुछ निश्चित भौगोलिक दूरी के बाद नई भाषा देखने को मिलती है ऐसी स्थिति में एक ऐसी राष्ट्रीय भाषा की आवश्यकता थी जो राष्ट्र को एक सूत्र में बांध सकें। केंद्र सरकार वर्तमान में हिंदी संस्थान के माध्यम से हिंदी भाषा पर विस्तृत कार्य कर रही है। ब्रिटिश काल में अंग्रेजी भाषा का प्रयोग उतना नहीं हुआ जितना कि स्वाधीनता के पश्चात से लेकर अब वर्तमान समय में किया जा रहा है । यह हिंदी भाषा के प्रति समर्पण के लिए अवरोधक है। संस्थाओं द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का प्रत्यक्ष लाभ कार्यप्रणाली में देखने को मिल रहा है। आज केंद्रीय संस्थाओं के माध्यम से विश्व के अनेक देशों में स्थापित प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय के विभाग में हिंदी भाषा पाठ्यक्रम के रूप में पढ़ाई जा रही है। अनेक सरकारी संस्थाओं में हिंदी भाषा के अनुवाद , भाषा संप्रेषण, भाषा विकास के लिए विभाग गठित किए गए हैं। वेबीनार की मुख्य वक्ता मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विभाग विभागाध्यक्ष डॉ. नीलम चौरे ने इस अवसर पर कहा कि राष्ट्र की पहचान को परिभाषित करने के लिए राष्ट्रीय भाषा की आवश्यकता महसूस होती है।

## ब्रजेंद्र के किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष बनने पर किया स्वागत



भाजपा किसान मोर्चा उपाध्यक्ष का स्वागत करते समर्थक

संवाददाता। कोंच( जालौन)

**विहिप के** पूर्व नगर अध्यक्ष भाजपा नेता ब्रजेंद्र कुशवाहा को भाजपा किसान मोर्चा का जिला उपाध्यक्ष बनाए जाने पर यहां के पार्टी कार्यकर्ताओं ने खुशी जताते हुए उनका स्वागत किया और मिष्ठान्न वितरित किया। संजय सोनी के प्रतिष्ठान पर जुटे भाजपा नगर महामंत्री आशुतोष मिश्रा, उपाध्यक्ष दीपक मिश्रा, मंत्री राघवेंद्र निरंजन, मनीष नगरिया, युवा मोर्चा जिला कार्यकारणी सदस्य दीपक तिवारी, ऋषि अग्रवाल, पूर्व सभासद नरेश कुशवाहा, वीरेंद्र याज्ञिक द्वारा ब्रजेंद्र का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया और उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर ब्रजेंद्र ने कहा कि जो दायित्व उन्हें मिला है उसका निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का पूरा प्रयास किया जाएगा और किसान हितों के लिए काम किया जाएगा।

# 750 पहलवान कुश्ती प्रतियोगिता में लेंगे हिस्सा

संवाददाता। अमेठी

● फोगाट बहनें रवि दहिया व बजरंग पुनिया भी आएंगे

● शुक्रवार को केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी गिरिराज सिंह व बृजभूषण शरण सिंह करेंगे प्रतियोगिता का शुभारंभ

**जिले में** 17 तारीख से होने जा रही राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में 23 राज्यों के साढ़े सौ पहलवान हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता का शुभारंभ शुक्रवार को केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानीए गिरिराज सिंह व भारतीय कुश्ती संघ अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह करेंगे। सैनिक स्कूल प्रांगण में प्रतियोगिता की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। राष्ट्रीय कुश्ती महासंघ द्वारा आयोजित उत्थान सेवा संस्थान द्वारा प्रायोजित राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप की तैयारियों को लेकर सांसद प्रतिनिधि विजय गुप्ता ने प्रतियोगिता स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने मौसम की स्थितियों को देखते हुए मैदान तैयार कर रहे लोगों से तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के प्रयास से अमेठी में कुश्ती के विकास के लिए इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इससे अमेठी के खिलाड़ियों को एक नई दिशा मिलेगी। प्रतियोगिता के प्रायोजक उत्थान सेवा संस्थान के कार्यकारी निदेशक विजय प्रसाद ने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए खिलाड़ियों का चयन उनकी राज्य टीमों द्वारा किया जा चुका है। बुधवार को उड़ीसा पश्चिम बंगाल व गुजरात की टीम में आ चुकी है। बताया कि प्रतियोगिता के लिए तीन प्लेग्राउंड बनाए गए हैं जबकि एक वॉर्म अप कोर्ट होगा। प्रतियोगिता सुबह 10 बजे से शुरू होकर शाम 6 बजे तक चलेगी। प्रतियोगिता स्थल पर वाटर प्रूफपांडाल लगाया गया है। एक हजार लोगों के लिए पांडाल के भीतर इंतजाम रहेगा। इसके अतिरिक्त तीन से चार हजार दर्शक बाहर से प्रतियोगिता का आनंद ले सकेंगे। प्रतियोगिता स्थल की तैयारी का निरीक्षण करने के लिए सांसद प्रतिनिधि समेत एडीएम एसपी सिंहए भाजपा जिला अध्यक्ष दुर्गेश त्रिपाठीए महेंद्र पांडेयए चंद्रमौलि सिंह आदि लोग पहुंचे।



प्रतियोगिता की जानकारी देते हुए जिलाध्यक्ष

### 18 को सीएम योगी के आने की संभावना

प्रतियोगिता में केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानीएसांसद व भारतीय कुश्ती संघ अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह तीनों दिन रहेंगे। इनके अतिरिक्त केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह पहले दिन ही आएंगे। उनके अलावा 18 तारीख को प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ के भी आने की संभावना है। 19 तारीख को समापन समारोह में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य मौजूद रहेंगे। उनके अलावा प्रदेश सरकार के मंत्री नीलकंठ तिवारीए मोहसिन रजा समेत कई प्रमुख मंत्री मौजूद रहेंगे। प्रतियोगिता में अंतरराष्ट्रीय स्तर के चार नामी पहलवान भी खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते नजर आएंगे। पहलवान गीता फोगाट 17 तारीख को अमेठी आएंगी जबकि बबीता फोगाट रवी दहिया व बजरंग पुनिया 18 तारीख को मैदान पर रहेंगे। आयु की सीमा होने के चलते यह प्रतियोगिता में प्रतिभाग नहीं करेंगे।

# एसडीएम के आश्वासन पर समाप्त हुआ धरना



धरनास्थल पर एसडीएम

संवाददाता। तिलोई अमेठी

**नवागन्तुक उपजिलाधिकारी** श्रद्धा सिंह के आश्वासन पर 10 दिनों से चला आ रहा धरना प्रदर्शन समाप्त हो गया। एसडीएम ने लालप्रताप सिंह से कहा कि उनकी मांग को उचित माध्यम से सरकार के पास भेजा जाएगा साथ ही जिलाधिकारी से भी मुलाकात की जाएगी। यह आश्वासन देकर उन्होंने धरना प्रदर्शन समाप्त करवा दिया। तिलोई को रायबरेली में जोड़े जाने की मांग को लेकर लालप्रताप सिंह और उनकी टीम धरना प्रदर्शन कर रही थी। इस बार मांग थी कि जिलाधिकारी के आने और आश्वासन देने के बाद ही धरना समाप्त किया जायेगा। धीरे धीरे धरना प्रदर्शन को 10 दिन बीत गए। पूर्व में तिलोई की तहसीलदार रही श्रद्धा सिंह बुधवार को एसडीएम के पद पर स्थानांतरित होकर तिलोई पहुचीं। एसडीएम ने धरना प्रदर्शन कर रहे लालप्रताप सिंह एवं उनकी टीम को समझाया बुझाया साथ ही हर संभव मदद देने का आश्वासन भी दिया। नवागन्तुक एसडीएम के आश्वासन पर लालप्रताप सिंह ने अपना धरना समाप्त कर दिया है। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य कर्ण कुमार बाजपेयी अनवारगुल संतबख्श सिंह ओमप्रकाश सिंह और काशी प्रसाद समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# निःशुल्क नेत्र शिविर में 268 का हुआ परीक्षण

**तिलोई अमेठी ।** गरीबों व असहायों की सेवा परम धर्म है इनकी सेवा से भगवान भी प्रसन्न होते हैंष् यह उदगार सिंहपुर ब्लाक क्षेत्र के इन्हौना स्थित शिवगढ़ चौराहे पर आयोजित निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर में नव निर्वाचित जिला पंचायत सदस्य विकास यादव ने व्यक्त किये। जिला पंचायत विकास यादव ने कहा कि क्षेत्र के गरीब व असहायों की सेवा हेतु यह शिविर अनवरत चलता रहेगा। नेत्र शिविर में 268 मरीजों का नेत्र परीक्षण किया गया जिसमें 100 लोगों को चश्मा वितरण किया गया तथा 65 मरीजों का आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क मोतियाबिन्द आपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। इस अवसर पर अम्बरीष गुप्ता मृदुल चन्दन शिवम शैलेन्द्र आदि ने अपना सहयोग प्रदान किया।

# ब्लॉक सभागार में हुआ प्रधानों का प्रशिक्षण कार्यक्रम

संवाददाता। गौरीगंज अमेठी

**स्थानीय ब्लाक** सभागार में नवनिर्वाचित प्रधानों को प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में प्रधानों को पंचायतों को सशक्त बनाने के गुर सिखाए गए।डीपीआरओ श्रीकांत यादव ने कहा कि नवनिर्वाचित प्रधान ग्राम पंचायत के विकास की धुरी है। पंचायतों के विकास से ही विकसित देश का निर्माण होगा। प्रशिक्षण में जो भी बातें बताई जा रही हैं उन्हें लागू करें। खंड विकास अधिकारी शशि कुमार पांडेय ने कहा कि महिला प्रधानों की भागीदारी भी ऐसे कार्यक्रमों में होनी चाहिए। प्रशिक्षण के नोडल जिला कृषि अधिकारी अखिलेश पांडे ने कहा कि सभी ग्राम प्रधान पराली दहन की घटनाओं को लेकर लोगों को जागरूक करें कृषि विभाग द्वारा जो भी योजनाएं चलाई जा रही हैं उनका लाभ पात्रों को दिलवाए। लखनऊ से आए प्रशिक्षकों ने प्रधानों को समितियों के गठन और उनके कामकाज के तरीके बताए।इस मौके पर एडीओ पंचायत ओपी दुबेए प्रधान ललित सिंह रविशंकर मिश्र समेत कई प्रधान मौजूद रहे।



नवनिर्वाचित प्रधानों को प्रशिक्षण देते हुए

# 16 से 30 सितंबर तक चलेगा आपके द्वार आयुष्मान 2.0 पखवाड़ाः सीएमओ

संवाददाता। अमेठी

● इस योजना के अंतर्गत इंपैनल्ड राजकीय तथा प्राइवेट चिकित्सालयों में निशुल्क चिकित्सा उपचार प्रदान किया जाता है

**प्रधानमंत्री जन** आरोग्य योजना आयुष्मान भारत एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के आयुष्मान कार्ड विहीन लाभार्थी परिवारों को आयुष्मान कार्ड गोल्डन कार्ड उपलब्ध कराने के लिए विशेष अभियान चलाया जायेगा । इसके अन्तर्गत 16 से 30 सितंबर तक विशेष आपके द्वार आयुष्मान 2 अभियान चलाया जाएगा। इस आशय की जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आशुतोष दुबे ने मीडिया से मुखातिब होते हुए दी। उन्होंने बताया कि इस योजना के अंतर्गत सामाजिकए जातिय एवं आर्थिक जनगणना के अनुसार चिन्हत आर्थिक रूप से पिछड़े परिवारों को रुपये 05 लाख तक प्रतिवर्ष प्रति परिवार का स्वास्थ्य बीमा योजना के माध्यम से प्रदान किया गया है। उन्होंने बताया कि इस योजना अंतर्गत 1500 से अधिक बीमारी एवं 2700 अस्पताल चिन्हित हैंए जिसमें श्वास रोग हृदय रोग गुर्दा रोग पेट रोग अस्थि रोगए मस्तिष्क सामान्य जटिल सर्जरी एवं मेडिसिन के केसेज इत्यादि को कवर किया गया है। उन्होंने बताया कि योजना से आच्छादित लाभार्थी परिवारों को निशुल्क आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराकर लाभार्थी परिवार के पंजीकृत सदस्यों के बीमार होने की स्थिति में इस योजना के अंतर्गत इंपैनल्ड राजकीय तथा प्राइवेट चिकित्सालयों में निशुल्क चिकित्सा उपचार प्रदान किया जाता है। उन्होंने बताया कि जनपद अमेठी में लाभार्थी परिवारों की संख्या 132856 है तथा कुल लाभार्थियों की संख्या 664280 है जिनमें से अब तक 132856 लाभार्थी परिवारों के सापेक्ष 73412 परिवारों को निशुल्क आयुष्मान कार्ड तैयार कर उपलब्ध कराया जा चुका है तथा अब तक जनपद में कुल 206012 आयुष्मान कार्ड वितरित किए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में समस्त ब्लॉक स्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों तथा कॉमन सर्विस सेंटर पर प्रतिदिन निशुल्क आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि अवशेष लाभार्थी परिवारों को निशुल्क आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराने हेतु दिनांक 16 से 30 सितंबर तक आपके द्वार आयुष्मान 2.0 पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है जिसमें गांव स्तर पर टीमें भेजकर निशुल्क आयुष्मान कार्ड तैयार कराकर लाभार्थियों को उपलब्ध कराया जाएगा।

## क्विक न्यूज

### गौशालाओं में गोवंशों के रखरखाव हेतु डाक्टर व नोडल अधिकारी नियुक्त

**लालगंज,रायबरेली।** गौशालाओं में बंद मवेशियों के उपचार, चारा,पेयजल आदि की सुचारू व्यवस्था को लेकर उपजिलाधिकारी विजय कुमार ने पशुचिकित्सकों व नोडल अधिकारियों को नामित किया है। एसडीएम द्वारा जारी किए गए पत्र में उल्लेख किया गया है कि लालगंज के गोविन्दपुर वलौली गांव स्थित गौशाला में बंद मवेशियोंका उपचार डा.कणवीर सिंह,खजुरगांव में डा.त्रिशूल सिंह,सरेनी के कोडरा में डा.श्रद्धा, सिंघौरतारा में डा.राजनारायण, चकचोरइहा में डा.आलोक सचान, खीरों के मेरूई, अकोहरिया व गोनामऊ में डा.पंकज कुमार मवेशियों का उपचार करेंगे। वहीं खजुरगांव में एडीओ पंचायत लालगंज, कोडरा में बीडीओ सरेनी,सिंघौरतारा में एडीओ क्वापरेटिव सरेनी, चकचोरइहा में एडीओ पंचायत सरेनी, मेरूई में बीडीओ खीरों, अकोहरिया में तहसीलदार लालगंज व गोनामऊ में नायब तहसीलदार खीरों को नोडल अधिकारी नामित किया गया है।गोविंदपुर वलौली गौशाला के नोड़ल अधिकारी स्वयं एसडीएम रहेंगे।

### एमसीएफ में राजभाषा पखवाड़ा का आयोजन



**रायबरेली।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में दिनांक 01.09.2021 से 14.09.2021 तक राजभाषा पखवाड़ा का आयोजन किया गया। राजभाषा पखवाड़ा 2021 के दौरान राजभाषा के प्रचार प्रसार एवं क्रियान्वयन हेतु विभिन्न कार्यक्रम सम्पन्न हुए। इसी क्रम में दिनांक 14.09.2021 को हिंदी दिवस के अवसर पर राजभाषा विभाग आरेडिका कि देख.रेख में वृहत स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया और दिन भर कारखाना एवं प्रशासनिक भवन में सभी विभागों में अनेक प्रतियोगिताएं एवं कार्यक्रम आयोजित किए गए। महाप्रबंधक ने राजभाषा के शुभ अवसर पर संदेश दिया की श्हम यह दृढ़ संकल्प लें कि हम सभी अपना अधिकाधिक कार्य पूरे उत्साहए लगन और गर्व के साथ राजभाषा हिंदी में करेंगेंश् साथ ही हिंदी दिवस के अवसर पर सभी को हार्दिक शुभकामनायें भी दी।आज पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया जहाँ मुख्य राजभाषा अधिकारी के द्वारा उपस्थित सभी कर्मचारियो एवं अधिकारियों को राजभाषा प्रतिज्ञा दिलाई गई। राजभाषा पखवाड़ा के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले विजेता कर्मचारियों एवं अधिकारियों को मुख्य सतर्कता अधिकारी एवं मुख्य राजभाषा अधिकारी श्री एमके अग्रवाल ने प्रशस्ति.पत्र एवं नकद पुरस्कार से सम्मानित किया।

### आज पहुचेंगे राज्यमंत्री उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम लिमिटेड श्रावस्ती

**श्रावस्ती।** भिनगा राज्यमंत्री उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम लिमिटेडए लखनऊ बाबूराम निषाद 16 सितम्बर को अपरान्ह 1 बजे सिविल लाइन स्थित डाक बंगला भिनगा में पहुँचेंगे तथा अपरान्ह 1 बजकर 45 मिनट पर विभागीय समीक्षा बैठक करेंगेए अपरान्ह 2 बजे भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक करेंगे इसके बाद 4 बजे सिरसिया स्थित विभूतिनाथ मन्दिर में दर्शन करेंगे वहां से सायं 5 बजकर 30 मिनट पर सुहेलवा गेस्ट हाउसए भैसारी नाला नेपाल बार्डर का भ्रमण करेंगे। सायं साढ़े 7 बजे सिविल लाइन डाक बंगलाए भिनगा पहुंचकर रात्रि विश्राम करेंगे। तदोपरान्त 17 सितम्बर को पूर्वान्ह सवा दस बजे बीजेपी सभासद एडवोकेट प्रमोद निषाद के सिविल लाइन स्थित निषाद फार्म हाउस पर मछुआरा समाज के साथ बैठक करेंगें। इसके पश्चात दोपहर 12 बजे कटरा श्रावस्ती स्थित बौद्ध विहार भ्रमण कर जनपद बलरामपुर के लिए प्रस्थान कर जायेंगे।

### दुष्कर्म का अभियुक्त गिरफ्तार .

**श्रावस्ती।** पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक बी0सी0 दूबे के नेतृत्व में थाना मल्हीपुर प्रभारी विक्रमादित्य मय टीम द्वारा मुकदमा अपराध संख्या 257ध2021 धारा 457ए 376 भादवि से संबंधित वांछित अभियुक्त पहलवान पुत्र रहमत अली निवासी मदरहवा दाखिला दमोदरा थाना मल्हीपुर जनपद श्रावस्ती को मदरहवा से मल्हीपुर जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार कर अग्रिम कार्यवाही की तैयारी कर रहे हैं।

# प्रयागराज से दहशतगर्दों के संपर्क में आया था मूलचंद

संवाददाता। ऊंचाहार (रायबरेली)

**देश** के विभिन्न शहरों में दहशतगर्दी फैलाने की कोशिश में गिरफ्तार हुआ ऊंचाहार का मूलचंद व शाजू लाला बीते चंद महीनों में ही अतांकवादियों के संपर्क में आया था । इससे पहले वह गांव में ही रहकर मेहनत मजदूरी करता था । रुपए कमाने की लालसा उसे अतांकियों के संपर्क में ले गई और वह देश से गद्दारी के विदेशी साजिश में फंस गया था ।

एटीएस द्वारा गिरफ्तार किए गए क्षेत्र के सलीमपुर भैरों गांव निवासी मूलचंद एक गरीब परिवार से है । दो भाईयों में सबसे बड़ा मूलचंद के परिवार में उसकी पत्नी के अलावा एक पुत्र और एक पुत्री है । हाल ही सम्पन्न हुए पंचायत चुनाव से पहले वह गांव के प्रधान के साथ मिलकर उनका कामकाज देखता था और मनरेगा के कार्यों में मुंशीगीरी करता था । किन्तु चुनाव में गांव में नया प्रधान चुने जाने के बाद वह इधर उधर काम की तलाश करता था । ग्रामीण बताते है कि उसे शराब और गांजे की लत थी । जिसके लिए वह रुपयों की तलाश किया करता था । इस बीच उसका प्रयागराज रिश्तेदारी में आना जाना अधिक हो गया था । उसके बाद उसकी माली हालत सुधरने लगी थी । ऐसा अनुमान लगाया जाता है कि वह प्रयागराज में ही किसी ऐसे गैंग के संपर्क में आया था , जहां से उसे न सिर्फ रुपयों की जरूरत पूरी होने लगी थी , अपितु वह राष्ट्र विरोधी कार्यों में संलिप्त हो गया था । एटीएस व अन्य जांच एजेंसियां अभी उसके अन्य सुराग तलाश रही है । किन्तु गांव के लोगों की माने तो उसका दहशतगर्दी से रिश्ता मात्र कुछ ही महीनों पहले जुड़ा था । क्योंकि उससे पहले वह गांव में ही रहता था । मूलचंद के साथ पूरे परिवार की बदल गई थी रंगत

आतंकी साजिश में गिरफ्तार किए गए मूलचंद उर्फ शाजू के परिवार की रंगत कुछ माह से बदल गई थी । उसके गांव के लोग बताते है कि जो व्यक्ति मनरेगा का श्रमिक रहा हो , अचानक उसके पास धन की वर्षा होने लगी थी । जिससे न सिर्फ मूलचंद का रहन सहन बदल गया था अपितु उसकी पत्नी और बच्चों की भी रंगत बदल गई थी ।



इधर कुछ महीनों से उसकी पत्नी व बेटा कीमती मोबाइल फोन लेकर गांव में घूमा करते थे । अचानक आए बदलाव को लेकर गांव के लोग चकित अवश्य थे , कितू किसी को यह आशंका नहीं थी कि वह देश से गद्दारी करने वाले गैंग का सदस्य बन चुका है ।

**रात में देता था काम को अंजामः** ऐसा समझा जा रहा है कि ऊंचाहार का मूलचंद अतांकवादियों को विस्फोटक आपूर्ति का हिस्सा रहा है । इसके लिए उसे अच्छी खासी रकम मिलती थी । यह काम वह रात में करता था । ग्रामीणों की माने तो वह अक्सर रात में एक या दो बजे उठकर कहीं जाता था । और फिर सुबह सात आठ बजे तक वापस आ जाता था । उसके बाद वह दिन भर गांव में ही रहता था । इसलिए जब उसकी गिरफ्तारी हुई तो गांव के हर ग्रामीण को यह बात समझ में नहीं आ रही थी कि आखिर यह पूरे दिन गांव में रहने वाला व्यक्ति आतंकियों से कैसे जुड़ा था।

**हाल ही में एक सप्ताह लखनऊ में रुका था मूलचंदः** कुछ दिन पूर्व मूलचंद लखनऊ गया था । जहां करीब एक सप्ताह रुककर गांव आया था । वापस आने के बाद उसने गांव के लोगों को बताया था कि लखनऊ में वह जमीन की प्लाटिंग का काम करने लगा है । इधर उसके पास धन का आगमन शुरू हो चुका था , इसलिए ग्रामीणों ने उसकी बात पर सहज ही विश्वास कर लिया था ।

**बिजली कर्मी बनकर मूलचंद के घर पहुंची थी एटीएसः** ऊंचाहार में आतंकी गैंग का सुराग लगने के बाद एटीएस ऊंचाहार आ गई थी । और एटीएस की टीम ने यहां करीब दस दिन तक रुककर मामले में सुरागरसी कर रही थी । यहीं नहीं सलीमपुर भैरों गांव में एटीएस मूलचंद को तलाश रही थी , जबकि गांव में अधिकतर लोग उसे शाजू लाला के नाम से जानते थे , इसलिए एटीएस को थोड़ी दिक्कत हो रही थी । उसके बाद एटीएस के लोग बिजली कर्मी बनकर गांव में घर घर बिजली का बिल चेक करने लगे थे , बिजली बिल चेकिंग के दौरान मूलचंद के घर का पता एटीएस को मिल गया था। इसके बाद भी एटीएस ने सीधे मूलचंद पर हाथ नहीं डाला। पुलिस टीम उसकी हर गतिविधि का कई दिनों तक आंकलन करती रही। वह कहां जाता है , भागने की दशा में वह कहां छिप सकता है? इन सारी संभावनाओं के एक एक विंदू पर मंथन के बाद एटीएस ने आप्रेशन को अंजाम दिया। यही कारण रहा कि दबिश के दौरान जिस घर में भागकर मूलचंद घुसा था , वहां पहले से ही एटीएस मौजूद थीं और वह आसानी से पुलिस के हत्थे चढ़ गया। दबिश के दौरान एटीएस के अधिकारियों ने उक्त बातें स्थानीय पुलिस से बताई थी। जिसे ग्रामीणों ने भी सुना था।

## परिजनों को भी ऐसी गतिविधि की नहीं थी आशंका

**रायबरेली।** दिल्ली पुलिस द्वारा आंतकी मॉड्यूल का खुलासा होने के बाद एटीएस द्वारा रायबरेली जिन दो लोगों को पकड़ा गया हैं वह ऊंचाहार के अकोढिया गांव के निवासी हैं और आपस मे दोस्त हैं। अभी तक जो जानकारी सामने आई है उनमें मूलचंद लाला बेहद शातिर है, साधारण पृष्ठभूमि से आने वाला लाला इंटर तक पढ़ा है, गांव में उसे लोग साजू नाम से जानते हैं।घर मे पत्नी के अलावा दो बच्चे हैं और खेती ही उसकी आय का जरिया है।हालांकि एटीएस द्वारा पकड़े जाने से उसके परिजन व गांव वाले भी हैरान हैं और किसी को उसकी आतंकी गतिविधियों की भनक तक नहीं थी।लाला के परिचितों के अनुसार वह दो साल पहले तक गांव में मनरेगा में मुंशीगीरी का काम करता था,लेकिन एटीएस की गिरफ्तारी के बाद उसके विषय मे जो जानकारी सामने आ रही है वह बेहद चौकाने वाली है।दिल्ली पुलिस ने दावा किया है कि मूलचंद लाला मुम्बई के एक माफिया अनीस इब्राहीम के सीधे संपर्क में था और उसी ने मुम्बई के जान मोहम्मद शेख उर्फ समीर कालिया से उसका संपर्क कराया था।दावा है कि लाला को एक हैंडलर के रूप में इस्तेमाल करना था।लाला के लिए जिम्मेदारी थी कि वह अवध के जिलों में लोकेशन ट्रैस करके अपने खरतनाक मंसूबों को अंजाम देना था।जान मोहम्मद शेख को भी मुम्बई से गिरफ्तार किया जा चुका है।लाला के विषय मे स्थानीय स्तर पर जो जानकारी मिली है उसके अनुसार वह अक्सर घर से कुछ दिनों के लिए गायब हो जाता था,पूछने पर बताता था इस समय लखनऊ में प्रॉपर्टी डीलिंग का व्यवसाय कर रहा है।अंदर खाने से जो जानकारी आ रही है उसके अनुसार लाला के तार मुम्बई गए लोगों से उसके सीधे संपर्क हो सकते हैं।संभावना है कि मूलचंद लाला का काम हैंडलर का था,इसके अलावा जो जानकारी आई है कि मूलचंद लाला का प्रायगराज काफी आना जाना रहा है और आशंका है कि उसके तार इन लोगों से जुड़े हो सकते हैं।लाला के घर मे पत्नी सुधा और सो एक बेटा व बेटी हैं जो नवीं व ग्यारहवीं में पढ़ते हैं।हालांकि मूलचंद लाला की पत्नी सुधा और भाई पुत्तू का कहना है कि मूलचंद बेहद साधारण इंसान है और घर पर ही खेती करता है।वह एंड्रॉयड फोन तक इस्तेमाल नही करता है,पुलिस के इस दावे उन्हें भरोसा नहीं है। इसके अलावा एटीएस द्वारा हिरासत में लिया गया दूसरा युवक मो फ़हीम मुम्बई में रहता है और उसका पूरा परिवार भी काफी पहले से वहां है।हालांकि दो सालों से फ़हीम गांव में ही है। एटीएस अभी मो फ़हीम के विषय मे जानकारी कर रही है और उसका खुलासा नहीं किया गया है।फ़हीम के पिता जब्बार शेख ने बताया कि पुलिस सुबह बेटे को ले गई है और किसी आंतकी गतिविधियों में उसका हाथ नहीं है।

# गांजा के अवैध कारोबार के आरोप में तीन को भेजा जेल

**लालगंज,रायबरेली।**कस्बे में एक किराना की दुकान से बिक रहे गांजा की जानकारी मिलते ही पुलिस ने छापेमारी की और तीन लोगों को पकड़ा। उनके पास से 1किलो900 ग्राम गांजा समेत 87200 रूपये, अवैध तमंचा व कारतूस बरामद हुए। उल्लेखनीय है कि नगर के घोसियाना मोहल्ला स्थित रिंकू गुप्ता की परचून की दुकान से गांजा बिक्री होने की सूचना पुलिस को मिली थी। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर छापेमारी की तो वहां पर कुलदीप गुप्ता उर्फ रिंकू,संदीप गुप्ता उर्फ टिंकू तथा अमित गुप्ता उर्फ लाला पुत्रगण बुद्धीलाल गुप्ता बैठे मिले। कोतवाल जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि कुलदीप गुप्ता उर्फ रिंकू के पास से 1200 ग्राम गांजा समेत गांजा बिक्री का 42500 रूपया, संदीप उर्फ टिंकू के पास से 700 ग्राम गांजा व बिक्री का 20500 रूपया तथा अमित गुप्त उर्फ लाला के पास से 315 बोर का एक तमंचा, चार कारतूस व 24200 रूपये बरामद हुआ है। गांजा मिलने के चलते मौके पर सीओ डा.अंजनी कुमार चतुर्वेदी व नायब तहसीलदार चंद्रप्रकाश पांडेय भी मौजूद रहे।कोतवाल ने बताया कि पकड़े गए लोगों के विरूद्ध धारा 8/20एनडीपीएस एक्ट समेत धारा 3/25 शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### कर्मभूमि में हुई विकास सिंह की अंत्येष्टि,उमड़ा जनसैलाब'

**छतोह, रायबरेली।** राना बेनी माधव सिंह संयुक्त जिला चिकित्सालय रायबरेली में मंगलवार की देर रात जयमूर्ति सिंह इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य 35 वर्षीय विकास सिंह की मृत्यु हो गई। वे स्वतंत्र कवि मण्डल साँगीपुर के संरक्षक यज्ञ नारायण सिंह के कनिष्ठ पुत्र थे। दुर्घटना में हुई मौत की खबर से गृह जनपद प्रताप गढ़ में भी शोक की लहर दौड़ गई।

# प्राथमिक शिक्षक संघ ने दिया धरना

संवाददाता बछरावां रायबरेली



**उत्तर प्रदेशीय** प्राथमिक शिक्षक संघ के नेतृत्व में ब्लॉक संसाधन केंद्र बछरावां के परिसर में शिक्षक/शिक्षिकाओं ने अपने 21 सूत्रीय मांगों को लेकर धरना दिया और अपना ज्ञापन मुख्य सचिव शासन को पंजीकृत डाक के माध्यम से भेजा धरने को पदाधिकारियों ने संबोधित किया और मांग ना पूरी होने पर भविष्य की रणनीति बनाते हुए आंदोलन की चेतावनी दी। प्राथमिक शिक्षक, शिक्षामित्र,अनुदेशक रसोइया आंगनबाड़ी कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय शिक्षिका द्वारा ब्लॉक संसाधन केंद्र पर मंगलवार को एक दिवसीय धरना दिया गया इस दौरान अपने इक्कीस सूत्रीय मांगो मैं प्रमुख मांगे पुरानी पेंशन बहाली कैशलेस चिकित्सा एसीपी उपार्जित अवकाश द्वितीय शनिवार के अवकाश की मांग प्रत्येक कक्षा पर अध्यापक शिक्षकों का अंतर्जनपदीय स्थानांतरण शिक्षा मित्रो को स्थाई शिक्षक बनाने की मांग आंगनबाड़ी और रसोइयों के मानदेय में वृद्धि मृतक शिक्षामित्र एवं अनुदेशक के पाल्यो को नौकरी देने संबंधित मांगे रखी गई धरना को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष आशुतोष शुक्ल ने कहा कि सरकार की तरफ से शिक्षकों के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है उनकी समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ तो धरना प्रदर्शन विशाल रुख अपनाएगा।संघ के मंत्री उमेश कुमार व ब्लाक के वरिष्ठ उपाध्यक्ष लोकतंत्र शुक्ल ने भी धरने को सम्बोधित किया। तेज बारिश के बावजूद शिक्षक साथियों ने धैर्य नहीं खोया और अपनी मांगों के समर्थन में धरना स्थल पर डटे रहे और संगठन को आश्वस्त किया कि जब भी शिक्षक हित में धरना प्रर्दशन होगें धरना प्रर्दशन में उपस्थित रहूंगा।धरने में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष आशुतोष शुक्ल नीतू सिंह अनीता वर्मा रेणु वर्मा गायत्री देवी रश्मि राम प्रकाश राम रतन दीपक पांडेय अमित शुक्ल उमेश कुमार शांत कुमार सिंह द्वितेंद्र कुमार राजेंद्र प्रसाद शर्मा प्रशांत त्रिवेदी पर्वेक्षक धर्मेन्द्र अवस्थी शैलेन्द्र कुमार वर्मा शिखा मीरा उषा शशिलेश कुमारलोकतंत्र शुक्ल सहित अन्य शिक्षक/शिक्षिकाएं उपस्थित रहें।

### दहेज हत्या का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य द्वारा जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक बी0सी0 दूबे व क्षेत्राधिकारी भिनगा हौसला प्रसाद के नेतृत्व में थाना प्रभारी विक्रमादित्य थाना मल्हीपुर द्वारा मुकदमा अपराध संख्या 0229ध2021 धारा 498 ए 304 ठए 201ए504ए506 आईपीसी व 3ध4डी0 पी0 एक्ट से संबंधित वांछित अभियुक्त संजय निषाद पुत्र बाबादीन उर्फ हग्गू निवासी परसा दा0 परसाडेहरिया थाना मल्हीपुर जनपद श्रावस्ती को मुखबीर की सूचना पर कानीबोझी चौराहा से गिरफ्तार किया गया।

# सीएम ने वर्चुअल संवाद कर प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का किया शुभारम्भ

● जनपद की दो सड़कें हाट मिक्स पद्वति से बना शेष 26 मार्गो का कार्य है शुरू

संवाददाता। संतकबीरनगर



एनआईसी में उपस्थित राज्यमंत्री श्रीराम चौहान एवं जिला पंचायत अध्यक्ष बलिराम यादव तथा अधिकारीगण

**मुख्यमंत्री योगी** आदित्यनाथ ने बुधवार को वर्चुअल संवाद के बाद जिला पंचायत संतकबीरनगर द्वारा हाट मिक्स पद्वति से निर्मित सम्पर्क मार्ग पर लेपन कार्यो का लोकार्पण किया। एनआईसी के वीसी में राज्यमंत्री श्रीराम चौहान, जिला पंचायत अध्यक्ष बलिराम यादव, मुख्य विकास अधिकारी अतुल मिश्र, अपर मुख्य अधिकारी अशोक कुमार मद्वेशिया सहित अन्य विभागो के अधिकारी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का शुभारम्भ किया। उन्होंने जिला पंचायत अध्यक्षो से वर्चुअल संवाद कर कहा कि उनके नये कार्यकाल में उन्हें विशेष रूप से ग्रामीण अंचलो के विकास कार्यो पर विशेष ध्यान रखना होगा। ग्रामवासियों की मूलभूत सुविधाए आसानी से गुणवत्ता के साथ मिले इसका ध्यान रखे। उन्होंने प्रदेश के कई ग्रामीण आंचलो के सड़को का लोकार्पण किया। वर्चुअल मीटिंग सम्पन्न होने के बाद अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत अशोक कुमार मद्वेशिया ने बताया कि जनपद में डब्लूबीएम स्तर पर कुल 28 मार्गो का निर्माण कार्य शुरू हुआ है। जिसमें दो मार्गो का कार्य पूर्ण हो गया है। उन्होंने बताया कि हैंसर ब्लाक के एक किलोमीटर की सड़क परसहा पूर्वी बसन्तपुर से घोरांग तक हाट मिक्स पद्वति से निर्मित सम्पर्क मार्ग का कार्य पूर्ण हुआ है। इसकी लागत 61 लाख रूपये है। इसी तरह रोपिन कटार मिश्र से मंझरिया हरिजन बस्ती तक 435 मीटर की सड़क पिच रोड कम्पलीट हुआ जिसकी लागत 25 लाख 74 हजार है। उन्होने बताया कि इन सड़को की गुणवत्ता का सत्यापन किया गया है सड़के लगभग 10 वर्षो तक क्षतिग्रस्त नही होती है। इनके किनारे-किनारे सफेद पट्टी भी लगायी गई है। अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत अशोक कुमार मद्वेशिया ने बताया कि शेष 26 मार्गो पर गिट्टी का कार्य किया जा चुका है। भारी बारिश के कारण सड़क निर्माण कार्य नही हो रहा है। बरसात खत्म होते ही अक्टूबर माह के आखिरी सप्ताह से उन 26 मार्गो का भी निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराया जायेगा।

# लापरवाही करने वाले विवेचकों के खिलाफ करें कार्यवाही:आईजी

● पुलिस अधीक्षकों के साथ आईजी रेंज बस्ती ने बैठक कर दिया निर्देश

संवाददाता। संतकबीरनगर



बैठक में उपस्थित बस्ती, संतकबीरनगर व सिद्वार्थनगर के पुलिस अधीक्षक

**पुलिस महानिरीक्षक** बस्ती परिक्षेत्र बस्ती अनिल कुमार राय द्वारा शिविर कार्यालय में परिक्षेत्रीय जनपदों के पुलिस अधीक्षकों के साथ अपराध नियंत्रण एवं कानून व्यवस्था व आगामी त्यौहारों की समीक्षा मंगलवार की देर शाम की गयी। उन्होंने गोष्ठी में सम्मिलित सभी पुलिस अधीक्षकों से जनपद की कानून-व्यवस्था के बारे में जानकारी प्राप्त की। सभी को निर्देशित किया कि सभी थानों में लंबित समस्त प्रकार की विवेचनाओं को निश्चित समयावधि में निस्तारित करा लें। विवेचना निस्तारण में लापरवाही करने वाले विवेचकों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। उन्होंने परिक्षेत्र के जनपदों को नशा मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत जनपद के पुलिस अधीक्षक अपने अपने जनपद में एंटी ड्रग्स टास्क फोर्स टीम का गठन करके नशे के व्यापारियों के खिलाफ धरपकड़ कर उनके खिलाफ आवश्यक कार्यवाही की जाय, नशा मुक्ति जनजागृति कार्यशालाओं का सचालन तथा नशे के आदि रोगियों को नशा मुक्त करके समाज की मुख्य धारा से जोड़ते हुए परिक्षेत्र को नशा मुक्त किया जाय। आई0जी0 रेंज ने कहा कि मिशन शक्ति के तीसरा चरण के तहत नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन के प्रति महिलाओं एवं बालिकाओं में सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से सभी पुलिस अधीक्षक अपने-अपने जनपद में टीम गठित कर गावं - गावं एवं मोहल्लों में चौपाल लगाकर, स्कूल कालेजों में जाकर महिलाओं/छात्राओं को स्वावलम्बी, उनमें सुरक्षित परिवेश की अनुभूति, जनजागरूकता, आत्मरक्षा की कला पैदा करने के लिए, सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों 1090 (वूमेन पावर लाइन), 181 (महिला हेल्प लाइन), 108 (एम्बुलेंस सेवा), 1076 (मुख्यमन्त्री हेल्पलाइन), 112 (पुलिस आपातकालीन सेवा), 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन), 102 (स्वास्थ्य सेवा), आदि सम्बन्ध में जानकारी देकर जागरुक किया जाय। बैठक में पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर डॉ0 कौस्तुभ, पुलिस अधीक्षक बस्ती आशीष श्रीवास्तव व पुलिस अधीक्षक सिद्वार्थनगर यशवीर सिंह उपस्थित रहे।

## फांसी लगा कर युवक ने की आत्महत्या

**फतेहपुर।** ललौली थाना क्षेत्र के कस्बा बहुआ मोहल्ला शास्त्री नगर में सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में एक लगभग 35 वर्षीय युवक ने घर के अंदर फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार कस्बा बहुआ के मोहल्ला शास्त्री नगर निवासी स्व0 शिवराम का पुत्र दिनेश ने सुबह घर के अंदर पंखे में गमछे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों की नजर जब पड़ी तो घर में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची। समाचार लिखे जाने तक आत्महत्या का कारण ज्ञात नहीं हो सका है।

# ...आखिर खुल ही गया 'एक्सपायरी' दवाओं का 'खेल'

● मरीजों को देने के बजाए लाखों के एक्सपायर दवाओं को कूड़े में फेका

● होहल्ला मचने पर आनन-फानन में दवाओं को ही जला दिया

संवाददाता। बस्ती




**...आखिकार जिला** अस्पताल में उस खेल का खुलासा हो ही गया, जिसमें यहां के स्टोर इंचार्ज डा. रामप्रकाष एवं चीफ फार्मासिस्ट आरएन सिंह को इसके लिए जिम्मेदार माना जा रहा हैं, और इन दोनों के खिलाफ सरकारी दवाओं को बर्बाद करने के आरोप में कार्रवाई करने की भी मांग हो रही है। अस्पताल के कूड़ेदान से ऐसी दवाएं मिली, जो तीन माह पहले एक्सपार हो चुका है। होहल्ला होने पर आनन-फानन में सारी दवाओं को मौके पर ही जला दिया गया, इनमें सोडिएम क्लोराइट 10 एमएलत्र इंजेक्षन भी है, जिसे वीआईपी को इमरजेंसी में दिया जाता है, और यह काफी महंगीं दवाएं षामिल है। इस इंजेक्षन का इस्तेमाल हार्ट अटैक के दौरान मरीज को लगाया जाता है। इसके अतिरिक्त गैस और आयरन सहित अन्य दवाएं भी हैं, जिसे जलाया गया या नष्ट कर दिया गया। 'पायनियर' ने दो दिन पहले यह बताया कि अस्पताल में एक्सपायरी दवाओं का कोई भी रिकार्ड नहीं हैं, जिसके चलते लाखों की दवाओं को या फेक दिया जाता है, या फिर जला दिया जाता है। प्रभारी एसआईसी डा. रामप्रकाष ने भी माना था, कि अब से रिकार्ड रखा जा रहा है। कूड़े में एक्सपायर दवाओं के फेके जाने के बावत उन्होंने वे सभी दवाओं के रैपर है, जब कि स्पष्ट नजर आ रहा है, कि दवा है।जिले के नोडल अधिकारी के निरीक्षण के दौरान इस बात का पता चला था कि अस्पताल में एक्सपायरी दवाओं का कोई भी लेखा-जोखा उपलब्ध नहीं हैं, कौन सी दवाएं कब एक्सपायर हो रही है, और कौन सी नहीं, और किन दवाओं की खपत है, तक की जानकारी स्टोर इंचार्ज एवं चीफ फार्मासिस्ट को नहीं हैं। जबकि नियमानुसार छह माह के भीतर एक्सपायर होने वाले दवाओं की जानकारी एडी हेल्थ, सीएमओ एवं अस्पतालों के सीएमएस को देना चाहिए, ताकि उन दवाओं को समय रहते अन्य अस्पतालों में खपाया जा सके। इन दवाओं की जानकारी पोर्टल पर भी अपलोड करने की व्यवस्था है। मगर, न तो रजिस्टर बनाए जा रहें हैं, और एक्सवायर होने वाले दवाओं की सूची को ही पोर्टल पर अपलोड किया जा रहा है। मानिटरिंग तक नहीं हो रही है, जिसका नतीजा लाखों रुपये के एक्सपार दवाओं को या तो कूड़े में फेक दिया जाता है, या फिर उसे जला दिया जाता है, और वही हुआ जिसकी संभावना थी। वर्तमान में 'बीपी' की जो दवाएं दी जा रही है, वह इसी माह एक्सपायर हो रहा।

# ...फिर खुली आशा की पोल, 50 हजार में बच्चे को बेचा

● पुलिस के हत्थे चढ़ी आशा पूजा, प्रमोद पांडेय व प्रीति पांडेय

● मालवीय रोड के एसएस मेडिकल सेंटर से चुराया गया बच्चा

संवाददाता। बस्ती



**महिला अस्पताल** में आषा के आंतक से पूरा अस्पताल प्रषासन रहता हैं, आए दिन गर्भवती महिलाओं को बरगला कर प्राइवेट नर्सिगं ले जाकर आपरेषन और बाहर अल्टासाउंड कराने से लेकर गरीब महिला मरीजों का इलाज के बहाने आर्थिक षोषण करने जैसी घटनाएं आए दिन होती रहती है। प्राथमिक स्वास्थ्य क्रेद्रों पर तैनात यह आषा सरकारी काम के आलावा वे सारे काम करती है, जिन्हें गैरकानूनी और नियम विरुद्व रहता है। पूजा नामक आषा के द्वारा धन के लालच में दलित महिला के बच्चे को चुराकर पचास हजार में बेच देने का यह पहला मामला सामने आया है। पुलिस ने बुद्यवार को इसका खुलासा एडिषनल एसपी दीपेंद्र नाथ चौधरीने करते हुए बताया कि बच्चा खरीदने वाले पति-पत्नी और आषा को बच्चे के साथ गिरफ्तार कर उन्हें जेल भेज दिया गया है।

आषा के आंतक से परेषान महिला अस्पताल की सीएमएस डा. सुषमा सिन्हा का कहना है कि अस्पताल के गेट के बाहर पीपील के पेड़ और अस्पताल के भीतर ऐसे 15 से लेकर 20 आषा दिखाई देंगी, जो गरीब महिलाओं को बरगलाकर नर्सिगं होम में डिलीवरी करवाती है, जहां से अच्छी खासी रकम मिलती हैं। इतना ही नहीं यह आषा अल्टासाउंड के नाम पर इच्छित महिलाओं को कराने ले जाती है, यहां भी इन्हें कमीषन मिलता है। हालांकि इसमें अस्पताल के लोगों की मिलीभगत रहती है। कहती है कि इनकी तैनाती के पीछे सरकार की मंषा स्वास्थ्य से संबधित सारी योजनाओं की जानकारी गांव की महिलाओं को देना और उससे होने वाले लाभ के बारे में बताना, नवदम्पत्ति का रजिस्टर बनान, जीरो से दो साले के बच्चों को नियमित टीकाकरण करवाना, नवदम्पत्ति को एक बच्चा होने के बाद उन्हें परिवार नियोजन के बारे में बताना, नसबंदी करवाना, गांव से गर्भवती महिलाओं को अस्पताल तक लाना इनके ड्यूटी में षामिल है।बच्चा चोरी का खुलासा करते हुए एएसपी ने बताया कि थाना वाल्टरगंज के भरवलिया निवासी दलित इंद्रेष ने मुकदमा दर्ज कराया, जिसमें उन्होंने पत्नी छाया को एसएस मेडिकल सेंटर में डिलीवरी के लिए भर्ती करवाया। 14 सितंबर 21 को बेटा पैदा हुआ। बेटा पैदा होने पर सभी प्रसन्न थे। बताया कि दूर की रिष्तेदार पूजा जो कि आषा पद पर कार्यरत है, वह भी बच्चे को देखने आई थी। वह बच्चे को खेला रही थी, चूंकि आपरेषन के बाद पत्नी बेहोष थी, इस लिए मौका पाकर आषा बच्चे को चुरा ले गई। बताया कि प्रमोद पांडेय और उसकी पत्नी प्रीति पांडेय के 11 साल बाद भी कोई बच्चा नहीं हुआ, पति झांडफूंक का काम करता है। आषा से 50 हजार में बच्चे का सौदा हुआ था, पांच हजार एडवांस भी दिया।

# पोषण पंचायत कार्यक्रम का राज्य महिला आयोग सदस्य ने किया उद्घाटन

संवाददाता। फतेहपुर

**विकास खंड** परिसर हसवा/तेलियानी में सदस्य राज्य महिला आयोग श्रीमती अनीता सचान ने पोषण पंचायत कार्यक्रम का फीता काटकर, दीप प्रज्वलित कर माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर गोद भराई, अन्न प्राशन भी उनके द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार के मंशा के अनुरूप बच्चो और गर्भवती महिलाओं, धात्री महिलाओ, किशोरियों को पोषण स्तर में सुधार लाये जाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय पोषण माह 30 सितम्बर तक आयोजित किया जायेगा। कुपोषण छोड़ पोषण की ओर, थामे क्षेत्रीय भोजन की डोर महिलायें बहनों अपने व अपने बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति सजग रहे। शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता के प्रति जागरूक बने। जिससे परिवार का विकास हो सके। सरकार के मंशा के अनुरूप केंद्र सरकार व राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं से माताओ, बहनों को शत प्रतिशत लाभान्वित किया जाय। योजनाओं को धरातल पर स्पष्ट रूप से दिखाई देना चाहिए। आगनबाड़ी, आशाबहुए, महिलाओं को जागरूक करके योजनाओं का लाभ दिलाकर उनके विकास की सहभागी बने। जननी सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना का लाभ देने के लिए आशा, आँगनवाडी कार्यकत्री आपस मे समन्वय बनाकर महिलाओं को जागरूक करके लाभन्वित करे और बेहतर स्वास्थ्य दे। उन्होंने कहा कि महिलाओ पर होने वाले अत्याचार की शिकायत दर्ज कराने के लिए मुख्यमंत्री ने हेल्पलाइन नम्बर जारी किए है। जिसमे वुमेन पावर हेल्पलाइन 1090, घरेलू हिंसा से पीड़ितो हेतु 181 इसमे नि:शुल्क विधिक सहायता भी मिलती है और इसका ऑफिस जिला अस्पताल में है। हर थाने में महिला हेल्प डेस्क एवं एंटीरोमियो स्क्वायड, पुलिस 112, 1098 चाइल्डलाइन, एमरजेंसी के दौरान 1076 और ग्राम पंचायतो में 02 महिला आरक्षी रखी गयी हैं। महिलाएं इन नंबरों का फायदा उठा सकती है। सरकार द्वारा नारी को सशक्त बनाने के उद्देश्य से विभिन्न योजनायें चलाई जा रही है जिसमे नारी सुरक्षा, सम्मान, स्वालम्बन के तहत नारियों को सशक्त व आत्मनिर्भर बनाने, नारी से ही सृष्टि का सृजन होता है। महिलाये पोषण के प्रति लापरवाही न बरतें क्योंकि उचित पोषण न मिलने पर उनका व उनके बच्चों के विकास में काफी समस्या उत्पन्न होती है। शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता के प्रति विशेष ध्यान दे। बच्चों को शिक्षा दिलाये जिससे उनका व उनके परिवार सुखमय जीवनयापन कर सके। पोषण माह में कुपोषण के स्तर में कमी लाने हेतु पोषण से सम्बन्धि विभिन्न गतिविधियो का आयोजन करके जागरूक बनाकर महिलाओं बहनो को लाभान्वित किया जाय। कहा कि प्रत्येक गतिविधियो में सम्बन्धित अधिकारियो एवं समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित की गई हैं। उन्होने कहा पोषणमाह के तहत सरकारी स्कूलो, आवासीय स्कूलो, आँगनवाड़ी केन्द्रो, ग्राम पंचायत के अतिरिक्त पोषण वाटिका की स्थापना हेतु वृक्षारोपण लागये गए। उन्होने कहा कि पोषण वाटिका में मौसमी हरी सब्जियो को लगाया जाये ताकि गर्भवती महिलायें उसका उपयोग कर अपने स्वास्थ को स्वस्थ बना सकें। जीरो से 05 वर्ष तक के बच्चों का वजन व लम्बाई/ऊंचाई की माप के लिये सभी समुचित व्यवस्था हैं इसका लाभ महिलाओं व बच्चों को दिलाये।

इस मौके पर खंड विकास अधिकारी हसवां गोपीनाथ पाठक, जिला कार्यक्रम अधिकारी राजीव सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी हसवां जय सिंह, महिला थानाध्यक्ष नमिता सिंह, सीडीपीओ हसवां अनीता सक्सेना, मनोज कुमार, पीएचसी प्रभारी चिकित्साधिकारी हसवां एवं ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि तेलियानी सुमित तिवारी, खंड शिक्षा अधिकारी तेलियानी, सीडीपीओ तेलियानी कन्हैया लाल, अर्जुन सिंह देवमयी आदि उपस्थित रहे।

## सीएम ने किया वीसी के जरिये लोकार्पण

**फतेहपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की पीएमजीएसवाई-3 के अंतर्गत 537 के सापेक्ष 509 ग्रामीण मार्गों का जिला पंचायत द्वारा हॉटमिक्स पद्धति से निर्मित सड़कों का शुभारंभ एवं लोकार्पण किया गया। जिसमे जनपद की 450 मीटर लम्बी छिछनी चौराहा से रमवा गांव तक, 355 मीटर बहरामपुर पुल से बहरामपुर संपर्क मार्ग सम्मिलित रही। एनआईसी में वीडियो कांफ्रेंसिंग के दौरान कारागार एवं लोक सेवा प्रबंधन राज्यमंत्री सरकार जय कुमार सिंह जैकी, खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री सरकार रणवेंद्र प्रताप उर्फ धुन्नी सिंह, अध्यक्ष जिला पंचायत अभय प्रताप उर्फ पप्पू सिंह, विधायक खागा श्रीमती कृष्णा पासवान, विधायक अयाह शाह विकास गुप्ता तथा मुख्य विकास अधिकारी सत्य प्रकाश, अपर मुख्याधिकारी लालता प्रसाद वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# रेडक्रॉस सोसाइटी ने बाढ़ पीड़ितों में बांटी राहत सामग्री

संवाददाता। गोंडा



**इंडियन रेडक्रॉस** सोसाइटी द्वारा जिले की तरबगंज तहसील के धोड़हन पुरवा जूनियर हाईस्कूल पर शिविर लगाकर के 100 से अधिक बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री का वितरण किया गया। जिसमें त्रिपाल, किचनसेट, मच्छरदानी, साड़ियां, भुने हुए चने व लईया के एक-एक किलो के पैकेट, ब्रेड, बिस्कुट तथा पुराने वस्त्र आदि शामिल हैं। इस दौरान एक शिक्षक की जान बचाने वाले युवक मकरंद निषाद को रेडक्रॉस सोसाइटी की ओर से साल भेंट कर सम्मानित किया गया यह सामग्री रेडक्रास के कोषाध्यक्ष डा0 राजेश श्रीवास्तव, अवैतनिक सचिव संजय जयसवाल, डॉ0 ओंकार पाठक, सरदार जसपाल सिंह सलूजा, अफजाल अहमद, सीए पवन अग्रवाल, मो0 कासिम खान, संजय अग्रवाल, कसीम सिद्दीकी, सैयद हाकीम अली, मो0 असलम खान, आफताब अहमद, डा0 एके उपाध्याय, विवेक सरन, डा0 मलिक आलमगीर, डॉ0 दिलीप शुक्ला, अजेय विक्रम सिंह, बलवीर श्रीवास्तव डा0 मधुसूदन सिंह व डीके श्रीवास्तव आदि के सहयोग से बाढ़ पीड़ितों को प्रदान की गई। इस अवसर पर बेलसर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डा0 मेराज अहमद, तहसीलदार पैगाम हैदर, ग्राम प्रधान जगप्रसाद यादव, प्रधान अध्यापक सचल प्रकाश, भारत यादव, कमल बहादुर सिंह, थानाध्यक्ष उमरी करूणाकर पांडेय आदि मौके पर मौजूद रहे।

## डीआरएम ने किया स्टेशन का निरीक्षण

**करनैलगंज (गोंडा)।** डीआरएम मोनिका अग्निहोत्री ने बुधवार को करनैलगंज रेलवे स्टेशन का निरीक्षण कर यात्री सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मिली खामियों को शीघ्र दूर करने का निर्देश दिया। डीआरएम ने स्टेशन परिसर, बुकिंग आफिस, रेलवे कालोनी, रेल यातायात संचालन आफिस, स्टेशन अधीक्षक कार्यालय आदि का गहनता से निरीक्षण किया। उन्होंने रेल कर्मियों से कहा कि यह प्रयास किया जाय कि यात्रियों को किसी भी तरह की कोई दिक्कत न हो। बदलते मौसम को ध्यान में रखते हुए आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जाय। कोविड नियमों का पालन स्वयं एंव यात्रियों से करवाया जाये। इस दौरान सीनियर डीओएम, सीनियर डीएसटी, सीनियर डीसी, सीनियर डीईई टीआरडी सहित आरपीएफ के इंस्पेक्टर, सहायक सुरक्षा आयुक्त रेलवे सुरक्षाबल एंव स्टेशन मास्टर सहित अन्य रेलवे कर्मी मौजूद रहे।

# गंगा में डूबे एक छात्र का पांच दिन बाद मिला शव दूसरा अभी भी लापता

संवाददाता। फर्रुखाबाद

गंगा में बीते पांच दिन पूर्व डूबे छात्र का शव पानी में उतराता हुआ मिला। परिजनों नें उसकी शिनाख्त कर ली। जिसके बाद कोहराम मच गया। एक छात्र का शव अभी भी लापता है। पुलिस नें बरामद हुए छात्र के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। विदित है कि बीते 11 सितंबर को थाना मऊदरवाजा क्षेत्र के जसमई निवासी आधा दर्जन छात्र पांचाल घाट के उत्तरी बंधा पर दुर्वाषा ऋषि आश्रम के सामने गंगा नहाने गए थे। उसी दौरान सभी दोस्त नहाते हुए गहराई की तरफ चले गए। जिसमे जसमई धर्मशाला निवासी अभय राठौर पुत्र समरजीत व गौरव पुत्र पुष्पेन्द्र यादव निवासी जसमई रेलवे क्रासिंग का पता नही चल सका। पुलिस और गोताखोर लगातार उनकी तलाश कर रहे थे। बुधवार को दोपहर लगभग डेढ़ बजे पुलिस कोसूचना मिली कि एक युवक का शव गंगा में उतराता हुआ जा रहा है। जिसकी सूचना पांचाल घाट चौकी इंचार्ज हरीओम त्रिपाठी नें गौरव के परिजनों को दी। जिसके बाद गौरव के पिता पुष्पेन्द्र यादव आदि परिजन मौके पर पंहुचे और गोताखोरों की मदद से गौरव के शव को किला घाट के निकट गंगा में बरामद कर लिया। गौरव कक्षा 10 का छात्र था । उसकी माँ गुड्डी देवी रो-रो कर बेहाल है। वहीं अभय राठौर का भी तक पता नही चला। दारोगा हरिओम त्रिपाठी ने गौरव के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# जिला प्रशासन के खिलाफ 'बार' की कलमबंद हड़ताल

संवाददाता। फर्रुखाबाद

**कोतवाल फतेहगढ़** के साथ ही एसपी और डीएम भी अधिवक्ताओं के रडार पर आ गये है। बार एसोसिएशन नें बैठक आयोजित कर 16 सितंबर से कलमबंद हड़ताल किये जानें का फैसला ले किया। बार नें चेतावनी दी जब तक कार्यवाही नही होती तब तक हड़ताल जारी रहेगी।बुधवार को फतेहगढ़ जिला बार एसोसिएशन में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह, एसपी अशोक कुमार मीणा व कोतवाल फतेहगढ़ जेपी शर्मा की कार्यप्रणाली पर सबाल खड़े किये गये। बार एसोसिएशन महासचिव संजीब पारिया नें कहा है कि जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह व एसपी अशोक कुमार मीणा जिले में अपने पद का दुरूपयोग कर रहें है। उनके विरुद्ध आवाज उठाने वालों के खिलाफ फर्जी मुकदमें दर्ज कराते है।विशेष रूप से अधिवक्ता समाज के विरुद्ध जानबूझकर ऐसी कार्यवाहियों अमल में लायी जा रही है। उन्होंने सीएम से दोनों अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही करनें की मांग की। वही बार की बैठक में फैसला हुआ कि जब तक जिलाधिकारी-एसपी पर प्रभावी कार्यवाही व ।कोतवाल फतेहगढ़ का तबादला होनें तक कलम बंद हड़ताल जारी रहेगी।

## हड़ताल की निगरानी करेगी अधिवक्ताओं की 40 सदस्यीय कमेटी

**बार एसोसिएशन** नें कलमबंद हड़ताल को प्रभावी बनाने के लिए कमर भी कस ली है। जिसके चलते जिला महासचिव संजीब पारिया नें अधिवक्ता डॉ0 दीपक द्विवेदी, शिव प्रताप सिंह, राजेन्द्र यादव सहित कुल 40 सदस्यीय कमेटी का गठन किया है। जो हड़ताल पर पूरी नजर रखेगी।

## फतेहगढ़ कोतवाली पुलिस का न्यायालय परिसर में प्रवेश वर्जित

**बार एसोसिएशन** नें खुली चेतावनी जारी की है। जिसके चलते कोतवाल फतेहगढ़ जय प्रकाश पाल और उनकी कोतवाली की पुलिस को न्यायालय परिसर में प्रवेश पर रोंक लगा दी है। बार एसोसिएशन इस बार आर-पार की लड़ाई के लिए पूरी तैयारी में है। बैठक में बार एसोसिएशन अध्यक्ष विश्राम सिंह यादव, डॉ0 दीपक द्विवेदी, राजेन्द्र सिंह यादव, शिवप्रताप सिंह, अजीत मिश्रा, शेर सिंह, पवन मिश्रा आदि रहे।

## सपा के राष्ट्रीय सचिव सरदार तोषित प्रीत का जोरदार स्वागत

**फर्रुखाबाद।** समाजवादी पार्टी के नवमनोनीत राष्ट्रीय सचिव सरदार तोषित प्रीत सिंह का कार्यकर्ताओं और पार्टी नेताओं नें जोरदार स्वागत किया।बुधवार को नगर के आवास-विकास स्थित पार्टी कार्यालय पर मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय सचिव मनोनीत होनें के बाद पार्टी कार्यालय पंहुचे सरदार तोषित प्रीत का जोरदार स्वागत किया गया। राष्ट्रीय सचिव नें कहा कि पार्टी नें उन्हें जो जिम्मेदारी दी है वह पूरी ईमानदारी के साथ निभाई जायेगी।आगामी विधान सभा चुनाव में पार्टी में मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड पूरी ताकत के साथ लगेगी। सपा सदैव युवाओं की पार्टी रही है। वर्तमान दौर में सबसे ज्यादा युवा शक्ति सपा के पास है इससे सभी विरोधियों के हौंसले पस्त हैं जो न जाने कितने वादों का सहारा ले रहे है।

# बुखार आने पर डरने या घबराने की जरूरत नहीं : डीएम

संवाददाता। फर्रुखाबाद

**जिलाधिकारी** मानवेन्द सिंह ने संचारी रोग डेंगू/मलेरिया के दृष्टिगत ग्राम आलूपुर,इकडरिया एवं छन्नोनगला का स्थलीय भ्रमण कर ग्रामीणों से स्वास्थ्य की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान डीएम ने देखा कि ग्रामीणों की छतों पर जैसे डिब्बा,टायर आदि में ठहरा हुआ पानी भरा हुआ था, उन्होंने तुरन्त पानी हटवाया और सभी को सलाह दी कि सभी अपने छतों पर किसी भी बर्तन, टायर, खाली डिब्बा,कूलर आदि में पानी जमा न होने दें, ठहरे हुए साफ पानी में ही डेंगू मच्छर पनपने की संभावना होती है सावधान रहे।निगरानी समिति-प्रधान को जिम्मेदारी सौंपी और घर-घर विजिट कर स्वयं देखें और लोगों समझाएं कि घर-छात्रों पर बर्तन,पात्र,कूलर या टायर इत्यादि में एक बूंद पानी की जमा न होने दें। उन्होंने कहा कि बुखार आने पर डरने या घबराने की जरूरत नहीं है निजी अस्पताल की ठगी का शिकार ना बने। स्वास्थ्य टीम लगाकर आप सभी का नि:शुल्क जांच एवं बेहतर उपचार की व्यवस्था की जाएगी। जिला पंचायत राज अधिकारी को उक्त गांवों में अभियान चलाकर सफाई कराने एवं एंटी लार्वा का छिड़काव कराने के निर्देश दिये।मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि बुखार से पीड़ित मरीजों को आज ही सीएचसी में भर्ती कर बेहतर उपचार की व्यवस्था की जाए। गावं मेडिकल टीम लगाकर डेंगू एवं मलेरिया की टेस्टिंग भी कराई जाएगी।

## पीड़ित को जिलाधिकारी ने दिलाया त्वरित न्याय

**गोंडा।** जीवित व्यक्ति की वरासत गलत ढंग से दूसरे के नाम दर्ज हो जाने की शिकायत पर डीएम के आदेश पर एसडीएम तरबगंज द्वारा सही व्यक्ति के नाम वरासत दर्ज कराकर खतौनी की नकल शिकायतकर्ता को जारी कर दी गई है। बताते चलें कि बुधवार को डीएम के सीयूजी नम्बर पर थाना वजीरगंज ग्राम पूरे डाढू निवासी घनश्याम पुत्र लालता प्रसाद ने शिकायत किया कि वह अभी जीवित है परन्तु त्रुटिवश उसका नाम खतौनी में दर्ज करने के बजाय दूसरे व्यक्ति का नाम दर्ज कर दिया गया है। डीएम ने सम्बन्धित प्रकरण की जांच कर तत्काल रिपोर्ट देने व कार्यवाही के लिए एसडीएम तरबगंज कुलदीप सिंह को आदेशित किया। एसडीएम की जांच में पाया गया कि लेखपाल राम बहादुर पाण्डेय द्वारा वरासत के सम्बन्ध में रिपोर्ट सही दी गई है, परन्तु एक ही नाम के दो व्यक्ति होने के कारण लिपिकीय त्रुटिवश दूसरे व्यक्ति का नाम खतौनी में दर्ज हो गया। जांच रिपोर्ट के आधार पर एसडीएम द्वारा एक घन्टे के अन्दर खतौनी दुरूस्त कराकर शिकायतकर्ता को खतौनी की पक्की नकल दे गई।

# आईपीएल में सीमित दर्शकों को ही अनुमति

**● स्टेडियम में दर्शकों की क्षमता का 50 प्रतिशत होगी**

**भाषा** । नई दिल्ली


दुबई में दिल्ली कैपिटल्स के सहायक कोच मोहम्मद कैफ (आर) एक अभ्यास सत्र के दौरान

**इंडियन** प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आयोजकों ने बुधवार को घोषणा की कि संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में रविवार से बहाल होने वाले टी-20 टूर्नामेंट के दौरान सीमित दर्शकों को स्टेडियम में प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। आईपीएल को मई में बायो-बबल में कई कोविड-19 पॉजिटिव मामले मिलने के बाद निलंबित कर दिया गया था जो अब रविवार से बहाल हो रहा है। रविवार को दुबई अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में गत चैम्पियन मुंबई इंडियंस का सामना चेन्नई सुपर किंग्स से होगा।

आईपीएल के बयान के अनुसार, यह मैच महत्वपूर्ण मौका होगा क्योंकि कोविड-19 हालात से उत्पन्न परिस्थितियों के कारण एक संक्षिप्त अंतराल के बाद आईपीएल स्टेडियमों में दर्शकों की वापसी का स्वागत करेगा। इसके अनुसार, मैच दुबई, शारजाह और अबुधाबी में खेले जाएंगे जिसमें कोविड-19 प्रोटोकॉल और यूएई सरकार के दिशानिर्देशों को ध्यान में रखते हुए बैठने के लिए सीमित सीट उपलब्ध होंगी। वर्ष 2019 के बाद पहली बार आईपीएल दर्शकों के सामने खेला जाएगा। पिछले साल लीग यूएई में दर्शकों के बिना खेली गई थी जबकि 2021 चरण का पहला हाफ भी कड़े बायो-बबल में खेला गया था। लीग के आयोजकों ने हालांकि प्रवेश के लिए दर्शकों की सही संख्या का जिक्र नहीं किया लेकिन सूत्रों ने कहा कि उनकी उपस्थिति स्टेडियम में दर्शकों की क्षमता का 50 प्रतिशत होगी। लीग के आयोजकों ने कहा, प्रशसंक आधिकारिक वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट आईपीएल टी-20 डॉट कॉम पर बचे हुए टूर्नामेंट के लिए 16 सितंबर से टिकट खरीद सकते हैं। टिकट प्लेटिनमलिस्ट डॉट नेट से भी खरीदे जा सकते हैं। पिछले साल कोविड-19 महामारी के कारण पूरी दुनिया में खेल प्रतियोगिताएं स्थगित हो गई थीं। जिसके बाद प्रतिस्पर्धी प्रतियोगिताएं धीरे धीरे कड़े बायो-बबल में बहाल हुईं। मार्च 2020 में कोरोना वायरस के फैलने के बाद पिछले साल नवंबर से जनवरी तक भारत और आस्ट्रेलिया के बीच श्रृंखला के दौरान पहली बार पुरूष क्रिकेट में दर्शकों को स्टेडियम में प्रवेश की अनुमति दी गई। पिछले साल आस्ट्रेलियाई महिला टीम और न्यूजीलैंड महिला टीम के बीच सीमित ओवरों की श्रृंखला भी आस्ट्रेलिया में दर्शकों की उपस्थिति में खेली गई। इस साल के शुरू में इंग्लैंड के खिलाफ भारत की घरेलू श्रृंखला के दौरान चेन्नई और अहमदाबाद में भी दर्शकों को स्टेडियम में प्रवेश की अनुमति दी गई थी। हालांकि कोविड-19 मामलों के बढ़ने के बाद आयोजकों ने श्रृंखला का बाद का चरण दर्शकों की अनुपस्थिति में ही आयोजित किया। वहीं 2021 बिग बैश लीग, इंग्लैंड में न्यूजीलैंड और भारत के खिलाफ श्रृंखला, साउथम्पटन में विश्व टेस्ट फाइनल और द हंड्रेड टूर्नामेंट भी दर्शकों के सामने ही खेले गए। सेंट किट्स में वार्नर पार्क में खेली जा रही कैरेबियन प्रीमियर लीग में स्टेडियम में 50 प्रतिशत क्षमता में दर्शकों को प्रवेश दिया गया। पर स्टेडियम में पूर्ण टीकाकरण करवा चुके दर्शकों को ही अनुमति दी गई है और सभी वयस्कों को मैदान में प्रवेश के लिए अपने टीकाकरण का सबूत देना जरूरी होता है।

## पहले मैच के प्रदर्शन से ही लय बनेगी: कैफ

**भाषा** । दुबई

**दिल्ली** कैपिटल्स के सहायक कोच मोहम्मद कैफ ने कहा है कि इंडियन प्रीमियर लीग के दूसरे चरण में पहले मैच के प्रदर्शन से ही शीर्ष पर काबिज उनकी टीम की लय बनेगी। भारत में बढते कोरोना मामलों के कारण मई में स्थगित आईपीएल का दूसरा चरण 19 सितंबर से यूएई में खेला जाएगा। दिल्ली इस समय आठ मैचों में 12 अंक लेकर शीर्ष पर है। कैफ ने एक विज्ञप्ति में कहा , आईपीएल के पहले चरण के बाद लंबा ब्रेक हो गया लेकिन हम खुशकिस्मत हैं कि हमारे अधिकांश खिलाड़ी लगातार अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलते रहे हैं। उन्होंने कहा , हमारे पास संतुलित टीम है क्योंकि इसमें अंतरराष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट का अनुभव रखने वाले खिलाड़ी हैं। पहला मैच काफी अहम होगा। इससे हमारी लय बनेगी। कैफ ने कहा कि लीग यूएई में होने से कई खिलाड़ियों की भूमिका बदल सकती है। उन्होंने कहा, हमने भारत में अच्छा खेला और अब उस प्रदर्शन को यूएई में बरकरार रखना है।कुछ खिलाड़ियों की भूमिका बदल सकती है क्योंकि यहां हालात अलग हैं। हमें नए सिरे से शुरूआत करनी होगी और हालात के अनुकूल ढलना होगा। कंधे की चोट के कारण पहले चरण से बाहर रहे श्रेयस अय्यर की टीम में वापसी हुई है। कैफ ने कहा, टीम में बहुत बदलाव नहीं हुए हैं लेकिन सबसे अच्छी बात है कि श्रेयस की वापसी हुई है।

## यूएई में आईपीएल से टी-20 विश्व कप में मुकाबला थोड़ा बराबरी का हो जाएगा: मैकसवेल



**दुबई।** आस्ट्रेलिया के स्टार आलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल का मानना है कि यूएई में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आयोजन से इन्हीं स्थलों पर अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप के लिए मुकाबला थोड़ा बराबरी का हो जाएगा। आईपीएल 19 सितंबर से यूएई में बहाल होगा। भारत में कोविड-19 की दूसरी लहर के कारण इसे मई में बीच में स्थगित कर दिया गया था। आईपीएल समाप्त होने के बाद 17 अक्टूबर से टी20 विश्व कप का आयोजन भी यूएई में ही होगा। आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) की तरफ से खेलने वाले मैक्सवेल ने आईसीसी-क्रिकेट.कॉम से कहा, यूएई में टूर्नामेंट के आयोजन से मुकाबला थोड़ा बराबरी का हो गया है। उन्होंने कहा, शायद इससे चीजें थोड़ा आसान हो जाती हैं क्योंकि वहां घरेलू मैदान जैसा फायदा नहीं मिलेगा। आईपीएल वहां खेला जा रहा है जिसमें कई अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी भी भाग लेंगे जो बाद में विश्व कप में भी खेलेंगे इसलिए मुझे लगता है कि परिस्थितियां सभी के लिए समान होंगी। आस्ट्रेलिया के शीर्ष खिलाड़ी जैसे स्टीव स्मिथ, डेविड वार्नर, पैट कमिन्स आदि पिछले कुछ समय से नहीं खेले हैं लेकिन वे आईपीएल में मैदान पर वापसी करेंगे।

## अपने साथी शमी के अलावा बुमराह और सिराज से सीख लेना चाहते हैं एलिस



**नई दिल्ली।** पिछले 24 महीनों के दौरान क्लब क्रिकेट से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का सफर पूरा करने वाले आस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज नाथन एलिस अब इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में पदार्पण के लिए तैयार हैं जहां से वहां कुछ नई सीख हासिल करना चाहते हैं। आस्ट्रेलिया के अपने साथी रिले मेरेडिच की जगह पंजाब किंग्स की टीम में चुने गए एलिस अपने साथी और पसंदीदा गेंदबाज मोहम्मद शमी से कुछ सीख लेना चाहते हैं और उन्हें उम्मीद है कि इस दौरान वह यार्कर करने में माहिर जसप्रीत बुमराह और आक्रामक मोहम्मद सिराज से भी गेंदबाजी को लेकर बात करने में सफल रहेंगे। एलिस ने बांग्लादेश में अपने पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में ही हैट्रिक बनाई जिसके बाद उन्हें आईपीएल के बाद यूएई में ही होने वाले टी20 विश्व कप के लिए आस्ट्रेलिया टीम के रिजर्व खिलाड़ियों में शामिल किया गया। उन्हें डेथ ओवरों का विशेषज्ञ माना जाता है। एलिस ने कहा, मैंने वास्तव में (आईपीएल में) खेलने की उम्मीद नहीं लगाई थी। मैं अब सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के खिलाफ खेलने के लिए तैयार हूं क्योंकि यह दुनिया का सर्वश्रेष्ठ टी20 टूर्नामेंट है।

# आईसीसी टी-20 रैंकिंग में विराट चौथे, राहुल छठे स्थान पर बरकरार

**भाषा** । दुबई






**भारतीय** कप्तान विराट कोहली और स्टार बल्लेबाज लोकेश राहुल ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की नवीनतम टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में बल्लेबाजी सूची में क्रमश: चौथा और छठा स्थान बरकरार रखा है जबकि गेंदबाजी सूची में कोई भारतीय शीर्ष 10 में शामिल नहीं है। इंग्लैंड के डेविड मलान बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर चल रहे हैं। शीर्ष सात बल्लेबाजों की रैंकिंग में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

दक्षिण अफ्रीका के विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक आठवें स्थान पर पहुंच गए हैं जबकि वेस्टइंडीज के एविन लुईस एक स्थान के नुकसान से नौवें स्थान पर हैं। गेंदबाजों की सूची में तबरेज शम्सी शीर्ष पर कायम हैं जबकि उनके बाद वानिंदु हसारंगा और राशिद खान का नंबर आता है। गेंदबाजी रैंकिंग में भारत के शीर्ष गेंदबाज अनुभवी भुवनेश्वर कुमार हैं जो 12वें स्थान पर चल रहे हैं। चोटिल आफ स्पिनर वाशिंगटन सुंदर 18वें स्थान के साथ शीर्ष 20 में शामिल एक अन्य भारतीय गेंदबाज हैं। युजवेंद्र चहल एकमात्र गेंदबाज हैं जिनकी रैंकिंग में सुधार हुआ है। वह अब 25वें स्थान पर हैं। उन्हें हालांकि टी-20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में जगह नहीं दी गई है। आलराउंडरों की सूची में हार्दिक पंड्या शीर्ष 20 में शामिल एकमात्र भारतीय हैं। वह 98 अंक के साथ सूची में जगह बनाने में सफल रहे हैं।

भारत ने पिछली टी20 श्रृंखला श्रीलंका में खेली थी और इसके बाद से टीम ने सबसे छोटे प्रारूप में कोई मुकाबला नहीं खेला है। बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्ताफिजुर रहमान दो स्थान के फायदे से आठवें स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला में आठ विकेट चटकाए। नासुम अहमद 25 स्थान के फायदे से 15वें जबकि मेहदी हसन चार स्थान के फायदे से 20 स्थान पर पहुंच गए हैं। बांग्लादेश के शाकिब अल हसन ने हालांक आलराउंडरों की रैंकिंग में शीर्ष स्थान अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी को गंवा दिया है।

## भारतीय गेंदबाजी आक्रमण के कभी आदी नहीं हो सकते: डेविड मलान

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के आक्रामक बल्लेबाज डेविड मलान का मानना है कि भारतीय गेंदबाज एक दूसरे से इतने अलग है कि कोई बल्लेबाज उन्हें खेलने का अभ्यस्त नहीं हो सकता। इंग्लैंड के खिलाफ हाल ही में हुई पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में भारतीय तेज गेंदबाजों ने बेहतर प्रदर्शन किया। भारत 2-1 से आगे था जब पांचवां मैच भारतीय खेमे में कोरोना संक्रमण के मामले आने के बाद रद्द कर दिया गया। तीन साल बाद टेस्ट टीम में लौटे मलान ने कहा कि जसप्रीत बुमराह , मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज जैसे गेंदबाज एक दूसरे से अलग हैं और जब वे साथ में गेंदबाजी करते हैं तो बल्लेबाजों के लिए काफी मुश्किल हो जाती है। उन्होंने कहा, ए सभी काफी कठिन है। भारतीय आक्रमण के बारे में एक बात है कि वे सभी एक दूसरे से अलग है।

## तीनों प्रारूपों में रोहित शर्मा की तरह प्रदर्शन करना चाहती हैं एलिसा हीली

**भाषा** । ब्रिसबेन



**आस्ट्रेलिया** की शीर्ष महिला क्रिकेटर एलिसा हीली ने कहा कि वह रोहित शर्मा से प्रेरणा लेकर इस भारतीय स्टार सलामी बल्लेबाज की तरह खेल के तीनों प्रारूपों में शानदार प्रदर्शन करना चाहती हैं। विकेटकीपर बल्लेबाज हीली भारत के खिलाफ 21 सितंबर से शुरू हो रही श्रृंखला की तैयारियों में जुटी हैं। आस्ट्रेलियाई महिला टीम भारत के खिलाफ तीन वनडे, एक दिन रात्रि टेस्ट और तीन टी20 मैचों की श्रृंखला खेलेगी। हीली ने अभी तक केवल चार टेस्ट मैच खेले हैं और उनका कहना है कि वह गुलाबी गेंद के मुकाबले को वनडे की तरह ही खेलना चाहेंगी जो कैनबरा में 30 सितंबर से तीन अक्टूबर तक खेला जाएगा। हीली ने श्रृंखला के लांच फाक्स क्रिकेट कार्यक्रम में कहा, यह (गुलाबी गेंद का टेस्ट) पेचीदा होगा क्योंकि मैंने सिर्फ चार टेस्ट मैच ही खेले हैं इसलिए मैं यह नहीं कहूंगी कि मैं टेस्ट मैच में खेलने के लिए सहज हूं। उन्होंने कहा, जहां तक मेरी बात है तो इस टेस्ट में मेरी वनडे बल्लेबाजी से ज्यादा कुछ बदलाव नहीं होने वाला है। मुझे लगता है कि खुद को और ज्यादा समय देना (बल्लेबाजी के लिए) शानदार है। उन्होंने कहा, आधुनिक टेस्ट मैच को देखें तो यह काफी बदल गया है।

## क्विक न्यूज

### विलारीयाल को अटलांटा ने ड्रॉ पर रोका

**विलारीयाल (स्पेन)।** अटलांटा ने दस साल बाद चैम्पियंस लीग फुटबॉल में वापसी करते हुए पहले ही मैच में विलारीयाल को 2 . 2 से ड्रॉ पर रोका। यूरोपा लीग चैम्पियन विलारीयाल ने दूसरे हाफ में बढत बना ली लेकिन जल्दी ही गंवा भी दी। विलारीयाल के लिए मनु ट्रिग्यूरोस ने हाफटाइम से पहले गोल किया और दूसरे हाफ में अर्नाट ग्रोएनेवेल्ड ने गोल दागा। अटलांटा के लिए रोबिन गोसेंस और रेमो फ्रेयूलेर ने गोल किए। ग्रुप एफ के अन्य मैच में यंग ब्वायज ने मैनचेस्टर युनाइटेड को 2 . 1 से हराकर अप्रत्याशित जीत दर्ज की। विलारीयाल का सामना अब मैनचेस्टर युनाइटेड से जबकि अटलांटा की टक्कर यंग ब्वायज से होगी।

### सेविला ने पहले मैच में साल्जबर्ग से ड्रॉ खेला

**सेविले।** दो स्पॉट किक चूकने का खामियाजा साल्जबर्ग को भुगतना पड़ा और दस खिलाड़ियों तक सिमटी सेविला ने उसे चैम्पियंस लीग फुटबॉल के पहले मैच में 1-1 से ड्रॉ पर रोका। साल्जबर्ग को तीन पेनल्टी कॉर्नर मिले जिनमें से एक पर ही लुका सुचिच ने गोल दागा। सेविला के लिए इवान राकिटिच ने 42वें मिनट में बराबरी का गोल किया। सेविला को 50वें मिनट के बाद दस खिलाड़ियो के साथ ही खेलना पड़ा चूंकि स्ट्राइकर युसूफ अन नेसरी को दूसरा पीला कार्ड मिल गया था।

### लुकाकू ने चेलसी को दिलाई जीत

**लंदन।** स्टार स्ट्राइकर रोमेलू लुकाकू के चौथे मैच में चौथे गोल की मदद से चेलसी ने चैम्पियंस लीग फुटबॉल के मैच में जेनिट सेंट पीटर्सबर्ग को 1- 0 से हराया। लुकाकू के गोल ने स्पष्ट कर दिया कि चेलसी ने क्यों रिकॉर्ड 135 मिलियन डॉलर खर्च करके उन्हें इंटर मिलान से अगस्त में खरीदा। बेल्जियम के इस खिलाड़ी ने 69वें मिनट मे रूसी चैम्पियन टीम के खिलाफ गोल दागा। इससे पहले उन्होंने एस्टोन विला के खिलाफ शनिवार को तीन गोल किए थे। एक अन्य मैच में युवेंटस ने माल्मो को 3-0 से हराया।

### मेस्सी के जाने के बाद पहले मैच में बायर्न से हारा बार्सीलोना

**बार्सीलोना।** लियोनेल मेस्सी के जाने के बाद पहले ही मैच में बार्सीलोना को करारा झटका लगा जब चैम्पियंस लीग फुटबॉल का आगाज बायर्न म्युनिख के हाथों करारी हार से हुआ। थॉमस म्यूलर के एक और रॉबर्ट लेवांडोवस्की के दो गोल की मदद से बायर्न ने बार्सीलोना को 3-0 से हराया। म्यूलर ने 34वें मिनट में गोल दागा जो बार्सीलोना के खिलाफ उनका सातवां गोल है। लेवांडोवस्की ने 56वें और 85वें मिनट मे गोल किए। दोनो गोल पहला प्रयास नाकाम रहने के बाद रिबाउंड पर किए गए थे। पिछले तीन मैचों में से बार्सीलोना ने दो जीते और एक ड्रॉ खेला था। ग्रुप ई के अन्य मैच में बेनफिका ने डायनामो कीव से गोलरहित ड्रॉ खेला।

### लखमेहर ने महिला पेशेवर गोल्फ टूर के पहले दौर में बढ़त बनाई

**नोएडा।** चंडीगढ़ की लखमेहर परदेसी ने बुधवार को यहां महिला पेशेवर गोल्फ टूर के नौवें चरण के पहले दौर के बाद दो शॉट की बढ़त बना ली है जबकि पहले दिन कोई खिलाड़ी पार का स्कोर भी नही बना पाई। टूर पर पहली जीत का इंतजार कर रही 21 साल की लखमेहर ने पहली बार किसी टूर्नामेंट में एकल बढ़त बनाई है। उन्होंने कोई बर्डी नही की लेकिन तीन बोगी से तीन ओवर के स्कोर के बावजूद बढ़त बनाने में सफल रही। पिछले साल पेशेवर बनी 19 साल की त्रिमान सलुजा नोएडा गोल्फ कोर्स पर तीन बर्डी, चार बोगी और दो डबल बोगी से पांच ओवर 77 के स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर चल रही है।

## तालिबान से बचकर पाकिस्तान पहुंची अफगानिस्तानी 32 महिला फुटबॉलर

**भाषा** । इस्लामाबाद

**अफगानिस्तान** की 32 महिला फुटबॉल खिलाड़ी अपने परिवारों के साथ पाकिस्तान पहुंच गई हैं जिन्हें तालिबान से धमकियों का सामना करना पड़ रहा था। बुधवार को एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार उन्हें निकालने के लिए सरकार द्वारा आपात मानवीय वीजा जारी किए जाने के बाद ए फुटबॉलर पाकिस्तान पहुंची। राष्ट्रीय जूनियर बालिका टीम की इन खिलाड़ियों को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कतर जाना था जहां अफगान शरणार्थियों को 2022 फीफा विश्व कप के एक स्टेडियम में रखा गया है। लेकिन काबुल हवाईअड्डे पर 26 अगस्त को हुए एक बम धमाके के कारण वे ऐसा नहीं कर सकीं जिसमें 13 अमेरिकी और कम से कम 170 अफगान नागरिकों की मौत हो गई थी। डॉन अखबार की रिपोर्ट के अनुसार इन महिला खिलाड़ियों को फुटबॉल खेलने के लिए तालिबान से धमकियों का सामना करना पड़ रहा था। इस रिपोर्ट के अनुसार अगस्त में अफगानिस्तान में तालिबान के सत्ता पर काबिज होने के बाद ए खिलाड़ी तालिबान से बचने के लिए छुपती फिर रही थीं। ब्रिटेन के एक गैर सरकारी संगठन फुटबॉल फॉर पीस ने सरकार और पाकिस्तान फुटबॉल महासंघ (जो फीफा से मान्यता प्राप्त नहीं है) की मदद ने इन 32 खिलाड़ियों को पाकिस्तान लाने की शुरूआत की। फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फैनटिनो पिछले हफ्ते दोहा यात्रा के दौरान अफगानिस्तानी शरणार्थियों से मिले थे। लेकिन फीफा की इस बात के लिए आलोचना की गई थी कि उसने अफगानिस्तान में इन महिला फुटबॉलरों की मदद के लिए कोई कदम नहीं उठाया था। ए महिला फुटबॉलर पेशावर से लाहौर जाएंगी जहां उन्हें पाकिस्तान फुटबॉल महासंघ के मुख्यालय में रखा जाएगा।

# मनिका बत्रा एशियाई टेटे चैम्पियनशिप के लिए भारतीय टीम से बाहर

**भाषा** । नई दिल्ली



**स्टार** टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा को 28 सितंबर से दोहा में होने वाली एशियाई चैम्पियनशिप के लिए भारतीय टीम में नहीं चुना गया क्योंकि उन्होंने सोनीपत में अनिवार्य राष्ट्रीय शिविर में हिस्सा नहीं लिया था। दुनिया की 56वें नंबर की खिलाड़ी की अनुपस्थिति में 97वीं रैंकिंग की सुतिर्था मुखर्जी महिला टीम की अगुआई करेंगी। टीम में दो अन्य सदस्य अयहिका मुखर्जी (131वीं रैंकिंग) और अर्चना कामत (132वीं रैंकिंग) हैं।

अनुभवी शरत कमल (33वीं रैंकिंग) पुरूष चुनौती की अगुआई करेंगे जिसमें जी साथियान (38वीं रैंकिंग), हरमीत देसाई (72वीं रैंकिंग), मानव ठक्कर (134वीं रैंकिंग) और सानिल शेट्टी (247वीं रैंकिंग) शामिल हैं। चीन की मजबूत टीम इस प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं ले रही है जिससे पुरूष टीम स्पर्धा में पदक की उम्मीद है। एकल और युगल प्रतियोगिता भी इसमें आयोजित की जाएगी। भारतीय टेबल टेनिस महासंघ (टीटीएफआई) ने स्पष्ट किया था कि जो खिलाड़ी शिविर का हिस्सा नहीं बनेगा, उसके नाम पर चयन के लिए विचार नहीं किया जाएगा। टीम का चयन बुधवार को किया गया और इसे टीटीएफआई की वेबसाइट पर सार्वजनिक किया गया। टोक्यो ओलंपिक के बाद महासंघ ने शिविर में उपस्थिति अनिवार्य कर दी थी। मनिका ने महासंघ को सूचित किया था कि वह पुणे में अपने निजी कोच के साथ ट्रेनिंग जारी रखना चाहेंगी।

खेल रत्न पुरस्कार हासिल कर चुकी मनिका ने राष्ट्रीय कोच सौम्यदीप रॉय पर मैच फिक्सिंग के आरोप लगाए थे कि उन्होंने ओलंपिक क्वालीफायर के दौरान उनसे अपने मैच को गंवाने को कहा था। टीटीएफआई ने आरोपों की जांच के लिए जांच पैनल गठित किया है। साथियान, हरमीत देसाई और सुतिर्था विभिन्न कारणों से राष्ट्रीय शिविर से देर से जुड़े थे।

### टीमें इस प्रकार

**पुरुष टीम** : मानव ठक्कर, शरत कमल, जी साथियान, हरमीत देसाई, सानिल शेट्टी
**पुरुष युगल:** शरत कमल और जी साथियान, मानव ठक्कर और हरमीत देसाई
**महिला टीम:** सुतिर्था मुखर्जी, श्रीजा अकुला, अहयिका मुखर्जी और अर्चना कामत
**महिला युगल:** अर्चना कामत और श्रीजा अकुला, सुतिर्था मुखर्जी और अहयिका मुखर्जी
**मिश्रित युगल:** मानव ठक्कर और अर्चना कामत, हरमीत देसाई और श्रीजा अकुला।

## भारत में जल्द शुरू होगी नई वॉलीबॉल लीग पीवीएल

**हैदराबाद ( भाषा )।** भारत में वॉलीबॉल को बढ़ावा देने की कवायद के तहत जल्द ही देश में छह टीमों का फ्रेंचाइजी आधारित टूर्नामेंट प्रीमियर वॉलीबॉल लीग (पीवीएल) शुरू किया जाएगा। एनबीए जैसी शीर्ष अंतरराष्ट्रीय लीग की तर्ज पर इस टूर्नामेंट का संचालन होगा जिसमें फ्रेंचाइजी मालिक भी लीग के आयोजन में हितधारक होंगे। पीवीएल के पहले टूर्नामेंट में छह टीमें हिस्सा लेंगी जिनके नाम कालीकट हीरोज, कोच्चि ब्ल्यू स्पाइकर्स, अहमदाबाद डिफेंडर्स, हैदराबाद ब्लैक हॉक्स, चेन्नई ब्लिट्ज और बेंगलुरू तारपीडोज हैं। इस लीग का सोनी पिक्चर्स नेटवर्क पर प्रसारण होगा और इसके विपणन के विशेष अधिकार बेसलाइन वेंचर्स के पास होंगे जो देश में खेल मार्केटिंग की प्रमुख कंपनी है। फंतासी लीग कंपनी ए23 ने टूर्नामेंट के प्रायोजक के रूप में कई साल का करार किया है। आयोजकों के बयान के अनुसार जल्द ही नीलामी की तारीख और आगामी सत्र के कार्यक्रम की घोषणा की जाएगी।


सिएटल में लीग कप फुटबॉल सेमीफाइनल के पहले सिएटल साउंडर्स के मिडफील्डर एलेक्स रोल्डन के सामने गेंद को किक करते सैंटोस लगुना के मिडफील्डर ब्रायन लोज़ानो

## ओलंपियन उदयन माने जेएंडके ओपन में पहले दौर के बाद बढ़त पर

**श्रीनगर।** टोक्यो ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले पुणे के उदयन माने ने 40 लाख रुपए पुरस्कार राशि वाले जेएंडके ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दौर में बुधवार को यहां सात अंडर 65 का स्कोर बनाकर एकल बढ़त बनाई। दिल्ली के राशिद खान और हनी बैसोया तथा गुरुग्राम के वीर अहलावत ने पांच अंडर 67 का स्कोर बनाया और वे संयुक्त दूसरे स्थान पर हैं। महू के ओमप्रकाश चौहान, चंडीगढ़ के अक्षय शर्मा और पटना के अमनराज चार अंडर 68 के स्कोर के साथ संयुक्त पांचवें स्थान पर हैं। दिल्ली के क्षितिज नावीद कौल ने 70 का कार्ड खेला और वे पहले दौर के बाद संयुक्त 14वें स्थान पर हैं। दिग्गज भारतीय गोल्फर ज्योति रंधावा इवन पार 72 का स्कोर ही बना पाए और अभी वह संयुक्त 25वें स्थान पर हैं। बेंगलुरू के चिक्कारंगप्पा अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए और वह एक ओवर 73 के स्कोर के साथ संयुक्त 39वें स्थान पर चल रहे हैं। पीजीटीआई (भारतीय पेशेवर गोल्फ टूर) में ऑर्डर ऑफ मेरिट में शीर्ष पर चल रहे करणदीप कोचर ने तीन ओवर का कार्ड खेला।

# अभिषेक और पारुल ने 5000 मीटर दौड़ जीती

**भाषा** । वारंगल

**रेलवे** के धावकों अभिषेक पॉल और पारूल चौधरी ने बुधवार को यहां जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में 60वीं राष्ट्रीय ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप के पहले दिन क्रमश: पुरुष और महिला 5000 मीटर दौड़ के खिताब जीते। फेडरेशन कप के 5000 मीटर के चैंपियन अमित जांगीड़ बुधवार को रेस में हिस्सा नहीं ले रहे थे और ऐसे में मुकाबला मुख्य रूप से रेलवे के 24 साल के अभिषेक और सेना के धावकों के बीच था। अभिषेक हालांकि 14 मिनट 16.35 सेकेंड के समय के साथ 5000 मीटर में अपना पहला राष्ट्रीय खिताब जीतने में सफल रहे। अभिषेक दौड़ में अधिकतर समय तीसरे स्थान पर थे लेकिन अंतिम 300 मीटर में उन्होंने काफी तेजी दिखाई और सबसे आगे चल रहे धर्मेंद्र को पछाड़ दिया जो 14 मिनट 17.20 सेकेंड के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहे। अजय कुमार ने 14 मिनट 20.98 सेकेंड के समय के साथ कांस्य पदक जीता। महिला 5000 मीटर दौड़ में पारूल ने 15 मिनट 59.69 सेकेंड के समय के साथ खिताब जीता। वह अधिकांश समय कोमल चंद्रकांत जगदाले से पीछे थी लेकिन अंतिम 250 मीटर में उन्हें पछाड़ने में सफल रही। महाराष्ट्र की 22 साल की कोमल ने 16 मिनट 1.43 सेकेंड के समय के अपने निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। महाराष्ट्र की ही संजीवनी बाबर जाधव ने 16 मिनट 19.18 सेकेंड के समय से कांस्य पदक जीता। महिला पोल वॉल्ट में तमिलनाडु की पवित्रा वेंकटेश ने 3.90 मीटर के प्रयास के साथ स्वर्ण पदक जीता। रेलवे की मारिया जेसन (3.80 मीटर) ने दूसरा जबकि कृष्णा राचन (3.60 मीटर) ने तीसरा स्थान हासिल किया।



# सिनेमा जगत में एक नया चेहरा

## अमिताभ बच्चन अभिनीत फिल्म 'चेहरे' सिनेमाघरों में प्रदर्शित हो रही है। क्रिस्टी वर्गीज ने निर्देशक रूमी जाफरी से मुलाकात की।

पिछले एक हफ्ते से चेहरे काफी चर्चा में हैं, और सभी सही कारणों से। मूल रूप से जून 2020 में सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी, महामारी की चपेट में आने से पहले, चेहर के पीछे की टीम ने ओटीटी मार्ग नहीं लेने का विकल्प चुना और इसके बजाय अपना समय बिताया। इस साल की शुरुआत में, अप्रैल में, एक बार फिर यह घोषणा की गई थी कि फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। हालाँकि, वह तब था जब कोविड सकारात्मक मामलों की लगातार बढ़ती संख्या के साथ दूसरी लहर आई। और यहां हम हैं, मगर आखिरकार यह 27 अगस्त को देश भर के सिनेमाघरों में प्रसारित हो गई।

निर्देशक रूमी जाफरी ने चेहरे के निर्माता आनंद पंडित को अपने सबसे अच्छे धैर्य और परियोजना में विश्वास करने का श्रेय दिया। उन्होंने कहा, ''मैं आपको बताना चाहता हूं कि बतौर निर्देशक यह फिल्म सिनेमाघरों में दर्शकों को ध्यान में रखकर बनाई गई है। मुझे लगातार उन चीजों को करते रहने की ललक है जो मैंने पहले कभी नहीं की हैं। एक थ्रिलर पर काम करने के लिए मैंने जो कारण चुना उसका एक कारण यह भी है कि इसका दायरा असीम है। मैं लाइटिंग, बैकग्राउंड म्यूजिक और शॉट्स वगैरह के साथ खेल सकता हूं। इस समय में उपलब्ध तकनीक और उपकरणों को ध्यान में रखते हुए, हम रेसुल पुकुट्टी जैसे सर्वश्रेष्ठ में से सर्वश्रेष्ठ लाए, ताकि हमारे पास एक उपयुक्त अंत उत्पाद हो। मुझे ओटीटी से कोई आपत्ति नहीं है, इसने दर्शकों के साथ-साथ इंडस्ट्री के लोगों के लिए भी कई दिलचस्प रास्ते खोले हैं। लेकिन आनंद भाई स्थिति के बेहतर होने का इंतजार करने के लिए तैयार हो गए क्योंकि दर्शकों को एक संपूर्ण अनुभव के लिए सिनेमाघरों में इस अविश्वसनीय सिनेमा को देखने का अधिकार है। आनंद भाई को पूरा श्रेय, अपने सबसे अच्छे रोगी होने और चेहरे के मूल्य को पहचानने के लिए'', उन्होंने साझा किया।

स्पष्ट रूप से उत्साहित जाफरी फिल्म के बारे में बताना बंद नहीं कर सके और यह कैसे उनकी उम्मीद से बेहतर निकला। उन्होंने व्यक्त किया, ''ईमानदारी से, मुझे नहीं पता था कि क्या उम्मीद करनी है। और जब मैं ऐसा कहता हूं, मेरा मतलब यह नहीं है कि मैं दर्शकों की प्रतिक्रिया के बारे में चिंतित था, हालांकि कुछ सकारात्मक प्रतिक्रिया प्राप्त करना हमेशा अच्छा होता है (हंसते हुए)। जब मैंने पहली बार उद्योग में कदम रखा, तो मुझे लोगों को एक निर्देशक के रूप में मेरी क्षमता पर भरोसा करने के लिए मनाने में तीन साल लग गए। और, ठीक है, मैं यहां हूं। लेकिन मुझे स्वीकार करना होगा, मुझे खुशी हुई जब लोग ट्रेलर की शानदार समीक्षा के साथ मेरे पास पहुंचे। इससे मुझे लगा कि मैं सही रास्ते पर हूं और मुझे खुद पर अधिक से अधिक विश्वास करना चाहिए। मैं फिल्म के रिलीज होने का इंतजार नहीं कर सकता।''

अमिताभ बच्चन जैसे दिग्गज के साथ काम करने के अपने अनुभव के बारे में बताते हुए जाफरी ने कहा, ''मैंने पहले भी उनके साथ दो प्रोजेक्ट्स में काम किया है और उनके साथ काम करना हमेशा खुशी की बात होती है। वह पूरी तरह से पेशेवर है, के माध्यम से और के माध्यम से; इतना अनुशासित, समर्पित और शामिल कि सेट पर निर्देशक के लिए



बिल्कुल कोई तनाव नहीं है, वास्तव में सेट पर मेरा काम आसान हो रहा है। आपको ऐसा नहीं लगेगा कि आपके सेट पर इतना वरिष्ठ अभिनेता, सुपरस्टार मौजूद है।''

उन्होंने खुलासा किया, ''हमने पोलैंड और स्लोवाकिया में फिल्म का एक बड़ा हिस्सा शूट किया, वह भी दिसंबर में। मेरे बहुत से साथियों ने मुझे आगाह कर दिया था, जब उन्हें पता चला कि मैं बच्चन जी के साथ पोलैंड में शूटिंग करूंगा। मुझे यह एक समय याद है जब तापमान 14 डिग्री था और कुछ असुविधा के बावजूद, उन्होंने बिना किसी उपद्रव के शूटिंग पूरी की।''

**मैं आपको बताना चाहता हूं कि बतौर निर्देशक यह फिल्म सिनेमाघरों में दर्शकों को ध्यान में रखकर बनाई गई है। मुझे लगातार उन चीजों को करते रहने की ललक है जो मैंने पहले कभी नहीं की हैं। एक थ्रिलर पर काम करने के लिए मैंने जो कारण चुना उसका एक कारण यह भी है कि इसका दायरा असीम है। मैं लाइटिंग, बैकग्राउंड म्यूजिक और शॉट्स वगैरह के साथ खेल सकता हूं। इस समय में उपलब्ध तकनीक और उपकरणों को ध्यान में रखते हुए, हम रेसुल पुकुट्टी जैसे सर्वश्रेष्ठ में से सर्वश्रेष्ठ लाए, ताकि हमारे पास एक उपयुक्त अंत उत्पाद हो।**

जैसे-जैसे बातचीत आगे बढ़ रही थी, उत्साह का एक हिस्सा जाफरी ने अपने करियर में पहली बार किया था। ''मैं फिर से एक नवागंतुक की तरह महसूस करता हूं। मैंने अपने जीवन में पहली बार एक गीत लिखा था, और क्या आप इस पर विश्वास करेंगे यदि मैं कहूं कि यह फिल्म का शीर्षक ट्रैक है, जिसे बच्चन जी ने गाया था और विशाल और शेखर द्वारा संगीतबद्ध किया था'', उन्होंने एक विस्तृत मुस्कान के साथ साझा किया .

जब हमने उनसे उनके काम के फॉर्मूले के बारे में पूछा, तो उन्होंने बेबाकी से जवाब दिया, ''मैंने तय किया है कि मैं खुद को कभी नहीं दोहराऊंगा। मैं दर्शकों को वही, उबाऊ चीजें परोसने से नफरत करूंगा। मैं दर्शकों के लिए और अधिक अविश्वसनीय सामग्री का पता लगाना और उसके साथ आना चाहता हूं। सच कहूं तो मेरे पास तीन प्रोजेक्ट तैयार हैं, सब कुछ के रखा है। लेकिन हम सभी जानते हैं कि यह उद्योग कैसे काम करता है; मैं चीजों को एक बार में एक कदम उठाना चाहता हूं। मुझे यकीन है कि चेहरे और लोगों को मेरे विजन पर भरोसा दिलाएगा। देख लेना, चेहरे के बाद और अच्छी फिल्म बनाउंगा मैं।''

# टेलीकथा

## पुराने अंदाज़ में गणेशोत्सव

पिछले तीन दशकों में, ज़ी टीवी ने शानदार कहानियों के साथ अपने दर्शकों का मनोरंजन किया है, प्यारे पात्र, और झोंपड़ी तोड़ने वाले फिक्शन शो जो जनता के साथ जुड़े हुए हैं। महामारी के दौरान भी, इसने अपने दर्शकों को ऐसी सामग्री प्रदान करने का प्रयास किया है जो उन्हें प्रेरित करता है और उन्हें जोड़े रखता है।



कोने के आसपास उत्सव के साथ और भारत भर में समारोहों को सीमित करने वाले प्रतिबंध, ज़ी टीवी के लिए एक आश्चर्य प्रस्तुत हो रहा है। चैनल आपको गणेश चतुर्थी का लुक, फील और फ्लेवर देने के लिए पूरी तरह तैयार है और अपने घरों में सुविधाजनक रूप से यह एक विशेष के माध्यम से एक असाधारण उत्सव प्रस्तुत करता है।

'ज़ी टीवी के साथ गणेश उत्सव' का एपिसोड। यह विशेष एपिसोड 19 सितंबर को दोपहर 12 बजे प्रसारित होगा और यह निश्चित रूप से सभी को मंत्रमुग्ध कर देगा। ज़ी टीवी के दर्शक कुमकुम भाग्य की जोड़ी अभि (शब्बीर अलुवालिया) - प्रज्ञा (श्रीति झा) और प्राची (मुग्धा चापेकर) - रणबीर (कृष्णा कौल) जैसे टेली सितारों के कुछ प्रदर्शनों को देखेंगे।

अभिषेक कपूर- मनित जौरा और अंकिता लोखंडे जैसे कलाकार भी प्रस्तुति देंगे। कुमकुम भाग्य के सितारों मुग्धा चापेकर और कृष्णा कौल ने हमने तुमको देखा, एक मैं और एक तू और खुल्लम खुल्ला प्यार करेंगे जैसे बॉलीवुड गानों पर रेट्रो एक्टिंग की है।

अपने अभिनय के बारे में बात करते हुए, मुग्धा ने कहा, ''पिछले साल, महामारी के कारण, हम सभी त्योहारों को नहीं मना सके जैसे हम आमतौर पर करते हैं।

एक महाराष्ट्रियन होने के नाते, मैं वास्तव में गणेश चतुर्थी मनाने से चूक गई। गणेश चतुर्थी मेरे लिए सिर्फ एक त्योहार नहीं है, यह एक भावना है। बेशक, हमने सभी दिशा-निर्देशों का पालन किया, सभी आवश्यक सावधानियां बरतीं, जब हम शूटिंग नहीं कर रहे थे तब अपने मास्क पहने और सब कुछ साफ कर दिया, हम यह नहीं भूलते। लेकिन यह मज़ेदार था, और हमने पुराने अंदाज़ के इन सभी कपड़ों को पहनकर और 70 के दशक के गानों पर परफॉर्म करते हुए, एक पुराण अंदाज़ में समारोहों का प्रदर्शन किया। वास्तव में, कृष्णा और मैंने अपने प्रिय आकर्षक दिवंगत अभिनेता ऋषि जी को भी यह अभिनय समर्पित किया और हमने उनके अधिकांश गीतों पर प्रदर्शन किया।''

## बालिका वधू की आनंदी

कलर्स के बालिका वधू के लॉन्च के बाद से, अभिनेत्री श्रेया पटेल द्वारा अभिनीत नई आनंदी को पूरे भारत में दर्शकों से अपार प्यार और सराहना मिल रही है। दर्शक शो से जुड़े हुए हैं और मासूमियत और आनंद से भरे उनके प्यारे बचपन को देखना पसंद करते हैं। शो में आनंदी का अब तक का सफर आसान और हल्का रहा है, लेकिन जैसे ही कहानी का अगला चरण शुरू होगा, यह तेजी से बदलेगा। आने वाले एपिसोड में दर्शकों को कुछ हाई-एंड ड्रामा देखने को मिलेगा, जिससे हर कोई अपनी सीट से किनारा कर लेगा। .



अपने जीवन की कड़वी सच्चाई से बेखबर, जो उन्हें जल्द ही प्रभावित करेगी, छोटी आनंदी को शो में अपने प्यारे और मासूम बचपन का आनंद लेते हुए देखा गया है। दर्शकों ने अब तक आनंदी की प्रतिक्रिया देखी है जब उसे जिगर से अपनी शादी के बारे में पता चला जब वह सिर्फ एक शिशु थी। वह अब गौना समारोह के दौरान अपने भाग्य के साथ आमने-सामने आएगी जब उसे अपने माता-पिता के घर से बाहर जाना होगा। जब उसे जिगर के घर में बहू के रूप में रहने के लिए मजबूर किया जाता है, तो उसका जीवन काफी बदल जाएगा।

ट्विस्ट के बारे में बात करते हुए, आनंदी की भूमिका निभाने वाली श्रेया पटेल ने खुलासा किया, ''आनंदी के जीवन में एक बड़ा पल आने वाला है, और यह उसकी दुनिया को पूरी तरह से उलट देगा। गौना सीक्वेंस शो के लिए एक महत्वपूर्ण प्लॉट टि्वस्ट होगा क्योंकि आने वाले एपिसोड में हर कोई आनंदी को असंख्य भावनाओं से गुजरते हुए देखेगा।''

खिमजी की भूमिका निभाने वाले अंशुल त्रिवेदी ने कहा, ''आनंदी कई चुनौतियों का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार है क्योंकि कहानी एक महत्वपूर्ण मोड़ लेती है जो उसे उसके जीवन की कठोर वास्तविकता के सामने लाएगी। हम सब 'बालिका वधू' के इस नए चरण के लिए खुद को तैयार कर रहे हैं, जो दर्शकों को बांधे रखने के लिए निश्चित है!''

जबकि गौना सीक्वेंस उसकी दुनिया को उल्टा कर देता है, क्या आनंदी व्यवस्था और परंपराओं के खिलाफ लड़ेगी? या वह इसके आगे झुक जाएगी?

## वापस लौट आया यूफोरिया



जैसे ही पलाश ने कू पर पोस्टर साझा किया, प्रशंसकों ने अपना प्यार दिखाने और शुभकामनाएं व्यक्त करने के लिए संदेश देना शुरू कर दिया। कुछ टिप्पणियों को नीचे दिए गए ग्रैब में देखा जा सकता है। गायक, जो एक योग्य डॉक्टर भी हैं, जून में कू में शामिल हुए और अब मंच पर उनके करीब 8,000 अनुयायी हैं।

सेल भारतीय इंडी बैंड 'यूफोरिया' का आठवां एल्बम है। 7-ट्रैक तमाशा आपको शैलियों, ध्वनियों, शैलियों, भावनाओं और जीवन के अनुभवों की सवारी पर ले जाएगा। पलाश के करियर के विभिन्न बिंदुओं पर लिखा गया, प्रत्येक गीत एक वास्तविक जीवन की कहानी के लिए खड़ा है जिसे उन्होंने और बैंड ने देखा या महसूस किया है। एक ऐसी दुनिया में जहां सब कुछ एक कीमत के साथ आता है, यह एल्बम एक ऐसी चीज के बारे में बोलता है जिसे खरीदा नहीं जा सकता - लव ऑर इज़ इट?

सेल 10 सितंबर को सीमित एनएफटी के रूप में और 14 सितंबर को दुनिया भर के स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर रिलीज होगी।

यह एल्बम लॉन्च कू हिंदी फेस्ट के उद्घाटन संस्करण के आधिकारिक उद्घाटन का भी प्रतीक है, देश भर में हिंदी रचनाकारों का सम्मान और जश्न मनाने और उन्हें खुद को व्यक्त करने और खुद को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान करने वाला एक 7 दिवसीय कार्यक्रम, जो इस 14 वें हिंदी दिवस को तैयार करता है। सितंबर। इस उत्सव का उद्देश्य भारत के हिंदी रचनाकारों और प्रभावितों को खुद को सोशल मीडिया निर्माता और प्रभावित करने वालों के रूप में स्थापित करने के लिए एक समान मंच प्रदान करना है और साहित्यिक (रचनात्मक लेखन, कविता, वाद-विवाद) और सांस्कृतिक गतिविधियु (संगीत, अभिनय, फोटोग्राफी, ब्लॉगिंग)। यह बिल्कुल सही है कि पलाश और यूफोरिया, भारत की विरासत इंडी क्रिएटर्स में से एक होने के नाते, इस तरह के पहले डिजिटल फेस्टिवल का उद्घाटन कर रहे हैं।

यूफोरिया को 'मेरी' और 'धूम' जैसे असाधारण संगीत हिट के लिए जाना जाता है जो 90 के दशक में बड़े पैमाने पर हिट हुए थे। तब से, बैंड पूरे देश में संगीत प्रेमियों की पसंदीदा सूची में है।

## आज़ाद के ओरिजिनल - मेरी डोली, मेरे अंगना एवं पवित्र भरोसे का सफर

यह बिगिनन मीडिया के पहले उपभोक्ता विशिष्ट मनोरंजन चैनल, आज़ाद के साथ शो का समय है, जो विशेष रूप से ग्रामीण मानसिकता के लिए अपनी मूल सामग्री की पेशकश की घोषणा करता है। आज़ाद भारत का पहला प्रीमियम हिंदी ग्रामीण मनोरंजन चैनल है। मेरी डोली मेरे अंगना और पवित्र भरोसा का सफर शीर्षक वाले पहले दो शो, दोनों शो को समय-समय पर सिंडिकेटेड शोध के माध्यम से ग्रामीण व्यक्ति की गहरी समझ के बाद बनाया गया है। हमारी मिट्टी हमारा आसमान के ब्रांड प्रस्ताव पर खरा उतरते हुए, शो की थीम को विशेष रूप से इस सुपर मास के साथ आकर्षित करने, संलग्न करने और कनेक्ट करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। 14 सितंबर 2021 से, मेरी डोली मेरे अंगना रात 9 बजे और पवित्र भरोसा का सफर 9 30 बजे, आज़ाद पर और साथ ही एमएक्स प्लेयर (डिजिटल पार्टनर) पर प्रसारित होगा।



पहले आज़ाद मूल का शीर्षक मेरी डोली मेरे अंगना है। टेल-ए-टेल मीडिया के प्रसिद्ध निर्माताओं, जितेंद्र गुप्ता और महेश तगड़े द्वारा निर्मित शीर्षक जो तत्काल जिज्ञासा पैदा करता है। यह शो बिठूर पर आधारित है, जहां पूरा सिंह परिवार, खासकर उनके पिता बेटी को अपनी आंखों का तारा मानते हैं। यह आज के ग्रामीण परिवार की कहानी है जो परिवार के भीतर संबंधों की सुंदरता और जटिलताओं को चित्रित करती है।

कुछ परिस्थितियों के कारण ये रिश्ते बदल जाते हैं और यह हमारी नायिका के जीवन को काफी प्रभावित करता है। अपनी शादी के बाद, उसे पता चलता है कि पुराने सामाजिक मानदंड जहां वे एक बेटी और बहू के बीच अंतर करते हैं, अभी भी मौजूद है। यह शो जानकी की एक अनुभवी और मासूम बेटी से एक अनुभवी बहू बनने तक की यात्रा को दर्शाता है जो अपनी शादी के बाद जटिल परिस्थितियों और बदलती गतिशीलता के साथ संबंधों को प्रबंधित करना सीखती है। आस्था अभय ने मुख्य किरदार जानकी और सुरेंद्र पाल, रुद्राक्षी गुप्ता और अंकित रायजादा ने शो में प्रमुख किरदार निभाए हैं।

दूसरी आज़ाद ओरिजिनल का शीर्षक पवित्रा भरोसा का सफर है और इसे पार्थ प्रोडक्शन के जाने-माने प्रोड्यूसर संतोष सिंह, रोशेल सिंह और पर्ल ग्रे ने प्रोड्यूस किया है। मेरठ की पृष्ठभूमि पर आधारित यह पारिवारिक ड्रामा, ग्रामीण मानसिकता के साथ प्रतिध्वनित होता है क्योंकि यह महिला सशक्तिकरण को प्रोत्साहित करने, सामाजिक मुद्दों से जूझने के विषयों पर केंद्रित है और यह दो विविध व्यक्तित्वों की एक भावुक प्रेम कहानी भी है। यह शो आज के ग्रामीण युवाओं की आकांक्षाओं और आशाओं को छूता है क्योंकि उनमें से अधिकांश उच्च शिक्षा के बाद बेहतर नौकरी चाहते हैं और अपने जीवन के विकल्प तय करने की स्वतंत्रता भी चाहते हैं। यह शो आज के ग्रामीण युवाओं की आकांक्षाओं और आशाओं को छूता है क्योंकि उनमें से अधिकांश उच्च शिक्षा के बाद बेहतर नौकरी चाहते हैं और अपने जीवन के विकल्प तय करने की स्वतंत्रता भी चाहते हैं। यह शो पवित्रा नामक एक युवा लड़की की यात्रा को दर्शाता है जो एक वंचित टैक्सी ड्राइवर की बेटी है और अपनी शिक्षा पूरी करने और आत्मनिर्भर बनने की इच्छा रखती है। वह अपने लक्ष्यों को पूरा करने के लिए किसी भी हद तक जाती है, उन सभी प्रतिबंधों के खिलाफ लड़ती है जो उसके विकास, लिंग भेदभाव और सामाजिक कलंक के खिलाफ लड़ती हैं और अंततः एक सफल उद्यमी बन जाती हैं जो अन्य महिलाओं को अपने परिवार और खुद की हर तरह से देखभाल करने में सक्षम बनने में मदद करती हैं। पवित्रा की भूमिका शैली प्रिया ने निभाई है और कलाकारों की टुकड़ी में नीलू वाघेला शामिल हैं। साथ में कुमार राजपूत और शीजान मोहम्मद।

## फिर एक साथ दिखेंगे मनोज वाजपेयी और प्रियामणि

इस साल की सबसे चर्चित जोड़ी मनोज बाजपेयी और प्रियामणि, जिन्होंने द फैमिली मैन में मध्यवर्गीय भारत की आकांक्षाओं को पूरी तरह से प्रदर्शित किया, इस बार रुपेक के लिए एक दिल को छू लेने वाले विज्ञापन अभियान में वापस आ गए हैं। अभियान के माध्यम से, रुपेक का लक्ष्य आम आदमी और महिला को सुरक्षित, व्यक्तिगत और तनाव मुक्त तरीके से क्रेडिट तक पहुंचने के लिए अपने सोने का उपयोग करने में गर्व महसूस करने के लिए प्रेरित करना है। उधार देने वाले भागीदारों के साथ अपने भरोसेमंद संबंधों के माध्यम से, रुपेक अपने ग्राहकों को न्यूनतम दस्तावेजीकरण और 0.69 प्रतिशत प्रति माह की न्यूनतम ब्याज दर के साथ ऑनलाइन गोल्ड लोन प्रदान करता है।



भारत में, जहां सुरक्षित ऋण तक पहुंच अभी भी दुर्लभ है, रुपेक, एक नए युग का, अभिनव फिनटेक ब्रांड विघटनकारी प्रौद्योगिकी द्वारा समर्थित पेशकशों को डिजाइन कर रहा है जिसका उद्देश्य एक अरब भारतीयों के लिए विकास को अनलॉक करने वाले क्रेडिट दर्द बिंदुओं को हल करना है। रूपेक का अब तक का पहला ब्रांड अभियान, जिसमें मनोज बाजपेयी और प्रियामणि ने अभिनय किया है, सबसे कम ब्याज दरों पर परेशानी मुक्त डोरस्टेप गोल्ड लोन की पेशकश को प्रदर्शित करता है। ब्रांड सहयोग पर बोलते हुए, अभिनेता मनोज बाजपेयी ने कहा, ''मैं रुपेक के साथ जुड़ने और आम आदमी के लिए क्रेडिट उपलब्ध कराने के इसके मूल मूल्य को लेकर उत्साहित हूं। यह देखना अद्भुत है कि कैसे युवा उद्यमी और कम्पनियां उन मुद्दों को संबोधित कर रही हैं जो हमारे समाज में गहराई से घुसे हुए हैं। इस फिल्म के माध्यम से, हमने गोल्ड लोन से जुड़े कलंक को तोड़ने और लोगों को चुनौतीपूर्ण समय के दौरान सशक्त महसूस कराने के लिए गोल्ड लोन की क्षमता पर एक गहरा संदेश देने की कोशिश की है।''